3 राजधानी
खामियां मिलने पर सात निजी अस्पताल सील

6 अभिमत
किसान प्रदर्शनकारियों की जिम्मेदारी

11 विदेश
पेड्रो कास्टिलो पेरू के राष्ट्रपति निर्वाचित

10 स्पोर्ट्स
भारत ने श्रीलंका को हराया

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 269
लखनऊ, बुधवार, 21 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मानसिक चिकित्सा से संकोच कैसा?
विविध-12

www.dailypioneer.com

# दो तिहाई में एंटीबॉडी, 40 करोड़ को अब भी खतरा

**कोरोना से जंग**

## ● आईसीएमआर का चौथा सीरो सर्वे, हर तीन में से एक शख्स के महामारी की चपेट में आने का खतरा

## ● देश के 70 जिलों में हुआ सर्वे, छह साल से 17 साल उम्र के बच्चे थे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जून-जुलाई में 21 राज्यों के 70 जिलों में कराए गए चौथे राष्ट्रीय सीरो सर्वेक्षण से पता चला है कि देश की छह वर्ष से अधिक आयु वर्ग की दो-तिहाई आबादी ने कोविड-19 वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित कर ली है। लेकिन देश की एक तिहाई जनसंख्या करीब 40 करोड़ जनता अब भी खतरे की जद में है।

सर्वेक्षण के निष्कर्षों को जारी करते हुए, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने मंगलवार को कहा कि चौथे दौर के राष्ट्रीय सीरो सर्वेक्षण में 21 राज्यों में 70 जिलों में किया गया, जहां पिछले तीन दौर का सर्वेक्षण भी किया गया था। सर्वेक्षण में छह से 17 वर्ष की आयु के बच्चे शामिल थे। सर्वे में पाया गया कि सामान्य जनसंख्या का दो-तिहाई यानी छह साल की उम्र से ऊपर सार्स-कोव-2 का संक्रमण था। यह पहली बार था जब छह साल से अधिक उम्र के बच्चों को राष्ट्रीय सीरो प्रसार सर्वेक्षण में शामिल किया गया था।

भार्गव ने कहा कि चौथे सीरो सर्वेक्षण स्पष्ट रूप से हमें आशा की किरण दिखाते हैं लेकिन इससे आत्मसंतुष्ट होने के बजाय हमें कोविड-उपयुक्त व्यवहार और सामुदायिक जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। सर्वेक्षण में पाया गया है कि 6-17 वर्ष की आयु के 50 फीसदी से अधिक बच्चे कोविड -19 के संपर्क में आए हैं और उन्होंने इसके खिलाफ एंटीबॉडी विकसित कर ली है। बच्चों के अलावा, सर्वेक्षण में प्रत्येक जिले में 100 स्वास्थ्य कर्मियों को भी शामिल किया गया। सर्वेक्षण में पाया गया कि वयस्कों में 13 प्रतिशत लोगों को कोविड-19 के टीके की दो खुराक मिली हैं। जनसंख्या के इस वर्ग में उच्चतम सीरो-प्रचलन पाया गया। सरकार के मुताबिक सर्वेक्षण में शामिल किए गए स्वास्थ्य कर्मियों में 85 फीसदी में सार्स-कोव-2 के खिलाफ एंटीबॉडी है और स्वास्थ्य कर्मियों में 10 फीसदी का अब तक टीकाकरण नहीं हुआ है। सर्वेक्षण में 28,975 आम आदमी और 7,252 स्वास्थ्य कर्मियों को शामिल किया गया था।



कोलकाता में मूर्ति कलाकारों को कोरोनारोधी टीका लगाते चिकित्साकर्मी

## ‘प्राइमरी से स्कूल खोलने की हो शुरुआत’

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक बलराम भार्गव ने मंगलवार को कहा कि भारत में प्राथमिक विद्यालयों से स्कूलों को फिर से खोलने की शुरूआत करना समझदारी भरा कदम होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि बच्चों में कम संख्या में ‘ऐस रिसेप्टर’ होते हैं जिनमें वायरस चिपकते हैं, ऐसे में वे वयस्कों की तुलना में वायरस संक्रमण से कहीं बेहतर निपट सकते हैं। ‘ऐस रिसेप्टर’ ऐसे प्रोटीन होते हैं जो कोरोना वायरस के प्रवेश द्वार होते हैं। इनमें वायरस चिपक जाता है और कई सारी मानव कोशिकाओं को संक्रमित कर देता है। भार्गव ने जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदम पर विचार करने की जरूरत होगी, यह अवश्य ही सुनिश्चित करना होगा कि स्कूली शिक्षकों और अन्य सहायक कर्मचारियों का टीका लग जाए। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आईसीएमआर के हालिया राष्ट्रीय सीरो सर्वे में पाया गया है कि छह वर्ष से नौ वर्ष की आयु के बच्चों में एंटीबॉडी 57.2 प्रतिशत है , जो बहुत हद तक वयस्कों के समान है। कुछ देशों में खास तौर पर स्कैंडेनेवियाई देशों (डेनमार्क, नार्वे और स्वीडन में), उन्होंने (अधिकारियों ने) पहली, दूसरी और तीसरी लहर के दौरान प्राथमिक विद्यालयों को बंद नहीं किया था। भार्गव ने कहा कि इसलिए, एक बार जब भारत स्कूलों को (फिर से) खोलने पर विचार करेगा तब इसकी शुरूआत प्राथमिक विद्यालयों से करना समझदारी भरा कदम होगा।

# विदेशी इशारे पर माहौल बिगाड़ रहा विपक्ष

## ● पेगासस मामले पर मुख्यमंत्री ने विरोधी दलों को लिया आड़े हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पेगासस** जासूसी मामले को लेकर चल रहे हंगामे के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि विपक्ष बड़े अंतरराष्ट्रीय साजिश का शिकार है। योगी ने कहा है कि विपक्षी दलों के द्वारा देश के भीतर जिस प्रकार का वातावरण बनाने का प्रयास हो रहा है, वह उनकी कुत्सित भावना का ही परिचायक है। कांग्रेस, सरकार में रहते हुए अपने समय में जिस प्रकार की हरकतें करती रही है, आज विपक्ष में रहकर अपने उन्हीं मंसूबों को लेकर आगे आगे बढ़ रही है।

योगी ने मंगलवार को मीडिया से संवाद करते हुए कहा संसद सत्र प्रारम्भ होने के ठीक एक दिन पहले इस प्रकार की सनसनीखेज चीजों को परोस कर समाज में विषाक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है, यह राजनीति के गिरते हुए स्तर का परिचय देता है। सीएम ने कहा कि जब भी देश में कुछ महत्वपूर्ण होना होता है, यह विपक्षी दल देश और दुनिया के भीतर भारत के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश में लग जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को खराब करने, भारत को अस्थिर करने के जिन मंसूबों के साथ विपक्ष कार्य कर रहा है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। योगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश के माध्यम से भारत को अस्थिर व अस्त व्यस्त करने की यह कोई पहली घटना नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर सवाल उठाया कि बीते साल 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में हुआ भीषण दंगा क्या साजिश का हिस्सा नहीं था, तमाम विपक्षी दलों की संलिप्तता नहीं देखी गई। वास्तव में देश के कोरोना प्रबंधन को जब डब्ल्यूएचओ और पूरी दुनिया सराह रही थी, तब भारत के अंदर विपक्ष एक ऐसा पूरा माहौल बनाने का प्रयास कर रहा था, मानो सरकार इस पूरे मामले से अनभिज्ञ हैं। योगी ने कहा कि संसद एक मंच है बात रखने का, लेकिन अगर इसे शोरगुल का मंच बना लिया जाए तो यह लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है, विपक्ष यह लगातार कर रहा है। उन्होने कहा कि संसद का यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है। गांव, गरीब, नौजवान और महिलाओं के लिए संसद में चर्चा होनी थी।

कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा होनी थी लेकिन नकारात्मक भूमिका के साथ विपक्ष सामने आया है। विपक्ष ने यह साजिश रची। मैं 19-20 वर्षों तक संसद में रहा हूँ। सत्र की शुरुआत में प्रधानमंत्री द्वारा नए मंत्रियों का सदन से परिचय कराये जाने की परंपरा रही है। इस मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति और उन तबकों से जुड़े अनेक ऐसे सदस्यों को स्थान मिला है, जिन्हे आजादी के बाद कभी नेतृत्व का मौका नहीं मिला था। आज जब उस तबके को प्रधानमंत्री ने मौका दिया तो विपक्ष को (शेष पेज 9)



लखनऊ में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अवकाश सूचना**

बकरीद के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 21 जुलाई, 2021 को अवकाश रहेगा। अतः 22 जुलाई 2021 का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,198 | ↓ | 354 | |
| निफ्टी | 15,632 | ↓ | 120 | |
| सोना | 47,100 | ↑ | 253 | /10g |
| चांदी | 65,730 | ↓ | 61 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### मानसून पूरी तरह सक्रिय

**लखनऊ।** उ.प्र. में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है और पिछले 24 घंटो के दौरान राज्य के ज्यादातर हिस्सो मे जोरदार बारिश हुई। आंचलिक मौसम केन्द्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी मानसून राज्य मे पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटो के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सो मे अनेक स्थानो पर जबकि पश्चिमी भागो के ज्यादातर इलाको मे वर्षा हुई। इस अवधि मे सिकन्दराराउ (हाथरस) मे सबसे ज्यादा 24 सेंटीमीटर वर्षा हुई। इसके अलावा एटा में 23, नगीना (बिजनौर) और पूरनपुर (पीलीभीत) में 1515, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) में 14, बहेड़ी (बरेली) में 12, धामपुर (बिजनौर) और मवाना (मेरठ) में 1111, क्वारसी (चित्रकूट), कासगंज, नरौरा (बुलंदशहर) और पटियाली (कासगंज) में 9-9, हाथरस, टांडा (रामपुर), सहावर (एटा), अलीगढ़, तुलसीपुर (बलरामपुर) तथा टांडा (आम्बेडकर नगर) में 7-7 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

# महामारी से मुकाबले के लिए केंद्र राज्य मिलकर काम करें: मोदी

## ● कांग्रेस, शिअद और वाम दलों ने सर्वदलीय बैठक में नहीं लिया भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कोविड**-19 प्रबंधन पर मंगलवार को एक सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति से ऊपर उठकर महामारी से मुकाबला करने के लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस बैठक में कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी पार्टियों ने भाग नहीं लिया।

केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आबादी के लिहाज से महामारी की चपेट में आने वाले देशों के संदर्भ में भारत की स्थिति बहुत से देशों से बेहतर है लेकिन साथ ही उन्होंने सतर्क रहने का जरूरत को रेखांकित करते हुए ब्रिटेन जैसे कुछ देशों का उदाहरण दिया, जहां पर कोविड-19 ने फिर पांव पसार लिए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय में और कंपनियों के टीके भी उपलब्ध हो जाएंगे तथा सरकार द्वारा टीकाकरण में तेजी लाने का भी उन्होंने जिक्र किया। पीएम ने कहा कि महामारी राजनीति का मुद्दा नहीं होनी चाहिए और यह पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता ने पिछले 100 सालों में ऐसी महामारी नहीं देखी थी। उन्होंने कहा कि पूरा प्रयास किया जा रहा है देश के हर जिले में जेल के साथ एक ऑक्सीजन प्लांट भी हो। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कोविड-19 प्रबंधन पर एक प्रस्तुति दी। इसके बाद विभिन्न दलों के नेताओं ने कुछ सवाल पूछे और सुझाव दिए। शिवसेना और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने क्रमशः महाराष्ट्र और पश्चिम (शेष पेज 9)

# देश में बनेंगी छह पनडुब्बियां, वैश्विक टेंडर जारी

## ● स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप मॉडल के तहत पहली बार होगा निर्माण, 50,000 करोड़ से अधिक का सौदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्वदेशीकरण** को प्रमुख रूप से बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार ने मंगलवार को देश में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए एक वैश्विक टेंडर जारी किया है। इन पनडुब्बियों का निर्माण स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप (एसपी) मॉडल के तहत किया जाएगा, जिसके तहत यहां उत्पादन के लिए विदेशी निर्माताओं के साथ भारतीय निर्माता कंपनी समझौता करेगी। यह सौदा 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इस साल जून में निविदा जारी करने को मंजूरी दी थी। सार्वजनिक क्षेत्र की मझगांव डॉक्स लिमिटेड (एमडीएल) और निजी कंपनी लार्सन एंड टुब्रो को इस वृहत परियोजना के लिए चुना गया है। वे देश में डीजल चालित पनडुब्बियों के निर्माण के लिए विदेशी मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) के साथ गठजोड़ करेंगे। पांच वैश्विक दिग्गज इस बड़े सौदे को हासिल करने की दौड़ में शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने इस नवीनतम आदेश की जानकारी मंगलवार को देते हुए कहा कि सरकार ने छह एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन फिटेड कन्वेंशनल सबमरीन के निर्माण के लिए स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप मॉडल के तहत पहले अधिग्रहण कार्यक्रम तहत परियोजना 75(भारत) [पी-75(आई) का रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल या टेंडर जारी किया है। परियोजना मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के लिए आरएफपी चयनित रणनीतिक साझेदारों (एसपी) या भारतीय आवेदक कंपनियों को जारी किया गया।

रणनीतिक साझेदारी मॉडल के तहत यह पहली खरीद होगी। आयात पर निर्भरता घटाने के लिए ये पनडुब्बियां उस रणनीतिक साझेदारी के तहत बनाई जाएंगी जो घरेलू रक्षा उपकरण निर्माताओं को विदेशों की रक्षा निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी में अत्याधुनिक सैन्य मंच बनाने की अनुमति देता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इसके लिए पांच विदेशी (शेष पेज 9)



प्रतीकात्मक फोटो

# कुंद्रा की कंपनी पोर्न से जुड़ी ब्रिटिश कंपनी के लिए कर रही थी काम

## ● मुंबई पुलिस का दावा, 23 तक हिरासत में भेजे गए राज कुंद्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि अश्लील फिल्म मामले में गिरफ्तार कारोबारी राज कुंद्रा की कंपनी लंदन स्थित कंपनी के लिए भारत में अश्लील सामग्री का निर्माण कर रही थी। ब्रिटिश कंपनी उनके करीबी रिश्तेदार की है। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को पुलिस की अपराध शाखा ने मामले में सोमवार की रात को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक उनका संबंध अश्लील सामग्री बनाने और कुछ ऐप के जरिए प्रसारित करने से है। कुंद्रा को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 23 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुंद्रा की वियान इंडस्ट्रीज का समझौता लंदन की कंपनी केनरिन से था जो हॉटस्पॉट ऐप की मालिक है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मिलिंद भारम्बे ने संवाददाता सम्मेलन में बताया, कंपनी लंदन में पंजीकृत है, लेकिन सामग्री का निर्माण, ऐप का परिचालन और लेखा जोखा का प्रबंधन कुंद्रा की कंपनी वियान इंडस्ट्रीज के जरिए किया जाता था। उन्होंने बताया कि केनरिन का मालिक कुंद्रा का रिश्तेदार है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों कंपनियों का संबंध स्थापित करने के लिए सबूत एकत्र किए हैं। भारम्बे ने बताया कि पुलिस ने दोनों के बीच व्हाट्सऐप समूह और (शेष पेज 9)



पुलिस हिरासत में शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा

# बकरीद पर पाबंदी में छूट पर केरल सरकार को फटकार

**सुप्रीम कोर्ट सख्त**

## ● राज्य को हाल ही में यूपी कांवड़ यात्रा पर दिए गए आदेश का पालन करने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बकरीद** पर लोगों को कोरोना पाबंदियों में छूट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार द्वारा दी गई छूट को पूरी तरह अनुचित बताया और कहा कि व्यापारियों के दबाव के आगे झुकना ‘दयनीय स्थिति’ को दर्शाता है।

सख्त रुख अपनाते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कदम माफी योग्य नहीं है और यदि इस छूट से संक्रमण बढ़ा तो कार्रवाई की जाएगी। खास यह कि सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के कारण उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा रद्द कर दी गई। शीर्ष अदालत ने केरल सरकार को इस फैसले का अनुसरण करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने कहा कि केरल सरकार ने बकरीद के अवसर पर पाबंदियों में इस तरह की छूट देकर देश के नागरिकों के लिए राष्ट्रव्यापी महामारी के जोखिम को बढ़ा दिया है। पीठ ने कहा कि व्यापारियों समेत (शेष पेज 9)

# अपने रॉकेट से अंतरिक्ष की सैर कर लौटे जेफ बेजोस

**एपी।** वैन हॉर्न (अमेरिका)

**अंतरिक्ष** यात्रा के लिए अपनी कंपनी ब्लू ओरिजिन की पहली उड़ान पर मंगलवार को तीन लोगों के साथ जेफ बेजोस भी गए। ब्लू ओरिजिन और अमेजन के संस्थापक बेजोस दूसरे अरबपति हैं जो अपने ही रॉकेट से अंतरिक्ष की यात्रा पर गए। बेजोस अपने भाई, नीदरलैंड्स के रहने वाले 18 वर्षीय युवक और टेक्सास की रहने वाली 82 वर्षीय महिला पायलट के साथ सफर पर गए।

इस यात्रा में बेजोस के साथ अंतरिक्ष जाने वाले सबसे युवा और सबसे बुजुर्ग शख्स थे। दस मिनट की उड़ान के बाद रेगिस्तान में कैप्सूल के जरिए लौटे बेजोस ने इसे अब तक का सबसे बेहतरीन दिन बताया। अमेरिका के पहले अंतरिक्ष यात्री एलन बी शेपर्ड के नाम पर ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट ने अपोलो 11 के चांद पर उतरने की 52वीं वर्षगांठ पर यात्रियों के साथ उड़ान भरी। बेजोस से नौ दिन पहले वर्जिन गैलेक्टिक के रिचर्ड ब्रैनसन अंतरिक्ष गए थे। रिचर्ड ब्रैनसन 11 जुलाई को अंतरिक्ष में जितनी ऊंचाई पर पहुंचे थे, उससे 10 मील (16 किलोमीटर) अधिक ऊंचाई 66 मील (106 किलोमीटर) पर ब्लू ओरिजिन का यान पहुंचा। यात्रियों ने अंतरिक्ष में कुछ मिनट तक भारहीनता को महसूस किया। इसके बाद खिड़की से बाहर का नजारा दिखाने वाला कैप्सूल पैराशूट के जरिए धरती पर उतरा। कैप्सूल से बेजोस के निकलने के बाद उनके परिवार के लोगों ने जश्न मनाया। बेजोस के साथ इस यात्रा पर वैली फंक भी गईं। फंक 1960 में नासा के अंतरिक्ष जाने के कार्यक्रम में 13 सदस्ईय महिला दल के प्रशिक्षण में शामिल रहीं थीं लेकिन वह अंतरिक्ष नहीं जा पाई थीं। यह रॉकेट पूरी तरह स्वचालित था और ऐसे में उड़ान भरने और नीचे आने के लिए उसके अंदर प्रशिक्षित कर्मियों की कोई आवश्यकता नहीं थी। ब्रैनसन के वर्जिन गैलेक्टिक रॉकेट विमान के संचालन के लिए दो पायलटों की आवश्यकता होती है। ब्लू ओरिजिन की उड़ान में ओलिवर डेमेन पहले ऐसे शख्स हैं जिन्होंने इसके लिए किराया अदा किया। अंतरिक्ष जाने के लिए टिकट की बोली लगी थी उसमें डेमेन के पिता को टिकट मिला लेकिन वह नहीं जा पाए और उनके पुत्र अंतरिक्ष गए।

बेजोस के सपनों को साकार करने वाली यह उड़ान 2015 से न्यू शेपर्ड रॉकेट द्वारा अंतरिक्ष की 15 सफल परीक्षण उड़ानों के बाद हुई है। पूर्व की परीक्षण उड़ानों में हालांकि कोई यात्री नहीं गया था। बेजोस ने अमेजन के सिएटल मुख्यालय के पास केंट, वाशिंगटन में 2000 में ब्लू ओरिजिन की स्थापना की थी। ब्लू ओरिजिन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बॉब स्मिथ ने कहा है कि इस साल के अंत तक कंपनी की दो और उड़ान अंतरिक्ष के लिए होगी। ब्रैनसन द्वारा 2004 में शुरू वर्जिन गैलेक्टिक के (शेष पेज 9)



तीन लोगों के साथ जेफ बेजोस (इनसेट) को लेकर अंतरिक्ष यात्रा के लिए उड़ान भरता उनका निजी राकेट

# कल्याण की सेहत नाजुक राज्यपाल देखने पहुंचीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पीजीआई पहुंच कर उनका हालचाल लिया। इस दौरान कल्याण सिंह ने राज्यपाल का अभिवादन भी स्वीकार किया। कल्याण सिंह को सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें नॉन इनवेसिव वेंटिलेटर पर रखा गया है। आज अपरान्ह पीजीआई पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वयोवृद्ध नेता से भेंट की और उनके स्वास्थ्य के विषय में पूछा। इस दौरान कल्याण सिंह ने भी राज्यपाल से कुशलक्षेम लिया। वह सचेत, जागरूक व उन्मुख हैं। इस दौरान राज्यपाल ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य लाभ के विषय में जानकारी प्राप्त की। पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन के अनुसार कल्याण सिंह की (शेष पेज 9)

# ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की रणनीति को बनाए रखें

## श्रावस्ती, संतकबीर नगर, महोबा, ललितपुर, हाथरस व अलीगढ़ में कोविड का एक भी मरीज नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की रणनीति कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में कारगर रही है और इसे आगे भी बनाये रखें। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा कोविड.19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी रूप से जारी रखा जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विगत 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 70 नए मामले सामने आये हैं। इसी अवधि में 155 संक्रमित व्यक्तियों को सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के एक्टिव मामलों की संख्या 1,093 है। पिछले 24 घण्टों में प्रदेश में 2,36,546 कोविड टेस्ट किये गये। राज्य में अब तक कुल 6 करोड़ 28 लाख 26 हजार 817 कोरोना टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सक्रिय प्रयासों से कोरोना महामारी पर प्रभावी अंकुश लगा है। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद श्रावस्ती, संतकबीर नगर, महोबा, ललितपुर, हाथरस तथा अलीगढ़ में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह जनपद कोरोना संक्रमण से मुक्त हैं। 41 जनपदों में कोरोना संक्रमण का कोई भी नया केस नहीं पाया गया है, जबकि 33 जनपदों में इकाई अंक में मरीज पाये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण का कार्य पूरी गति से संचालित किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जुलाई माह में अब तक 98 लाख से अधिक वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। प्रदेश में अब तक 04 करोड़ 10 लाख 51 हजार से अधिक वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर की सम्भावना के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रखी जाएं। मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में सभी आवश्यक मेडिकल उपकरण यथा बाईपैप मशीन, मोबाइल एक्स.रे आदि तथा मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना कालखण्ड में कुछ निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों के आर्थिक शोषण की शिकायतें मिली हैं, जो ठीक नही है। ऐसे कई प्रकरणों में कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर सम्बन्धित चिकित्सालय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसील दिवस एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निस्तारण प्रत्येक दशा में अगले 5 दिवस में गुणवत्तापरक ढंग से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि तहसील दिवस में हुई शिकायत अगले थाना दिवस में पुनः प्रस्तुत न हो। जनता की संतुष्टि ही अधिकारियों की कुशलता का मानक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी 75 जनपदों में न्यूनतम एक एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री द्वारा इसी माह देवरिया, एटा, फतेहपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, सिद्धार्थ नगर, गाजीपुर, मीरजापुर और जौनपुर में नवस्थापित मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

# पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण सबसे अहम

### ● वन सेवा के अधिकारियों की सीएम से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर भारतीय वन सेवा के वर्ष 2019 बैच के अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का विषय वर्तमान में सबसे प्रमुख विषयों में से एक है। वन सेवा के अधिकारी इससे सर्वाधिक निकट से जुड़कर कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-वन सेवा के अधिकारियों की सीएम से मुलाकातटूरिज्म की असीम सम्भावनाएं हैं। ईको-टूरिज्म बढ़ाने के लिए वन एवं पर्यटन दोनों विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मनुष्य और वन्य पशु के बीच द्वन्द्व कम करने की दिशा में प्रयास किए जाने की जरूरत है। युवा वन सेवा अधिकारियों को ऐसे अभिनव प्रयासों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो इस दिशा में उपयोगी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण के लिए अच्छे एवं लोक कल्याणकारी हैं। वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश में विगत 5 वर्षों में 100 करोड़ वृक्षारोपण किया है। वृक्षों को लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी आवश्यक है। इस सम्बन्ध में समुचित प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 100 वर्ष से अधिक आयु के वृक्षों के संरक्षण की दिशा में पहल की है। ऐसे वृक्षों को हेरिटेज ट्री के तौर पर संरक्षित किया जा रहा है।

इस अवसर पर वन मंत्री दारा सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाखः** लखनऊ। सीएम योगी ने बुलंदशहर में एक सड़क दुर्घटना में यात्रियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पाँच-पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने तथा प्रभावित लोगों को हर संभव मदद और राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**खोया-पाया**

सूचित किया जाता है, कि मेरा बैनामा/रजिस्ट्री मूल प्रपत्र दि0 01-06-2021 को कहीं रास्ते में खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध है। हरी कुमार उपाध्याय पुत्र स्व0 राम अभिलाष उपाध्याय निवासी-538ख/186, शिवनगर रूपपुर खदरा, लखनऊ।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे सेवा (एनटीपीसी) के अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ममता दर्ज है, जो अपूर्ण है। मेरी पत्नी का पूरा नाम ममता मिश्रा है, जो आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों में दर्ज है, जो सत्य एवं पूर्ण है। अतः मेरी पत्नी को ममता मिश्रा नाम से ही जाना, पहचाना ब समझा जाए। अनिल मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा कर्मचारी संख्या – 57579 निवासी – टाईप 2-- 487 एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार – रायबरेली

**सूचना**

**सूचना**

**बीटीसी (DLED) में अल्पसंख्यक कोटे में सीधे प्रवेश लें सत्र-2021**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एच.एम. शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पीवाताल मऊ (कोड-500027) में प्रवेश हेतु संस्थान की वेबसाइट nmspmau.in पर बिना काउन्सलिंग के सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें। योग्यता NCTE एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी, इलाहाबाद द्वारा निर्धारित **प्रबंधक, Mb. 9839607894**

**सूचना**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नंबर बी-16, जे-रोड, महानगर एक्सटेंशन, लखनऊ के लिए मेरी मां (स्वर्गीय) श्रीमती प्रेम लता गोयल पत्नी स्वर्गीय श्री श्री प्रकाश गोयल और नगर महापालिका के बीच मूल लीज डीड लखनऊ 14 जून 1967 को निष्पादित (रजिस्टर संख्या 1, जिल्द -1876,पेज नं. 274 पुस्तक संख्या 1, जिल्द -1881 के पृष्ठ संख्या 21/22 क्रमांक 2110 पर) खो गया है। उपरोक्त खोए हुए ''मूल लीज डीड'' का किसी के द्वारा किसी भी तरीके या रूप में उपयोग धोखाधड़ी और अवैध माना जाएगा और मेरा कोई दायित्व नहीं होगा। यदि उक्त खोया हुआ ''मूल लीज डीड'' किसी के द्वारा पाया जाता है, तो कृपया मुझसे संजय गोयल (पुत्र श्रीमती प्रेम लता गोयल और श्री श्री प्रकाश गोयल) से संपर्क करें- मोबाइल 9910397605

**सूचना**

**प्रवेश सूचना**

D.El.Ed. सत्र 2021-23 आचार्य बलदेव संस्थान कोपा, पतरहीं जौनपुर (अल्पसंख्यक संस्था) राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, लखनऊ एवं शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में D.El.Ed. पाठ्यक्रम के 50% सीटों पर प्रवेश हेतु absansthan.org.in पर आवेदन व प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 12 अगस्त 2021 तक है। ऑनलाइन आवेदन करें। नोट : अल्पसंख्यक छात्रों से रिक्त सीटों पर अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों का भी प्रवेश मानकानुसार हो सकता है। -प्राचार्य

**7755003103, 9005454777**

# हफ्ते का एक दिन होगा कर्मचारियों के नाम

### ● अफसर सुनेंगे समस्या और निकालेंगे समाधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वेतन** विसंगति का मसला हो, पदोन्नति में देरी की टीस हो या फिर दैनिक कामकाज से जुड़ी कोई और परेशानी, सबका समाधान होगा। यह भी बिना किसी देरी के। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि हर सप्ताह एक दिन केवल कार्यालय के कर्मचारियों के नाम होगा। हर कार्यालय में उच्चाधिकारी सप्ताह में एक दिन एक घंटा कर्मचारियों की समस्याओं, शिकायतों का समाधान करेगा। उन्होंने इसके लिए तय दिन कार्यालय अवधि के आखिरी एक घंटे को आरक्षित करने को सुविधाजनक बताया है।

लोकभवन में मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने कहा कि कर्मचारियों की तमाम ऐसी शिकायतें हैं, जो स्थानीय स्तर पर अधिकारी के थोड़ा संज्ञान लेने से निस्तारित हो सकती हैं।

### जिलों में होगा व्यापारियों की समस्याओं का निपटारा

**लखनऊ।** सभी जनपदों में अब जिलाधिकारी और एसएसपी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण जनपद स्तर पर करेंगे। माह में एक दिन निर्धारित कर व्यापार मंडल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके तहत जिले स्तर पर ही बड़े व छोटे सभी व्यापारियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बैठक में अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द इस पर अमल किया जाए।

## बकरीद पर एसपी जिला न छोड़ें : प्रशांत कुमार

**लखनऊ।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) की संवेदनशीलता के दृष्टिगत सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को त्यौहार के दिन जिले में मौजूद रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि कोई भी पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बकरीद के दिन अपने जिले से बाहर नहीं जाएगा। विषम परिस्थितियों में जनपद प्रभारी के अनुपलब्धता की स्थिति में परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा उस जनपद का स्वयं पर्यवेक्षण किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस कप्तानों को जारी किए गए परिपत्र में एडीजी कानून व्यवस्था ने कहा है कि इस वर्ष चन्द्रदर्शन के अनुसार बकरीद का त्यौहार 21 जुलाई को मुस्लिम समुदाय के दोनों सम्प्रदाय, शिया-सुन्नी द्वारा मनाया जायेगा। इस त्यौहार के अवसर पर मुस्लिमों द्वारा प्रातःकाल 8 बजे से 11 बजे के मध्य कोविड के गाइडलाइन के अनुसार नमाज अदा की जायेगी।

# भाजपा के कुशासन से ऊब गई है जनताः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के साढ़े चार साल में उत्तर प्रदेश विकास में पीछे होता गया है। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब गई है। उसके राजनीतिक छल कपट की सच्चाई अब सबके सामने आने से बौखलाए मुख्यमंत्री जी और दूसरे भाजपा नेता लोगों के मनोरंजन के लिए अब राजनीतिक खेल तमाशों के आयोजन में उतर आए हैं। कभी भाजपा और संघ की बैठकें, कभी मंत्रिमण्डल विस्तार की चर्चाएं तो कभी धड़ाधड़ तबादले ये सब भाजपा की घबराहट का नतीजा ही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार यह ब्यौरा कभी नहीं देती है कि कहां से कितना बाहरी पूंजी निवेश आया और किस उद्यमी ने कहां उद्योग लगाया, कितनों को रोजगार मिला, कितने एमओयू जमीन पर उतरे और कितने उद्योगों में छंटनी से कितने नौजवान बेरोजगार हुए, भाजपा राज में गुण्डाराज के साथ भ्रष्टाचार पर रोक नहीं है। महिलाओं की इज्जत पर हर समय खतरा मंडराता रहता है। छोटी छोटी बच्चियां तक दुष्कर्म की शिकार बनाई जा रही हैं। मिशन शक्ति का झूठा प्रचार, विकास के नाम पर कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट में फिसड्डी, हर रोज बिजली कटौती, गड्ढायुक्त सड़कें, जगह जगह जल भराव, ट्रैफिक जाम, पेयजल संकट, शिक्षा, स्वास्थ्य में दुर्व्यवस्था और प्रदूषण से राजधानी समेत हर महानगर में हाहाकार यही तो भाजपा सरकार की उपलब्धि और उल्लेखनीय देन है।

## जासूसी कांड की निष्पक्ष जांच कराए केंद्रः मायावती



**लखनऊ।** पेगासस जासूसी कांड को लेकर इस समय देश की राजनीति में घमासान मचा हुआ है। इस मुद्दे को लेकर सभी विपक्ष दल लामबंद हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकार का तर्क लोगों के गले नहीं उतर रहा है। मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जासूसी का गंदा खेल व ब्लैकमेल आदि कोई नई बात नहीं किन्तु काफी महंगे उपकरणों से निजता भंग करके मंत्रियों, विपक्षी नेताओं, अफसरों व पत्रकारों आदि की सूक्ष्म जासूसी करना अति गंभीर व खतरनाक मामला जिसका भण्डाफोड़ हो जाने से यहां देश में भी खलबली व सनसनी फैली हुई है। उन्होंने कहा कि इसके सम्बंध में केन्द्र की बार बार अनेकों प्रकार की सफाई, खण्डन व तर्क लोगों के गले के नीचे नहीं उतर पा रहे हैं।

## ईद-उल-अज़हा पर राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-अज़हा के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। आनंदीबेन पटेल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद-उल-अज़हा का पर्व त्याग और बलिदान के प्रति आदर व्यक्त करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्वों के माध्यम से सभी को खुशियाँ बांटने की प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कोविड19 के संक्रमण के दृष्टिगत लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करते हुए घर पर ही नमाज़ पढ़ने और ईद-उल-अज़हा मनाने की अपील की है। वहीं उप्र विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित व विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने भी ईद-उल-अज़हा पर प्रदेशवासियों को बधाई दी।

### अखिलेश व शिवपाल ने भी दी बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पूर्व मंत्री व जसवन्तनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर मुस्लिम भाईयों को बधाई दी है। अखिलेश ने बधाई देते हुए कहा है कि यह त्योहार सद्भाव, सहयोग, समर्पण, त्याग और बलिदान का भी संदेश देता है। श्री यादव ने उम्मीद जताई है कि कोरोना महामारी की वजह से सभी भाई सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए इसके संक्रमण से बचने के उपाय अपनाएंगे। वहीं शिवपाल यादव ने बधाई देते हुए कहा कि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करे कि सरकारी निर्देशों के आड़ में मुस्लिम समुदाय व नमाजियों का पुलिस उत्पीड़न न हो।

### आजम को देखने मेदांता पहुंचे अखिलेश

**लखनऊ।** कमजोरी व सांस लेने में दिक्कत की शिकायत पर एक दिन पूर्व भर्ती आजम खान को देखने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे। वहां अखिलेश ने आजम खान से मुलाकात के बाद डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट ली। बता दें कि समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान एक बार फिर से मेदांता हॉस्पिटल में एडमिट कराए गए हैं। अभी बीते 13 जुलाई को 64 दिन बाद स्वस्थ होने पर लखनऊ के मेदांता अस्पताल से सीतापुर जिला जेल में शिफ्ट किया गया था।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का 67 प्रतिशत भौतिक काम पूरा

### ● यमुना, बेतवा और केन नदी पर पुलों का भी तीव्र गति से निर्माण चल रहा हैः अवनीश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखंड** एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य की समीक्षा यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने वीडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से करते हुए कहा कि परियोजना पर तेजी से काम पूरा करते हुए तय समय में पूरा किया जाए। कान्फ्रेंसिंग में यूपीडा के अधिकारियों ने बताया कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। परियोजना का अब तक लगभग 67 प्रतिशत भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है। श्री अवस्थी द्वारा निर्देश दिए गए कि आरओबी तथा आरई पैनल निर्माण के काम में तेजी के साथ स्ट्रक्चर्स से संबंधित काम में शीघ्रता लाई जाएए उन्होंने टोल प्लाजा निर्माण के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री अवस्थी ने परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यो को भी शीघ्रता से किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही टेक्निकल ऑडीटर, अथॉरिटी इंजीनियर एवं पीआईयू को गुणवत्ता की जांच लगातार करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जा सके। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल लंबाई 296 किमी है। रिकॉर्ड समय में अब तक कुल 210 किमी लंबाई में बिटुमिनस स्तर का कार्य पूरा किया जा चुका है। परियोजना में पड़ने वाली यमुना, बेतवा और केन नदियों पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है।

उन्होंने बताया कि यूपीडा द्वारा बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य काफी तेजी से कराया जा रहा है और तय समय सीमा से निर्माण की प्रगति काफी आगे चल रही है।

## आयुष-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर का निर्माण जुलाई तक पूरा करेंः सीएस

### ● उप्र राज्य आयुष सोसाइटी की शासी निकाय की बैठक

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को उप्र राज्य आयुष सोसाइटी की शासी निकाय की 7 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए 2021-22 के लिए 580 करोड़ रुपऐ की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित किया। सीएस ने कहा कि नेशनल आयुष मिशन के अन्तर्गत 301 आयुष-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर का निर्माण पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप अवशेष 291 सेण्टर के निर्माण में तेजी लाकर 31 जुलाई तक पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त 5 आयुष इंटीग्रेटेड हॉस्पीटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं अवशेष 11 हॉस्पीटल का निर्माण कार्य भी सितम्बर तक अवश्य पूरा कर लिया जाए। बैठक में बताया गया कि 592 आयुष-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर स्वीकृत किए गए थे जिसमें से 301 सेण्टर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, अवशेष 291 सेण्टर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 3934 आयुष डिस्पेंसरी और 19 आयुष मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए आयुष ड्रग वितरण किया जा रहा है। वहीं मुख्य सचिव ने प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक में स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, नमामि गंगे योजना, मेट्रो परियोजना एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की और काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर की प्रगति समीक्षा में उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समस्त कार्य 15 नवम्बर तक पूरा करने की अपेक्षा की।

# लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है फोन हैकिंग की घटनाः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फोन हैकिंग मामले में जिन हस्तियों के नाम आए हैं उसमें विपक्ष के बड़े-बड़े कद्दावर नेताओं के अतिरिक्त भारत सरकार के मंत्री, राजनयिक, न्यायविद, पत्रकार और सुरक्षा एजेंसियां सहित तमाम महत्वपूर्ण लोग शामिल है। यह घटना लोकतंत्र के लिए काले धब्बे की तरह है लेकिन भारतीय जनता पार्टी का इतिहास भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में देश के क्रांतिकारियों के खिलाफ मुखबिरी और जासूसी का रहा है। देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अपने गुजरात में शासन के दौरान विपक्ष के खिलाफ इसी प्रकार के षड़यंत्र करते रहे है। यह घटना उसी दिशा में एक कड़ी मालूम पड़ती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री यह भूल रहे है कि भारत की गरिमा को तार तार करना पूरी दुनिया में भारत की छवि को खराब करना यह सब भारतीय जनता पार्टी ही करती रही है। लगातार 2014 से पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि को एक भ्रष्ट देश के रूप में बनाई है और आज जब खुद भाजपा उसी जाल में फंसती नजर आ रही तो स्वयं को जनता की नजर में पाक साफ साबित करने के लिए विपक्ष पर आरोप लगा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संसद सत्र शुरू होने पर उसे सनसनीखेज बनाना भाजपा की परम्परा रही है और भाजपा ने हमेशा संसद की गरिमा को तार तार किया है और एक गलत परम्परा बनाई है।

# मथुरा से अब सब्जी, फल व मसालों का अमेरिका को होगा निर्यात

### ● यूपीसीडा की जमीन पर बना उत्तर भारत और यूपी का पहला जीआरपीएफ पैक हाउस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मथुरा,** भगवान कृष्ण की जन्मस्थली और भारत की प्राचीन नगरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियों के चलते अब मथुरा में उत्तर भारत और उत्तर प्रदेश का पहला गामा विकिरण प्रसंस्करण (जीआरपीए) सुविधा युक्त पैक हाउस और कोल्ड स्टोरेज बनाया गया है। इस जीआरपीएफ पैकहाउस के जरिए अब अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडाए ब्राजील और न्यूजीलैंड में रहने वाले लोग यूपी, दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड में उगाए गए आलू, प्याज, मटर, गोभी, बंदगोभी, अदरक, हरीमिर्च, आवंला, कटहल, आम, लीची, अमरुद, जामुन, अनार तथा मसालों का स्वाद ले सकेंगे। वहीं दूसरी तरफ कृषि एवं फल कारोबार से जुड़े हजारों कारोबारी और लाखों किसानों को इस जीआरपीएफपैक हाउस से लाभ होगा। उनकी उगाए फलए सब्जी और मसाले अब आसानी से अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राजील, न्यूजीलैंड सहित दुनिया भर के देशों को भेजे जा सकेंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश देश में फल और सब्जियों का सबसे बड़ा उत्पादक है। फिर भी राज्य में उत्पादित फल और सब्जियों की 10 फीसदी से कम की ही प्रोसेसिंग हो पाती थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका संज्ञान लिया। जिसके तहत उन्होंने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 तैयार कराई। इस नीति में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने वाले उद्यमी को कई तरह की रियायतें देने का ऐलान किया गया। प्रदेश सरकार की इस नीति से प्रभावित होकर वर्ष 2018 से अब तक 4109.74 करोड़ रुपए की लागत वाले 803 उद्यमों की स्थापना करने में छोटे तथा बड़े निवेशकों ने रूचि दिखाई।

# प्रदेश के 14 शहरों में फर्राटा भरेंगी नई इलेक्ट्रिक बसें

### ● नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने प्रोटोटाईप बसों के ट्रायल रन को हरी झण्डी दिखाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार बढ़ते प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण के सुधार के लिये 14 शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने जा रही है। सस्ती यात्रा की सुविधा दिये जाने के लिये इन बसों का किराया साधारण बसों के बराबर रखा गया है।

नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने मंगलवार को राजधानी में उक्त घोषणा की है। 1090 चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि सरकार नगरीय परिवहन सेवाओं को आधुनिक बनाने के साथ ही यात्रियों को सुविधाजनक सफर मुहैया कराने के प्रयास तेजी से कर रही है। सरकार की योजना लखनऊ समेत प्रदेश के 14 अन्य प्रमुख शहरों में 700 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की है। इसके लिये नगरीय परिवहन निदेशालय के अधिकारियों की ओर से काम को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। लखनऊ में इन बसों का एक माह के लिये ट्रॉयल शुरू कर दिया गया।

नगर विकास निदेशालय के संयुक्त सचिव अजीत सिंह ने बताया कि मण्डलायुक्त की बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरु करा दिया जाएगा। अन्य प्रदेशों की तुलना में इनती बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने वाले यूपी पहला राज्य होगा। प्रदेश सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक बसों की संचालन की योजना में 965 करोड़ की लागत आई है।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0प्र0 जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

**पत्रांक 705/6901/विविघ-3/(21)/68**
**दिनांक 19.07.2021**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से जनपद लखनऊ में नलकूप पर पम्प हाउस एवं पाइप लाइन के कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक **22.07.2021 से 28.07.2021** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाए, वि/यॉ0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0 नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी.(1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट **www.upjn.org** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना**– निविदा विक्रय की तिथि 22.07.2021 से 28.07.2021 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा डालने की तिथि : 29.07.2021 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि – 30.07.2021 **पूर्वान्ह** 11.00 बजे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# खामियां मिलने पर सात निजी अस्पताल सील

**मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे अस्पतालों के खिलाफ सोमवार को जिला प्रशासन ने की थी छापेमारी, दी गई थी नोटिस**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिला** प्रशासन द्वारा खामियां मिलने पर सात निजी अस्पताल सील कर दिए गए। बीते सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 45 अस्पतालों में छापा मारा था। खामियां मिलने पर 29 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था। इसी के तहत अभिलेख प्रस्तुत न कर पाने पर सात अस्पताल के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई हुई। डीएम ने चेताया कि इलाज के नाम पर जनता से धोखाधड़ी और धनउगाही करने वाले अस्पतालों को बख्शा नहीं जाएगा।

इलाज के नाम पर जनता से धोखाधड़ी और धनउगाही करने वाले सात अस्पतालों को जिला प्रशासन ने मंगलवार को सील कर दिया। सोमवार को छापेमारी के दौरान ज्यादातर अस्पतालों में डॉक्टर मौके पर उपस्थित नहीं मिले थे। कुछ अस्पताल प्रबंधक सीएमओ द्वारा जारी किए जाने वाला लाइसेंस नहीं दिखा पाए थे जबकि कुछ अस्पतालों के लाइसेंस की वैद्यता खत्म हो चुकी थी। इसके बाद जॉच टीम ने कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने बताया कि अपर नगर मजिस्ट्रेट षष्ठम सूर्यकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने हरदोई से आईआईएम रोड पर स्थित अस्पतालों में छापेमारी की थी। इसमें से सैफालिया आई केयर एंड हॉस्पिटल और सम्राट हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई है। जबकि सम्राट हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किए जाने के बाद सील किए। इसके अलावा कुछ अस्पताल ऐसे भी थे जिनके पास एम्बुलेंस फिटनेस सर्टिफिकेट, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजेंट सर्टिफिकेट और फार्मेसी से सम्बंधित कोई दस्तावेज तक नहीं थे। जांच में मिली इन खामियों को देखते हुए 29 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई थी। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने इन अस्पतालों के खिलाफ नोटिस जारी किया था। इसमें से सात अस्पतालों के खिलाफमंगलवार को सीलिंग की कार्रवाई की गई। वहीं जांच में दोषी पाए गए अन्य अस्पतालों से जवाब मांगा गया है। कार्रवाई के तहत दुबग्गा से हरदोई रूट पर स्थित न्यू एशियन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर को सील किया गया है। यहां के हर्बल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर और बेस्ट केयर ट्रामा सेंटर को सील किया गया है। वहीं सीतापुर रोड चन्द्रा हॉस्पिटल और हिमसिटी हॉस्पिटल के खिलाफ भी सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है पर क्योंकि इन दोनों अस्पताल में मरीज भर्ती पाए गए। लिहाजा मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किए जाने के बाद दोनों अस्पतालों को सील किया जाएगा।

## बकरीद को लेकर सुरक्षा के इंतजाम

**लखनऊ।** बकरीद को लेकर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर के संवेदनशील स्थानों पर स्थानीय पुलिस के साथ ही पीएसी, पैरा मिलेट्री फोर्स को लगाया गया है। वहीं त्योहार के अवसर पर यातायात का डायवर्जन भी किया गया है। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के मुताबिक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक स्थलों पर एक साथ 50 व्यक्तियों के सोशल डिस्टेंसिंग के साथ प्रवेश की अनुमति दी गयी है। संवेदनशीलता को देखते हुए पश्चिमी जोन में दो डीसीपी, एक एसीपी के अतिरिक्त दो अपर पुलिस अधीक्षक, चार सीओ, चार पीएसी कंपनी, एक पैरा मिलेट्री फोर्स को लगाया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट से दस इंस्पेक्टर, 50 दारोगा, 172 सिपाही, 54 महिला सिपाही, आदि लगाए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर यातायात को सुचारू रूप से संचालित कराये जाने के लिए प्रात: छह बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात डायवर्जन किया गया है।

## करोड़ों की ठगी करने वाले ड्रीम्स ग्रुप का प्रेसिडेंट गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शाइन** सिटी सहित विभिन्न कंपनियों में सैकड़ों लोगों से तकरीबन 60 करोड़ रुपए इन्वेस्ट करा कर ठगी करने वाले ड्रीम्स ग्रुप के प्रेसिडेंट और 40 हजार रुपए के पुरस्कार घोषित मोहम्मद शरीफ को एसटीएफ ने लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

शरीफ जो अपने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस से छिपकर दिल्ली व मनाली मे रह रहा था, वह लखनऊ आया हुआ है । इस सूचना पर एसटीएफ ने छानबीन की और सटीक जानकारी के आधार पर सरोजनी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर मैट्रो स्टेशन के नीचे लखनऊ से शरीफ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में शरीफ ने बताया कि शाइन सिटी में वर्ष 2015 में बतौर टीम लीडर सस्ते प्लाट उपलब्ध कराने का लालच देकर इनवेस्ट कराता था । इसके बाद वर्ष



2017 में मैने अपनी खुद की फर्म ड्रीम्स गुप के नाम से रजिस्टर्ड करा दी व अभय कुशवाहा की इनफिनिटी वर्ड इफावेंचर लि. कम्पनी रियल स्टेट मे काम करता था। इस कम्पनी के डायरेक्टर अभय कुशवाहा , नीलम वर्मा, आजम सिद्दीकी व हेलो राइड लिमिटेड नामक कम्पनी बनायी । यह कम्पनी बाइक टैक्सी चलाने के नाम पर ग्राहकों से 61,000 रुपये जमा करने के बदले प्रति माह 9,582 रुपये 12 माह तक देने का प्रलोभन देकर रुपये जमा कराती थी । कम्पनी मे रुपये जमा करने के लिए सात टीमें बनायी गयी थीं । इन्ही सात टीमों में मेरी ड्रीम्स ग्रुप थी जिसमें मैं अध्यक्ष था।

## 23 को कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट की प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** विधि पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर आगामी 23 जुलाई को प्रस्तावित कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2021 की परीक्षा को लेकर राजधानी सात सेंटर बनाये गए हैं। इन सेंटरों पर करीब 3267 छात्र परीक्षा देंगे। इसके अलावा गोरखपुर, कानपुर और प्रयागराज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षाओं के लिए डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय की तैयारी में लग गया है। परीक्षा के लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। परीक्षा ऑफलाइन होने के साथ ही मल्टीपल च्वाइस कोश्चंस आधारित होगी। परीक्षा अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे के बीच आयोजित होगी। कोविड को देखते हुए इस बार अभ्यर्थियों को नजदीक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने की व्यवस्था की गई है। क्लैट 2021 परीक्षा ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों को कोविड.19 सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। 99.14 से ज्यादा तापमान वाले छात्रों को एंट्री नही मिलेगी।

## लोकमंगल दिवस पर महापौर ने किया जनता की शिकायतों का निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** और लॉकडाउन के बाद महापौर द्वारा लोकमंगल दिवस का आयोजन आलमबाग और ठाकुरगंज में किया गया। जनता की गृहकरए पानी की टंकी समस्याओं की सुनवाई की। महापौर ने उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कुल 44 शिकायतें पंजीकृत की गई । लोक मंगल दिवस चन्दरनगर के जोनल कार्यालय में और ठाकुरगंज जोनल कार्यलाय पर किया गया। बालागंज निवासी विनोद कुमार मिश्रा ने महापौर संयुक्ता भाटिया को बताया कि गौशाला रोड निवासी सरोज त्रिपाठी के घर का गृहकर निर्धारण विगत एक वर्ष से नही किया गयाए जबकि इसके लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है। महापौर ने सम्बंधित कर निरीक्षण को तलब कर पूछताछ कीए कर निरीक्षक द्वारा बताया गया कि प्रार्थी द्वारा रजिस्ट्री की कॉपी नही दी गयी हैए जिसपर महापौर ने कर निरीक्षक को कागज पूरे करा अतिशीघ्र कर निर्धारण करने के लिए निर्देशित किया गया।



चौक के दर्जी बगिया के स्थानीय निवासियों ने महापौर से नई बाड़ी में क्षतिग्रस्त पानी की टंकी सही कराने के लिए अनुरोध किया जिसपर महापौर ने समरसेविल पम्प और टंकी सही कराने के लिए नगर अभियंता को निर्देशित किया। बालागंज निवासी अमील शम्सी ने महापौर को बताया कि भरावन कला में खसरा संख्या 1737 पर दबंगो द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया हैए जिसपर महापौर ने तहसीलदार को उक्त जमीन का निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रीतम सिंह निवासी विष्णुलोक कॉलोनी शक्तिपुरम ने महापौर से शक्तिपुरम में लाइटे सही कराने का अनुरोध किया जिसपर महापौर ने अधिशासी अभियंता मार्गप्रकाश को क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रकाश व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुल 44 शिकायतें पंजीकृत की गई ।

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन व एमआरआई मशीन क्यों नहीं लगीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**कानपुर** के गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन व एमआरआई मशीनें अब तक नहीं लगाने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जवाब तलब किया है। पूछा है कि यह मशीनें अब तक क्यों नहीं लग सकी। जबकि दो साल पहले इन मशीनों का लगाने का निर्णय लिया जा चुका था। बावजूद इसके अब तक इन्हें नहीं लगाया जा सका। पीठ ने इस मसले पर राज्य सरकार के वकील को 24 घंटे में निर्देश प्राप्त कर जवाब देने को कहा है। चीफ जस्टिस मुनीश्वर नाथ भंडारी एवं जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश कॉलेज के जूनियर रेजिडेंट्स डॉ. राकेश कुमार वर्मा व अन्य की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वो उक्त मेडिकल कॉलेज में रेडियो डॉयग्नोसिस डिपार्टमेंट से पीजी कर रहे हैं। लेकिन कॉलेज में आज तक सीटी स्कैन व एमआरआई मशीनें नहीं लगाई गई हैं। जिसकी वजह से प्रैक्टिकल के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ता है। बाहर उनसे मनमाना पैसा लिया जाता है व रिपोर्ट भी सही नहीं होती। इस संदर्भ में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल कई बार महानिदेशक कार्यालय को पत्र भेज चुके हैं। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि मरीजों व उनके तीमारदारों को भी इन मशीनों के नहीं होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### तेज आवाज करने वाली बाइकों पर कार्रवाई का दिया आदेश

**लखनऊ।** साइलेंसर मोडिफाई कराकर तेज आवाज में बुलेट समेत दूसरी बाइकों द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लिया है। पीठ ने मसले को बतौर जनहित याचिका दर्ज करते हुए राज्य सरकार को कार्यवाही कर जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी। जस्टिस अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने यह आदेश इस मामले को मोडिफाइड साइलेंसरों से ध्वनि प्रदूषण टाइटिल से जनहित याचिका के रूप में दर्ज करते हुए दिया है। पीठ ने कहा है कि आजकल बुलेट व दूसरी बाइकों में साइलेंसर को मोडिफाई कराकर तेज आवाज में चलाने का फैशन हो गया है। इससे बीमार, बुजुर्ग व बच्चों को खास तौर पर भारी दिक्कतें होती हैं। पीठ ने अपने आदेश में मोटर वेह्किल एक्ट की धारा 52 को उद्धत करते हुए कहा है कि इसके तहत वाहनों में मोडिफिकेशन प्रतिबंधित है। पीठ ने इसी एक्ट की धारा 190(2) का भी जिक्र किया। जिसके तहत ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई का प्रावधान है। पीठ ने कहा है कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन व नियंत्रण नियम 2000 विदेशी बाइकों जैसे हर्ले डेविड्सन, ह्योसंग, यूएन कामंडो इत्यादि पर भी लागू होता है। पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ अपने आदेश की प्रति प्रमुख सचिव परिवहन, प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महनिदेशक, यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन व डीसीपी यातायात लखनऊ को भेजने का आदेश दिया हैं। साथ ही इस मामले में कार्रवाई कर इन्हें व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया है।

### धर्मांतरण मामले में निरुद्ध मुल्जिमों की सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

लखनऊ । धर्मांतरण मामले में निरुद्ध मुल्जिम प्रसाद रामेश्वर कावरे उर्फआदमए कौशर आलम व भूप्रिय बन्दो उर्फअर्सलान मुस्तफा को एटीएस की विशेष अदालत ने सात दिन के लिए एटीएस की कस्टडी मे सौंपने का आदेश दिया है। मुल्जिमों की कस्टडी रिमांड की यह अवधि 22 जुलाई की दोपहर 12 बजे से शुरु होकर 29 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक होगी। एटीएस के विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट्र सुनील कुमार ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व एटीएस के निरीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। 17 जुलाई को इन मुल्जिमों को नागपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इस मामले में आईपीसी की धाराओं व उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निषेध अधिनियम की धारा 3, 5 व 8 के तहत थाना एटीएस में एफआईआर दर्ज हुई थी। विवेचक का कहना था कि मुल्जिमों के द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर मूक बधिर लोगों का धर्मांतरण कराया गया है। इसके लिए हवाला के माध्यम से इनके साथी मो. उमर को भारी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई गई। मो. उमर पहले से न्यायिक हिरासत में है। इनसे बरामद इलेक्ट्रानिक डिवाइस का डाटा स्क्ट्रक्शन कर गहन पूछताछ करना है। इनके बैंक खातों का विश्लेषण करना है। इनके द्वारा मोण् उमर के इस्लामिक दावा सेंटर के माध्यम से कराए गए धर्म परिर्वतन वाले व्यक्तियों को चिन्हित करना है। जिसके लिए इन्हें दिल्ली, नागपुर व अन्य स्थानों पर ले जाना है। साथ ही इनसे संबधित दस्तावेज भी बरामद करना हैं। इनके महाराष्ट्र नेटवर्क में और कौन.कौन लोग शामिल है, उनका भी शिनाख्त कराना है।

### आरोपी इंजीनियरों को समन जारी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**गोमती** रिवर फ्रंट घोटाले से जुड़े मनी लाड्रिंञ्ग के एक मामले में दाखिल आरोप पत्र पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत ने संज्ञान लिया। विशेष अदालत ने संज्ञान लेते हुए इस मामले में सिचाई महकमे के तत्कालीन इंजीनियर रुप सिंह यादव, अनिल कुमार व सिद्ध नरायन शर्मा को समन जारी करने का आदेश दिया है। जिला जज व ईडी के विशेष जज सर्वेश कुमार ने ईडी को भी आदेश दिया है कि वो मुल्जिमों पर सात दिन में समन को तामील कराना सुनिश्चित करें। मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक दो दिसंबर 2020 को ईडी ने मुल्जिमों के खिलाफ मनी लांड्रिग एक्ट की धारा 3-4 में आरोप पत्र दाखिल किया था। उनका का कहना था कि 30 नवंबर 2017 को सीबीआई ने गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। 18 फरवरी 2018 को इसी मामले में ईडी ने भी सिचाई विभाग के आठ अधीक्षण अभियंता तथा अन्य के खिलाफ सूचना दर्ज कर अपनी जांच शुरु की।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में बायोमीट्रिक सिस्टम रखेगा मुन्नाभाई पर नजर

**लखनऊ।** आगामी 30 जुलाई को प्रस्तावित राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में इस बार मुन्नाभाई पर नजर रखने के लिए फेशियल बायोमीट्रिक सिस्टम का प्रयोग होगा। यह निर्णय मंगलवार को सुचारू, शुचिता पूर्ण एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने हेतु किए जा रहे प्रयासों की लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक में लिया गया है। राज्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक परीक्षा कक्ष में प्रत्येक अभ्यर्थी की आनलाइन निगरानी करने के लिये सीसीटीवी कैमरे व राउटर आदि की समुचित व्यवस्था की जा रही है। पूरे प्रदेश के सभी परीक्षा केन्द्रों पर नियन्त्रण रखने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा रहा है। इस नियंत्रण कक्ष में 150 कम्प्यूटर लगाये जा रहे हैं। प्रत्येक कम्प्यूटर की सहायता से 10-10 परीक्षा.केन्द्रों पर प्रत्येक अभ्यर्थी की आनलाइन निगरानी करते हुए कड़ी नजर रखी जायेगी। इसके साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर फेशियल बायोमीट्रिक सिस्टम की सहायता से उपस्थिति ली जायेगी।

## एलयू में दाखिले के आवेदन की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी

**लखनऊ।** कोरोना महामारी की गम्भीरता एवं लाकडाउन के चलते दाखिले को लेकर अभ्यर्थियों को हो रही दिक्क़तों को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। स्नातक स्तर पर अब छात्र 31 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे।

## सीएम आवास घेरने जा रहे अभ्यर्थियों पर चली लाठियां



**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयो में हुई 69 हजार शिक्षक भर्ती में आराक्षण घोटाले का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास के सामने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस ने अभ्यर्थियों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान कई अभ्यर्थी गोमती नदी की ओर भी भागे वहीं कुछ अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने सरकार से न्याय दिलाने के लिए नारेबाजी भी की। इस दौरान पुलिस बल ने अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन अभ्यर्थियों ने हटने से इनकार कर दिया। इस दौरान कई अभ्यर्थियों ने सड़क पर लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है 69 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत आराक्षण घोटाला हुआ है इसमें 22 हजार सीट और जोड़ी जाए और उन्हें भरा जाना चाहिए। अभ्यर्थियों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन उन अभ्यर्थियों पर दबाव बना रहा हैं जो हम लोगों का नेतृत्व कर रहे हैं। कई अभ्यर्थियों को नजरबंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस के किए गए लाठीचार्ज से कई अभ्यर्थियों को गंभीर चोट आई है। जिन्हे इलाज भी नहीं दिया गया है।

### युवाओं को किया जा रहा गुमराह: बेसिक शिक्षा मंत्री

इस बार में बेसिक शिक्षा मंत्री का कहना है कि युवाओं को गुमराह किया जा रहा है, विभाग में 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित 18,598 पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की गई हैए लेकिन कुछ शरारती तत्व और राजनीतिक दल युवाओं को बरगला कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसी भी विभाग में भर्ती के लिए जिन नियमों के तहत आवेदन मांगे जाते हैं, उन्हीं के तहत पूरी भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसे न भर्ती प्रक्रिया के दौरान बदला जा सकता है और न ही भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद।

## महिला पर हमला करने वाला दबंग लॉकअप से फरार, मचा हड़कंप

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर 12 वृंदावन योजना में मंगलवार सुबह घर से बाहर निकली महिला पर एक दबंग युवक ने लोहे के सब्बल से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया वहीं चीख पुकार सुनकर मां को बचाने निकले बेटे पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। 112 पर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पीजीआई कोतवाली पुलिस को सौंप दिया, जिसे हवालात में बंद कर दिया गया। आरोप है कि युवक पुलिस कर्मियों और ड्यूटी पर तैनात दरोगा को चकमा देकर भाग निकला। अब पुलिस मामले को दबाने में जुटी है।क्रिश्चियन डिग्री कालेज में कर्मचारी त्रिलोकी नाथ पत्नी राजकुमारी बेटे संजय और कृष्णा के साथ वृंदावन योजना रायबरेली रोड स्थित सेक्टर 12 बी के मकान नंबर 407 में रहते हैं घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है राजकुमारी किसी कार्यवश घर से बाहर निकली थी तभी महेंद्र रावत ने लोहे की सब्बल से सिर हमला कर दियाए जिसमें उनको गंभीर चोटें आईं परिजनों ने महिला को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुएए डाक्टरों ने राममनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया है। घायल महिला राजकुमारी के बेटे कृष्णकुमार ने बताया कि आरोपी युवक दबंग किस्म का हैएऔर पहले भी मारपीट कर चुका है लेकिन पुलिस को तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और यह गंभीर घटना घट गई।

## अब आवंटियों की स्वीकृति पर ही होगा ठेकेदारों का भुगतान

**आवंटियों को होने वाली असुविधाओं को लेकर लविप्रा उपाध्यक्ष ने अभियंताओं के कसे पेंच, तय की जिम्मेदारी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ठेकेदारों** का भुगतान आवंटियों की संतुष्टि पर एलडीए द्वारा करने का आदेश जारी किया गया है। आवासीय योजनाओं के अधूरे कार्य करने पर एलडीए ठेकेदारों का भुगतान नहीं करेगा, इससे कार्यदायी संस्था पर फ्लैट्स की फिनिशिंग और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का दबाव बना रहेगा। वहींए वीसी ने प्राधिकरण के इंजीनियरिंग विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए अफसरों के पेंच भी कसे।

मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश ने जनहित में एक और बड़ा फैसला लिया है। जिसके तहत अब आवंटियों से वार्ता कर उनकी संतुष्टि जानने के बाद ही कार्यदायी संस्थाए ठेकेदार का भुगतान किया जाएगा। उपाध्यक्ष के इस फैसले से ठेकेदारए कार्यदायरी संस्था निर्माण व फिनिशिंग के कार्य को लंबित नहीं रख सकेंगे और आवंटियों को बड़ी राहत मिलेगी। उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश ने मंगलवार को इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिया। आवंटियों को किसी तरह की कोई असुविधा न होए इसके लिए उन्होंने प्राधिकरण के इंजीनियरिंग विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए अफसरों के पेंच भी कसे। एलडीए उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा निर्मित बहुमंजिला अपार्टमेंट्स में फ्लैटों की फिनिशिंग व जनसुविधाओं से सम्बंधित कामों के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार कर इसे निश्चित कराए जाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि फ्लैटों की फिनिशिंग से सम्बंधित कार्यों के सापेक्ष कार्यदायी संस्थाए ठेकेदार का भुगतान करने से पहले आवंटियों से संपर्क कर कार्य का सत्यापन अवश्य कराया जाए। सभी बहुमंजिला अपार्टमेंट्स जहां आरडब्लूए गठित है, उनके परामर्श से अवशेष कॉमन सुविधाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। वहीं जिन बहुमंजिला अपार्टमेंट्स में आरडब्लूए गठित नहीं है, वहां सम्बंधित अधिशासी अभियंता खुद निरीक्षण कर कार्य योजना तैयार करते हुए काम को समयबद्ध रूप से पूरा कराएं।



# देश की अर्थव्यवस्था में खेती का महत्वपूर्ण योगदान

## आज खेती के क्षेत्र में पढ़े लिखे व्यवसायिक ज्ञान रखने वाले एग्रीकल्चर स्नातक की आवश्यकता, किसानों को जैविक खेती की ओर ध्यान देना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन लखनऊ से ऑनलाइन उदयभाण सिंह जी क्षेत्रीय प्रबंध संस्थान, गांधीनगर गुजरात के पीजीडीएम एवं एबीएम 2021-23 के प्रवेश सत्र का शुभारम्भ करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में खेती का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत के उद्योग जगत से लेकर कृषि के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तक खेती महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सभी की जरूरतों के लिए अनाज, दलहन, खाद्य तेल, दूध, मछली इत्यादि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि पूरे विश्व का लगभग पच्चीस प्रतिशत अनाज का उत्पादन भारत में होता है। भारत ने पूरे विश्व को दूध उत्पादन और विपणन के क्षेत्र में अमूल मॉडल दिया है। अमूल मॉडल पर आधारित ग्रामीण रोजगार की गतिविधि विकासशील और अविकसित देशों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को उनकी मेहनत का उचित लाभ दिलवाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई है और उनका अमलीकरण अलग अलग चरण में हो रहा है। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदी, रियायती दर पर खाद, बीज और दवाइयों की उपलब्धता, जिला और तालुका स्तर पर अनाज बेचने के लिए मंडियो की व्यवस्था आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज देश को खेती के क्षेत्र में पढ़े लिखे व्यवसायिक ज्ञान रखने वाले एग्रीकल्चर स्नातक की आवश्यकता है। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जिन राज्यों में रासायनिक खेती पर ज्यादा जोर दिया गया, उन राज्यों में खेती की उत्पादकता में कमी आई है। इसलिए भविष्य में किसानों को जैविक खेती की ओर ध्यान देना चाहिए।

भारतीय बाजार में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी जैविक खेती से उत्पादित अनाज, फल और सब्जियों की मांग ज्यादा है और खरीददार इसके लिए अधिक मूल्य भी चुकाते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा राज्य सरकार किसान उत्पादक संगठन पर ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। ताकि किसान सामूहिक रूप से अपने खेती के उत्पादों को स्थानीय बाजार के साथ औद्योगिक इकाईओं को भी बेच सकें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पूरे देश में वर्ष 2024 तक दस हजार एफपीओ को खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि देश के अनेक हिस्सों में किसानों का समूह कृषि उत्पाद को अपने राज्य के अन्दर व राज्य से बाहर बेचने में सफल रहे है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ एसके अस्थाना, संस्थान के अधिकारीगण, शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

## राज्यपाल से मिले जैव चिकित्सा अनुसंधान के निदेशक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल से मंगलवार को राजभवन में जैव चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ के निदेशक डॉ आलोक धावन ने शिष्टाचार भेंट की और संस्थान द्वारा किये जा रहे नवीनतम शोध कार्यों से संबंधित एक विवरणिका दी। राज्यपाल ने अनुसंधान केन्द्र द्वारा टीबी, लिवर तथा हड्डियों की जांच के साथ ही कोविड.19 से उत्पन्न अनेक बीमारियों पर किये जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जैव चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र द्वारा चिकित्सा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में जो अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है, उसका लाभ गम्भीर रोग से ग्रस्त गरीब लोगों को मिलने से उनकी सहायता हो

## राजभवन में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन में स्थापित कम्प्यूटर केन्द्र का लोकार्पण किया तथा राजभवन परिसर में रह रहे बच्चों के लिये कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण केन्द्र में एक बार में 20 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 100 रुपये शुल्क देय होगा तथा प्रशिक्षण के लिये समय सारणी बनायी जायेगी। प्रत्येक विद्यार्थी को आवंटित समयानुसार ही प्रशिक्षण केन्द्र पर उपस्थित होना होगा तथा प्रत्येक 3 माह बाद परीक्षा का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शुल्क का संग्रह एवं लेखा जोखा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों द्वारा ही किया जायेगा। राज्यपाल ने बच्चों से कहा कि आप लोग अनुशासित रहकर ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें, कोई कठिनाई हो तो प्रशिक्षकों से संवाद स्थापित कर उसका निराकरण करायें आप सब में सीखने की ताकत है।

# उत्तर प्रदेश में हुई राम राज्य की उत्पत्तिः नीलकंठ तिवारी

● पर्यटन विभाग, पर्यटन प्रबंध संस्थान तथा फिक्की के संयुक्त वेबिनार का मंत्री ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** विभाग, उत्तर प्रदेश सरकारए पर्यटन प्रबंध संस्थान तथा फिक्की के साथ संयुक्त रूप से वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसका उद्घाटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पर्यटन संस्कृति, धर्मार्थ कार्य एवं प्रोटोकॉल डा. नीलकंठ तिवारी ने किया।

नीलकण्ठ तिवारी ने वेबिनार के आयोजकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मैं इस आयोजन में प्रतिभाग कर एवं वक्ताओं को सुनकर अत्यधिक उत्साहित हुआ हूँ। उन्होंने कहा कि विश्वभर के सभी प्रश्नों का उत्तर उत्तर प्रदेश में विद्यमान हैं। चाहें वह आध्यात्मिक हो, धार्मिक हो, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी कोई घटना हो, वन्य जीव या फिर ग्रामीण पर्यटन से संबंधित हो। रामराज्य की उत्पत्ति, उत्तर प्रदेश में हुई, सबसे अधिक भाषाओं में अनुवादित गीता को उत्तर प्रदेश में लिपिबद्ध किया गया। चन्दौली, सोनभद्र, कतरनियाघाट, दुधवा आदि वन्य जीव क्षेत्र अत्यन्त मनमोहक है। हजारों वर्षों पुराने जीवाश्म सलखान में विद्यमान हैं। बौद्ध धर्म के आस्था के केन्द्र उत्तर प्रदेश में विद्यमान है, जिन्हें देखने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर आते है।

उन्होंने बताया कि कुशीनगर में 200 एकड़ क्षेत्र में पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास कार्य किया जा रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि कोविड महामारी में उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा घरेलू एवं अन्तराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से अनेक कार्य किए गए हैं।

## लोकतंत्र रक्षक सेनानी राममनोहर रावत का निधन

**निगोहां।** क्षेत्र के समेसी के ग्राम रामबक्श खेड़ा के 81वर्षीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी राममनोहर रावत का लम्बी बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया। जानकारी पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अंतिम दर्शन कर अशोक चक्र अर्पित कर नमन किया तथा मौके पर पंहुचे तहसील स्तरीय व पुलिस अधिकारियों ने अशोक चक्र व राष्ट्रीय ध्वज अर्पित सलामी देकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर नायब तहसीलदार प्राची त्रिपाठी, इंस्पेक्टर नगराम मोहम्मद अशरफ, प्रधान अतुल यादव, किसान नेता रामा नंद, रमेश राही सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

**निगोहां।** सरकार की मंशा के अनुसार लोगो को बेहतर इलाज मिले इसके लिए सीएचसी का लगातार निरीक्षण के साथ पीएचसी को उच्च दर्जा देने के लिए भाजपा संगठन द्वारा चलाये जा रहे सेवा ही संगठन अभियान के तहत यूपीसीएलडीएफ के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन एवं उप्र भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज, लखनऊ तथा उसके अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराने व स्वास्थ्य केंद्रों का उच्चीकरण किये जाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह को पत्र लिख कर मांग की है।

## दूसरे दिन भी स्थानांतरण नीति के खिलाफ लिपिकों ने दिया धरना

**लखनऊ।** स्थानांतरण नीति के खिलाफ यूपी मेडिकल एंड हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। आज भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से लेकर सरकारी अस्पतालों के बाहर लिपिकों ने धरना दिया। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से स्थानांतरण सूची को निरस्त करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉक्टर राजा गणपति आर को निलंबित कर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन की लखनऊ शाखा के जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव व जिला मंत्री रजनी शुक्ला ने बताया कि इस आशय का ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित इस आशय का ज्ञापन आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा गया।

## सूगामऊ में चला विशेष सफाई अभियान

**लखनऊ।** संचारी रोगों को देखते हुए इंदिरानगर में नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी द्वारा इंदिराप्रियदर्शनी वार्ड के सूगामऊ में बड़े स्तर पर सफाई के दौरान कूड़े का उठान किया गया। क्षेत्र की नालियों में ब्लीचिंग पाउडर और चूने का छिड़काव किया गया।

## सादगी से मना नेशनल एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजिस्ट दिवस

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में मंगलवार को एसोसिएशन ऑफ इंडिया एंड ओटी टेक्नोलॉजिस्ट यूपी के तत्वाधान में नेशनल एसोसिएशन एंड आपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजिस्ट डे कोविड.19 प्रोटोकॉल के तहत सादगी से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ गौरव अग्रवाल तथा एनेस्थीसिया विभाग से प्रोफेसर एसपी अंबेश विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राजीव सक्सेना ने वर्तमान परिपेक्ष्य में एनेस्थीसिया और ओटी टेकनोलॉजिस्ट के द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका से संबंधित कार्यों का ब्योरा दिया। सीएमएस प्रोफेसर गौरव अग्रवाल ने राजधानी कोविड हॉस्पिटल में एनेस्थीसिया टेक्नोलॉजिस्ट के द्वारा निभाई गई भूमिका की प्रशंसा की। प्रो.एसपी अंबेश ने एनेस्थीसिया टेक्नोलॉजिस्ट ने ओटी तथा एनेस्थीसिया टेक्नोलॉजिस्ट के महत्वपूर्ण रोल के बारे में बहुत बारीकी से बताया।

## डीजीपी ने किया एसडीआरएफ मुख्यालय का निरीक्षण

**लखनऊ।** डीजीपी मुकुल गोयल ने मंगलवार को स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ ) मुख्यालय का निरीक्षण किया। डीजीपी द्वारा एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ कार्यो की समीक्षा की गयी एवं एसडीआरएफ के उपकरणों का अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा कार्यों के सम्बन्ध में अपना प्रजेन्टेशन दिया गया तथा कुछ प्रस्ताव यथा विशेष जोखिम भत्ता, उत्साहवर्धन के लिए पदक, प्रतिनियुक्ति अवधि में वृद्धि आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिस पर डीजेपी द्वारा यथाशीघ्र इस सम्बन्ध में प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर रवि जोसफ लोक्कू अपर पुलिस महानिदेशक-पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अजय आनन्द अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमडी मध्यांचल ने किया विपिन खण्ड क्षेत्र का रात्रि निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एमडी** मध्यांचल डिस्काम एसपी गंगवार ने विपिन खण्ड क्षेत्र का रात्रि निरीक्षण कर वहां स्थापित परिवर्तकों के विद्युत लोड की जॉच एवं 33/11 केवी उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्य अभियन्ता (वितरण) सिस गोमती ने अधीक्षण अभियन्ता राजभवन के साथ डालीबाग स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेनद्र का निरीक्षण किया जिसमें सभी परिवर्तकों का लोड सामान्य पाया गया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल (द्वितीय) गोमतीनगर के नेतृत्व में विपिन खण्ड में स्थापित 33/11 केवी उपकेन्द्र का रात्रि निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी परिवर्तकों में लोड सामान्य पाया गया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-6 के नेतृत्व में अधिशासी अभियन्ता यूनिवर्सिटी ने 33/11 केवी उपकेन्द्र यूनिवर्सिटी तथा भीकमपुर का रात्रि निरीक्षण किया जिसमें भीकमपुर उपकेन्द्र पर केबल फॉल्ट पाया गया जिसे तत्काल प्रभाव से ठीक कर विद्युत सप्लाई सामान्य कर दी गयी। वर्तमान में उपकेन्द्र पर कोई भी विद्युत उपभोक्ताओं से सम्बन्धित शिकायत नहीं है एवं लोड भी सामान्य है।

## टोल प्लाजा पर खड़े ट्रक से अंग्रेजी शराब के 64 पेटियां चोरी

**निगोहां।** थाना क्षेत्र के दखिना शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर पर बीती रात टोल प्लाजा के निकट खड़े ट्रक से तिरपाल काट कर चोर अंग्रेजी शराब की 64 पेटी उठा ले गये। ट्रक चालक सुखविंदर सिंह के द्वारा निगोहां थाने पर दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनाक्रम के अनुसार फर्रुखाबाद तिनयानी निवासी ट्रक चालक सुखविंदर सिंह ट्रांसपोर्ट नगर रेडिको शराब के गोदाम से 600 पेटी अंग्रेजी शराब की पेटिया लादकर कर रायबरेली लेकर जा रहा था। सोमवार रात करीब एक बजे निगोहां दखिना टोल प्लाजा पर नींद लगने के कारण ट्रक को रोककर सो गया। सुबह होने पर चालक ने देखा कि ट्रक के पीछे तिरपाल कटा हुआ था जिसमे शराब की कुछ पेटियां गायब थी ट्रक चालक ने इसकी सूचना 112 पर दी मौके पर पहुची पुलिस ने चालक से आवश्यक कार्यवाही के लिए थाने पर तहरीर देने की बात कहकर लौट गई।

## प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 39 लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत

**लखनऊ।** गर्भवती महिला की देखभाल के लिए प्रदेश में वर्ष 2017 से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 31 मई तक 39,72,308 लाभार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नोडल अधिकारी राजेश वांगिया ने बताया कि यह लक्ष्य के सापेक्ष 95.02 प्रतिशत है। लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत 153600.31 लाख की धनराशि का भुगतान भी किया जा चुका है। प्रदेश में गर्भवती महिलाओं से जुड़ा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम भी लागू है। इसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क परिवहन, निशुल्क जांचे, निशुल्क औषधि, निशुल्क भोजन एवं आवश्यकता पड़ने पर निशुल्क ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस वर्ष मई 2021 तक 50 लाख गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष 3,38,109 लाभार्थियों को निशुल्क उपचार, 1,35,605 लाभार्थियों को निशुल्क भोजन एवं 3,29,257 लाभार्थियों को निशुल्क जांच की सुविधा प्रदान की गई है।

## कांग्रेस ने तीन पूर्व विधायकों का निष्कासन रद किया

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में लंबे समय से निष्कासित चल रहे तीन पूर्व विधायकों का निष्कासन रद्द कर उन्हें पार्टी में वापस ले लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के अनुमोदन उपरांत अनुशासन समिति उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूर्व विधायक नेकचंद पांडेय, पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा और पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी का निष्कासन परीक्षणों उपरांत तत्काल प्रभाव से रद्द कर पार्टी में वापस ले लिया है। राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर एवं राष्ट्रीय सचिव रोहित चौधरी ने पूर्व विधायकों से अपेक्षा की है कि आने वाले समय में पार्टी को सशक्तिकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगें।

## आबकारी निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण आज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 21 जुलाई को नवचयनित आबकारी निरीक्षकों को यहां नियुक्ति.पत्र वितरित करेंगे। इनका चयन लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आबकारी निरीक्षकों को सम्बोधित करते हुए उनका मार्गदर्शन भी करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम मिशन रोजगार श्रृंखला की एक नई कड़ी है। विगत सवा चार वर्ष में सवा चार लाख युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरी प्रदान की गयीं।


## दबंगों ने आम रास्ते को खेत मे मिलाया, हुआ जलभराव

**निगोहां।** निगोहा के सैदापुर गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगो ने आम रास्ते को खेत मे मिलाकर बन्द कर दिया। जिसके चलते गांव के आम रास्ते पर बरसात होने पर जलभराव हो गया ।जिसकी वजह से ग्रामीणों को भरे पानी से गुजरना पड़ रहा है।वही जलभराव की वजह से ग्रामीण भरे पानी मे गिरकर चोटिल हो रहे है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उतरांवा के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान से इस बन्द रास्ते को खुलवाने के लिये कहा गया तो ग्राम प्रधान ने इस ओर ध्यान नही दिया। जिस पर ग्रामीणों ने जलभराव के वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर जिम्मेदारों से बन्द रास्ते को खुलवाने की अपील की है।

## चोरी के माल के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** कमिश्नरेट पुलिस अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार मुहिम चला रही है इसी के तहत मंगलवार को ठाकुरगंज और हसनगंज पुलिस को कामयाबी मिली है। हसनगंज पुलिस ने दो चोरों को तो ठकुरगंज पुलिस ने मोबाइल चुराने वाले चोर को पकड़ा। पुलिस ने इन चोरो के पास से चोरी का काफी सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मोहनी पुरवा हुसैनाबाद से चोरी के एक मोबाइल के साथ गेंद खाना हुसैनाबाद ठाकुरगंज के रहने वाले मो आमिर को गिरफ्तार किया है। आमिर मूल रूप से रूस्तम नगर सआदतगंज लखनऊ का रहने वाला है। इसके अलावा हसनगंज पुलिस ने असामी कालोनी हसनगंज मे रहने वाले आसाम के मूल निवासी सलीम बादशाह को उसके साथी डालीगंज हसनगंज के रहने वाले शाहिद को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सलीम और शाहिद बन्द मकानो और बन्द दुकानो में चोरी की वारदातो को अन्जाम देते थे और चोरी किया गया सामान कबाड़ी को बेच देते थे। पुलिस ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन लोगो के द्वारा अब तक चोरी की कितनी वारदातो को अन्जाम दिया जा चुका है।

## वाहन चालक संघ के अध्यक्ष बने वीरेन्द्र वर्मा



**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद वाहन चालक संघ द्वारा द्विवर्षीय चुनाव कराया गया। वाहन चालक संघ के अध्यक्ष सहित 9 पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। वहीं पांच कार्यकारिणी सदस्य भी बनाए गए। मंगलवार को वाहन चालक संघ का चुनाव आपसी सहमति से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बिनू कुमार एवं वाहन चालक संघ के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद की देखरेख में चुनाव का कार्य किया गया। चुनाव अधिकारियों ने कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन किया। अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सुनील मैसी, महामंत्री गुलाम शब्बीर, संयुक्त मंत्री शिवपाल, संगठन मंत्री अवधेश पांडे, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, प्रचार मंत्री जोगिंद्र सिंह, कार्यालय सचिव दुर्गा प्रसाद पांडेय, लेखा परीक्षक मनोज कुमार को बनाय ।गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सिराजुद्दीन, राधेलाल, मुकेश कुमार, विनोद कुमार वाजपेयी, डीपी यादव बनाए गए।

## गोमती में कूदकर जान बचाने वाले का किया सम्मान

**निगोहां।** बीते शनिवार को आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक व्यक्ति ने हनुमान सेतु पर गोमती नदी में जान देने के लिए छलांग लगा दी थी। वहीं क्रिकेट खेल रहें निगोहां के गुलाम गौस ने अपनी जान की बाजी लगाकर नदी में डूब रहे व्यक्ति की जान बचा ली। जिसका संज्ञान लेकर मंगलवार को निगोहां के एसबीएन इण्टर कॉलेज के प्रबंधक ने बहादुर युवक गुलाम गौस को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अलीगंज लखनऊ निवासी रामचरण ने आर्थिक तंगी और डिप्रेशन के चलते बीते शनिवार को हनुमान सेतु के पास गोमती नदी में जान देने के लिए छलांग लगा दी थी। यह देख वहाँ पर लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया लेकिन डूब रहै व्यक्ति को बचाने के लिए कोई नही आगे आया। शोरगुल होने लगा तो वहीं कुछ दूरी पर निगोहां गांव निवासी गुलाम गौस खान अपने साथियों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा था। शोरगुल सुन गुलाम गौस दौड़ पड़ा और जान की परवाह किये बगैर रामचरण को बचाने के लिए गोमती नदी में कूद पड़ा और डूब रहे रामचरण को निकालकर उसकी जान बचा ली। मंगलवार को निगोहां रघुनाथ खेड़ा गांव के एसबीएन इण्टर कॉलेज के प्रबंधक अमरेंद्र यादव ने बहादुर युवक गुलाम गौस को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# जल्द शुरू होगी अहिमर्दन पातालपुरी हनुमानजी अन्नपूर्णा भोग सेवा



● विधि एवं कानून कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने किया पाताल पुरी हनुमान का पूजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंगलवार** के अवसर पर आज पक्का पुल स्थित लेटे हुए हनुमान जी का विधि विधान से पूजन, भोग और आरती कानून मंत्री बृजेश पाठक ने विधि विधान से किया। इस अवसर पर श्री पाठक को ट्रस्ट का संरक्षक मनोनीत किया गया। पातालपुरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक तांगड़ी ने बताया की रोटी कपड़ा बैंक के सहयोग एवं हनुमान जी की कृपा से शीघ्र ही जरूरतमंद लोगों में नियमित रूप से भोजन वितरित किया जाएगा । इससे लगभग रोज ढाई सौ लोग भोजन प्राप्त कर सकेंगे विशेष रूप से मेडिकल कालेज में तीमारदार लाभान्वित होंगे। श्री पाठक के साथ उपस्थित ट्रस्ट के सदस्य अभिषेक खरे, पंकज सिंह भदोरिया, अनूप मिश्रा, अखिलेश कुमार, अजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, संदीप तिवारी, अतुल गुप्ता, सुरेंद्र सूदन, जगदीश श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और मंदिर के नवीन भव्य स्वरूप की कार्ययोजना बतायी।

## कॉमन मिनिमम सिलेबस से एलयू को दूर रखे सरकारः लूटा

**लखनऊ।** कॉमन मिनिमम सिलेबस का एक बार फिर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने विरोध किया है। मंगलवार को इस बाबत लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ लूटा की आम सभा में सर्वसम्मति से शिक्षकों ने सरकार के कॉमन मिनिमम सिलेबस को विश्वविद्यालय की स्वायत्तता पर हमला बताया और इसके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। आम सभा मे सभी शिक्षकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि सरकार लखनऊ विश्वविद्यालय को कॉमन मिनिमम सिलेबस के दायरे से बाहर रखें। यह नई शिक्षा नीति की मूल भावना उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता के विपरीत है। बैठक में 15 जुलाई के कुलसचिव का आदेशात्मक पत्र की घोर निंदा की गई और जारी करने वाले पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की गई। साथ ही पत्र को तत्काल वापस लेने की मांग की है। आम सभा मे यह प्रस्ताव पारित किया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कुलपति के निर्देशन में एक अच्छा पाठ्यक्रम तैयार किया है, उसी को लागू करेगा।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले युवक का क्षेत्र में ही रहने वाली और निजी अस्पताल में नर्स एक युवती से मोबाइल पर संपर्क हो गया, बात आगे बढ़ी दोनो लिव इन रिलेशनशिप में एक साल रहे। युवक ने जब युवती की आर्थिक स्थिति परख ली तो पीजीआई अस्पताल में स्टाफ नर्स बनवाने का जाल बिछाया और पांच लाख रुपए ले लिए जब नौकरी की बात आगे नहीं बढ़ी तो युवती ने सवाल उठाए तो युवक रिश्ते से अलग हो गया और विवाह से भी मुकर गया। पारिवारिक लोगों द्वारा कराया समझौता भी नहीं माना तो पीड़िता ने युवक को नामजद करते हुए तहरीर दी। पुलिस आरोपी युवक पर एएससी एसटी सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। पीड़िता सेक्टर 5 रायबरेली रोड एक निजी अस्पताल में नर्स है पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका संपर्क करीब दो वर्ष पूर्व मुकेश निवासी सेक्टर 19 बी मकान नंबर 217 वृंदावन योजना रायबरेली रोड से मोबाइल पर चैटिंग करते हुए हुआ था और फिर परिचय बढ़ा, मुकेश ने विवाह करने का झांसा दिया,उसने बातों में फंसाकर एक वर्ष तक एक साथ रखा।

## आगामी पांच वर्षों में 100 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्तावित

**लखनऊ।** उद्यान निदेशक डा. आर के तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा फलपट्टी क्षेत्र के बागवानों को गत वर्ष की भांति इस वर्ष 2021-22 में भी उक्त संचालित परियोजनाओं के अन्तर्गत 19000 कृषकों को प्रशिक्षण, 800 हेक्टेयर में नवीन क्षेत्र विस्तार, 353 हेक्टेयर में पुराने बागों का जीर्णोद्धार, कैनोपी प्रबंधन, ड्रिप स्प्रिंकलर की स्थापना, 324 पैक हाउस, 270 मशीनीकरण, 174 पौध.रक्षा उपकरण, 210 हेक्टेयर आईपीएम एवं 107 कृषक गोष्ठी, 27 पौधशालाओं की स्थापना प्रस्तावित है। डा. तोमर ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड भारत सरकार द्वारा देश में विभिन्न फलों के अन्तर्गत 13 क्लस्टर क्षेत्र घोषित किये गये, जिसमें लखनऊ क्षेत्र में उत्पादित दशहरी आम को क्लस्टर के रूप में चिन्हित किया गया है। जनपद में आम फलपट्टी क्षेत्र में 30000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल आच्छादित है, जहां आगामी 5 वर्षों में 100 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है। योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं कृषकों को नवीनतम तकनीकी को जानकारी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 18137 कृषकों को प्रशिक्षण एवं 85 कृषक गोष्ठियों का आयोजन कराया गया।

# पांच साल की पीहू ने इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कराया अपना नाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की केजी. क्लास की छात्रा पीहू सक्सेना ने मात्र पाँच वर्ष की अल्प आयु में ही इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराकर लखनऊ का नाम पूरे देश में रोशन किया है। पीहू ने अपनी नैसर्गिक बहुमुखी प्रतिभा एवं विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सर्वांगीण शिक्षा की बदौलत पाँच वर्ष की अल्प आयु में ही विभिन्न क्षेत्रों में 23 से अधिक पुरस्कार अर्जित कर इण्डिया बुक ऑफ रिकार्डस में अपना नाम दर्ज कराया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि पीहू की प्रतिभा व कौशल को इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड के संपादकीय बोर्ड द्वारा स्वीकार एवं अनुमोदित किया जा चुका है एवं इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड के अगले संस्करण में सीएमएस छात्रा का नाम प्रकाशित किया जायेगा। विदित हो कि इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड देश की असाधारण एवं विलक्षण प्रतिभाओं के नाम अपने रिकार्ड में शामिल करता है एवं उन्हें एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है।

## नगर पंचायत के गरीबों को जल्द मिलेंगे आवास

**मोहनलालगंज।** नगर पंचायत के बेघरों के लिए राहत भरी खबर है। मोहनलालगंज के आवास विहीन गरीबों को जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से जल्द ही आवास मुहैया कराने की तैयारी है। मंगलवार को पायनियर में बेघरों के बेबसी की दास्तां प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद पीओ डूडा ने नगर पंचायत प्रशासन को आवास के जरुरतमंद पात्रों की जियो टैगिंग पूरी होते ही शासन से लक्ष्य प्राप्त होने की संभावना जताई गई है। मोहनलालगंज नगर पंचायत की तकरीबन तीस हजार की आबादी में सैकड़ों बेघर आवास योजना का लाभ पाने के लिए भटकते फिर रहे हैं। बेघर परिवारों की फरियाद से नगर पंचायत का शिकायत रजिस्टर भी भरा पड़ा है। लेकिन जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से आवास का लक्ष्य प्राप्त नहीं होने से बेघर परिवार साल भर से आवास योजना का इंतजार कर रहे हैं।

# एसडीएम ने दिलाई शपथ, लड्डुओं से तौलकर ब्लाक प्रमुख का हुआ सम्मान

संवाददाता। मोहनलालगंज



**नवनिर्वाचित** क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रमुख को शपथ दिलाने के लिए मंगलवार को मोहनलालगंज और गोशाईगंज ब्लाक में कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर भव्य समारोह आयोजित किया। एसडीएम डॉ शुभी सिंह ने पहले मोहनलालगंज पहुंचकर ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल फिर गोशाईगंज में ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा को संविधान की शपथ दिलाई। फिर बीडीओ अजीत कुमार सिंह और संजीव गुप्ता ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सामूहिक शपथ ग्रहण कराया। मोहनलालगंज में कुल 108 बीडीसी सदस्यों में से 94 सदस्य ही शपथ ग्रहण के लिए उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश को फूल मालाओं से लादकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल को लड्डुओं से तौलकर उपस्थित जनसमूह में मिष्ठान्न वितरण कराया। प्रमुख कार्यालय में प्रवेश के दौरान शुक्ल ने धरती मां को शाष्टांग प्रणाम कर क्षेत्रीय विकास के संकल्प को पूरा करने के आशीर्वाद की कामना की। इस दौरान क्षेत्र पंचायत की पहली बैठक आयोजित कर आधा दर्जन समितियों का गठन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर विभागीय योजनाओं के बारे में सदन को जानकारी दी।

**पहली बैठक में ही खींचा गया विकास का खाकाः** ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल और खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह की मौजूदगी में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को सदन की पहली बैठक में ही विकास योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# इंटर मॉडल होगा काशी स्टेशन

● अब तक का सबसे महंगा प्रोजेक्ट होगा

● गंगा नदी पर एक विशाल सिग्नेचर ब्रिज को लेकर भी चल रही हैं तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के संसदीय क्षेत्र में यातायात व यात्री सुविधा की एक बड़ी योजना जल्दी ही मूर्तरूप लेने जा रही है। लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में और तकरीबन 3 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली तीन मंज़िल इंटर मॉडल स्टेशन काशी (आईएमएसके) को लेकर सरकार की ओर से तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस प्रोजेक्ट को मौजूदा काशी स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में बनाया जाएगा। नेशनल हाईवे अथॉर्टी ऑफ़ इंडिया ने इस पूरे प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बना लिया है।

बता दें कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरीडोर धाम जहां तकरीबन 800 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है वहीं हाल ही में बन कर लोकार्पित हुए रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की कुल लागत 186 करोड़ रुपये है। वहीं खड़किया घाट प्रोजेक्ट की बात करें तो इसकी भी लागत 36 करोड़ रुपये ही है। इसके अलावा बात लालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफ़सी) की करें तो इसकी लागत 197 करोड़ रुपये थी। इस मामले में देखा जाए तो प्डैज़ प्रोजेक्ट बनारस में अबतक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होने वाला है। इसके अलावा राजघाट पुल के पास ही गंगा नदी पर एक विशाल सिग्नेचर ब्रिज को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं।अधिकारियों के अनुसार यह एक ऐसा इंटरमॉडल स्टेशन होगाए जहां से बसए ट्रेन और वाटर ट्रांसपोर्ट की सुविधा होगी। सिर्फइतना ही नहीं स्टेशन पर ही फाइव स्टार होटल व बजट होटल भी बनाया जाएगा। इसके अलावा अर्बन हॉट तथा यात्री सुविधा के सभी अत्याधुनिक सुविधाएं यहां प्रदान की जाएंगी। तकरीबन तीन हज़ार करोड़ की ये योजना क़रीब 40 एकड़ ज़मीन पर मूर्तरूप लेगी। नेशनल हाईवे अथॉर्टी ऑफ़ इंडिया वाराणसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आर यस यादव ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के कम्पलीट होने के बाद वाराणसी का काशी स्टेशन इंटरमॉडल स्टेशन काशी (आईएमएसके) कहलाएगा। यहाँ इंटर स्टेट बस सर्विस और इंट्रा सिटी बस टर्मिनल के साथ ही काशी स्टेशन का भी कायाकल्प किया जाएगा। आईएमएसके की कनेक्टिविटी राष्ट्रीय राजमार्ग से रिंग रोड व बनारस में बनने के लिये प्रस्तावित सिग्नेचर ब्रिज से भी होगी। कैंट स्थित रोडवेज बस स्टेशन भी यहीं शिफ़्ट करने का प्रस्ताव है। साथ ही काशी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की संख्या को भी बढ़ाया जाएगा। यहां ट्रेनों का आवागमन भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि यहां काशी स्टेशन पर दो प्लेटफार्म बढ़ाने और ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव है। पैसेंजर ट्रेनों के लिए यार्ड भी बनेगा। अर्बन हाट के लिए एक बड़ी जगह होगी जहाँ आजीविका के लिए रोजाना वेंडर्स अपना सामान बेचेंगे।

**आपस में जुड़े रहेंगे तीनों स्टेशनः** उन्होंने बताया कि तीनों मंज़िल के स्टेशन आपस में जुड़े रहेंगे जिससे शहर से आने वाले यात्री को इंटर स्टेट बस और ट्रेन से आसानी से मिल सके। इसी प्रकार दूर दराज से आने वाले यात्रियों को शहर में आने के लिए भी यहीं से बस मिल जाएगी। इंटर मॉडल स्टेशन काशी में सीधे आने.जाने के लिए एलिवेटेड (फ्लाई ओवर) रास्ता, रेलवे स्टेशन और अन्तरराज्यीय बस टर्मिनल के लिए अलग से होगा।

# सोने की जगह कॉपर, जिंक व लेड का मिश्रण निकला

● गिरफ्तार किए गए पांच युवकों पर ठगी का केस दर्ज

**प्रयागराज।** आसाम से असली सोना खरीद कर कारोबार के लिए कौशांबी और प्रयागराज लाने का दावा करने वाले सर्राफा कारोबारी समेत पांचों पर सवार लोग वास्तव में ठग निकले। उनके पास से 115 किलोग्राम का जो सोना बरामद हुआ था वह नकली है। उसमें कॉपर जिंक और लेड मिला है। जिसे वह लगातार असली होने का दावा कर रहे थे। उनके इसी दावे के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया था और सेल टैक्स और इनकम टैक्स को जांच सौंप दी थी।

मामला धोखेधड़ी का सामने आने के बाद पुलिस नए सिरे से एफआईआर दर्ज कर पांचों आरोपियों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। पुलिस को शक है कि यह पांचों युवक नकली सोना को असली बनाकर ठगी का कारोबार कर रहे थे। इसी पहलू पर पुलिस जांच भी कर रही है। प्रयागराज जनपद के पूरामुफ़्ती पुलिस ने 18 जुलाई को क्षेत्र के मनौरी एयरफोर्स गेट के पास से कार सवार सराफा कारोबारी सूरज वर्मा निवासी बिहका पूरामुफ़्ती जीटी रोड को गिरफ्तार किया था।उसके साथ कौशांबी जनपद के चक बादशाहपुर निवासी तिलक सिंह सैयद सरावा निवासी धीरेंद्र पाल व विमलेश कुमार एवं हैदरगंज निवासी रामधन को भी पकड़ा गया था। उनके पास से 1515 किलोग्राम सोना बरामद हुआ था।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी समेत दो के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**फर्रुखाबाद।** जनपद की एक अदालत ने डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट में 71 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि के कथित गबन के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद समेत दो लोगों के खिलाफ मंगलवार को गैर जमानती वारंट जारी किया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार त्यागी ने लुईस के साथ-साथ ट्रस्ट के सचिव अतहर फारुकी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। गौरतलब है कि आर्थिक अपराध शाखा ने जून 2017 में इस मामले की जांच शुरू की थी और निरीक्षक राम शंकर यादव ने कायमगंज थाने में लुइस खुर्शीद और फारूकी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। लुईस संबंधित परियोजना की निदेशक थीं। इस मामले में 30 दिसंबर 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट को मार्च 2010 में उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में दिव्यांग लोगों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल और सुनने के यंत्र वितरित करने के लिए तत्कालीन केंद्र सरकार से 71 लाख 50 हजार रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ था। इस रकम में गबन करने का आरोप ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर लगा था। इल्ज़ाम था कि उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के फर्जी दस्तखत करके और मोहर लगाकर केंद्र सरकार से वह अनुदान हासिल किया गया था।

ट्रस्ट ने दावा किया था कि उसने एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, कासगंज, मैनपुरी, अलीगढ़, शाहजहांपुर, मेरठ तथा बरेली समेत प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में शिविर लगाकर दिव्यांग बच्चों को वे उपकरण बांटे थे। बाद में जांच में पता लगा कि वे शिविर कभी लगाए ही नहीं गए थे।

# जिला प्रशासन कोविड थर्ड वेव की तैयारियों में जुटा

● जिलाधिकारी ने सीएमओ संग अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक, इक्विपमेंट डिटेल व ह्यूमन रिसोर्सेज़ एण्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार कराने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कोविड** की सम्भावित थर्ड वेव के लिए रिसोर्स डेवलपमेंट का कार्य अभी से ही प्रारम्भ कर दिया गया है। कोविड की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सरकारी अस्पतालों यथा पं दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, शिव प्रसाद गुप्त कबीर चौरा अस्पताल, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चौकाघाट, लालबहादुर शास्त्री अस्पताल, ईएसआईसी अस्पताल, बरेका अस्पताल, डाण्भाभा कैंसर अस्पताल, बीएचयू अस्पताल, हेरिटेज अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों एचएफ़एनसी, बाई पैप, आक्सीजन कंसेन्ट्रेटर आदि की उपलब्धता का आंकलन करने, दवा की उपलब्धता, डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ एलटी लैब ब्वाय नर्सिंग स्टाफ एम्बुलेंस ड्राइवर व सहायक सभी की उपलब्धता और उनकी ट्रेनिंग पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने अस्पतालवार वार उपलब्ध बेड के सापेक्ष पीडियाट्रिक, एडल्ट के इलाज हेतु उपलब्ध उपकरणों का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया साथ और कौन.कौन से उपकरणों की आवश्यकता है उसका भी विवरण मांगा है। उन्होंने चार सीएचसी आराजी लाइन, चोलापुर, नरपतपुर तथा गंगापुर के लिए आये संसाधन/उपकरणों को केंद्रों पर भेजने का निर्देश दिया। ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट पर विशेष जोर देते हुए कोविड के मरीजों का इलाज करने के लिए पिछली वेव में सेवायें देने वाले डाक्टरों व अन्य सभी मेडिकल स्टाफ की रिफ्रेशर ट्रेनिंग कराने तथा नये मेडिकल स्टाफ की अलग से ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार करने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया। बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारी व अस्पतालों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम उजाला कार्यक्रम के तहत दस लाख एलईडी बल्ब वितरित किए

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भारत सरकार** के विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्यरत की कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड ने अपनी ग्राम उजाला योजना के तहत् उत्तर प्रदेश और बिहार में 10 लाख एलईडी बल्बों का वितरण कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करायी है। एलईडी बल्ब वितरित करने का काम इस वर्ष मार्च में शुरू किया गया था। कोविड महामारी की दूसरी लहर के कारण इसमें कुछ रुकावट आई लेकिन इसे फिर शुरू किया गया और बहुत कम समय में 10 लाख बल्ब वितरित करने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया।

इन एलईडी बल्बों से 10 रुपये के बेहद किफायती मूल्य पर ग्रामीण क्षेत्रों को रोशन किया जा रहा है। साथ ही इन बल्बों से बेहतर जीवन स्तरए वित्तीय बचतए आर्थिक गतिविधियों का बढ़ना और ग्रामीण नागरिकों की बेहतर सुरक्षा जैसे लाभ भी हासिल हुए हैं।

## साफ-सफाई को लेकर किए गए हैं मुकम्मल इंतजाम

**मऊ।** नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद तैय्यब पालकी ने कहा कि बकरीद पर्व को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा साफसफाई समेत अन्य सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। त्योहार को मद्देनजर रखते हुये नगर के समस्त गलियों एवं मुहल्लों में युद्ध स्तर पर साफसफाई कराया गया है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका परिषद में नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया हैए इसमें किसी प्रकार की गंदगी की सूचना मिलने पर तुरन्त सफाई कराया जाएगा। समस्त नलकूप चालकों को त्यौहार के दौरान सभी नलकूपों को नियमित रुप से चलाये जाने का निर्देश दे दिया गया है कुछ नलकूपों पर जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था भी किया गया है। त्योहार के अवसर पर नगर वासियों की सुविधा का ध्यान रखते हुये पालिका ने हेल्प लाइन नम्बर भी जारी किया है। नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद तैय्यब पालकी ने बताया कि ईद.उल.अजहा के अवसर पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुर्बानी के बाद मलवों को दबाने के लिए कुल 48 गड्ढे खोदे गए हैं।

# मऊ में बकरीद पर्व पर पूरे दिन गुलजार रहा बाजार

● अधिकतर लोगों ने पूरी की बकरों की खरीदारी लगती रही बोली

संवाददाता। मऊ



बकरीद पर्व पर बाजार में सेंवई की खरीददारी करते लोग

**ईद.उल.अजहा** बकरीद पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। कुर्बानी के पर्व बकरीद को लेकर मंगलवार को पूरे दिन बाजार गुलजार रहा। पर्व के मद्देनजर मुस्लिम भाई अंतिम दौर तक तैयारी के साथ ही खरीददारी करते नजर आए। जबकि कुर्बानी के लिए अधिकतर लोग बकरे आदि की खरीदारी कर चुके हैं। हर तरफकुर्बानी के पर्व को लेकर उत्साह का माहौल दिखा। त्योहार को देखते हुए मंगलवार की देर शाम तक बाजार में चहल.पहल दिखाई दिया। ताने.बाने के मऊ नगर समेत ग्रामीण अंचलों में कुर्बानी के पर्व बकरीद को लेकर मुस्लिम भाईयों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को पर्व के मद्देनजर बाजार में काफी चहल.पहल दिखाई दिया। काफी संख्या में लोग अपने.अपने बजट के अनुसार सामानों की खरीददारी करते हुए दिखाई दिए। बाजार में अंतिम दौर तक जूता.चप्पलए रुमालए टोपीए चूड़ीए कंगन आदि की जमकर खरीदारी किया गया। वहीं बकरा खरीदने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। इस बार लाकडाउन नहीं होने के कारण बाजारों में भीड़ देख दुकानदार उत्साहित दिखे। वहीं जिले के विभिन्न थानों पर शांति कमेटी की बैठक कर पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील भी किया गया। दूसरी ओर उन परिवारों में फलए नमकीनए सेवई आदि की अलग से व्यवस्था की गईए जिनके घर शाकाहारी लोग भी त्योहार की बधाई देने पहुंचते हैं। नगर क्षेत्र के निवासी अशफाक अहमदए रियाज अहमदद ने बताया कि हमारे यहां आने वाले आधा से ज्यादा लोग शाकाहारी होते हैंए इसलिए उनके लिए अलग से व्यवस्था किया जाता है।

# लालगंज, हलिया में आठ हजार लोगों को खिलाई फाइलेरिया की गोली

संवाददाता। मीरजापुर



**फाइलेरिया अभियान** के आठवें दिन जिले के दो विकास खण्ड हलिया और लालगंज में फाइलेरिया की दवा आठ हजार लोगों को आशा और स्वास्थ्य टीम ने अपने सामने खिलाई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने फाइलेरिया अभियान में जन सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि दवा खाते समय आशा कार्यरता या स्वास्थ्य टीम की बात पूरी सिद्दत से मानें।

डी0सी0पी0एम0 ओंकार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया अभियान में आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह अभियान के आठवें दिन 12 विकास खण्डों में से दो गांवों में आठ हजार लोगों को अपने सामने दवा खिलाई और फाइलेरिया को लेकर जागरूक भी किया। अभियान के समय कोविड के नियमों का भी बड़ी कड़ाई से पालन किया गया। दो गज की दूरी से ही दवा दी जा रही है। इसके अलावा सेनेटाइटर का भी पूरा इस्तेमाल हो रहा है। हलिया विकास खण्ड के मतवार की आशा अमरावती से जब टीम ने बात की तो उसने बताया कि गोली खिलाने में कई परेशानियों आ रही हैं। कुछ लोग टीम के सामने खाने से इन्कार भी कर रहे हैं। इसके लिए काफी समझाना भी पड़ता है। आशा ने मां और अभिभावकों को भी अपने छोटे बच्चों को दवा देने के तरीके के बारे में जागरूक किया। आशा ने बताया कि अगर बच्चे को दवा पीसकर दे रहे हैं तो दवा पिलाते समय कभी भी नाक या मुंह न बंद करें। दवा खाते या पीते समय यदि उल्टी आती है तो आने दें।

# जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा में दो हजार से अधिक लाभार्थी हुए लाभान्वित

● परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने हेतु किया जा रहा प्रेरित

**सोनभद्र।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलाए जा रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान में स्वास्थ्य टीम ने लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के प्रति जागरुक करते हुए 2113 लाभार्थियों को लाभान्वित कराया । यह अभियान 11 जुलाई से शुरू है जो 31 जुलाई तक चलेगा। अभियान में स्वास्थ्य टीम जहां लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक कर रही है वहीं इसे अपनाने हेतु प्रेरित भी कर रही है ।जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। परिवार नियोजन के नोडल डॉक्टर आर जी यादव ने बताया कि कोरोना काल में परिवार नियोजन योजना से कोई वंचित न रहने पाए इसी के मद्देनजर शासन के निर्देश पर 11 जुलाई से स्थिरता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जो 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान के दौरान आशा, एएनएम और आगनबाडी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक कर रही हैं। जिससे अधिक से अधिक दंपत्ति इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अब तक पीपीआईयूसीडी के 74 ,अंतरा के 82 ,छाया के 603 ,ओसीपी के 1022 समेत कुल 2113 लाभार्थियों को परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों से लाभान्वित कराया गया है।डॉक्टर आर जी यादव के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों को परिवार नियोजन के साधनों जैसे छाया गोली ,अंतरा इंजेक्शन, पीपीआईयूसीडी ,आईयूसीडी, माला एन अपनाने हेतु प्रेरित कर रही है। वहीं कोरोना से बचाव हेतु मुंह पर मास्क लगाने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने तथा कोरोना टीका लगवाने हेतु सुझाव दे रही है जिससे कोरोना को मात दिया जा सके।

# सफाईकर्मी का पुत्र बना ब्लाक प्रमुख, ली पद व गोपनीयता की शपथ

संवाददाता। सोनभद्र



**उत्तर प्रदेश** के जनपद सोनभद्र में मंगलवार को जिले के सभी दसों ब्लाकों के ब्लाक प्रमुख ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। जिले के सभी ब्लाक सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। सोनभद्र के सदर राबर्ट्सगंज ब्लाक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपजिलाधिकारी के एस पांडेय ने ब्लाक प्रमुख अजीत रावत को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने राबर्ट्सगंज ब्लाक के सभी 113 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख ने कहा कि मै भारतीय जनता पार्टी का कार्य करता हूं सबका साथ सबका विकाश के तर्ज पर कार्य करेंगे। पूरी बेबाकी के साथ शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए निर्विरोध नवनिर्वाचित सदर क्षेत्र पंचायत प्रमुख व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने कहा कि सेवा व समर्पण का भाव मुझे विरासत में मिला है मै सफाई कर्मचारी का पुत्र हूं। इसी क्षेत्र में पैदा हुआ बडा हुआ पढ़ा लिखा क्षेत्र की माटी के साथ मेरा अपना एक कभी न खत्म होने वाला रिश्ता है। भारतीय जनता पार्टी ने एक कार्यकर्ता के रूप मे मुझ पर जो विश्वास किया है उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।लोगों के स्नेह आशीर्वाद व प्यार के साथ अपनी नैतिकता ईमानदारी व मेहनत के साथ यहां तक का सफर तय किया है। उन्होंने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास आम आदमी की समस्याओं के समाधान के लिए मेरे दरवाजे हर वक्त खुले हैं बिना किसी संकोच के अपनी बात रख सकते। इसके पूर्व शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य, रमेश मिश्र, नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, भाजपा नेता धर्मवीर तिवारी, कृष्ण मुरारी गुप्ता, कमलेश चौबे, इंद्रदेव सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया है। इसके बाद बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समितियों के गठन की कार्यवाही पूरी की गई और शांतिपूर्ण माहौल में पहली बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी क्षेत्र पंचायत के सदस्य मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा सिरसोती के टोला नकटू निवासिनी इसरावती देवी पत्नी हरिशंकर यादव की तहरीर पर बीजपुर पुलिस ने वही के निवासी चार आरोपियों पर मंगलवार को मु0 अ0 संख्या 67/2021 के तहत भा0 द0 वि 0 की धारा 352, 504 व 506 का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपियों में महेंद्र गुप्ता पुत्र स्व0 कुमार शाह,व महेंद्र गुप्ता के पुत्र रविन्द्र गुप्ता के साथ-साथ दो महिलाओं के नाम शामिल हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आवेदिका द्वारा झाड़ काट काटकर विपक्षीगण के जमीन पर रखा जा रहा था उसी दौरान विपक्षीगण महिला को गाली-गलौज देते हुए दौड़ा लिया गया। साथ ही साथ उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

## क्विक न्यूज

### शक्तिपीठ दुर्गा माता मंदिर के महंत कृष्ण द्विवेदी ने सपा की सदस्यता ग्रहण की



**वाराणसी।** विधान सभा चुनाव के पहले समाजवादी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है महानगर समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आज समाजवादी पार्टी के अर्दली बाजार स्थित महानगर कार्यालय पर दुर्गाकुण्ड स्थित शक्तिपीठ दुर्गा माता मन्दिर के महंत ने सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दुर्गाकुण्ड स्थित शक्तिपीठ दुर्गा माता मन्दिर के 25 वर्ष से महंत केवल कृष्ण द्विवेदी ने समाजवादी पार्टी की विचारधारा में समर्पण दिखाते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लीए चार वर्षो से अर्चक प्रभाशंकर तिवारी व पंकज पाण्डेय ने भी साथ ही समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि सत्ता परिवर्तन लहर तेज होने लगी है। महंत जी के पार्टी मे शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने महंत जी माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं कार्यकम के अंत मे लोहिया वाहिनी के नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता अभिनंदन किया गया।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ब्लाक सभागार में हुआ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**चकिया/चन्दौली।** ब्लाक सभागार में आयोजित नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा व ब्लॉक के अधिकारियों के समक्ष सम्पन्न हुआए इस दौरान उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।शासन द्वारा नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख व सदस्यों के शपथ ग्रहण की तारीख निर्धारित होने के पश्चात आज मंगलवार को ब्लाक परिसर स्थित सभागार में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों व ब्लॉक प्रमुख चकिया को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर चकिया ब्लाक के नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य गणों के साथ.साथ ब्लाक प्रमुख चकिया शंभू नाथ यादव ने अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली तथा चकिया ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत रुके हुए विकास कार्यो को तत्परता के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख चकिया शंभू नाथ यादव सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य गण के साथ-साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा, खंड विकास अधिकारी सरिता सिंह, एडीओ पंचायत सत्येंद्र श्रीवास्तव, प्रधान अवधेश यादव सहित ब्लाक के विभिन्न गांवों के संभ्रांत लोगों के साथ पुलिस के लोग मौजूद रहे।

### ब्लाक प्रमुख कमला देवी को एसडीएम ने दिलाई शपथ




**मुगलसराय/चन्दौली।** अलीनगर स्थित नियामताबाद ब्लॉक सभागार में मंगलवार को मुगलसराय एसडीएम विजय नारायण सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख कमला देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात ब्लाक प्रमुख कमला देवी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन में दो बार में शपथ दिलाई। उसके बाद ब्लाक प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक हुई। इस दौरान आधा दर्जन समितियों का गठन किया गया। जिसमें प्रशासनिक समिति व स्वास्थ्य एवं विकास समिति की अध्यक्ष स्वयं ब्लाक प्रमुख अपने पास रखीं।जल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रानी देवीए निर्माण समिति घनश्याम यादवए शिक्षा समिति साजन सिंहए स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति आफताब बनाएं गये।साथ ही विकास समितियों के छः सदस्य बनाएं गये। बैठक में विकास कार्यो पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर बीडीओ डॉ रक्षिता सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ विमल कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव, पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, प्रेमनाथ तिवारी, औसाफगुड्डू, महेंद्रलाल श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत संजय शर्मा, एडीओ एसटी प्रमोद शर्मा, धनंजय सिंह, लाल अमरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ता पुत्र की पोखरी में शव मिलने से सनसनी

**सकलडीहा/चन्दौली।** सकलडीहा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक बथावर गांव निवासी रामजनम राम के 23 वर्षीय पुत्र की घर के समीप मंगलवार को सुबह पोखरी में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। युवक तीन दिन पूर्व मोबाइल पर फोन आने पर घर से रात में खाना खाने के बाद निकल गया था। परिजनों ने युवक की हत्या का आंशका जताया है। उधर कोतवाली पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। घटना को लेकर काफी आक्रोश है। घटना का खुलासा की मांग किया है। बथावर गांव निवासी पूर्व अध्यक्ष रामजनम राम के तीन पुत्र और तीन पुत्री है। सबसे छोटा 23 वर्षीय पुत्र आलोक घर पर रहकर पिता के साथ खेती बारी में हाथ बटाता था। इसके अलावा भवन निर्माण में काम करता था। डेढ़ साल पूर्व प्रेम प्रपंच के मामले में युवक जेल गया था। एक साल से युवक जमानत पर घर रह रहा था। रविवार को काम पर से लौटने के बाद घर पर खाना खाकर सो रहा था। करीब 11 बजे किसी का फोन आने पर घर से निकल गया। देर रात तक घर पर नही आने पर दूसरे दिन सोमवार को इधर उधर रिश्तेदार और परचितों से पता लगाया। मालूम नही होने पर बहन और बहनोई ने थाने में पहुंचकर भाई के गुम हो जाने की मौखिक सूचना दिया। लेकिन पुलिस ने तत्परता नही दिखाया। मंगलवार की सुबह घर के समीप पोखरी में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सहयोग से पुलिस ने शव को कब्जे में निकालकर पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत कोतवाल अवनीश राय ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर लेकर घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिती स्पष्ट हो पायेगा।

### खाली पड़ी जमीन पर युवक का मिला शव, हत्या की आशंका



**पड़ाव/चन्दौली।** स्थानीय कोतवाली थाना अंतर्गत मंगलवार की सुबह पड़ाव दांडी क्षेत्र स्थित एक बाउंड्री नुमा खाली पड़ी जमीन पर आते जाते आसपास के लोगों ने लगभग 40 वर्षीय युवक का खून से सना हुआ शव देखा जिससे वहां सनसनी व्याप्त हो गई और मौके पर काफी लोगों की भीड़ जुट गई । वही आसपास के लोगों ने मृतक की शिनाख्त करने की कॉफी कोशिश की मगर शिनाख्त नहीं हो पाई।बताते चलें कि मृतक का चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को वहां फेंक दिया है, वही घटनास्थल पर काफी खून भी गिरा हुआ था घटना की सूचना लगते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक चंदौली अमित कुमार, सीओ सदर, एडिशनल एसपी, डॉग स्क्वायड टीम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस बाबत पुलिस अधीक्षक चंदौली द्वारा बताया गया कि मृतक के सर पर चोट के निशान पाए गए हैं जिसका शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा।वही उस घटना से क्षेत्र में तरह.तरह की चर्चाएं व्याप्त रही। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी पुलिस मामले की छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### हनुमान मन्दिर सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल मंगलवार की दोपहर नगर के गैबीघाट स्थित प्राचीन हनुमान मन्दिर पहुँचे।जहाँ पालिकाध्यक्ष ने कुछ महीनों पहले वार्ड भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासियों की मांग पर हनुमान मन्दिर के सुन्दरीकरण और गैबीघाट की क्षतिग्रस्त सीढियों के निर्माण का वादा किया था।मंगलवार को पालिकाध्यक्ष के किये वादे के अनुसार प्राचीन हनुमान मन्दिर के सुन्दरीकरण एवं क्षतिग्रस्त सीढियों के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया। प्राचीन हनुमान मन्दिर के सुन्दरीकरण के लिये नपाध्यक्ष ने लगभग पन्द्रह लाख रुपये का बजट निर्गत किया गया है।जिसमे मन्दिर के प्राचीन कुँए का सुन्दरीकरणएमन्दिर के चारो तरफचाहदिवारीएचबूतरे का निर्माणएग्राउंड फ्लोर पे मार्बल बिछाने सहित अन्य कई कार्य किये जायेंगे।इसी तरह स्थानीय रहवासियों की मांग पर गैबीघाट के क्षतिग्रस्त निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है।जिससे घाट के किनारे रहने वाले के साथ स्थानीय निवासियों को भी अब किसी असुविधा का सामना नही करना पडेगा।स्थानीय निवासियों एवं मन्दिर के पुजारी द्वारा नपाध्यक्ष द्वारा किये गये वादे के अनुसार विकास कार्य के लिये नपाध्यक्ष को सम्मानित किया गया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि वार्ड भ्रमण के दौरान जो भी वादे किये गये थे।उसे प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। नगर को विकास के पथ पर अग्रसर करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर मन्दिर के पुजारी श्री रामानुज दास, सभासद जाहिद अख्तर, विजय निषाद, दिलीप यादव, चन्दन साहनी, बिगड़ निषाद, भोला खत्री, महेन्द्र सिंह, मन्नू गुप्ता, अक्षय यादव, काजू गुप्ता, संजय जायसवाल, विंध्यवासिनी भारद्वाज, ओम प्रकाश जायसवाल, अंशुधन उपाध्याय, बाबा गुप्ता, पिन्टू गुरु, धर्मेन्द्र जायसवाल, डॉ सुजान हाजरा, आलोक त्रिपाठी, अमन मोदनवाल, राजेश यादव, अजय खत्री, राजेश साहू, महेन्द्र सिंह, सियाराम पुजारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पिगासस प्रकरण

### जांच की आवश्यकता

**जासूसी** मामला सामने आ गया है। फेसबुक ने 2019 में दावा किया था कि इस्राइली साइबरवीपेन्स कंपनी एनएसओ ग्रुप ने एक स्पाईवेयर पिगासस विकसित किया है जिसका प्रयोग भारतीय वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए हो रहा है। इस रविवार पिगासस प्रकरण सामने आया जिसके अनुसार भारतीयों के एक और समूह को निशाना बनाया गया था जिसमें पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता, राजनेता तथा संभवत: एक वर्तमान जज शामिल थे। सरकार ने इस मामले में अपनी किसी भूमिका से इनकार किया है। एलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि यह रिपोर्ट न केवल 'तथ्यों से रहित है, बल्कि पूर्व-निर्धारित नतीजों पर आधारित है'। संसद में विपक्ष द्वारा मचाए बवाल के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह जासूसी रिपोर्ट 'बाधा डालने वाले व विघटनकारियों' ने तैयार की है। नवीनतम खुलासा संसद का मानसून सत्र शुरू होने के समय सामने आया जिसके अनेक कारणों से पहले ही हंगामी होने की उम्मीद थी। विपक्ष ने इस जासूसी रिपोर्ट के लिए सरकार को जिम्मेदार बताते हुए जांच की मांग की है। निश्चित रूप से संदेह दूर करने के लिए जांच होनी चाहिए, नहीं तो इस प्रकार के आरोप स्वाभाविक रूप से भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बन जाएंगे। केवल गंभीर जांच से वे संदेह दूर किए जा सकते हैं जिनको जासूसी रिपोर्ट ने उठाया है। एनएसओ ग्रुप ने दो चीजों का दावा किया है। पहला, वह पिगासस अधिकृत सरकारी एजेंसियों को देती है। दूसरा, स्पाईवेयर देने के लिए इस्राइली रक्षा मंत्रालय की सहमति जरूरी है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इस्राइल



पिगासस को एक हथियार मानता है। इससे यह भी संभावना पैदा होती है कि जासूसी के पीछे किसी विदेशी एजेंसी का हाथ है।

इस मामले की भारत में जांच के साथ ही एक वैश्विक जांच भी होनी चाहिए क्योंकि अन्य स्थानों पर भी इसका प्रयोग हुआ है। सरकारी एजेंसी द्वारा स्पाईवेयर प्राप्त करने की प्रक्रिया से पता चलेगा कि कौन सी एजेंसी इसे किस उद्देश्य से चाहती थी। इससे किसी संभावित बिचौलिये का भी पता चल सकता है। ऐसे दावे और प्रतिदावे हैं कि इस निगरानी साफ्टवेयर का एक दक्षिण अमेरिकी देश में कैसे प्रवेश हुआ। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भविष्य में ऐसे स्पाईवेयर प्रयोग करने वाले देशों के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया बनानी चाहिए। दुनिया में निगरानी और हस्तक्षेप उद्योग का विकास हुआ है। इस्राइल की अनेक कंपनियां इस बिजनेस में शामिल हैं। भारत में पिगासस प्रकरण को जल्दी से भुलाया नहीं जाना चाहिए। यह असाधारण संयोग है कि एनआईए द्वारा एलगार परिषद मामले में गिरफ्तार एक्टिविस्टों, उनके परिवारी सदस्यों तथा वकीलों के फोन नंबर लीक हुए डेटाबेस में शामिल हैं। पत्रकारों की निगरानी 2018 और 2019 आम चुनाव के बीच की गई। जासूसी हमारे देश में नई बात नहीं है। राजस्थान और गुजरात सरकारों पर फोन टैपिंग के आरोप लगे थे। 2011 में केन्द्रीय वित्त मंत्री के कार्यालय दावा किया था कि उसकी बगिंग की गई है जिससे तत्कालीन केन्द्र सरकार हिल गई थी। भारत में लोगों की निगरानी की एक कानूनी व्यवस्था है और आधिकारिक रूप से उनकी जांच हो सकती है। ऐसे में पिगासस प्रकरण ज्यादा खतरनाक व परेशान करने वाला बन जाता है।

# किसान प्रदर्शनकारियों की जिम्मेदारी

केंद्रीय कानून वापस लेने की मांग अनावश्यक है। वे किसानों के लिए अनेक विकल्प खोलते हैं जिनका लाभ अधिक कीमतें पाने के लिए उठाया जा सकता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



हालांकि, केंद्र सरकार ने जनवरी, 2021 में तीन कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी और उम्मीद थी कि सर्वोच्च न्यायालय एक सद्भावपूर्ण माहौल बना सकेगा जिसमें प्रदर्शनकारी किसान वार्ता की मेज पर आ कर उचित समझौता कर सकेंगे। लेकिन यह उद्देश्य पूरा नहीं हो सका क्योंकि कुछ किसान संगठन कानून 'वापसी' की जिद पर अड़े हुए हैं। इसके साथ ही एक और मांग की गई है कि सरकार संसद द्वारा पास एक कानून के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी करे। एमएसपी का अर्थ किसी किसान द्वारा अपने उत्पाद की बिक्री की न्यूनतम कीमत प्राप्त करना है। इस मूल्य का निर्धारण कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी करता है जो कृषि मंत्रालय की एजेंसी है। इस निर्धारण में उत्पादन की लागत, जमीन का मूल्य तथा किसानों की मेहनत शामिल है।

केंद्र हर साल संबंधित फसली मौसम के पहले 23 फसलों का एमएसपी तय करता है। खरीफ की फसल अप्रैल-सितंबर तथा रबी की अक्टूबर-मार्च में होती है। एमएसपी मुख्यत: गेंहू व धान पर लागू होता है। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस की जरूरतें पूरी करने के लिए इनकी खरीद करती हैं तथा इसे सस्ती कीमत पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के लाभार्थियों को प्रदान करती हैं। ये एजेंसियां किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया सारा उत्पाद नहीं खरीदती हैं। धान व गेंहू के कुल उत्पाद का लगभग 33 प्रतिशत खरीदा जाता है।

अन्य चीजों के लिए यह खरीद बहुत कम है। जहां तक किसानों की संख्या का सवाल है, 150 मिलियन किसानों में से केवल 8 प्रतिशत ही अपना उत्पाद एजेंसियों को बेच पाते हैं। बाकी उत्पाद निजी व्यापारी खरीदते हैं जो गेंहू का लगभग 67 प्रतिशत तथा धान का इससे भी अधिक हिस्सा खरीदते हैं। यह खरीद अनेक मामलों में एमएसपी से काफी कम कीमतों पर होती है। यही समस्या का कारण है।

किसानों के गुस्से का यही सबसे बड़ा कारण है जिससे वे निजी व्यापारियों समेत अपने सारे उत्पाद की खरीद कानूनी रूप से एमएसपी पर करने का दबाव डाल रहे हैं। एमएसपी की गारंटी करने वाले कानून या किसी अन्य विकल्प पर गौर करने के पहले हमें यह समझने की आवश्यकता है कि किसानों को निजी व्यापारियों से कम कीमत क्यों मिलती है। वर्तमान समय में किसानों को अपना उत्पाद मंडी में लाना पड़ता है जिसकी घोषणा राज्य सरकारें अपने संबंधित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून के अंतर्गत करती हैं। वे अपना उत्पाद किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो उसका वाहन कानून के उल्लंघन में रोका जा सकता है। कोई खरीदार किसान के दरवाजे से भी उसका उत्पाद नहीं खरीद सकता है।

इतने कठोर नियंत्रण के कारण थोड़े से प्रभावशाली अमीर किसानों को छोड़ कर बहुसंख्य किसान अढ़तियों की दया पर निर्भर होते हैं। वे स्थानीय स्तर पर नीलामी की व्यवस्था कर इसे ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। ये अढ़तिये या स्थानीय कमीशन एजेंट खरीदारों से गठजोड़ कर सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को यथासंभव कम पैसा मिले। इसके साथ ही अढ़तियों को 2.5 प्रतिशत कमीशन, 3 प्रतिशत बाजार फीस तथा पंजाब में 3 प्रतिशत ग्रामीण विकास उपकर-आरडीसी भी किसानों की मुसीबतें बढ़ाते हैं। किसानों के पास इस दुष्चक्र से मुक्ति पाने का एकमात्र रास्ता यही है कि उनको अपना उत्पाद बेचने के लिए एपीएमसी मंडियों के अलावा अन्य विकल्प मिलें। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य प्रोत्साहन व सुविधा कानून, 2020 ठीक यही करना चाहता है। वे अपना उत्पाद बेचने के लिए निजी बाजार जा सकते हैं या उसे अपने दरवाजे से बेचने के लिए प्रसंस्करणकर्ता, एकत्र करने वाले, बड़े खुदरा व्यापारी या निर्यातक आदि से अनुबंध कर सकते हैं। इसके अलावा किसानों को मजबूत करने के लिए कृषि उत्पादक संगठन-एफपीओ बनाए गए हैं जो एफपीओ बैनर तले अपना उत्पाद बेच सकते हैं।

> **वर्तमान समय में किसानों को अपना उत्पाद मंडी में लाना पड़ता है जिसकी घोषणा राज्य सरकारें अपने संबंधित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून केअंतर्गत करती हैं। वे अपना उत्पाद किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो उसका वाहन कानून के उल्लंघन में रोका जा सकता है।**

यह भय निराधार है कि बड़े किसान इसका लाभ उठाएंगे। मूल्य गारंटी व कृषि सेवा कानून, 2020 के अंतर्गत होने वाले किसान सशक्तीकरण व संरक्षण समझौते द्वारा होने वाली ठेका खेती के अनुबंध से किसान किसी समय बाहर निकल सकता है, पर फर्म ऐसा नहीं कर सकती है। इसमें न्यूनतम गारंटी कीमत की सुरक्षा दी गई है जो एमएसपी के बजाय किसान व फर्म द्वारा परस्पर निर्धारित कीमत है। खुले बाजार में कीमतों में भारी गिरावट होने पर भी किसान को समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उसे अनुबंध वाली कीमत मिलती है। इसके साथ ही किसान अपना पक्ष बदल सकता है। यदि उसे लगता है कि फर्म उसे उचित कीमत नहीं दे रही है तो उसके पास एपीएमसी मंडी में अपना उत्पाद बेचने का विकल्प बना रहता है। इस व्यवस्था के अंतर्गत सभी किसान वर्तमान की तुलना में बेहतर कीमत प्राप्त कर सकेंगे जिसमें छोटे व सीमान्त किसान शामिल हैं। बाजार की गतिशीलता के आधार पर उनको एमएसपी से अधिक कीमत भी मिल सकती है। इसके बावजूद इस बात पर जोर देना आश्चर्यजनक है कि उनसे जो भी खरीदे वह एमएसपी दे तथा सरकार इसकी गारंटी करे। यह व्यवस्था कारगर न होने के तीन कारण हैं। पहला, निजी उद्यमियों को एक खास कीमत, यानी एमएसपी पर खरीदने को बाध्य करने से वे हतोत्साहित होंगे। कोई व्यापारी ऐसा व्यापार क्यों करना चाहेगा जिससे उसे जेल जाने की आशंका हो।

अगस्त, 2018 में महाराष्ट्र की तत्कालीन देवेंद्र फडनवीस सरकार ने महाराष्ट्र कृषि उत्पाद बाजार विकास एवं विनियमन कानून, 1963 में एक संशोधन कर कृषि उत्पाद को आधिकारिक एमएसपी से नीचे खरीदने को आपराधिक कृत्य बना दिया था। भारी विरोध के बाद यह प्राविधान छोड़ना पड़ा। वर्तमान महाविकास अघाड़ी सरकार से केन्द्रीय कानूनों में यह प्रस्ताविक संशोधन लागू करने की मांग केवल राजनीतिक लाभ के लिए हो रही है। दूसरा, इस गारंटी के अंतर्गत केन्द्र को बिक्री के लिए आया किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा। वर्तमान खरीद स्तर पर भी एफसीआई के पास भंडारण के लिए समुचित स्थान नहीं है। यदि एजेंसियों को किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़े तो उसे वे कहां रखेंगी। वर्तमान कीमतों पर खाद्य सब्सिडी पर खर्च 5,00,000 करोड़ से अधिक है। ऐसे में प्रस्तावित संशोधन की स्थिति में केन्द्र को अपना सारा कर व गैर-कर राजस्व केवल किसानों की सहायता पर खर्च करना होगा। तीसरा, किसानों के सभी उत्पादों के लिए एमएसपी विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत 'प्रतिबंधात्मक' सब्सिडी में आएगा। ऐसा होने पर भारतीय सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से बहुत अधिक होगी।

यह डब्लूटीओ के कृषि समझौते का उल्लंघन होगा और इस कारण अन्य सदस्य देश दंडात्मक कार्रवाई कर सकते हैं। इस भयानक परिणाम को देखते हुए एमएसपी पर गारंटी असंभव है। किसानों को इस पर जोर नहीं देना चाहिए। केंद्रीय कानूनों की वापसी की मांग अनावश्यक है। इन कानूनों से किसानों को अनेक विकल्प मिलते हैं जिनसे उनको बेहतर कीमतें मिल सकती हैं। भले ही वे फौरन एमएसपी के स्तर पर न पहुंच सकें, पर उनकी स्थिति वर्तमान की तुलना में बेहतर होगी। बाजार की गतिशीलता को देखते हुए कुछ साल में वे ज्यादा लाभ कमाने की ओर बढ़ सकेंगे। अब गेंद किसानों के पाले में है।

# समान नागरिक संहिता पर विचार

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



कुछ लोग एक समय चार औरतों से विवाह करने के अधिकार पर जोर दे सकते हैं। यदि वे और ज्यादा विवाह करना चाहें तो एक मौजूदा पत्नी को तलाक दे कर पांचवी औरत से विवाह कर सकते हैं। उनकी इस जिद के साथ उनका कानून इस बात पर भी जोर देता है कि यदि किसी की संपत्ति चुराते हुए पकड़ा जाए तो दंड के रूप में ऐसा करने वाले का हाथ काट देना चाहिए। ऐसी मांग करने वालों के लिए मेरी प्रतिक्रिया यही होगी कि 'बिल्कुल नहीं, लार्ड मैकाले द्वारा प्रदान की गई भारतीय दंड संहिता इस मामले में दंड देने के लिए काफी है।' यदि मामला विवाह और तलाक का न हो तो 1950 का संविधान तथा अन्य सभी कानून स्वीकार्य हैं। हमारे राष्ट्रीय संविधान का अनुच्छेद 30 किसी को उसके धर्म का पालन करने की अनुमति देता है। लेकिन देश के कुछ लोगों के लिए यह स्थिति अपनी विजय तथा दूसरों को नीचा दिखाने वाली हो सकती है। इसी कारण मैं गोवा राज्य में नहीं रहता जहां केवल एक नागरिक कानून लागू होता है। इससे कुछ बिगड़े लोगों को विशेषाधिकार नहीं मिलने पाते हैं। वास्तव में हमारे देश के अन्य सभी कानून तार्किक और सही हैं। विभाजन की घोषणा होने पर मेरे बाबा ने फैसला किया कि हमें पाकिस्तान जाने के बजाय भारत में रहना चाहिए। जब मैं बड़ा हुआ तो मेरे बाबा ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के बजाय हिंदुस्तान को क्यों चुना।

यहां जवाहरलाल नेहरू और उनके बाद उनकी बेटी के सत्ता में आने के बाद कुछ लोगों को खास तबके के रूप में विशेष व्यवहार की उम्मीद थी। इसका कारण यह है कि ये महान व्यक्ति वास्तव में सांस्कृतिक रूप से मुस्लिम थे। यह स्थिति यहां तक थी कि तत्कालीन इलाहाबाद और वर्तमान प्रयागराज से जारी उनके विवाह आमंत्रण पत्र को उर्दू भाषा में छापा गया था। उनको मुस्लिम तबके का वोट भी चाहिए था क्योंकि कट्टर हिंदू उनके पास आने के बजाय जनसंघ को पसंद करते। निसंदेह संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार एक समान नागरिक संहिता-यूसीसी की आवश्यकता थी जो महिला अधिकारों को भी संरक्षण दे। लेकिन मेरे बाबा ने मुझे आश्वस्त किया था कि हम जब तक चाहें इस कानून



को ठंडे बस्ते में पड़ा रहने दिया जाएगा। वास्तव में ऐसा हो भी रहा था, लेकिन नेहरू के पड़पोते राजीव गांधी ने मुस्लिम महिला कानून पास करने की भयानक गलती कर दी। शाहबानो को भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग 500 रुपये महीना भत्ता देने का आदेश दिया था। इस प्रकरण की स्मृति बहुत लंबे समय तक न चलती, पर वास्तव में नौकरशाह रहे सैयद शहाबुद्दीन जैसे नेताओं ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। इसके बाद कभी अयोध्या न जाने वाले उनके जैसे नेताओं ने बाबरी मस्जिद पर कठोर दृष्टिकोण अपनाया। वास्तव में यह मस्जिद के बजाय एक मकबरा थी। पहला, बाबर की मौत से मुश्किल से दो साल पहले मीर बाकी ने मंदिर गिरवाना शुरू किया था। बाबर के बाद बाकी एक मामूली शिया रह जाता। इसलिए उसने दावा किया कि इसका निर्माण बाबर की स्मृति में किया गया है। यदि यह मस्जिद थी तो इसमें वज़ू का स्थान और इसका मिंबर कहां था? जब हिंदुओं ने पहले उसके बाहर एक चबूतरे पर और बाद में भीतर पूजा करनी शुरू की तो मुसलमानों ने क्या किया? मुस्लिम नेताओं ने केवल हिंदुओं को अपनी गतिविधियों से जागरूक और उत्तेजित कर दिया। इसके बाद सत्ता में पहले अटल बिहारी वाजपेयी और बाद में नरेन्द्र मोदी आए जो अनुच्छेद 44 तथा समान नागरिक संहिता के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मेरे बाबा के विचार से यदि कोई विरोध न होता तो बाबरी मस्जिद मामला तूल न पकड़ता और उससे उत्तेजना न भड़कती। क्या किसी ने गौर किया है कि मुस्लिम शरीया महिलाओं को नियंत्रित करने या उनके प्रति प्रतिरोधक का काम करता है? यह विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए एक छिपी हुई दुधारी तलवार की तरह है जो मुस्लिम समुदाय में शांति और संतुलन बनाए रखता है। पैगबंर मुहम्मद ने आदेश दिया था और मुस्लिम समुदाय इसका पालन करता है कि अपने समुदाय का विस्तार किया जाए। इससे मुसलमानों को तीसरा लाभ यह हुआ कि वे एकजुट बने रहे। गौर करें कि इसके उलट यहूदियों और ईसाइयों का क्या हुआ जिनकी संख्या घट गई। पश्चिम में उन्होंने उस ईश्वर में दिलचस्पी लेना छोड़ दी जिसने उनके लिए क्रूस पर चढ़ कर अपनी जान दे दी थी। केवल मुस्लिम विश्वास ने ही लगातार अपने समुदाय की जनसंख्या बढ़ाई है। अब समान नागरिक संहिता आने के बाद जनसंख्या वृद्धि के रूप में लाभ समाप्त हो जाएगा। दुनिया के अनेक देश हैं जिनमें जनसंख्या की पूंजी घट रही है। इसका उदाहरण जापान है। वहां ज्यादा बच्चे नहीं पैदा होते हैं और न वह प्रवासियों को अनुमति देता है। मैंने सुना है कि आने वाले सौ साल में वहां कोई नहीं बचेगा। कहा जाता है कि लोकतंत्र सेक्युलरवाद व कानून में समानता के बिना काम नहीं कर सकता है। इसके साथ ही संविधान सभी नागरिकों को समानता की गारंटी देता है। लेकिन इस बात पर गौर करें कि मुस्लिम समाज बिना किसी लोकतंत्र के फला-फूला, हालांकि उनमें समान कानून थे। वास्तव में भारत में लोकतंत्र उसकी स्वतंत्रता के बाद आया और वह दारुल हर्ब यानी ऐसी भूमि बन गया जहां इस्लाम का शासन नहीं था। 1858 तक मुगल बहादुर शाह जफ़र इसके बादशाह थे जिनको बाद में सजा देकर देशनिकाला दे दिया गया। उस समय तक भारत दारुल इस्लाम था। इसके बावजूद अनेक लोग किसी भी सीमा तक जाकर इस विषय पर नेहरू का संदर्भ देते हैं। 1955 में हिंदू कोड बिल कानून बना। लोकसभा में एक सदस्य के सवाल का जवाब देते हुए नेहरू ने संसद से कहा था, 'हां, हम चाहते हैं कि एक नागरिक संहिता सब पर लागू हो, पर विवेक इसमें बाधा बनता है। यदि ये सदस्य या कोई और नागरिक संहिता लाता है तो उसके साथ मेरी भारी हमदर्दी होगी। लेकिन मैं यह स्वीकार करना चाहता हूं कि वर्तमान समय में भारत के लिए ऐसा करना और इसे आगे बढ़ाना ठीक नहीं है। मैं इसके लिए आधार तैयार करना चाहता हूं।'

## आप की बात

### पाक में अशोभनीय घटना

**दोनों** देशों में अपनी नीति रीतियों व सम्बन्धों के सामंजस्य से मतभेद उभरना स्वभाविक है। परन्तु इंसानियत व मानवता व मानवीय गुणों की अनदेखी कर अमानवीय करण की पृवत्ति को जन्म देना निंदनीय व शर्मनाक माना जाता है। वाकया है पाक व अफगान के बीच तनावपूर्ण संबधों के चलते पाक में अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी के अपहरण की घटना का। इसमे कोई दो मत नही पाक व अफगानिस्तान के बीच तनाव जारी है। परन्तु मतभेदों को नष्ट करने का यह तरीका तो सामाजिक तौर पर बिल्कुल जायज नही। पाक में इस तरह की अशोभनीय घटना विश्व मे अन्य देशों को क्या संदेश देगी विचारणीय व चिन्तनीय है। समाचार पत्रों से ज्ञात समाचार के आधार पर बेटी के अपहरण के बाद प्रताड़ना की खबरे सभ्यता व मानवता को कलंकित करती है। क्या अपहरण की घटना को अंजाम देकर समस्या का हल हो गया? उस बेटी का क्या कसूर जो दोनो देशों के मतभेदों का शिकार बनी? सामान्य तौर पर अपहरण की घटनाएं गावों ,नगरों , महानगरों में होती है तो निदा , भर्त्सना की जाती है। मानवता व इंसानियत को कलंकित करने की बजाय दोनो देश अपने मतभेदों को बैठकें आयोजित कर के भी खत्म कर सकते हैं।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### संसद में हंगामा

**सोमवार** को संसद के मानसून सत्र की शुरुवात शोरशराबा, हंगामा और अमर्यादित आचरण से हुई। आश्चर्य की बात दोनो सदनों में चली आ रही परम्परा के अनुसार नए मंत्रियों का परिचय प्रधानमंत्री कराते है, लेकिन उन्हें हंगामा कर रोक गया और दोनो सदनों के सभापति सदन में शांति बनाए रखने के लिये चिल्लाते रहे। सदस्यों द्वारा पोस्टर बैनर लहरा कर हंगामा मचाया गया। आखिर में दोनो सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सरकार और देश के प्रबुद्ध लोगो को सदनों में, संसद और विधानसभाओं में हंगामा और अमर्यादित आचरण को रोकने की ओर ध्यान देना चाहिये जो फैशन बन गया है। इसका प्रभाव हमारे देश के भावी नागरिको पर पड़ रहा है। जो देख रहे है। सांसद और विधायक बनने पर सदन से सड़क तक अनुशासनहीनता करने का प्रमाणपत्र उनको मिल जाता है। इसलिये इसका सजीव प्रसारण टेलीविजन पर बंद कर दिया जाए। हमारा संविधान विदेशी संविधान की नकल करके बनाया गया है। आज विदेशों में सदन की कार्यवाही के सफल संचालन के लिये संविधान में संशोधन कर दिया गया है। वहां सदन में सारा कार्य मर्यादित ढंग से होता है। हंगामा करने की हिम्मत कोई सदस्य नही करता।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### पंजाब कांग्रेस का संकट

**नवजोत** सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का नया अध्यक्ष बना कर भले ही गांधी परिवार ने चैन की सांस ले ली हो लेकिन इस से ना ही संकट टला है और ना ही सिद्धू और अमरिंदर सिंह खेमों के बीच सुलह ही हुई है। अब जबकि अगले चुनाव कुछ महीने दूर हैं तो ऐसे मे जब टिकट बंटवारे का मुद्दा सामने आएगा तो कांग्रेस मे ध्रुवीकरण साफ साफ दिखाई देगा और इसका नुकसान पार्टी को उठाना पड़ सकता है। इसमे को भी दो राय नहीं हैं की कैप्टन अमरिंदर सिंह ही पंजाब मे कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं और सबसे बड़ा दांव हैं। उन्ही के कंधे पर कॉंग्रेस पार्टी एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने के सपने देख सकती है। सिद्धू उनके मुक़ाबले उस स्तर के नेता नहीं है, अमरिंदर सिंह का कद इसलिए भी बड़ा है क्योंकि आज अगर कांग्रेस अपने दम पर केवल 3 राज्यों मे सत्ता चला रही है तो उसमे से एक पंजाब भी है। बेहतर होता की गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी दोनों को आमने सामने बैठाकर बातचीत से हल निकाल लेती ताकि चुनावों मे दोनों धड़े एक साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए दिखाई देते।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पिगासस** खुलासे घृणास्पद हैं। यदि ये सच हैं तो मोदी सरकार ने निजता के अधिकार पर गंभीर व कुटिलतापूर्ण हमला किया है।

– **प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**हमे** पता है कि कुछ ऐसे तत्व हैं जो पाकिस्तान मे विकासीय गतिविधिया होते देखना नहीं चाहते हैं। पाक और चीन ने अतीत में चुनौतियों का मिलकर मुकाबला किया है।

– **शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री




**ब्राह्मणों** को पुन: जागरूक करने के लिए हमारी पार्टी द्वारा 23 जुलाई से अयोध्या से एक अभियान छेड़ा जाएगा।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

# असम की महिला डॉक्टर में एक ही समय में वायरस के दो स्वरूपों का संक्रमण

**भाषा।** डिब्रूगढ़



## कोविड-रोधी टीके की दोनों खुराक लेने के बावजूद डॉक्टर वायरस के अल्फा और डेल्टा दोनों से संक्रमित

**असम की एक** महिला डॉक्टर को एक ही समय पर कोरोना वायरस के दो अलग-अलग स्वरूप से संक्रमित पाया गया है जोकि देश में इस तरह का पहला मामला हो सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बी बोरकाकोटी ने यहां यह जानकारी दी। कोविड-रोधी टीके की दोनों खुराक लेने के बावजूद डॉक्टर वायरस के अल्फा और डेल्टा दोनों स्वरूपों से संक्रमित पाई गईं। आरएमआरसी की प्रयोगशाला में मई में मरीज में दोहरे संक्रमण का पता चला था। डॉ बोरकाकोटी ने कहा कि दोहरे संक्रमण के कुछ मामले ब्रिटेन, ब्राजील और पुर्तगाल में सामने आए थे लेकिन इस तरह का मामला भारत में पहले सामने नहीं आया है। टीके की दोनों खुराक लेने के करीब एक महीने बाद महिला और उनके पति कोरोना वायरस के अल्फा स्वरूप से संक्रमित पाए गए थे। दंपति डॉक्टर हैं और कोविड देखाभल केंद्र में तैनात थे। वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा, हमने दोबारा दंपति के नमूने एकत्र किए और परीक्षण के दूसरे चरण में महिला डॉक्टर में दोहरे संक्रमण की पुन: पुष्टि हुई। महिला डॉक्टर में हल्की गले की खराश, बदन दर्द और अनिद्रा के हल्के लक्षण थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं पड़ी।

नगालैंड में कोरोना वायरस संक्रमण के 94 नए मामले सामने आए

कोहिमा। नगालैंड में कोरोना वायरस संक्रमण के 94 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या मंगलवार को 26,838 हो गई। एक स्वास्थ्य बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि दीमापुर में कोविड-19 से दो लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 532 तक पहुंच गई है। दीमापुर जिले में संक्रमण के सबसे अधिक 43 नए मामले सामने आए। इसके अलावा कोहिमा में 34 और कोकुकचुंग में सात लोग संक्रमित मिले। बुलेटिन के अनुसार राज्य में उपचाराधीन रोगियों की संख्या ।,160 है। बीते 24 घंटे में 72 लोग संक्रमण से उबरे, जिसके बाद ठीक हो चुके लोगों की कुल संख्या 24,393 हो गई। संक्रमण से उबरने की दर 90.88 प्रतिशत है। राज्य में अब तक 2,49,126 नमूनों की कोविड-19 जांच की जा चुकी है। 5,65,055 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। इनमें से ।,21,763 लोगों ने टीके की दोनों खुराक ले ली हैं।

## जम्मू कश्मीर में कोरोना के 88 नए मामले, छह मरे

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कोरोना वायरस संक्रमण के 88 नए मामले सामने आए जिसके बाद संघ शासित प्रदेश में संक्रमितों की संख्या 3,20,112 हो गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में महामारी के कारण पिछले 24 घंटों में छह लोगों की मौत हो गई जिससे संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या बढ कर 4,371 हो गई है।

## मप्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के 19 नए मामले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 19 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में अभी तक कुल 7,91,689 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में किसी भी व्यक्ति की संक्रमण से मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 10,512 है। प्रदेश में फिलहाल कोविड-19 के केवल 190 मरीज हैं।



सोलापुर में आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर वारी जाते समय वारकरी समुदाय के लोग भितिचित्रों को देखते हुए

## ओड़िशा में खोजा गया सदियों पुराना गुप्तकालीन मंदिर

**भुवनेश्वर।** भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास (इन्टैक) की ओडिशा इकाई के सर्वेक्षण दल द्वारा पुरी जिले मे एक प्राचीन मंदिर के अवशेष खोजे गए है जो छठी से सातवी शताब्दी का हो सकता है। इन्टैक की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह गुप्तकाल के बाद के कालखंड के सर्वाधिक प्राचीन मंदिरो में से एक हो सकता है। इन्टैक के चार सदस्ईय दल ने पुरी शहर से 40 किलोमीटर उत्तर मे पीपली क्षेत्र के बिरोपुरुषोत्तमपुर इलाके मे स्थित प्राचीन स्थल का प्रलेखन किया। परियोजना समन्वयक अनिल धीर ने कहा कि दल ने रत्नचिरा घाटी और उसके स्मारकों के विस्तृत सर्वेक्षण के दौरान इस अवशेष का पता लगाया। प्राची नदी की तरह, मिथकीय नदी रत्नचिरा भी विलुप्त होने वाली है। मान्यता है कि भगवान राम ने सीता की प्यास बुझाने के लिए उनकी मोती अंगूठी से नदी का निर्माण किया था। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक गटेश्वर मंदिर के पास स्थित 1,400 साल पुराना मंदिर स्वप्नेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर को अब तक दस्तावेज में शामिल नही किया गया था।

## देवस्थानम बोर्ड भंग करे उत्तराखण्ड सरकार : महासभा

**मथुरा।** अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा ने उत्तराखण्ड के नवनियुक्त मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को पत्र लिखकर देवस्थानम बोर्ड को भंग किए जाने की मांग की है। महासभा ने आरोप लगाया है कि सरकार का यह कदम धार्मिक पर्यटन पर आने वाले तीर्थयात्रियो एवं तीर्थ पुरोहितो के हितो के खिलाफ है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री को सोमवार को लिखे गए पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि सरकार बोर्ड को तुरंत भंग करने की घोषणा करे।

# पंजाब में सीरम सर्वेक्षण 6-17 साल आयु वर्ग के बच्चों पर ध्यान केंद्रित करेगा

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब सरकार** ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से पहले यह सीरम सर्वेक्षण की शुरूआत करेगी और विशेष रुप से इसमें छह से 17 साल के बच्चों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह सर्वेक्षण इसी महीने शुरू होगा। सीरम सर्वेक्षण या सीरम प्रसार अध्ययन रक्त के नमूनों के माध्यम से एकत्रित एंटीबॉडी के विश्लेषण पर आधारित होता है। एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि 18 साल से कम उम्र के लोगों में संक्रमण की व्यापकता का आकलन करने के उद्देश्य से सीरम सर्वेक्षण के परिणाम का उपयोग आगे स्थानीय प्रतिबंधों को निर्धारित करने के लिए किया जाएगा क्योंकि राज्य तीसरी लहर के लिए तैयार है। स्थानीय प्रतिबंधों के लिए जीआईएस आधारित निगरानी और रोकथाम उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा।

## टीकाकरण करवाने को जागरूकता फैलायें

**मुंबई।** फिल्मी हस्तियों आयुष्मान खुराना , दिया मिर्जा व भूमि पेडेनकर अपने सहायक कर्मचारियों की सहायता के लिए हाथ बढ़ाने का भारत के नागरिकों से अनुरोध किया है। टाटा के जागो रे अभियान के तहत यह अनुरोध इन लोगों ने किया है। इसके तहत हमारे घर के काम करने वालों से लेकर, हमारे ड्राइवर और माली का भी टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित करें। उनका टीकाकरण करवाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना की हमारा। अभिनय के साथ-साथ सामाजिक कार्य में सहभागिता के लिए भी बॉलिवुड के सितारों ने सहायक कर्मचारियों के टीकाकरण में सहायता करने की पहल का समर्थन करते हुए लोगों से अनुरोध किया है।

## चंपत राय के खिलाफ अपमानजनक चीजें पोस्ट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोपी दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी पर मंगलवार को रोक लगा दी। अदालत ने राज्य सरकार को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और चंपत राय के भाई संजय बंसल को नोटिस जारी किया। बंसल ने बिजनौर के नगीना पुलिस थाने में इन दो व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी और न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की पीठ ने वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी विनीत नारायण एवं रजनीश कपूर द्वारा दायर दो अलग अलग याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया। इस मामले में विनीत नारायण और रजनीश कपूर आरोपी हैं। उल्लेखनीय है कि चंपत राय के भाई संजय बंसल ने 19 जून को दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया था कि इन याचिकाकर्ताओं ने अलका लाहोटी नाम की एक महिला द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों के आधार पर चंपत राय के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक चीजें पोस्ट कीं। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि प्राथमिकी को पढ़ने से उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता और दुर्भावना से यह दर्ज कराई गई ।



जम्मू के नगरोटा इलाके में भारी बारिश के दौरान बाढ़ में उफनाई तवी नदी को देखते लोग

# मिजोरम के साथ सीमा पर स्थिति नाजुक : सरमा

**भाषा।** गुवाहाटी



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि मिजोरम के साथ अंतरराज्‍ईय सीमा पर स्थिति फिलहाल नाजुक है और पड़ोसी राज्य के साथ विवादों को सुलझाने में कुछ समय लगेगा। सरमा ने हालांकि, उम्मीद जताई कि मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के साथ सीमा विवादों को हल करने में कुछ प्रगति होगी जब वह 23 जुलाई को शिलांग में पूर्वोत्तर क्षेत्र के इन राज्यों के अपने समकक्षों से मिलेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उस दिन होने वाली नॉर्थ ईस्ट स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एनईएसएसी) की बैठक में क्षेत्र के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। एनईएसएसी अंतरिक्ष विभाग और उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की एक संयुक्त पहल है जो उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करके क्षेत्र के विकास को बढ़ाने के लिए है। सरमा ने कहा कि वह बातचीत के दौरान मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के साथ सीमा विवाद को सुलझाने में कुछ प्रगति की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक नागालैंड के साथ सीमा विवाद का सवाल है तो मामला अदालत में है। उन्होंने कहा, हालांकि मिजोरम के साथ स्थिति अनुकूल नहीं है। स्थिति नाजुक है। मिजोरम के साथ इसमें कुछ समय लगेगा। असम के कछार और हैलाकांडी जिलों में मिजोरम के साथ लगती अंतर-राज्‍ईय सीमा पर तनाव पिछले कुछ दिनों से सीमा पार से उपद्रवियों द्वारा कथित रूप से अतिक्रमण की गई भूमि को खाली कराने के असम पुलिस के अभियान को लेकर बढ़ रहा है। गत 10 जुलाई को सीमा का दौरा करने वाले असम सरकार के एक दल पर संदिग्ध बदमाशों द्वारा एक आईईडी फेंका गया था, जबकि 11 जुलाई तड़के सीमा पार से एक के बाद एक दो विस्फोटों की आवाज सुनी गई थी।

## क्विक न्यूज

### पुल की रेलिंग से लटकता मिला लड़की का शव

**गोरखपुर ( उत्तर प्रदेश )।** गोरखपुर मंडल के देवरिया जिले में मंगलवार को एक नाबालिग लड़की का शव एक पुल की रेलिंग से लटकता मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में पटनावा पुल की रेलिंग से नेहा पासवान (17) का शव लटकता मिला। वह महुआडीह थाना क्षेत्र के सेवरही खर्ग निवासी अमरनाथ पासवान की बेटी थी। नेहा के छोटे भाई विवेक ने संवाददाताओं को बताया कि उसके चाचा ने सोमवार शाम कपड़े धोने को लेकर उसकी बहन की पिटाई की थी। जब वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई तो वह उसे जिला अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। विवेक का आरोप है कि उसके चाचा ने नेहा के शव को पटनावा पुल से नीचे फेंक दिया लेकिन उसके कपड़े पुल की रेलिंग के एक हुक से फंस गए जिसकी वजह से शव लटक गया।

### भारत में घुसने का प्रयास कर रहे छह बांग्लादेशी पकड़े

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण बंगाल में अलग अलग घटनाओं में उसने दो बच्चों समेत छह बांग्लादेशियों को पकड़ा है। उसने एक बयान में बताया कि हकीमपुर चौकी के पास सोमवार रात को सीमा पार करके भारत में घुसने की कोशिश कर रही दो महिलाओं को बीएसएफ के कर्मियों ने पकड़ा। दोनों महिलाएं कोलकाता जाना चाहती थीं। वे ढाका की हैं और उनकी उम्र 20 साल के आसपास है। बीएसएफ के अनुसार दूसरे मामले में सोमवार को गरजाला में सीमा पार करने का प्रयास कर रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। वे सभी एक ही परिवार के हैं।

### शाही ईदगाह प्रकरण की सुनवाई टली, शुक्रवार को होगी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद की एक अदालत में श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में स्थित शाही ईदगाह को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई सोमवार को भारी बारिश होने के कारण न हो सकी। शहर के अनेक प्रवेश मार्गों पर जलभराव के चलते बार एसोसिएशन ने नो वर्क घोषित कर दिया जिससे अदालतों में काम नहीं हुआ और इस मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी गई। वादी पक्ष के अधिवक्ता राजेंद्र माहेश्वरी ने बताय कि, शाही ईदगाह मामले में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दाखिल दावे पर सुनवाई की जानी थी जिसके अनुसार ईदगाह तत्कालीन शासक औरंगज़ेब के 1669 के एक आदेश के परिपालन में कथित रूप से भगवान कृष्ण का मंदिर तोड़कर बनाई गई है।

### केंद्रीय मंत्री पर अभद्र टिप्पणी मामले में जेल गए प्रोफ़ेसर

**फिरोजाबाद ( उत्तर प्रदेश )।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद नगर के एक प्रतिष्ठित स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की तस्वीर पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में मंगलवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया और अंतरिम जमानत की याचिका खारिज होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। शासकीय अधिवक्ता राजीव प्रियदर्शी ने बताया कि पिछली सात मार्च को एस. आर. के. महाविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शहरयार अली ने हुमा नकवी नामक महिला द्वारा फेसबुक पर डाली गई केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की फोटो पर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने बताया कि इसे लेकर कुछ हिंदूवादी संगठनों ने विरोध दर्ज कराया था। इस मामले में पार्षद एवं भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह की तहरीर पर रामगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### समाज के वंचित वर्गों को वस्त्र बांटेंगे

**मुंबई।** समाज के वंचित वर्गों को एक मिलियन वस्त्र दान करने का संकल्प गूंज संस्था ने किया है। भारत के अग्रणी कपड़े और परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेता रेमंड ने गूंज के साथ मिलकर लुक गुड ,डू गुड नामक अपनी सामाजिक पहल शुरू की। यह एक प्रकार का गारमेंट एक्सचेंज प्रोग्राम है। भारत भर के 600 शहरों में यह योजना शुरू किया जाएगा। महामारी के कारण उपभोक्ता अपने पुराने कपड़े लेने के लिए अपॉइंटमेंट भी बुक कर सकते हैं। कोई भी अपने पुराने कपड़ों को दान कर सकता है और रेमंड के कपड़े या उपहार वाउचर के द्वारा मुफ्त सिलाई सेवाओं का लाभ उठा सकता है जिसे रेमंड रेडी टू वियर के लिए ऑनलाइन या किसी भी भाग लेने वाले रेमंड के माध्यम से रिडीम किया जा सकता है। यह जानकारी एस गणेश कुमार सीईओ लाइफस्टाइल बिजनेस रेमंड लिमिटेड ने दी।

## मन की बात के लिए 74 प्रतिशत जानकारी युवा दे रहे हैं : माईजीओवी सीईओ

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो प्रसारण मन की बात के लिए प्राप्त 74 प्रतिशत से अधिक जानकारी 18 से 34 वर्ष आयुवर्ग के लोगों से आई है तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में लोगों से सबसे अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। माईजीओवी के सीईओ एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि यह आंकड़ा एक विश्लेषण के दौरान सामने आया। उन्होंने कहा कि यह नियमित अंतराल पर की जाने वाली कवायद है। हमने कार्यक्रम में नियमित रूप से सबसे अधिक योगदान देने वाले आयुवर्ग के बारे में पता लगाने के लिए इस महीने सबसे अधिक लगभग 30,000 जानकारी की समीक्षा की। हमने देखा कि 74 प्रतिशत जानकारी 18 से 34 आयु वर्ग के लोगों से आई थी। कई ऐसे हैं जो जिन्होंने अपनी आयु सीमा नहीं दी है, इसलिए यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। युवाओं की इतनी बड़ी भागीदारी वास्तव में एक सकारात्मक संकेत है।

## नाम बदल कर लड़की का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**संभल ( उप्र )।** संभल जिले के चंदौसी कस्बे में एक लड़की को कथित रूप से भगा कर ले जाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने सोमवार को खुलासा करते हुए बताया कि 11 जुलाई को चंदौसी कोतवाली में वादी अरविंद कुमार की और से एक शिकायत पंजीकृत की गई है जिसमें वादी ने आरोप लगाया है कि आसिफ कुरेशी नामक व्यक्ति ने उसकी 17 वर्षीय बेटी को ले गया है की बात कही।

## हिन्दू बता युवती को विवाह का झांसा दे उसके साथ बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार : पुलिस

**भाषा।** बलिया (उत्तर प्रदेश)

**पुलिस ने** खुद को हिन्दू बताकर एक युवती के साथ प्रेम संबंध स्थापित करने और विवाह का झांसा देकर कथित रूप से उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में 24 वर्षीय मुस्लिम युवक को मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को शिकायत दी है कि आरोपी बलिया शहर के कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार युवती को आरोपी की फर्जी पहचान का पता चला तो उसने बातचीत बंद कर दी, जिसके बाद उसने जान से मारने की धमकी दी। बलिया शहर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओम प्रकाश पांडेय ने कहा कि युवती ने आरोप लगाया है कि युवक ने उसके साथ यौन संबंध बनाया और शादी का वादा करके वह करीब एक साल तक ऐसा करता रहा। अधिकारी ने कहा, आरोपी के खिलाफ मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और 506 (आपराधिक धमकी) में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे दो दिन की यात्रा पर असम

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत मंगलवार शाम दो दिन की यात्रा पर असम पहुंचे। प्रवक्ता ने बताया कि भागवत ने असम के विभिन्न क्षेत्रों तथा अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर एवं त्रिपुरा जैसे अन्य पूर्वोत्तर राज्यों से संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठकें की। बैठक में संगठन से जुड़े विषयों एवं महामारी के दौर में समाज और लोगों के कल्याण के उपायों पर चर्चा हुई। भागवत का बुधवार को राजनीतिक नेताओं के साथ भी बैठक का कार्यक्रम है।

# कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं विश्वविद्यालय

**भाषा।** नई दिल्ली



**देशभर** के विश्वविद्यालय एवं संस्थान हरित विद्युत उत्पादकों से बिजली खरीदने से लेकर परिसर में परिवहन के लिए केवल सौर संचालित वाहनों को अनुमति देने और अपशिष्ट शोधन संयंत्र स्थापित करने समेत कई कदम उठाकर अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। पेरिस जलवायु समझौते की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर, 12 प्रमुख विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों ने अपने परिसरों में कार्बन तटस्थता लक्ष्य हासिल करने का खाका तैयार करने के लिए नॉट जीरो, नेट जीरो (शून्य नहीं, शुद्ध शून्य) नामक स्वैच्छिक संकल्प लिया था। तब से 250 से अधिक विश्वविद्यालय और संस्थान इस पहल में शामिल हो चुके है। इस दिशा में नेतृत्व करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, अपने कार्बन उत्सर्जन को 50 प्रतिशत से अधिक कम करने वाला केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित पहला प्रौद्योगिकी संस्थान बन गया है। आईआईटी दिल्ली के निदेशक वी रामगोपाल राव ने कहा, मुक्त पहुंच के माध्यम से हरित ऊर्जा प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण पहल है जिसे हमने हाल के दिनों में स्वच्छ जलवायु के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए शुरू किया है। ऐसे कई सक्रिय कदमों के माध्यम से, हम निकट भविष्य में हरित बिजली खरीद पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजनाओं को पूरा करने में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विद्युत अधिनियम 2003 में खुली पहल के प्रावधानों ने आईआईटी दिल्ली जैसे बिजली के बड़े उपभोक्ताओं के लिए द्विपक्षीय अनुबंधों या ऊर्जा विनिमय के माध्यम से अपनी पसंद के जनरेटर (बिजली उत्पादकों) से बिजली खरीदना संभव बना दिया है। हमने हरित ऊर्जा के स्रोत की पहचान करने के लिए एक कारोबारी के रूप में पीटीसी इंडिया लिमिटेड को शामिल करके इन प्रावधानों का उपयोग अपने लाभ के लिए किया है। हरित विद्युत उत्पादकों से दो मेगावाट बिजली खरीदना सालाना लगभग 14,000 टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन समाप्त करने के बराबर है। टीईआरआई (पर्यावरण के लिए प्रौद्योगिकी, शिक्षा, अनुसंधान और पुनर्वास) नीति केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र शेंडे ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने अपनी नवीनतम उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट में कहा है कि 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के तहत किए गए वादों को पूरा करने के लिए देशों ने पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं और इसलिए यह जरूरी है कि देश आगामी 30 से 40 साल में शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करें।

## अनुसंधानकर्ताओ ने थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणो के लिए कम लागत वाला इलेक्ट्रिकल संपर्क पदार्थ विकसित किया

**नई दिल्ली।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने मंगलवार को कहा कि अनुसंधानकर्ताओं ने थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों के लिए कम लागत वाला एक नया इलेक्ट्रिकल संपर्क पदार्थ विकसित किया है, जो उच्च तामपान पर स्थिर है और अपने दो किनारों के बीच तामपान के अंतर का उपयोग कर बिजली पैदा कर सकता है। विभाग ने एक बयान में कहा कि थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरण हीट पंप के रूप में भी काम कर सकता है, जो उष्मा को उपकरण के एक ओर से दूसरी ओर ले जाएगा। उल्लेखनीय है कि थर्मोइलेक्ट्रिक पदार्थ थर्मल ऊर्जा को एक प्रक्रिया के जरिए सीधे बिजली में तब्दील कर देते हैं। विभाग के संस्थान इंटरनेशनल एडवान्स्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मटेरियल्स (एआरसीआई) ने इन थर्मोइलेक्ट्रिक मॉड्यूल को विकसित किया है। यह अनुसंधान हाल में रिसर्च बुलेटिन जर्नल में प्रकाशित हुआ है।



पंजाब प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का उनके समर्थकों द्वारा अमृतसर दौरे के दौरान जोरदार स्वागत किया गया


# एदियुरप्पा के समर्थन उतरे संत और लिंगायत नेता

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के एक वर्ग में मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को हटाए जाने को लेकर चल रही चर्चा के बीच विभिन्न दलों के प्रमुख वीरशैव-लिंगायत राजनीतिक नेताओं एवं संतों ने उनके पीछे अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस प्रभावशाली समुदाय के कई संतों एवं नेताओं ने भाजपा को 78 वर्षीय कद्दावर लिंगायत नेता को मुख्यमंत्री के पद से हटाए जाने के विरुद्ध आगाह किया है।

कर्नाटक में लिंगायत करीब 16 फीसद हैं। वीरशैव-लिंगायत समुदाय भाजपा का अहम वोटबैंक समझा जाता है। एदियुरप्पा को हटाए जाने की अटकलें फिर तेज होने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया वीरशैव महासभा के प्रमुख शमानुर शिवशंकरप्पा ने कहा कि यह समुदाय उनके पीछे मजबूती से खड़ा है। उन्होंने एदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बारे में भाजपा में चल रहे मंथन की खबर के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा, उसे (भाजपा नेतृत्व को) एस निजलिंगप्पा, वीरेंद्र पाटिल, जे एच पटेल और एस आर बोम्मई (सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों) से जुड़ा इतिहास याद कर लेना चाहिए। यदि वह ऐसा कोई कुछ भी करने की चेष्टा करता है तो वह अपना ही सर्वनाश करेगा। उन्होंने कहा, वीरशैव महासभा उनके पीछे खड़ी है.. जबतक एदियुरप्पा रहेंगे तबतक भाजपा रहेगी। यदि एदियुरप्पा को परेशान किया गया तो चीजें खत्म हो जाएंगी।

लिंगायत समुदाय के अन्य कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एम बी पाटिल ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा ने एदियुरप्पा जैसे कद्दावर नेता के साथ बुरा बर्ताव किया जो भाजपा लिंगायतों के कोप का भाजन बन सकती है। उन्होंने कहा, भाजपा को एदियुरप्पा के योगदान का महत्व समझना चाहिए और उनके साथ मर्यादापूर्वक बर्ताव करना चाहिए।




यह मेरा निजी विचार है, मैं समझता हूं कि प्रस्तावित बदलाव भाजपा का अंदरूनी विषय है। वैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के बयान को वीरशैव-लिंगायत समुदाय में अपने प्रति समर्थन बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि चित्रदुर्ग के श्री जगदगुरु मुरुघराजेंद्र मठ के प्रमुख मुरुघ शरानु, बालेहोन्नूर के रांभपुरी पीठ के श्री वीर सोमेश्वर शिवाचार्य स्वामी और श्रीशैल जगदगुरू चन्ना सिद्धधर्म पंडिताराध्य जैसे समुदाय के प्रमुख संतों ने भी एदियुरप्पा को उनके पद बनाने रखने की वकालत की है और भाजपा को उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने के विरूद्ध चेतावनी दी है।

वीर सोमेश्वर शिवाचार्य स्वामी ने कहा कि एदियुरप्पा को हटाने के किसी भी कदम का भाजपा के लिए बड़े दुष्परिणाम होंगे। सिद्धधर्म पंडिताराध्य ने कहा, एदियुरप्पा भले ही वृद्ध हो गए हों लेकिन वह अब भी काम कर रहे हैं। उन्हें उनके पद पर बने रहने दिया जाना चाहिए। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि एदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री के अपने पिछले कार्यकाल में मठों एवं धार्मिक संस्थानों को उदारतापूर्वक अनुदान दिया जिससे उनके प्रति एक विश्वास पैदा हुआ है। एदियुरप्पा को मुख्मयंत्री पद से हटाए जाने की अटकलों के बीच हाल ही उनके बेटे और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बी वाई विजएंद्र ने वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख संतों के साथ कई बैठकें की थीं जिससे राजनीतिक हलकों में भुकृटि तन गई थी।

# दूसरी लहर में ऑक्सीजन के अभाव में किसी की मौत की खबर नहींः केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने मंगलवार को बताया कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश से ऑक्सीजन के अभाव में किसी भी मरीज की मौत की खबर नहीं मिली है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया बहरहाल, कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई थी। महामारी की पहली लहर के दौरान, इस जीवन रक्षक गैस की मांग 3095 मीट्रिक टन थी जो दूसरी लहर के दौरान बढ़ कर करीब 9000 मीट्रिक टन हो गई। उनसे पूछा गया था कि क्या दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन न मिल पाने की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। पवार ने बताया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है और राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश कोविड के मामलों और मौत की संख्या के बारे में केंद्र को नियमित सूचना देते हैं। उन्होंने बताया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड से मौत की सूचना देने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा इसके अनुसार, सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश नियमित रूप से केंद्र सरकार को कोविड के मामले और इसकी वजह से हुई मौत की संख्या के बारे में सूचना देते हैं। बहरहाल, किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऑक्सीजन के अभाव में किसी की भी जान जाने की खबर नहीं दी है।



नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल व प्रहलाद जोशी मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाते हुए।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में जवान शहीद, एक अधिकारी घायल

भाषा। नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का एक जवान शहीद हो गया तथा एक अधिकारी घायल हुआ है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अमदई घाटी में आईटीबीपी और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में आईटीबीपी का जवान शिव कुमार मीणा शहीद हो गया तथा एक सहायक उप-निरीक्षक घायल हो गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर क्षेत्र के कांग्रेस के विधायक चंदन कश्यप के काफिले की सुरक्षा के लिए आईटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया था। कश्यप का काफिला जब अमदई घाटी में डोंगर हिल्स के करीब से गुजर रहा था, तभी कुछ नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। इस घटना में जवान मीणा शहीद हो गया तथा एक सहायक उप-निरीक्षक घायल हो गया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के हमले के बाद सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजा गया। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। राज्य के नक्सल प्रभावित इस जिले में इस महीने की तीन तारीख को भी नक्सलियों ने अमदई क्षेत्र स्थित लौह अयस्क खदान क्षेत्र में हमला कर वाहनों को जला दिया था और सुपरवाईजर की हत्या कर दी थी।

# नक्सलियों ने की अपने एक पूर्व साथी की हत्या

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने अपने एक पूर्व साथी की हत्या कर दी है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के पदेड़ा गांव में नक्सलियों ने अपने पूर्व साथी राजू वेंजाम (28) की हत्या कर दी है। नक्सलियों का एक हथियारबंद समूह इस महीने की 18 तारीख को पदेड़ा गांव पहुंचा और खेत में काम रहे राजू का अपहरण कर लिया। बाद में नक्सलियों ने धारदार हथियार से राजू की हत्या कर दी और शव को फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने राजू के शव को बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। राजू पहले नक्सलियों का साथी था। बाद में वह संगठन से वापस लौट आया और अपने गांव में खेती करने लगा। उन्होंने बताया कि राजू ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया था। मामला दर्ज कर लिया गया है और हमलावर नक्सलियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# जब तक में मुख्यमंत्री था महाराष्ट्र सरकार ने एनएसओ की सेवा नहीं लीः फडणवीस

**मुंबई।** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने इजराइली कंपनी एनएसओ की सेवा उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान नहीं ली। यह कंपनी सैन्य श्रेणी की पेगासस जासूसी ऐप सरकारों को आतंकवादियों और अपराधियों पर नजर रखने के लिए मुहैया कराती है। फडणवीस वर्ष 2014 से 2019 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे और इस समय राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्होंने पेगासस सॉफ्टवेयर संबंधी दावों के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। खबर के मुताबिक यह साफ्टवेयर बिना क्लिक व्यक्ति के फोन को संक्रमित कर सकता है और इसका इस्तेमाल कथित तौर पर भारत और अन्य देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और कारोबारियों के स्मार्टफोन हैक करने के लिए किया गया।

फडणवीस ने कहा, जब तक मैं मुख्यमंत्री रहा महाराष्ट्र सरकार ने एनएसओ की कोई भी सेवा नहीं ली। डीजीआईपीआर (राज्य सरकार का प्रचार विभाग) की टीम विधानसभा चुनाव (2019) के बाद और नई सरकार गठित होने से पहले इजराइल गई थी लेकिन यह दौरा कृषि विभाग के उद्देश्यों के लिए था। केंद्र सरकार पेगासस के जरिए कथित जासूसी की खबरों को पहले ही खारिज कर चुकी है। फडणवीस ने कहा, केवल वैध टैपिंग की गई, कोई गैरकानूनी हैकिंग नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि पेगासस विवाद भारत को बदनाम करने की योजना के तहत उछाला गया है।

महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष फडणवीस ने कहा, हमने पाया कि एक या दो मीडिया (कंपनियां) को चीन से वित्त मिला है और वे दुष्प्रचार कर रही हैं। पेगासस का मुद्दा संसद सत्र को पटरी से उतारने की योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा, कुछ अंतरराष्ट्रीय ताकतें देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही हैं, खासतौर पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। उन्होंने एससी (अनुसूचित जाति) और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के मंत्रियों के साथ सबसे समावेशी सरकार बनाई है। विपक्ष सोची समझी रणनीति के तहत संसद सत्र से पहले यह मुद्दा लेकर आया।

फडणवीस ने कहा, केंद्र सरकार ने एनएसओ की मदद से किसी भी व्यक्ति की जासूसी करने से इनकार किया है और इसपर भरोसा किया जाना चाहिए। यह उन्होंने तब कहा जब उनसे पूछा गया कि ब्रिटिश अखबार ने दावा किया है कि राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा इस्तेमाल किए गए फोन के हैक करने के संकेत मिले हैं, जो पश्चिम बंगाल चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रमुख राजनीतिक रणनीतिकार थे और जिन्हें भाजपा के खिलाफ इस साल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत का श्रेय दिया जाता है।

## क्विक न्यूज

### नक्सल प्रभावित गांव से सात ग्रामीण लापता

**सुकमा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के एक गांव से सात ग्रामीण लापता हो गए हैं। पुलिस ने लापता ग्रामीणों की तलाश शुरू कर दी है। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के कुंदेड़ गांव से दो दिन पहले सात ग्रामीण लापता हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिली है कि ग्रामीणों को नक्सली अपने साथ ले गए हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि नक्सलियों ने ग्रामीणों का अपहरण किया या ग्रामीण स्वयं नक्सलियों के साथ गए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में किसी ने भी पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया है। हालांकि ग्रामीणों के कथित अपहरण की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को आशंका है कि नक्सली ग्रामीणों को बैठक के लिए अपने साथ लेकर गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब पुलिस दल लापता ग्रामीणों के संबंध में पूछताछ करने गांव पहुंचा तब ग्रामीणों ने बताया कि इनमें से कुछ शादी समारोह में तथा कुछ खेती के लिए अन्य गांव गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लापता ग्रामीणों की तलाश शुरू कर दी है।

### भाजपा नेता खुशबू सुंदर का ट्विटर अकाउंट हैक

**चेन्नई।** अभिनेत्री एवं भाजपा नेता खुशबू सुंदर ने मंगलवार को बताया कि उनका ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। सुंदर ने एक बयान में कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनके अकाउंट से किए जा रहे ट्वीट या कोई भी अन्य गतिविधि उनके द्वारा नहीं की गई। उन्होंने कहा, मैं बताना चाहती हूं कि मेरा ट्विटर अकाउंट तीन दिन पहले हैक हो गया था। हम ट्विटर प्रशासनिक कार्यालय से इस संबंध में सम्पर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से अकाउंट से किए जा रहे ट्वीट या कोई भी गतिविधि मेरे द्वारा नहीं की गई। बाद में भाजपा नेता ने राज्य के पुलिस प्रमुख सी शैलेंद्र बाबू को शिकायत दी और उनके ट्विटर खाते के दुरुपयोग की आशंका जताई। पुलिस प्रमुख से मुलाकात के बाद खुशबू सुंदर ने संवाददाताओं से कहा कि उनके ट्विटर अकाउंट का नाम बदल दिया गया है और वह इसे इस्तेमाल नहीं कर पा रही हैं।

### लक्षद्वीप की समस्याओं का पता लगाना एक सतत प्रक्रियाः सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को कहा कि केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के लोगों के सामने आने वाली समस्याओं का पता लगाना एक सतत प्रक्रिया है और वह समय-समय पर इनका समाधान करने के लिए उचित कार्वाई करती है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। प्रश्न पूछा गया था कि क्या केंद्र सरकार की लक्षद्वीप के लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों का पता लगाने के लिए कोई शिष्टमंडल भेजने की योजना है। इसके जवाब में राय ने कहा, सरकार जनता के कल्याण को अपनी सभी गतिविधियों के केंद्र में रखती है। लोगों के सामने आने वाली समस्याओं का पता लगाना सतत प्रक्रिया है और सरकार समय-समय पर उनके समाधान के लिए उचित कार्वाई करती है। लक्षद्वीप को बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने समेत कुछ प्रस्तावों पर केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन के विचार करने के बाद पिछले दिनों वहां स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किए थे।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ऑस्कर फर्नांडीस अस्पताल में भर्ती

**मंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ऑस्कर फर्नांडीस को योगाभ्यास के दौरान गिरने से मस्तिष्क में आई अंदरूनी चोट के इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फर्नांडीस के परिवार के लोगों ने इस बारे में बताया। फर्नांडीस का रविवार सुबह योग करते हुए समय संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए। उस समय उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि जब वह नियमित जांच के लिए उसी शाम अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने पाया कि उनके मस्तिष्क के भीतरी हिस्से में चोट आई है। फर्नांडीस के परिवार के सदस्यों ने बताया कि स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि फर्नांडीस की तुरंत सर्जरी करने की जरूरत है। फिलहाल उनका अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में उपचार चल रहा है।




अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पेट्रोल की बढ़ती हुई कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

# शशिकला ने अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता से की मुलाकात, राजनीतिक हलचल बढ़ी

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता वीके शशिकला ने मंगलवार को अस्पताल में भर्ती सभापतिमंडल के अध्यक्ष ई मधुसूदनन से मुलाकात की, जिससे राज्य के राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। छह अप्रैल को हुए चुनाव में हार के बाद शशिकला ने अन्नाद्रमुक के कुछ कार्यकर्ताओं को फोन किया था। उनके समर्थकों ने दावा किया है कि वह ओ पनीरसेल्वम और के. पलानीस्वामी से पार्टी वापस ले लेंगी। इन तमाम अटकलों के बीच शशिकला ने शहर के एक निजी अस्पताल में पार्टी के वरिष्ठ नेता से मुलाकात की।

अन्नाद्रमुक ने कहा कि वह भले ही मानवीय आधार पर मधुसूदनन से मिली हों, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को भ्रमित करके लाभ हासिल करने का उनका कोई प्रयास सफल नहीं होगा। अन्नाद्रमुक के सूत्रों ने बताया कि संयोग से शशिकला जब अस्पताल पहुंची, तब पलानीस्वामी भी मधुसूदनन से मिलने के लिए अस्पताल में मौजूद थे, लेकिन दोनों नेताओं के बीच मुलाकात नहीं हुई।

शशिकला ने बाद में मधुसूदनन के तमाम कार्यों तथा पार्टी के प्रति उनके समर्पण को याद किया और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। निष्कासित नेता जिस कार में अस्पताल पहुंची थीं उस पर अन्नाद्रमुक का झंडा लगा था, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। अन्नाद्रमुक प्रवक्ता एम बाबू मुरुगावेली ने कहा कि पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं से फोन पर बात करने और मधुसूदनन से अस्पताल में मुलाकात कर पार्टी समर्थको को भ्रमित करने के शशिकला के प्रयास सफल नहीं होंगे। वह भले ही मानवीय आधार पर मधुसूदनन से मिली हों, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को भ्रमित करके लाभ हासिल करने का उनका कोई प्रयास सफल नहीं होगा। शशिकला की कार पर अन्नाद्रमुक का झंडा लगा होने के सवल पर भी उन्होंने यही जवाब दिया।

# शुभेंदु ने स्थानीय पुलिस प्रमुख से फर्जी मामले नहीं दर्ज करने को कहा, वरना कश्मीर हो जाएगा तबादला

**तमलुक (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और भाजपा के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर में पार्टी की बैठक के दौरान सार्वजनिक रूप से जिला पुलिस प्रमुख को ऐसा कुछ करने से परहेज करने की सलाह दी जिससे उनका स्थानांतरण कश्मीर के अनंतनाग या बारामूला हो जाए। कथित तिरपाल चोरी से संबंधित मामले समेत कई पुलिस जांचों का सामना कर रहे अधिकारी ने सोमवार को यहां हुई एक बैठक में कहा कि यह मानना गलत होगा कि भाजपा कमजोर है क्योंकि उसके साथ केंद्र सरकार है। कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार का जिक्र करते हुए अधिकारी ने कहा कि अच्छा होगा कि पुलिस अधिकारी ईमानदारी से अपना कार्य करें हैं और बिना किसी पूर्वाग्रह के अपने कर्तव्यों का पालन करें। राजीव कुमार से सीबीआई ने चिटफंड मामलों में उनकी कथित संलिप्तता के लिए पूछताछ की थी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने जिला पुलिस अधीक्षक अमरनाथ के. को अपने संदेश में कहा, फर्जी मामले दर्ज नहीं करें। मेरे पास यह साबित करने के लिए सबूत हैं कि वे फर्जी हैं। मैं इस तरह के आरोपों के संबंध में सीबीआई जांच का अनुरोध करते हुए जनहित याचिका दाखिल करूंगा। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ भी न करें जिससे आपका स्थानांतरण कश्मीर के अनंतनाग या बारामूला में हो जाए। नंदीग्राम के विधायक ने कहा कि उनके पास तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी द्वारा की गई कॉल का ब्योरा है और कहा कि अगर आपको राज्य सरकार का समर्थन प्राप्त है तो हमारे साथ केंद्र सरकार है। विपक्ष के नेता ने कहा कि वह नौ अगस्त को जिले में एक लाख लोगों के साथ राज्य में सभी कदाचारों के विरोध में जन आंदोलन करेंगे।

# कांग्रेस, वामपंथी दलों को पश्चिम बंगाल में टीएमसी के खिलाफ काम नहीं करना चाहिएः पार्थ चटर्जी

भाषा। कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** के महासचिव पार्थ चटर्जी ने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करने वाली कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ काम नहीं करना चाहिए और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के व्यापक गठबंधन का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी आम चुनावों में प्रमुख भाजपा विरोधी ताकत होंगी और भाजपा को सत्ता से बाहर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ममता बनर्जी नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में प्रभावशाली मंत्री चटर्जी ने कहा कि टीएमसी एक पीढ़ीगत बदलाव के दौर से गुजर रही है, इसलिए इसमें वरिष्ठों और युवाओं का सही संतुलन हो सकता है।

विधानसभा चुनावों में भाजपा पर जीत के बाद टीएमसी में वापसी करने के इच्छुक नेताओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले दर मामले फैसले किए जाएंगे, लेकिन कहा कि अगर टीएमसी को जीत नहीं मिलती तो क्या वे लौटना चाहते। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी देश में सबसे भरोसेमंद, भाजपा विरोधी चेहरा हैं। मेरी यह अपील है कि सभी भाजपा विरोधी ताकतों को एक साथ आना चाहिए। वाम और कांग्रेस जैसी कुछ पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विरोध कर रही हैं लेकिन बंगाल में हमारे खिलाफ काम कर रही हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

चटर्जी ने कहा, ममता बनर्जी और टीएमसी 2024 में भाजपा विरोधी प्रमुख ताकत होंगी और भाजपा को सत्ता से बाहर करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हाल में लोकसभा सदस्य और बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी जैसे युवा नेताओं को आगे बढ़ाए जाने के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी पीढ़ीगत बदलाव के दौर से गुजर रही है। मई में विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के तुरंत बाद अभिषेक को टीएमसी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था।

उन्होंने कहा, हमने अपनी यात्रा 1998 में शुरू की थी। अब हम पीढ़ीगत बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। यह भविष्य को ध्यान में रखते हुए ...अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए किया जा रहा है जो आने वाले समय में कमान संभाल सके। चटर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी खुद पार्टी को भविष्य की लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए इस पीढ़ीगत बदलाव की देखरेख कर रही हैं।




कोलकाता में पश्चिम बंगाल के कृषि मंत्री और टीएमसी नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय शहीद दिवस के अवसर पर रैली निकालते हुए।

# शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 355 अंक लुढ़का

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 355 अंक लुढ़क गया। कोरोना वायरस के डेल्टा किस्म के तेजी से फैलने को लेकर चिंता के बीच वैश्विक स्तर पर बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। बैंक और वित्तीय शेयरों में बिकवाली का घरेलू बाजार में गिरावट पर ज्यादा असर हुआ है।

हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी और खपत से जुड़े शेयरों में लिवाली से नुकसान पर अंकुश लगा। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 354.89 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,198.51 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी




120.30 अंक यानी 0.76 प्रतिशत का गोता लगाकर 15,632.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में 3.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में इंडसइंड बैंक का शेयर रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स 6.04 प्रतिशत मजबूत होकर सर्वाधिक लाभ में रहा। कंपनी का जून तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना बढ़कर 574.30 करोड़ रुपए रहने की खबर से शेयर में तेजी आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, नेस्ले इंडिया, मारुति और टीसीएस समेत अन्य शेयर 1.52 प्रतिशत तक बढ़त में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में मंदड़िए हावी रहे। काफी संक्रामक माने जाने वाले डेल्टा किस्म के तेजी से फैलने को लेकर चिंता के साथ वैश्विक बाजारों में बिकवाली और आर्थिक वृद्धि में कमी के आंकड़े का असर घरेलू बाजार पर पड़ा। कच्चे तेल के दाम में तेजी से कमी और अमेरिकी बांड प्रतिफल में गिरावट भविष्य में वृद्धि को लेकर चिंता को प्रतिबिंबित करता है।

## आईओसी भारत के पहले हरित हाइड्रोजन संयंत्र को स्थापित करेगी

**नई दिल्ली**। भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी आईओसी भविष्य में स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी मथुरा रिफाइनरी में देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा कि कंपनी ने एक रणनीतिक वृद्धि योजना तैयार की है, जिसका मकसद अगले 10 वर्षों में पेट्रोकेमिकल्स, हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में पैठ बनाने के साथ ही अपने मुख्य रिफाइनिंग और ईंधन विपणन व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने बताया कि कंपनी अपनी भविष्य की सभी रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल विस्तार परियोजनाओं में कैप्टिव बिजली संयंत्र स्थापित नहीं करेगी और इसके बजाय सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से पैदा होने वाली 250 मेगावाट बिजली का उपयोग करेगी।

# वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत, कोरोना की अनिश्चितता प्रमुख चुनौती: पारेख

भाषा। मुंबई

**आवास** वित्त कंपनी एचडीएफसी के चेयरमैन दीपक पारेख ने कहा है कि देश की वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है तथा इसका पुनरुद्धार प्रगति पर है, लेकिन कोरोना वायरस को लेकर अनिश्चितता सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था को चालू वित्त वर्ष में उसकी तरह के रुख को देखना पड़ेगा। यानी वित्त वर्ष की पहली छमाही कमजोर रहेगी तथा दूसरी छमाही मजबूत। एचडीएफसी लि. की 44वीं वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए पारेख ने कहा कि मैं इस बात लेकर आशान्वित हूं कि भारत की वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है। हालात में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार

### ● देश का विदेश मुद्रा भंडार व एफडीआई रिकार्ड स्तर पर

तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। पूंजी बाजार में भी मजबूती का रुख है।

इसके अलावा कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर भी अच्छी रहने की उम्मीद है कि खाद्यान्न उत्पादन 30.5 करोड़ टन रहने का अनुमान है। पारेख ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नरम मौद्रिक रुख के जरिए वृद्धि को समर्थन की प्रतिबद्धता जताई है और साथ ही सरकार ने भी कोविड-19 से संबंधित दबाव को कम करने के लिए कई उपाय किए हैं।

उन्होंने कहा कुल ऋण की वृद्धि समस्या है। यह अभी कमजोर है। उन्होंने कहा कि दुनिया संक्रमण की बार-बार की लहर की दृष्टि से संवेदनशील है। ऐसे में आर्थिक पुनरुद्धार असमतल रहेगा। उन्होंने कहा कि आवास ऋण के लिए अंतर्निहित मांग मजबूत बनी हुई है। वाणिज्यिक रियल एस्टेट की बात की जाए, तो ज्यादातर कंपनियों ने अपने कार्यालय परिसरों को छोड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट की मांग भंडारण और फुलफिलमेंट केंद्रों से आ रही है। इसकी वजह ई-कॉमर्स क्षेत्र में बूम है।

पारेख ने कहा कि इसके अलावा डिजिटल बुनियादी ढांचे की वजह से डाटा केंद्रों के लिए मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर लॉकडाउन की वजह से व्यक्तिगत ऋणों की मांग प्रभावित हुई थी, लेकिन एक बार अंकुश हटने के बाद मांग उम्मीद से कहीं अधिक रही है।

## ब्रिक्स देशों में व्यापार मेले, एमएसएमई गोलमेज के आयोजन पर सहमति बनी

भाषा। नई दिल्ली

**ब्रिक्स** देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और द. अफ्रीका) में व्यापार मेला, एमएसएमई की गोलमेज बैठक तथा सेवाओं की व्यापार सांख्यिकी पर दो कार्यशालाएं आयोजित करने पर सहमति बनी है। भारत की अध्यक्षता में आर्थिक एवं व्यापार मुद्दों पर ब्रिक्स संपर्क समूह (सीजीईटीआई) की बैठक 12-14 जुलाई, 2021 को आयोजित हुई। इस बैठक में सदस्यों के बीच विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि ब्रिक्स व्यापार मेले का आयोजन 16 से 18 अगस्त तक होगा।

वहीं गोलमेज का आयोजन 22 जुलाई तथा कार्यशालाओं का आयोजन 13 अगस्त को किया जाएगा। एक कार्यशाला का आयोजन 16 जुलाई को हुआ। भारत वर्ष 2021 के लिए, ब्रिक्स का अध्यक्ष है।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 36,500 करोड़ तक

भाषा। नई दिल्ली

**देश** के रियल एस्टेट क्षेत्र में चालू कैलेंडर साल में संस्थागत निवेश चार प्रतिशत बढ़कर पांच अरब डॉलर या 36,500 करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान है। संपत्ति सलाहकार कोलियर्स इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के बीच निवेशक आकर्षक मूल्यांकन पर संपत्तियों की खरीद करेंगे। वर्ष 2020 में रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 4.8 अरब डॉलर रहा था। कोलियर्स इंडिया की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार चालू कैलेंडर वर्ष के पहले छह माह में देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश 2.9 अरब डॉलर या 21,170 करोड़ रुपए रहा है। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में दोगुना से अधिक की वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि पूरे साल के दौरान निवेश का आंकड़ा पांच अरब डॉलर या 36,500 करोड़ रुपए पर पहुंच जाएगा। कोलियर्स ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों को लेकर निवेशकों का आकर्षण कायम है। चालू साल की पहली छमाही में कुल निवेश में से 35 प्रतिशत कार्यालय संपत्तियों में किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी-जून के दौरान औद्योगिक और भंडारण या गोदाम क्षेत्र में 77.5 करोड़ डॉलर या 5,657 करोड़ रुपए का निवेश आया। यह 2016 के बाद सबसे ऊंचा आंकड़ा है। कुल संस्थागत निवेश में इसका हिस्सा 27 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के अनुसार, आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र को नकदी की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। चालू साल की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में आए कुल संस्थागत निवेश में आवासीय क्षेत्र का हिस्सा सिर्फ चार प्रतिशत रहा।

## चीन में शुरू हुई दुनिया की सबसे तेज दौड़ने वाली मैग्लेव ट्रेन

**बीजिंग**। चीन ने मंगलवार को अपनी द्रुत गति की मैग्लेव ट्रेन की शुरुआत की। इस ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 600 किलोमीटर प्रति घंटे की है। आधिकारिक मीडिया के अनुसार यह जमीन पर दौड़ने वाला सबसे तेज वाहन है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार नई मैग्लेव परिवहन प्रणाली की सार्वजनिक तौर पर शुरुआत चीन के तटीय शहर किंगदाओ में हुई है। द्रुत गति की मैग्लेव ट्रेन परियोजना की शुरुआत अक्टूबर, 2016 में हुई थी। एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2019 में 600 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की इस ट्रेन का प्रोटोटाइप बनाया गया। इसका सफल परीक्षण जून, 2020 में हुआ। परियोजना के मुख्य अभियंता डिंग सान्सान ने कहा कि इस ट्रेन में 10 डिब्बे लगाए जा सकते हैं। प्रत्येक की क्षमता 100 यात्रियों की होगी।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बिजली बिल के नाम पर बिल्डरों की लूट पर लगे रोक: मंत्री

भाषा। लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री श्रीकांत शर्मा ने राज्य के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों द्वारा बिजली के बिल के नाम पर उपभोक्ताओं के उत्पीड़न की शिकायतों पर सख्त कार्वाई के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से नोएडा और ग्रेटर नोएडा की बहुमंजिला इमारतों में सिंगल प्वाइंट को मल्टी प्वाइंट में नहीं बदले जाने के कारण बिल्डरों द्वारा बिल के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ लूटखसोट की शिकायत की।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि सिंगल पॉइंट कनेक्शन से मल्टी पॉइंट कनेक्शन के सम्बन्ध में विद्युत नियामक आयोग द्वारा पारित नियमों और आदेशों के बाद भी बिजली कम्पनियो की उदासीनता के चलते बड़े पैमाने पर बिल्डरों द्वारा मनमानी वसूली करके उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस सिलसिले में उपभोक्ताओं की अनेक शिकायतों को बिजली मंत्री के सामने रखा गया। उन्होंने बताया कि बिल्डर नियामक आयोग द्वारा जारी नियमों को अनदेखी करते हुए जेनरेटर सेट और बिजली का मूल्य एक ही में जोड़ कर खूब लूट मचा रहे हैं। बिल्डरों की वसूली की पूरी प्रक्रिया का सीएजी ऑडिट कराया जाय तो बड़ा घोटाला सामने आएगा।

वर्मा ने बताया कि उन्होंने ऊर्जा मंत्री को साक्ष्य सौंपते हुए आरोप लगाया कि बिजली कम्पनियों के कुछ उच्चाधिकारी बिल्डरों से साठगांठ किए हुए हैं। चाहे नोएडा पावर कंपनी का मामला हो या पश्चिमांचल बिजली निगम का मामला हो या किसी अन्य बिजली निगम का मामला हो बिल्डर मनमानी वसूली कर रहे हैं और कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में सरकार को फौरन हस्तक्षेप करना चाहिए। वर्मा ने बताया कि ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने विभाग के अपर मुख्य सचिव को लिखित निर्देश भेजते हुए कहा कि बिल्डरों द्वारा उपभोक्ताओं के उत्पीड़न पर बिजली कम्पनियों को सख्त निर्देश भेजे जाएं। पश्चिमांचल और नोएडा पावर कंपनी के प्रबंध निदेशकों को भी यह निर्देश भेजने का आदेश दिया कि उपभोक्ता परिषद द्वारा सौपी गई सभी शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही करते हुए उपभोक्ताओ को न्याय दिलाया जाय।

उपभोक्ता परिषद ने यह भी मुद्दा उठाया कि सिंगल पॉइंट कनेक्शन से मल्टी पॉइंट कनेक्शन के वर्तमान प्रचलित कानून को और उपभोक्ता हित में सरल बनाने के लिए उसमे संशोधन की आवश्कता है। जल्द ही उपभोक्ता परिषद इस दिशा मे नियामक आयोग को प्रस्ताव देगा।

# पेंशन की धनराशि आईपीओ और एनएसई-200 कंपनियों में निवेश की जा सकेगी: पीएफआरडीए

भाषा। मुंबई

**शीर्ष** पेंशन नियामक पीएफआरडीए के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पेंशन फंड मैनेजर (पीएफएम) को जल्द ही प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकशों (आईपीओ) और प्रमुख शेयरों में निवेश करने की अनुमति दी जाएगी। पेंशन नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष सुप्रतिम बंद्योपाध्याय ने संवाददाताओं से कहा कि नियामक का लक्ष्य सेवानिवृत्ति कोष के सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी करना है। इस समय पीएमएफ इक्विटी घटक को सिर्फ ऐसे शेयरों में निवेश कर सकते हैं, जिनका बाजार पूंजीकरण 5,000 करोड़ रुपए से अधिक है और जो विकल्प तथा वायदा खंड में कारोबार के योग्य हैं। बंद्योपाध्यान ने कहा कि इससे फंड प्रबंधकों के लिए अवसर सीमित हो जाते हैं। उन्होंने एवेन्यू सुपरमार्केट का उदाहरण दिया, जहां पीएफएम प्रतिबंधों के कारण निवेश नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि हम दो या तीन दिनों में नए नियमों को अधिसूचित करेंगे, जो उन श्रेणियों पर अधिक उदार रुख रखते हैं, जहां इक्विटी निवेश किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नए नियमों के तहत पीएफएम आईपीओ, फॉलो-ऑन सार्वजनिक पेशकश, बिक्री पेशकश में निवेश कर सकेंगे। इसके अलावा एनएसई और बीएसई पर कारोबार करने वाले शीर्ष 200 शेयरों में भी निवेश की इजाजत दी जाएगी। बंद्योपाध्याय ने जोर देकर कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इक्विटी में अधिक निवेश के पक्षधर हैं।

# रैना ने एसबीआई से साझा की अपने संघर्ष की दास्तां

### ● मैं क्रिकेटर ना होता तो एसबीआई में बैंकर होता: सुरेश रैना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शीर्ष** भारतीय बल्लेबाजों में शुमार होने वाले सुरेश रैना ने अपनी आत्मकथा बिलीव- व्हाट लाइफ एंड क्रिकेट टॉट मी का शोकेस करने लखनऊ पहुंचे। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लोकल हेड ऑफिस पहुंच कर बैंककर्मियों व मीडिया से अपनी आत्मकथा में लिखे कुछ विशेष पल साझा किए और बैंक से अपने पुराने एसोसिएशन के विषय में चर्चा की। श्री रैना का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पुराना नाता है। वे ना केवल बैंक के ग्राहक हैं बल्कि उनके खेल को तराशने वाले कई क्रिकेटिंग सीनियर्स बैंक को अपनी सेवाएं दे चुके हैं या दे रहे हैं। सुरेश रैना ने अपनी आत्मकथा में अपने जीवन की झलकियां साझा की, जिसमें सफलता, असफलता, चोट, आशा. निराशा, संघर्ष शामिल हैं। उनकी




आत्मकथा जीवन के इन सभी रंगों को संजोए हुए यह बताती है कि उन्होंने अपना शीर्ष पर पहुंचने का सफर कैसे पूरा किया।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ मेम्बर्स के साथ मुलाकात करते हुए सुरेश रैना ने कहा जो खेलना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं उनके लिए व इंसान के खुद के जीवन पर बिलीव करने के लिए यह बुक एक गाइड का काम करेगीए सचिन जी के साथ मैंने जो भी सीखा है या ट्रेनिंग के दौरान हरभजन सिंह के साथ वही बिलीव है। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मुझे अपने आप पर बिलीव करना सिखाया जो मेरे जीवन में काफी मददगार है।

सुरेश ने कहा कि लखनऊ से मैंने तहजीब और मेहमान नवाजी सीखी। लखनऊ से दिया जाने वाला प्यार मुझे बहुत पसंद है और पहले आप की परंपरा भी मुझे बहुत पसंद है। उन्होंने बताया कि प्रेशर में खेलने के लिए गाइडेंस और दुआओं का साथ होना बेहद जरूरी है। साथ ही बताया कि अपने करियर के दौरान मैं बहुत चोटिल हुआ जिसके लिए मुझे खेलने और इलाज कराने की बहुत चिंता थी वह दौर मेरे लिए अप डाउन का दौर था जहां मैंने बहुत कुछ सीखा। मेरी पांच से छह सर्जरी हुई है हालांकि अब देश के लिए जिस तरह से एसबीआई खुद को सर्व कर रहा है वैसे ही मैं भी देश के लिए सब कुछ भूल कर सर्व कर रहा हूं।

सुरेश ने बताया कि बुक का हिंदी अनुवाद सितंबर या अक्टूबर तक आ जाएगा। सुरेश रैना के आगमन को लेकर बैंक स्टाफमें काफी उत्साह का माहौल दिखा। स्टेट बैंक ऑफइंडिया लखनऊ सर्किल के चीफ जनरल मैनेजर अजय कुमार खन्ना ने बताया कि सुरेश रैना अपने क्रिकेटिंग कैरियर में लगातार शानदार परफॉमेंस देते रहे हैं और सभी फार्मेट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी लगातार शानदार परफॉमेंस करते हुए अपने सम्मानित ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरा है।

## एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 10 फीसदी किया

**नई दिल्ली**। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के कारण चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया। एडीपी ने इससे पहले अप्रैल में वृद्धि दर के 11 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी ने एशियाई वृद्धि परिदृश्य (एडीओ) में कहा कि मार्च 2021 को समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत थी, जिसके चलते पूरे वित्त वर्ष के दौरान संकुचन आठ प्रतिशत के पूर्वानुमान के मुकाबले 7.3 प्रतिशत रहा। एडीपी ने कहा कि शुरुआती संकेतकों से पता चलता है कि लॉकडाउन के उपायों में ढील के बाद आर्थिक गतिविधियां फिर शुरू हो गई हैं। एडीओ 2021 में वित्त वर्ष 2021 (मार्च 2022 को समाप्त) के लिए वृद्धि अनुमान 11 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है, जो बड़े आधार प्रभाव को दर्शाता है।

# कुल मार्गों में केवल 47 प्रतिशत चालू कोविड से प्रभावित होगी योजना

**उड़ान योजना**

भाषा। मुंबई

**सरकार** की क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के कार्यान्वयन की धीमी गति के चलते 50 प्रतिशत मार्ग भी चालू नहीं हो सके हैं और कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के चलते योजना आगे और प्रभावित हो सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 तक कम से कम।,000 क्षेत्रीय संपर्क मार्ग (आरसीएस) शुरू करने और 100 से अधिक अनारक्षित और छोटे हवाई अड्डों के संचालन के लक्ष्य को पाने में दो साल की देरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अप्रैल 2017 को उड़ान योजना की शुरुआत की थी, जिसका मकसद आम लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा देना था। इसके लिए सरकार ने वित्तीय सहायता और बुनियादी ढांचे



के विकास पर जोर दिया। इक्रा के मुताबिक 31 मई तक उड़ान के तहत कुल मार्गों में से केवल 47 प्रतिशत मार्ग और 39 प्रतिशत हवाई अड्डे ही चालू हो सके थे। इक्रा ने कहा कि परिचालन शुरू करने वाले नए आरसीएस मार्गों की संख्या 2019 और 2020 में तेजी से बढ़ी, लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते 2021 में यह रफ्तार घट गई। इक्रा के अनुसार वित्त वर्ष 2018 से 2021 के दौरान सरकार ने उड़ान योजना पर कुल 3,350 करोड़ रुपए खर्च किए, और वित्त वर्ष 2022 के लिए।,130 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कॉरपोरेट रेटिंग के समूह प्रमुख शुभम जैन ने कहा कि कुछ आरसीएस हवाई अड्डों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी तथा नियामक मंजूरियों में देरी के चलते उड़ान योजना को लागू करने में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ मार्गों पर कम मांग, विपरीत मौसम दशाओं और महामारी के चलते भी योजना प्रभावित हुई है।

# पेज 1 का शेष

## विदेशी इशारे...

यह सब रास नहीं आ रहा है। योगी ने कहा कि किसान आंदोलन के नाम पर भी ऐसा किया गया। किसानों को मत और मजहब से जोड़ा गया। उन्हें भड़काया गया, हिंसा करवाई गई। विपक्ष नकारात्मक राजनीति कर रहा है लेकिन इससे देश का भला नहीं होने वाला है। कुंठित मंशा विपक्ष की कभी सफल नहीं होगी। विपक्ष ने राफेल जैसा मुद्दा लाकर 2019 के पहले माहौल खराब किया था लेकिन उन्हें जनता ने जवाब दिया। अब आगे भी जनता ही उन्हें जवाब देगी।

## महामारी से...

बंगाल के लिए और टीकों की मांग की। बीजू जनता दल (बीजद), टीएमसी और कुछ अन्य दलों ने भी सरकार से स्वदेशी टीके कोवैक्सिन के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) नेता नामा नागेश्वर राव ने सरकार से टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने का आग्रह किया और चिंता जताते हुए कहा कि महामारी की दूसरी लहर ने ग्रामीण आबादी को भी प्रभावित किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस संबंध में 20 से अधिक बैठकें कर महामारी से लड़ने के अभियान में अतिरिक्त गंभीरता का परिचय दिया है। तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) सहित कई विपक्षी दलों ने कोविड-19 की स्थिति से निपटने पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक में भाग लिया जबकि, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस इसमें शामिल नहीं हुई। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी बैठक में मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और मुख्तार अब्बास नकवी भी उपस्थित थे। बैठक में हिस्सा लेने वाले विपक्षी नेताओं में राकांपा के शरद पवार, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव और बीजद के पिनाकी मिश्रा शामिल थे। बैठक में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और टीआरएस के नेता भी शामिल हुए। भाजपा के पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल ने भी इसमें भाग नहीं लिया। वाम दल भी बैठक में शामिल नहीं हुए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस बैठक का बहिष्कार नहीं कर रही है, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं होगी क्योंकि उनकी पार्टी चाहती है कि सरकार संसद के दोनों सदनों में तथ्यों को पेश करे। मोदी ने सोमवार को कहा था कि उन्होंने सदन के सभी नेताओं से मंगलवार शाम को कुछ समय निकालने का अनुरोध किया है, जब वह महामारी के बारे में विस्तृत जानकारी देना चाहते हैं।

## देश में...

कंपनियों दाईवू शिपबिल्डर्स (दक्षिण कोरिया), थायसीनक्रूप मरीन सिस्टम (जर्मनी), वंतिया (स्पेन), नेवल ग्रु प (फ्रांस) और जेएससी आरओई (रूस) शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह परियोजना न केवल पनडुब्बी, जहाज निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने में सहायता करेगी, बल्कि पनडुब्बियों से संबंधित कल-पुर्जों, प्रणालियों और उपकरणों के निर्माण के लिए एक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में योगदान देगी। भारतीय नौसेना ने 2030 में समाप्त होने वाले 30 साल के कार्यक्रम के तहत पानी के भीतर जंगी क्षमता को बढ़ाने के लिए छह परमाणु हथियारों से लैस होने वाली पनडुब्बियों सहित 24 नई पनडुब्बियों की खरीद की योजना बनायी है। वर्तमान में नौसेना के पास 15 पारंपरिक पनडुब्बियां और दो परमाणु क्षमता से संपन्न पनडुब्बियां हैं।

## कुंद्रा की...

ई-मेल पर संदेशों का आदान-प्रदान, लेखाजोखा और कुछ अश्लील फिल्म कुंद्रा के मुंबई स्थित कार्यालय पर छापेमारी के दौरान बरामद की है। उन्होंने कहा, अपराध में संलिप्तता के सबूत एकत्र करने के बाद हमने राज कुंद्रा और उसके आईटी प्रमुख रेयान थोर्पे को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया, मामले में हमारी जांच जारी है। पुलिस ने सोमवार को दावा किया था कि मामले में कुंद्रा मुख्य साजिशकर्ता है। उन्होंने बताया कि मुंबई के उपनगर मालवानी पुलिस थाने में चार फरवरी को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में अप्रैल में आरोप पत्र दाखिल करने के बावजूद कुंद्रा की गिरफ्तारी में देरी के सवाल पर भारम्बे ने कहा कि मामले को मजबूत करने के लिए कई इलेक्ट्रॉनिक सबूतों की जांच करने की जरूरत थी। पुलिस द्वारा कोई दंडात्मक कार्वाई करने से पहले रुपयों के हस्तांतरण, अकाउंट के असली मालिक का पता लगाना, सामग्री और प्रकाशक को सत्यापित करना था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पाया कि विभिन्न खातों में रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। वहीं अश्लील फिल्म गिरोह के पीड़ितों को महज कुछ हजार रुपए मिलते थे। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि आर्म्सप्राइम नाम कंपनी ने केनरिन के लिए ऐप (हॉटस्पॉट) बनाया, अलग ऐप भी था। वियान इंडस्ट्रीज का केनरिन के साथ सामग्री निर्माण और पैसों को लेकर करार था और इसके लिए ब्रिटिश कंपनी कुंद्रा की कंपनी को पैसे हस्तांतरित करती थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऐप के इस्तेमाल के एवज में उपयोकर्ता से मिलने वाली राशि केनरिन के नाम पर आती थी लेकिन उसका प्रबंधन मुंबई में होता था। भारम्बे ने बताया कि मुंबई की अपराध शाखा के पास मामला आने से पहले गिरोह के बारे में महाराष्ट्र साइबर शाखा के पास शिकायत आई थी। दो महिलाओं की शिकायत पर मालवानी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की जबकि एक अन्य महिला ने मुंबई से 120 किलोमीटर दूर लोनावला पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने कुछ शिकायतकर्ताओं द्वारा मालवाली पुलिस थाने में संपर्क किए जाने के बाद फरवरी 2021 में मामले की जांच शुरू की। जांच में खुलासा हुआ कि कुछ छोटे कलाकारों को वेब सीरिज और लघु फिल्म में काम करने का मौका देने का लालच दिया जाता था। इसके बाद उन्हें ऑडिशन के नाम पर उत्तेजक दृश्य फिल्माने के बहाने उनकी इच्छा के विपरीत अर्धनग्न या नग्न दृश्य फिल्मा लिए जाते थे। जांच के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री पेश करने वाले कई अन्य ऐप की भी जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस ने निर्माता रोमा खाना, उनके पति, अभिनेत्री गहना वशिष्ठ, निदेशक तनवीर हाशमी और उमेश कामथ (जो कुंदा की कंपनी के भारत में कारोबार को देखते थे) को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि अबतक मामले में 11 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। अपराध शाखा ने विभिन्न ऐप संचालकों की 7.5 करोड़ रुपए की राशि जब्त की है।

## बकरीद पर...

दबाव समूहों के आगे झुकते हुए पाबंदियों में ढील देने से देश के नागरिकों के लिए संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। पीठ ने कहा कि हम केरल सरकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निहित जीवन के अधिकार पर ध्यान देने का निर्देश देते हैं। पीठ बकरीद के त्योहार के मद्देनजर केरल सरकार द्वारा पाबंदियों में ढील देने के मुद्दे को लेकर दाखिल एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में राज्य ने तर्क दिया कि प्रतिबंधों और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक तंगहाली से लोगों की हालत और खराब हुई है। हलफनामे में कहा गया विपक्षी दलों ने भी व्यापारियों के मुद्दे को जोरशोर से उठाया और प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की थी। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने 17 जुलाई को संवाददाता सम्मेलन में पाबंदियों में छूट की घोषणा की थी।

## अपने रॉकेट...

यान से यात्रा करने के लिए 600 लोग पहले से कतार में हैं। ब्रैनसन की कंपनी अगले साल लोगों के लिए यात्रा कार्यक्रम शुरू करने से पहले न्यू मेक्सिको से दो और यान को अंतरिक्ष भेजने वाली है। द वाशिंगटन पोस्ट अखबार का मालिकाना हक रखने वाले बेजोस (57) पहली सीट पर बैठे थे। उनके बगल में 50 वर्षीय उनके भाई मार्क बेजोस, उसके बाद फंक और डेमेन थे। उन्होंने प्रशिक्षण में दो दिन गुजारे।

## कल्याण सिंह...

स्थिति पूर्ववत है। शनिवार सायंकाल से उन्हें सांस लेने में कठिनाई होने के कारण हाई प्रेशर ऑक्सीजन मास्क पर रखा गया था। वह क्रिटिकल केयर मेडिसिनए नेफ्रोलाजी, न्यूरोलाजी, इंडोक्राइनोलॉजी एवं कार्डियोलाजी विभागो के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं।

# चाहर चले, भारत के नाम सीरीज

## ● भारत ने दूसरे वनडे में रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

**भाषा**। कोलंबो



यजुवेन्द्र चहल ने शानदार गेंदबाजी करके तीन विकेट चटकाए

**दीपक** चाहर ने दो विकेट चटकाने बाद बाद करियर का पहला अर्धशतक जड़ा और भुवनेश्वर कुमार के साथ आठवें विकेट की अटूट अर्धशतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने मंगलवार को यहां बेहद रोमांचक दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई। श्रीलंका के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने चाहर (82 गेंद में नाबाद 69, सात चौके और एक छक्का) और भुवनेश्वर (28 गेंद में नाबाद 19) के बीच आठवें विकेट की 84 रन की अटूट साझेदारी से 49.1 ओवर में सात विकेट पर 277 रन बनाकर जीत दर्ज की। इन दोनों ने उस समय यह साझेदारी की जब भारत 193 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद संकट में था। भारत की ओर से सूर्यकुमार यादव (53) ने भी अर्धशतक जड़ा जबकि मनीष पांडे (37) और कृणाल पंड्या (35) ने उपयोगी पारियां खेली। श्रीलंका ने चरिथ असालांका (68 गेंद में 65 रन, पांच चौके) और सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो (71 गेंद में 50 रन) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 275 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। निचले क्रम में चमिका करूणारत्ने (33 गेंद में नाबाद 44, पांच चौके) ने तेजतर्रार पारी खेली जिससे टीम अंतिम 10 ओवर में 79 रन जोड़ने में सफल रही। करूणारत्ने ने असालांका के साथ सातवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी भी की।

भारत की ओर से लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 50 रन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 54 रन पर तीन-तीन विकेट चटकाए। चाहर ने 53 रन देकर दो विकेट हासिल किए। तीसरा और अंतिम मुकाबला यहां प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में ही 23 जुलाई को खेला जाएगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत खराब रही और टीम ने 39 रन तक ही सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव (13) और इशान किशन (01) के विकेट गंवा दिए। लेग स्पिनर हसारंगा (37 रन पर तीन विकेट) की सीधी गेंद को चूककर पृथ्वी बोल्ड हुए जबकि इशान ने तेज गेंदबाज कासुन रजिता की गेंद को विकेटों पर खेला।

कप्तान शिखर धवन (29) भी हसारंगा की सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हुए। सूर्यकुमार और पांडे ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ही बल्लेबाज अच्छी लय में लग रहे थे। दोनों ने भारत के रनों का शतक 16वें ओवर में पूरा किया। पांडे हालांकि इसके बाद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। शनाका के इसी ओवर में हार्दिक पंड्या (00) ने धनंजय डिसिल्वा को कैच थमा दिया जिससे 18वें ओवर में भारत का स्कोर पांच विकेट पर 116 रन हो गया। भारत के 150 रन 27वें ओवर में पूरे किए। इसी ओवर में अपना दूसरा मैच खेल रहे सूर्यकुमार ने लक्षण संदाकन पर चौका जड़कर 42 गेंद में पहला अर्धशतक पूरा किया लेकिन अंतिम गेंद पर पगबधा हो गए। उन्होंने 44 गेंद का सामना करते हुए छह चौके जड़े।

कृणाल को इसके बाद चाहर का साथ मिला। दोनों ने संदाकन पर चौके जड़े लेकिन हसारंगा ने कृणाल को बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। कृणाल ने 54 गेंद में तीन चौके मारे। चाहर और भुवनेश्वर अब क्रीज पर थे। भारत को अंतिम 10 ओवर में 67 रन की दरकार थी। चाहर ने संदाकन पर चौका और फिर छक्का जड़ने के बाद रजिता पर लगातार दो चौके जड़कर रन गति बनाए रखी। पांचवां वनडे खेल रहे चाहर ने चमीरा की गेंद पर एक रन के साथ 64 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

भारत को अंतिम पांच ओवर में 31 रन की जरूरत थी। हसारंगा के ओवर में सिर्फ दो रन बने लेकिन भुवनेश्वर और चाहर ने चमीरा पर चौके जड़ते हुए 13 रन बटोरे। हसारंगा के 48वें ओवर में सिर्फ एक रन बना। भारत को अंतिम दो ओवर में 15 रन की जरूरत थी। चाहर ने चमीरा पर दो चौके के साथ भारत का पलड़ा भारी किया। अंतिम ओवर में भारत को तीन रन की दरकार थी और चाहर ने रजिता की पहली गेंद पर चौका जड़कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। फर्नांडो और मिनोद भानुका (36) ने पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़कर एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मिनोद और फर्नांडो दोनों को चाहर के ओवर में जीवनदान मिला।

### स्कोर बोर्ड

श्रीलंका: अविष्का फर्नांडो का कृणाल बो भुवनेश्वर 50, मिनोद भानुका का पांडे बो चहल 36, भानुका राजपक्षे का इशान बो चहल 00, धनंजय डिसिल्वा का धवन बो चाहर 32, चरिथ असालांका का स्थानापन्न बो भुवनेश्वर 65, दासुन शनाका बो चहल 16, वानिंदु हसारंगा बो चाहर 08, चमिका करूणारत्ने नाबाद 44, दुष्मंता चमीरा का स्थानापन्न बो भुवनेश्वर 02, लक्षण संदाकन रन आउट 00, कासुन रजिता नाबाद 01
अतिरिक्त: 21
कुल: 50 ओवर में नौ विकेट पर: 275 रन
विकेट पतन:1-77, 2-77, 3-124, 4-134, 5-172, 6-194, 7-244, 8-264, 9-266
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 10-0-54-3, चाहर 8-0-53-2, हार्दिक 4-0-20-0, चहल 10-1-50-3, कुलदीप 10-0-55-0, कृणाल 8-0-37-0

भारत: पृथ्वी साल बो हसारंगा 13, शिखर धवन पगबाधा बो हसारंगा 29, इशान किशन बो रजिता 01, मनीष पांडे रन आउट 37, सूर्यकुमार यादव पगबाधा बो संदाकन 53, हार्दिक पंड्या रन आउट 00, कृणाल पंड्या बो हसारंगा 35, दीपक चाहर नाबाद 69, भुवनेश्वर कुमार नाबाद 19, अतिरिक्त: 21
कुल: 49.1 ओवर में सात विकेट पर : 277 रन
विकेट पतन: 1-28, 2-39, 3-65, 4-115, 5-116, 6-160, 7-193
गेंदबाजी: रजिता 7.1-0-53-1, चमीरा 10-0-65-0, हसारंगा 10-0-37-3, संदाकन 10-0-71-1, करूणारत्ने 6-1-26-0, शनाका 3-0-10-1, डिसिल्वा 3-0-10-0

## रोहन बोपन्ना मामले को आचरण समिति के पास भेजेगा एआईटीए

**नई दिल्ली**। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के महासचिव अनिल धूपर के साथ बातचीत को सार्वजनिक करने के रोहन बोपन्ना के मामले को एआईटीए की आचरण और प्रबंध समिति के पास भेजा जाएगा। एआईटीए ने साथ ही टोक्यो ओलंपिक में भारतीय पुरुष युगल टीम के क्वालीफिकेशन को लेकर अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के साथ अपना पूरा संवाद जारी किया। बोपन्ना और सानिया मिर्जा की टिप्पणियों से बनी नकारात्मक धारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करते हुए एआईटीए ने बताया कि किस तरह उन्होंने 28 जून से 16 जुलाई के बीच खेलों में प्रवेश को लेकर बोपन्ना और दिविज शरण का मामला उठाया।



टोक्यो में ओलंपिक छल्ले के सामने फोटो खिंचवाती भारतीय महिला हाकी टीम

# पैदल चाल खिलाड़ी को नहीं मिला एक्रीडिटेशन

## ● चक्का फेंक खिलाड़ी के कोच को लेकर भी सशंय की स्थिति

**भाषा**। नई दिल्ली

**पैदल** चाल खिलाड़ी गुरप्रीत सिंह और चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर की कोच राखी त्यागी को अभी तक एक्रीडिटेशन (मान्यता) नहीं मिलने के कारण उनके भारतीय दल के साथ टोक्यो ओलंपिक के लिए जाने पर संशय बना हुआ है। पता चला है कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने गुरप्रीत और कमलप्रीत की कोच राखी को मान्यता दिलाने की आखिरी पलों में कोशिश की लेकिन नाकामी हाथ लगी। नियमों के मुताबिक ओलंपिक शुरू होने से कुछ महीने पहले खेल महासंघ से सौंपी जाने वाली विस्तृत सूची में इन दोनों का नाम नहीं था।

भारतीय एथलेटिक्स टीम से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि गुरप्रीत और रेखा त्यागी का नाम कुछ महीने पहले सौंपी गई विस्तृत सूची में नहीं था और एएफआई की उन्हें मान्यता दिलाने की आखिरी क्षणों की कोशिश अभी तक सफल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम अब भी कोशिश कर रहे हैं। गुरप्रीत 50 किलोमीटर पैदल चाल में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुरप्रीत ने फरवरी में राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप जीती थी और विश्व रैंकिंग में उनके 60वें स्थान ने उनका ओलंपिक टिकट पक्का किया था। एएफआई ने ओलंपिक के लिए 26 एथलीटों के नाम की घोषणा की है। भारत के 47 सदस्यीय एथलेटिक्स दल में खिलाड़ियों के अलावा 11 कोच, आठ सहयोगी सदस्य, एक टीम डॉक्टर और एक टीम नेतृत्वकर्ता है।





मुकाबले से पहले अभ्यास में जुटे तैराक सजन प्रकाश

## दतान होंगे एकमात्र भारतीय बैडमिंटन अंपायर

**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय अंपायर फाइन सी दतान टोक्यो ओलंपिक की बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए अंपायरों के 26 सदस्यीय पैनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। तिरुवनंतपुरम के 50 साल के दतान कोविड-19 नियमों से जुड़ी सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार रात जापान के राजधानी के लिए रवाना होंगे। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता पीवी सिंधू सहित चार भारतीय 24 जुलाई से शुरू हो रही बैडमिंटन स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। त्रिवेंद्रम के सरकारी आयुर्वेद कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर दतान ने कहा कि यह मेरा पहला ओलंपिक है और ऐसा मौका जीवन में एक बार मिलता है। बैडमिंटन विश्व महासंघ के अंपायरों के एलीट पैनल के सदस्य दतान को इस साल कोविड-19 महामारी के कारण कुछ टूर्नामेंटों से हटना पड़ा लेकिन उन्होंने कहा कि यह समस्या नहीं है क्योंकि उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग का अनुभव है। दतान का अतीत में शानदार रिकॉर्ड रहा है और वह विश्व चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल और थॉमस एवं उबेर कप जैसी लगभग सभी बड़ी प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग कर चुके हैं।

## दबाव का लुत्फ उठाएं एथलीट: तेंदुलकर

**नई दिल्ली**। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने टोक्यो ओलंपिक के लिए जाने वाली भारत की 26 सदस्यीय ट्रैक एवं फील्ड टीम से अपील की कि वे दबाव का लुत्फ उठाएं और इसे अपने ऊपर हावी नहीं होने दें। तेंदुलकर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के साथ खिलाड़ियों को ऑनलाइन विदाई दी। वर्चुअल कार्यक्रम में तेंदुलकर ने एथलीटों से कहा कि वे ओलंपिक में पदक जीतने के अपने सपने का बिना रुके पीछा करें।

तेंदुलकर ने कहा कि काफी लोग कहते हैं कि खेल में हार और जीत होती है लेकिन मेरा संदेश है कि हार आपके विरोधी की हो और आप जीत दर्ज करें।

# चेक गणराज्य की बीच वालीबॉल टीम कोच साइमन नाश कोविड पाजिटिव

### ओलंपिक डायरी

**टोक्यो**। चेक गणराज्य के बीच वॉलीबॉल कोच साइमन नॉश कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। वह ओलंपिक खेल गांव में वायरस से संक्रमित होने वाले पांचवें व्यक्ति हैं। सोमवार को खेल गांव में चेक गणराज्य के ही पुरुष बीच वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ी ओंद्रेज पेरुसिच भी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। दैनिक अपडेट सूची के अनुसार खेलों से जुड़े कोविड मामलों की कुल संख्या अब 67 तक पहुंच गई है। चेक ओलंपिक समिति ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक की चेक टीम को एक और कोविड-19 पॉजिटिव मामले से निपटना होगा। नियमित एंटीजेन परीक्षण में बीच वॉलीबॉल टीम के कोच साइमन नॉश में वायरस की मौजूदगी का पता चला है।





टोक्यो रवाना होने से पहले बेलग्रेड में पत्रकारों से वार्ता करते सर्बिया के नोवाक जोकोविक

## समारोह को आठ लाख से अधिक लोगों ने देखा

**टोक्यो**। टोक्यो ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से चार दिन पूर्व वर्चुअल ओलंपिक स्टेडियम में आनलाइन महोत्सव को लगभग आठ लाख 50 हजार लोगों ने देखा। दुनिया भर के बच्चों को इस लाइव कार्यक्रम के दौरान अपनी कलाकृतियों को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया था। आयोजकों ने शुरुआत में वसाई महोत्सव का आयोजन असल ओलंपिक स्टेडियम में करने की योजना बनाई थी लेकिन महामारी के कारण यह योजना खटाई में पड़ गई।

## एनबीसी कमेंटेटर का काम करेंगे फेल्प्स

**स्टामफोर्ड**। ओलंपिक के इतिहास के सबसे कामयाब खिलाड़ी माइकल फेल्प्स एक संवाददाता और तैराकी कमेंटेटर के तौर पर ओलंपिक में एनबीसी नेटवर्क के लिए काम करेंगे। ओलंपिक में 23 स्वर्ण समेत 28 पदक जीत चुके फेल्प्स 2000 से 2016 तक पांच ओलंपिक खेल चुके है। उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी तैराकी ट्रायल के दौरान एनबीसी के लिए कुछ काम किया था। फेल्प्स के कैरियर पर तीन भागों की विशेष श्रृंखला एनबीसी के पीकॉक प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है।

## युगांडा का फरार एथलीट मध्य जापान में मिला

**टोक्यो**। पिछले सप्ताह पश्चिमी जापान में ओलंपिक पूर्व प्रशिक्षण के दौरान फरार हुआ युगांडा के एथलीट की खोज कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मध्य जापान के मिअ प्रांत की पुलिस ने बताया कि 20 साल के भारोत्तोलन जूलियस सेकिटोलेको को पश्चिमी जापान के मेजबान शहर से 170 किलोमीटर दूर योकाइची शहर में पाया गया। पुलिस उससे पूछ रही है कि वह शुक्रवार को ओसाका प्रान्त के इजुमिसानो में अपने होटल से क्यों भागा। उसने भागने से पहले एक नोट छोड़ा था जिसमें लिखा था कि वह अपने देश नहीं लौटना चाहता।

## मून फिर आचरण आयोग के अध्यक्ष बने

**टोक्यो**। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की मून को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के आचरण आयोग का अध्यक्ष चुना गया। यहां आईओसी के सत्र के दौरान उन्हें इस पद पर दोबारा चुना गया। दक्षिण कोरिया के 77 साल के राजनीतिज्ञ और राजनयिक बान की मून 2017 से इस पद पर है। वह चार साल के एक और कार्यकाल के लिए इस पद पर रहेंगे। आईओसी से 2019 में सदस्य के रूप में जुड़ने वाली कोस्टा रिका की लॉरा चिनचिला आचरण आयोग की नई सदस्य होंगी।

## इंसानियत को भविष्य में भरोसा दिलाएंगे: बाक





**टोक्यो**। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच टोक्यो ओलंपिक मानवता का भविष्य में विश्वास पैदा करेंगे। आईओसी के सत्र की शुरूआत के मौके पर उन्होंने कहा कि ओलंपिक का मंच सज चुका है जिसके जरिए खिलाड़ी अपनी रौनक बिखेरकर दुनिया को प्रेरित करेंगे।

कोरोना महामारी से निपटने में सरकार के ढीले रवैए के कारण आलोचना झेल रहे जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि ओलंपिक निर्णायक मोड़ हैं और लंबी सुरंग के बाद बाहर निकलने का रास्ता नजर आ रहा है।

## दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को पहले टी-20 में हराया

**डबलिन**। आयरलैंड को अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 33 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 165 रन बनाए। कैगिसो रबाडा ने आखिरी ओवर में चार चौके जड़े। जवाब में आयरलैंड ने आठवें ओवर में ही पांच विकेट 46 रन पर गंवा दिए थे। बीस ओवर पूरे होने पर टीम नौ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग ने जॉर्ज लिंडे की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। केविन ओब्रायन को रबाडा ने पहली गेंद पर रवाना कर दिया। जॉर्ज डॉकरेल और एंडी बालबर्नी को लुंगी एंगिडी ने विकेट के पीछे लपकवाया।

आयरलैंड के पांच विकेट 46 रन पर गिर गए जब आखिरी मैच में शतक जमाने वाले सिमी सिंह चार रन बनाकर तबरेज शम्सी की गेंद पर बोल्ड हुए। शम्सी ने 27 रन देकर चार विकेट लिए।

# अमन गूलिया और सागर जगलान बने नए चैंपियन

### कैडेट विश्व चैंपियनशिप

**भाषा**। बुडापेस्ट

**युवा** भारतीय पहलवान अमन गूलिया और सागर जगलान अपने अपने वजन वर्ग में मंगलवार को नए विश्व चैंपियन बने जिससे भारत ने यहां कैडेट विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया। अमन ने 48 किग्रा फाइनल में अमेरिका के ल्यूक जोसेफ लिलेडाहल को 5-2 से हराया जबकि सागर ने 80 किग्रा वर्ग में जेम्स मॉकलर राउले को 4-0 से शिकस्त दी।

साहिल ने 110 किग्रा वर्ग में पहले दो मिनट में ही कजाखस्तान के अलीखान कुसेइनोव को चित्त करके कांस्य पदक जीता। जसकरण सिंह ने भी 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में अजरबेजान के अब्दुल रहमान इब्राहिमोव को 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाते हुए कम से कम रजत पदक पक्का किया। अमन ने टूर्नामेंट में दबदबा बनाते हुए खिताब के सफर तक सिर्फ तीन अंक गंवाए। अमेरिकी खिलाड़ी अमन से अधिक लंबा था और उनकी पहुंच दूर तक थी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने लगातार हमले बोलकर विरोधी को पस्त कर दिया।

वैभव पाटिल को 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के प्ले आफ मुकाबले में अजरबेजान के जाविद जवादोव के खिलाफ 5-7 से शिकस्त झेलनी पड़ी। बुधवार को जसकरण स्वर्ण पदक के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के कमरोनबेक कदामोव से भिड़ेंगे जबकि चिराग (51 किग्रा) और जयदीप (71 किग्रा) कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।

# प्रग्गनानंदा शतरंज विश्व कप के चौथे दौर में पहुंचे

**भाषा**। सोच्चि (रूस)



**युवा** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा ने मंगलवार को यहां फिडे शतरंज विश्व कप के तीसरे दौर के रेपिड टाईब्रेक में अनुभवी माइकल क्रासेनकोव को 2-0 से हराया। पहली बार विश्व कप में खेल रहे 15 साल के प्रग्गनानंदा चौथे दौर में मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव और डेविड पराव्यान के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

क्रासेनकोव ने प्रग्गनानंदा को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर दूसरी टाईब्रेक बाजी को 67 चाल में जीतकर मुकाबला अपने नाम करने में सफल रहा। प्रग्गनानंदा ने दो बाजियों के मुकाबले की पहली बाजी जीती थी लेकिन पोलैंड का 57 वर्षीय खिलाड़ी दूसरे बाजी जीतकर मुकाबले को टाईब्रेक में खींचने में सफल रहा। सोमवार को रोमानिया के कोन्सटेनटिन लुपुलेस्क्यू को 1.5-0.5 से हराने वाले अनुभवी पी हरिकृष्णा गुरुवार को चौथे दौर के मुकाबले में ईरान के एम अमीन से भिड़ेगे।

## मिताली फिर बनीं वनडे में नंबर एक खिलाड़ी

**भाषा**। दुबई

**भारतीय** कप्तान मिताली राज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 762 अंक के साथ एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गई जबकि बाएं हाथ की बल्लेबाज स्मृति मंधाना भी नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं।

16 साल से भी अधिक समय पूर्व पहली बार बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंचने के बाद मिताली नौवीं बार नंबर एक बल्लेबाज बनीं हैं। पिछली रैंकिंग में शीर्ष पर चल रही वेस्टइंडीज की कप्तान स्टेफनी टेलर पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। गेंदबाजों की सूची में झूलन गोस्वामी पांचवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जबकि आलराउंडरों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा 10वें स्थान पर हैं।

# राहुल ने शतकीय पारी खेलकर टेस्ट के लिए दावा मजबूत किया

### अभ्यास मैच

## ● भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 306 रन बनाए

**भाषा**। चेस्टर ली स्ट्रीट



**लोकेश** राहुल की 101 रन की पारी के अलावा रविन्द्र जडेजा (75) के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 127 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने काउंटी एकादश (सिलेक्ट काउंटी एकादश) के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच में मंगलवार को पहले दिन खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 306 रन बनाए।

स्टंप्स के समय जसप्रीत बुमराह तीन और मोहम्मद सिराज एक रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल 150 गेंद में 101 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया।

उन्होंने इस पारी से भारतीय टीम में मध्यक्रम में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत किया। जडेजा ने 146 गेंद की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले नियमित कप्तान विराट कोहली और टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे मामूली रूप से चोटिल होने के कारण भारतीय टीम का हिस्सा नहीं बने जबकि अनुभवी गेंदबाजों रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और इशांत शर्मा को विश्राम दिया गया। काउंटी एकादश टीम में भी चोट और कोविड-19 से जुड़े पृथकवास के कारण अपने खिलाड़ियों को गंवाने के बाद भारत के युवा खिलाड़ी आवेश खान और वाशिंगटन सुंदर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की इस टीम की ओर से अपने ही देश की टीम के खिलाफ उतरे। भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन 10वें ओवर में वह कैच आउट हो गए।

सलामी बल्लेबाजी के लिए उनके साथ क्रीज पर उतरे मयंक अग्रवाल ने इस दौरान कुछ आकर्षक चौके लगाए लेकिन वह भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। मयंक ने 35 गेंद की पारी में छह चौके की मदद से 28 रन बनाए। दिन के दूसरे सत्र में हालांकि भारतीय टीम को उस समय झटका लगा जब हनुमा विहारी के शॉट को रोकने की कोशिश में रिजर्व तेज गेंदबाज आवेश अपना अंगूठा चोटिल कर बैठे। चोट की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आवेश इसके बाद दर्द से कराहते दिखे और भारतीय टीम के फिजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में नाकामी के बाद निराशा झेल रहे पुजारा एक बार फिर नाकाम रहे और 47 गेंद में 21 रन बनाकर विकेटकीपर को कैच थमा बैठे।

हनुमा विहारी ने 71 गेंद का सामना किया लेकिन वह भी 24 रन ही बना सके। अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 107 रन पर चौथा विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम मुश्किल में थी लेकिन राहुल और जडेजा की साझेदारी ने टीम को संभाल लिया।

# कास्टिलो बने पेरू के राष्ट्रपति

भाषा। लीमा

**ग्रामीण अध्यापक** से नेता बने पेड्रो कास्टिलो पेरू में 40 साल में अब तक की सबसे लंबी मतगणना के बाद राष्ट्रपति पद के चुनाव में विजई घोषित किए गए। कास्टिलो ने दक्षिणपंथी नेता कीको फुजिमोरी को मात्र 44,000 मतों के अंतर से हराया। कास्टिलो के समर्थकों में पेरू के गरीबों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या है। इतिहासकारों का कहना है कि कास्टिलो पेरू के राष्ट्रपति बनने वाले पहले किसान हैं। निर्वाचन अधिकारियों ने सोमवार को अंतिम आधिकारिक परिणाम जारी किए। दक्षिण अमेरिकी देश में हुए चुनाव के एक महीने से अधिक समय बाद चुनाव की घोषणा की गई है। पेरू लिब्रे पार्टी के चुनाव चिह्न बेंत के आकार की पेंसिल के साथ कास्टिलो ने अमीर देश में अब कोई गरीब नहीं होगा का नारा लोकप्रिय किया।

### ● कास्टिलो पेरू के राष्ट्रपति बनने वाले पहले किसान हैं

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तांबा उत्पादक पेरू की अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस महामारी की बुरी मार पड़ी है और देश की करीब एक-तिहाई आबादी गरीब हो गई है।

कास्टिलो ने खनन क्षेत्र से होने वाली आय का इस्तेमाल शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों समेत जनसेवाओं में सुधार के लिए करने का वादा किया है। वैश्विक महामारी ने इन क्षेत्रों की खामियों को उजागर कर दिया है। कास्टिलो (51) ने पेरू के तीसरे सबसे गरीब जिले अंगुइया में अप्रैल में द एसोसिएटेड प्रेस से कहा था, जिनके पास कार नहीं है, उनके पास कम से कम एक साइकिल होनी चाहिए। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए खड़े होकर पेरू वासियों एवं पर्यवेक्षकों को हैरान कर देने वाले कास्टिलो ने बहुराष्ट्रीय खनन और प्राकृतिक गैस कंपनियों के राष्ट्रीयकरण पर अपने पहले प्रस्तावों को नरम कर दिया है। इसके बजाय, उनके चुनाव प्रचार अभियान ने कहा कि वह तांबे की उच्च कीमतों के कारण मुनाफे पर कर बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। तांबे की कीमत प्रति टन 10,000 डॉलर से अधिक है। पेरू के इतिहासकार एवं यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-सैंटा बारबरा की प्रोफेसर सेसिलिया मेंडेज ने कहा, अभी तक ऐसा कभी नहीं हुआ है, जब कोई पेशेवर, सैन्य या आर्थिक रूप से समृद्ध समूह से संबंध नहीं रखने वाला व्यक्ति राष्ट्रपति बना हो। पूर्व सांसद फुजिमोरी व्यापारिक अभिजात वर्ग के समर्थन से राष्ट्रपति पद के लिए तीसरी बार खड़ी हुई थीं। वह जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजिमोरी की बेटी हैं। कास्टिलो के विजई होने की घोषणा के इंतजार में पेरू की राजधानी लीमा में निर्वाचन अधिकरण के सामने विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों पेरूवासी एक महीने से अधिक समय से डेरा डाले हुए थे। इन्हीं लोगों में शामिल एक पर्यावरण कार्यकर्ता मारुजा इंक्विला ने कहा कि कई लोग कास्टिलो की पार्टी से नहीं हैं, लेकिन उन्हें प्रोफेसर पर भरोसा है कि वह अन्य राजनेताओं की तरह नहीं होंगे, जिन्होंने अपने वादे पूरे नहीं किए और गरीबों के लिए काम नहीं किया। फुजिमोरी ने सोमवार को कहा कि वह कास्टिलो की जीत को स्वीकार करेंगी। इससे पहले उन्होंने कास्टिलो पर चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। कास्टिलो ने कजमार्का के एक दूरदराज के गांव सैन लुइस डी पुना में 25 वर्षों तक प्राथमिक स्कूल के शिक्षक के रूप में काम किया। उन्होंने अपने समुदाय के किसानों की तरह रबर की सैंडल और चौड़ी टोपी पहनकर प्रचार किया।

## इजराइल ने सीरिया पर किया हवाई हमला

**दमिश्क।** इजराइल ने सोमवार देर रात सीरिया के उत्तरी अलेप्पो प्रांत के दक्षिण-पूर्व में हवाई हमला किया। सरकारी संवाद समिति सना ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि सीरिया के वायु रक्षकों ने आधी रात से ठीक पहले हुए हमले में अधिकतर मिसाइलों को मार गिराया। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि ए हमले किसे निशाना बनाकर किए गए। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि अलेप्पो के साफिरा क्षेत्र में ईरान समर्थित मिलिशिया के हथियार डिपो को निशाना बनाकर इजराइल ने हमले किए। हमलों के बाद विस्फोटों की जोरदार आवाज सुनाई दी। ए हथियार डिपो सीरियाई सैन्य चौकियों में स्थित हैं। ए हमले ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर हुए। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों में सीरिया में ईरान से जुड़े सैन्य ठिकानों के खिलाफ सैकड़ों हमले किए हैं, लेकिन वह अक्सर इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं लेता या उन पर चर्चा नहीं करता।



अंतिम कानूनी प्रतिबंध हटाए जाने के बाद पार्लियामेंट स्क्वायर, लंदन में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और टीकाकरण विरोधी प्रदर्शनकारी भिड़े

# अफगानिस्तान में राष्ट्रपति भवन के पास कम से कम तीन रॉकेट दागे गए

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान में** मंगलवार को राष्ट्रपति अशरफ गनी के ईद-उल-अजहा के मौके पर भाषण देने से कुछ समय पहले राष्ट्रपति भवन के पास कम से कम तीन रॉकेट दागे गए। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मिरवाइज स्तानिकजई ने बताया कि रॉकेट हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। रॉकेट कड़ी सुरक्षा वाले राष्ट्रपति भवन के बाहर गिरे। अभी हमले की किसी ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली है। ऐसा प्रतीत होता है कि हमले का मकसद नुकसान पहुंचाने से अधिक तनाव उत्पन्न करना था।



राष्ट्रपति भवन एक तथाकथित ग्रीन ज़ोन के बीच में स्थित है जो विशाल सीमेंट की दीवारों तथा कांटेदार तारों से घिरा है और उसके पास की सड़कें भी काफी समय से बंद हैं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब अमेरिका और नाटो बल के सैनिकों की अफगानिस्तान से पूर्ण वापसी अंतिम चरण में है और युद्धग्रस्त देश में एकबार फिर अराजकता तथा हिंसा बढ़ रही है। वहीं, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने ईद-उल-अजहा पर सुबह की नमाज के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, यह ईद अफगान सेना के बलिदान और साहस का सम्मान के नाम है, खासकर पिछले तीन महीनों में जो उन्होंने योगदान दिया। गनी ने कहा, तालिबान का शांति का कोई ईरादा या इच्छा नहीं है। जबकि हमने यह साबित किया है कि हम शांति के लिए बलिदान देने को तैयार हैं। गनी ने पिछले साल शांति वार्ता शुरू करने के लिए पांच हजार तालिबान कैदियों को रिहा करने के अपनी सरकार के फैसले को एक बड़ी गलती करार दिया और कहा कि इसने केवल विद्रोहियों को ही मजबूत किया है।

उन्होंने कहा, हमने पांच हजार कैदियों को शांति वार्ता शुरू करने के लिए रिहा कर दिया, लेकिन आज तक तालिबान ने शांति वार्ता में कोई गंभीर या सार्थक दिलचस्पी नहीं दिखाई है। सरकार में दूसरे सबसे बड़े अधिकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला मंगलवार को हुए हमले के समय राष्ट्रपति भवन के अंदर मौजूद थे। कतर में तालिबान से शांति वार्ता कर वह सोमवार को ही लौटे थे।

## अमेरिका ने पाकिस्तान से कहा दो टूक

# एफएटीएफ की 27 सूत्री कार्य योजना को तेजी से पूरा करे

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** पाकिस्तान से आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी संगठनों के सरगना और कमांडरों के खिलाफ मुकदमा चलाकर वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) की 27 सूत्री कार्य योजना तेजी से पूरा करने की अपील की। एफएटीएफ ने पिछले महीने एक ऑनलाइन बैठक में आतंकवाद का वित्त पोषण करने वाले धन शोधन पर लगाम लगाने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान को ग्रे सूची में कायम रखा था। उसने पाकिस्तान से उसकी सरजमीं पर मौजूद जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादियों के खिलाफ जांच करने और मुकदमा चलाने को भी कहा था। विश्व संस्था ने पाकिस्तान से धन शोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण के मामलों से भी रणनीतिक रूप से निपटने को कहा था। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पाकिस्तान के उन (प्रथम कार्य योजना) दायित्वों को पूरा करने के निरंतर प्रयास का समर्थन करते हैं। पाकिस्तान ने अपनी पहली कार्य योजना पर महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें 27 में से 26 पर उसने बड़े पैमाने पर काम किया है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान से एफएटीएफ और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करते हुए आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी संगठनों के सरगना तथा कमांडरों के खिलाफ मुकदमा चला बाकी कार्य भी तेजी से पूरे करने की अपील करते हैं। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान को अपनी नई दूसरी कार्य योजना पर तेजी से काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## बगदाद के बाजार में सड़क किनारे बम विस्फोट में 30 लोगों की मौत

**बगदाद।** बगदाद के एक उपनगर को निशाना बनाकर भीड़-भाड़ वाले एक बाजार में सड़क किनारे किए गए बम विस्फोट में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इराकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इराक की सेना ने बताया कि हमला सद्र शहर में वहईलात बाजार में सोमवार को हुआ। दो चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में कम से कम 30 लोग मारे गए हैं और कई लोग घायल हुए हैं। यह धमाका ईद-उल-अजहा की छुट्टी से एक दिन पहले हुआ है, जब बाजारों में उपहार और सामान खरीदने के लिए खरीदारों की भीड़ रहती है। हालांकि अब तक किसी भी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पूर्व में इस्लामिक स्टेट संगठन इस तरह के हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है। सेना के बयान के अनुसार, इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने बाजार की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार संघीय पुलिस रेजिमेंट के कमांडर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## क्विक न्यूज

### इज़राइल ने रॉकेट हमले के बाद लेबनान पर गोलाबारी की

**यरुशलम।** इज़राइली सेना ने कहा कि उसके तोपों ने मंगलवार तड़के दक्षिणी लेबनान में गोले दागे है। इससे पहले लेबनान की ओर से इज़राइली क्षेत्र पर रॉकेट दागे गए थे। सेना ने एक बयान में कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने एक रॉकेट को हवा में ही मार गिराया जबकि दूसरा रॉकेट खुले क्षेत्र में गिरा। किसी के जख्मी होने या नुकसान की कोई खबर नही है। मई के बाद पहली बार सीमा पार लेबनान की ओर से रॉकेट दागा गया है। मई में इजराइल और हमास के चरमपंथियों के बीच 11 दिन के युद्ध के दौरान फलस्तीनी चरमपंथियों ने गाजा पट्टी से इजराइल पर रॉकेट दागे थे। सीरियाई सेना के एक अधिकारी ने कहा कि इज़राइल ने उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर के पास हवाई हमले किए जिसके कुछ घंटे बाद यह घटना हुई। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हमले में दागी गई अधिकांश मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी समूह सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्मयूमन राइट्स ने कहा कि इज़राइली हमलों ने क्षेत्र में सक्रिय ईरानी समर्थित चरमपंथी समूहों से संबंधित हथियार डिपो को निशाना बनाया।

### पाकिस्तान में चोटी फतह कर वापस उतर रहा दक्षिण कोरियाई पर्वतारोही लापता

**इस्लामाबाद।** दक्षिण कोरिया के एक प्रसिद्ध पर्वतारोही, पाकिस्तान स्थित एक पर्वत चोटी पर चढ़ाई करने के बाद खराब मौसम के कारण खाई में गिर गया जिसके बाद से वह लापता है। एक पर्वतारोहण अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान अल्पाइन क्लब के सचिव कर्रार हैदरी ने बताया कि रविवार को, उत्तरी काराकोरम पर्वत श्रृंखला में 8,047 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ब्रॉड पीक चोटी पर चढ़ने के बाद किम होंग बिन नीचे उतर रहे थे, तभी हादसे के शिकार हो गए। इस चोटी पर चढ़ने के साथ ही 57 वर्षीय किम, विश्व की सभी 14 सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने का कीर्तिमान बना चुके थे। ऐसा करने वाले वह विश्व के पहले दिव्यांग व्यक्ति है। वर्ष 1991 में अलास्का में चढ़ाई के दौरान वह फ्रॉस्टबाईट का शिकार हो गए थे और उन्हे अपनी सभी अंगुलियां गंवानी पड़ी थी। हैदरी के अनुसार, रविवार को अन्य पर्वतारोहियों के साथ चोटी से उतरने के दौरान किम फिसल गए और पर्वत से चीन की तरफ गिर गए। अधिकारी ने कहा, इसके बाद से उनका कोई पता नही चला है। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य की योजना बनाई जा रही है। किम, माउंट एवरेस्ट और के-2 जैसी पर्वत चोटियों को भी फतह कर चुके है। हैदरी ने बताया कि विकलांगता कभी किम के हौसलों के आगे बाधक नही बनी। उन्होंने कहा कि किम के साथ चढ़ाई करने वाले अन्य पर्वतारोही सुरक्षित है। हैदरी ने कहा कि इस्लामाबाद में दक्षिण कोरियाई दूतावास भी तलाशी अभियान की योजना बना रहा है।

### वैदेही डोंगरे बनीं मिस इंडिया यूएसए 2021

**वाशिंगटन।** मिशिगन की 25 वर्षीय वैदेही डोंगरे ने मिस इंडिया यूएसए 2021 का खिताब जीता है। वही, जॉर्जिया की अर्शी लालानी दूसरे नंबर पर रही। वैदेही ने मिशिगन विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की है। वह एक बड़ी कंपनी में व्यवसाय विकास प्रबंधक के रूप में काम करती है। वैदेही ने कहा, मै अपने समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ना चाहती हूं और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता तथा साक्षरता के लिए काम करना चाहती हूं। वैदेही को उनके शानदार भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक के लिए मिस टैलेंटेड का पुरस्कार भी दिया गया। वही, लालानी (20) ने अपने आत्मविश्वास और प्रस्तुति से सभी को चकित कर दिया और वह दूसरे नंबर पर रही। वह ब्रेन ट्यूमर से पीड़ति रही है। उत्तरी कैरोलिना की मीरा कासारी प्रतियोगिता में तीसरे नंबर पर रही। यह प्रतियोगिता सप्ताहांत में आयोजित की गई। मिस वर्ल्ड 1997 डायना हेडन, प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि और प्रमुख जज थी। 30 राज्यों की 61 प्रतिभागियों ने तीन अलग-अलग प्रतियोगिताओं मिस इंडिया यूएसए , मिसेज इंडिया यूएसए और मिस टीन इंडिया यूएसए में हिस्सा लिया था। इन तीन श्रेणियों की विजेताओं को विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मुंबई जाने की टिकट भी दी गई है। न्यूयॉर्क में जाने माने भारतवंशी अमेरिकी धर्मात्मा सरन और नीलम सरन ने लगभग 40 साल पहले वर्ल्डवाइड पेजेंट्स के बैनर तले इसकी शुरुआत की थी। मिस इंडिया यूएसए भारत के बाहर सबसे लंबे समय तक चलने वाली भारतीय सौंदर्य प्रतियोगिता है।

### ईरान में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में सर्वाधिक 27,444 नए मामले सामने आए

**तेहरान।** ईरान में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में सर्वाधिक 27,444 नए मामले सामने आए। इससे पहले, ईरान में अप्रैल में एक दिन में संक्रमण के सर्वाधिक 25,582 नए मामले दर्ज किए गए थे। इस बीच, महामारी के बढ़ते प्रकोप के चलते तेहरान और इसके आसपास के क्षेत्रों में सप्ताह भर के लिए लॉकडाउन लगाया गया है।

### ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड कीमत के मुगल कालीन खंजर और म्यान के निर्यात पर रोक लगाई

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए 18वी सदी में मुगल काल में निर्मित खंजर और म्यान के निर्यात पर अस्थाई रोक लगा दी है। सरकार ने यह कदम 10 लाख पाउंड मूल्य की इस दुर्लभ कलाकृति को ब्रिटिश संस्थानों या खरीददारों को मौका देने के लिए उठाया है। यह खंजर भारत में ब्रिटिश उपनिवेश स्थापित करने के शुरुआती दौर में अहम भूमिका निभाने वाले रॉबर्ट क्लाइव का है और भारत में रहने के दौरान उन्होंने इसे प्राप्त किया था। माना जाता है कि क्लाव ने यह खंजर 1757 में हुई प्लासी की लड़ाई में ईस्ट इंडियां कंपनी की ओर से अपनी बंगाल विजय के बाद प्राप्त किया। ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री कैरोनिन डिनेंज ने बताया, यह खूबसूरत मुगलकालीन खंजर और म्यान भारत और ब्रिटेन को बहुत सिखाता है और उस समय राजनयिक उपहार की प्रकृति को बताता है। मुझे उम्मीद है कि इसका खरीददार मिल जाएगा जिससे आने वाले सालों तक अध्ययन किया जा सकेगा। विशेषज्ञों ने बताया कि इस खंजर और म्यान की कीमत 11,20,000 पाउंड (करीब 11.3 करोड़ रुपए) है और इसका मूठ हरे रंग का है जिसमें कीमती पत्थर लगे हुए है जबकि खंजर का भारतीय इस्पात बेहतरीन है। वही, म्यान 1650 में रेशमी किनारी के साथ लकड़ी का बना हुआ है। इसपर ईरानी प्रभाव दिखता है।

### चीन ने हैकिंग के आरोपों को खारिज किया, अमेरिका पर साइबर जासूसी का आरोप लगाया

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों (देशों) के इस आरोप को खारिज किया कि माइक्रोसॉफ्ट ईमेल सिस्टम की हैकिंग के लिए वह जिम्मेदार है। उल्टे, उसने शिकायत की कि चीनी ईकाइयां हानिकारक अमेरिकी साइबर हमलों का शिकार हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने सोमवार को मांग की कि सोमवार को अमेरिका ने नागरिक सुरक्षा मंत्रालय में कार्यरत चार चीनी नागरिकों पर गोपनीय अमेरिकी व्यापारिक सूचना तथा प्रौद्योगिकी एवं रोग अनुसंधान संबंधी जानकारियां चुराने का जो आरोप लगाया है, वह उसे वापस ले। हालांकि (अमेरिका के) बाइडन प्रशासन एवं यूरोपीय सहयोगियों ने चीन सरकार से जुड़े हैकरों पर रैनसम हमलों का औपचारिक रूप से जो आरोप लगाया है,उससे चीन के विरूद्ध पहले से ऐसी शिकायतों को लेकर दबाव बढ़ गया है लेकिन फिलहाल कोई पाबंदी नही लगाई गई है।

## काबुल हवाईअड्डा योजना को लेकर तालिबान से वार्ता करेगा तुर्की

**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने मंलगवार को कहा कि उनका देश अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हवाईअड्डे के संचालन एवं सुरक्षा की तुर्की की कोशिश के संबंध में तालिबान से बातचीत करेगा। उत्तरी साइप्रस में ईद उल अजहा की नमाज के बाद एर्दोआन ने स्वीकार किया कि तालिबान हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए तुर्की की प्रस्तावित योजनाओं को लेकर थोड़ा असहज है। उन्होंने कहा, इस प्रक्रिया पर तालिबान के साथ चर्चा की जाएगी। एर्दोआन ने कहा कि तालिबान ने पहले अमेरिका के साथ वार्ता की है और उसके लिए तुर्की के साथ बात करना कहीं अधिक सहज होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं यह संभावना रखता हूं कि हम उनसे भी इन मामलों पर बात करेंगे और समझौता करेंगे, क्योंकि तुर्की उनकी मान्यताओं को लेकर विरोध नहीं रखता है।

# दुनियाभर में महामारी के साए में मनाया गया बकरीद का त्योहार

एपी। काहिरा

**कोरोना वायरस** के बेहद संक्रामक डेल्टा स्वरूप के प्रति बढ़ती चिंताओं के बीच दुनिया के अधिकतर देशों में मुसलमानों ने मंगलवार को ईद-उल-अजहा का त्यौहार सादगी से मनाया। अमेरिका, ईरान, मलेशिया, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में सादगी से बकरीद मनाई जा रही है। भारत में बकरीद का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। बकरीद के मौके पर लोग इकट्ठा होकर नमाज अदा करते हैं और जानवरों की कुर्बानी दी जाती है, जिसके मांस का एक बड़ा हिस्सा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों में बांट दिया जाता है। इस साल यह त्यौहार ऐसे समय में आया है, जब तमाम देश वायरस के डेल्टा स्वरूप से जूझ रहे हैं। महामारी के चलते कई देशों ने नए प्रतिबंध लगाए या लोगों से कोविड बचाव नियमों का पालन करने और भीड़ एकत्र नहीं करने की अपील की।

महामारी के चलते लगातार दूसरे साल भी हज यात्रा प्रभावित रही और सऊदी अरब के नागरिकों या सऊदी अरब में रह रहे लोगों में से 60,000 ऐसे लोगों को ही हज करने की इजाजत दी गई जिन्हें कोविड-रोधी टीके की खुराक लग चुकी है। पिछले साल की तरह इस साल भी किसी अन्य देश के मुसलमानों को हज यात्रा के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले इंडोनेशिया में भी महामारी के कारण बकरीद का पर्व बेहद सादगी से मनाया गया। त्यौहार के मद्देनजर बड़ी संख्या में लोगों को एक स्थान पर एकत्र होने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया था। साथ ही यात्रा संबंधी सख्त पाबंदियां भी लागू की गई थीं। इंडोनेशिया के उपराष्ट्रपति एवं प्रभावशाली मौलवी मारूफ अमीन ने लोगों से घरों में ही परिवार के सदस्यों के साथ नमाज अदा करने की अपील की। वहीं, मलेशिया में भी संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर लोगों की आवाजाही पर सख्त पाबंदी लगाई गई। साथ ही, लोगों को बकरीद के मौके पर एक-दूसरे के घर जाने पर भी रोक रही। इसके अलावा, केवल मस्जिदों और तय किए गए स्थानों पर ही कुर्बानी करने की अनुमति दी गई। स्वास्थ्य निदेशक जनरल नूर हिसाम अब्दुल्ला ने मलेशिया की जनता से कोविड उपयुक्त व्यवहार में जरा भी लापरवाही नहीं बरतने की अपील की। मिस्र में एस्सम शाबान त्यौहार की छुट्टियों से पहले ही अपने पैतृक शहर सोहाग चले गए ताकि वह परिवार के साथ बकरीद मना सकें। उन्होंने कहा कि वह मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए मास्क पहनकर गए और नमाज पढ़ने के लिए खुद की चटाई लेकर गए ताकि कोविड बचाव नियमों का पालन सुनिश्चित हो।

## अमेरिका की चीन संबंधी रणनीति में उसके मित्र एवं सहयोगी देश साझेदार हैं: व्हाइट हाउस

भाषा। वॉशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की चीन संबंधी रणनीति में अमेरिका के मित्र एवं अहम सहयोगी साझेदार है। व्हाइट हाउस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के नेतृत्व में कई देशों ने चीन पर दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों का आरोप लगाया है, जिनसे कई देश प्रभावित हो रहे हैं। यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, जापान और नाटो समेत अमेरिकी सहयोगियों एवं साझेदारों ने चीन की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों को उजागर करने और उनकी आलोचना करने के लिए अमेरिका के साथ सोमवार को हाथ मिलाया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि नाटो ने चीन की साइबर गतिविधियों की पहली बार निंदा की है। उन्होंने कहा कि चीन को लेकर



अमेरिका की रणनीति के संबंध में हमें शुरुआत से लगता था कि विश्वभर में अपने सहयोगियों, संघीय सरकार के सदस्यों और दोनों दलों के सांसदों से मिलकर काम करना बेहतर होगा। साकी ने कहा, आज महत्वपूर्ण बात यह है कि जब हम इन दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों की निंदा कर रहे हैं, तो हमारे साथ यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और जापान जैसे दुनियाभर के हमारे कई साझेदार भी ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से अमेरिका ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों एवं साझेदारों को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि अमेरिका इस मुद्दे पर चीन और रूस के बीच अंतर कर रहा है।

# अमेरिका की तालिबान को चेतावनी

### ● कहा, मानवाधिकारों का सम्मान न करने वाली अफगानिस्तान सरकार की अंतरराष्ट्रीय वैधता कम होगी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** ने तालिबान को चेतावनी दी है कि कोई भी सरकार जो मानवाधिकारों का सम्मान नहीं करेगी और बंदूक के बल पर शासन करने की कोशिश करेगी, उसकी अंतरराष्ट्रीय वैधता कम होगी। तालिबान चरमपंथियों ने हाल के सप्ताहों में अफगानिस्तान के दर्जनों जिलों पर कब्जा कर लिया है और अब माना जाता है कि अफगानिस्तान का एक तिहाई हिस्सा उनके कब्जे में हैं। अमेरिका और पश्चिमी बल 11 सितंबर तक अफगानिस्तान से रवाना हो जाएंगे।



तालिबान के साथ एक समझौते के तहत, अमेरिका और उसके नाटो सहयोगी इस शर्त पर अफगानिस्तान से सैनिक बुलाने पर सहमत हुए हैं कि तालिबान चरमपंथी समूहों को अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में संचालन करने से रोकेगा। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को दैनिक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि मेहनत से हासिल उपलब्धियों को बनाए रखने में अमेरिका को अफगानिस्तान की सरकार और लोगों के साथ काम करते हुए दो दशक हो गए हैं। उनमें अफगान महिलाओं और अफगान लड़कियों द्वारा हासिल उपलब्धियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका की इसमें अहम भूमिका है और उसने अफगानिस्तान को मानवीय और विकास सहायता भी दी है। प्राइस ने कहा कि अमेरिकी दूतावास जमीन पर अफगान नागरिक समाज का साझेदार है और उनका साझेदार बना रहेगा। प्रवक्ता के मुताबिक, वे जानते हैं कि बीते 20 साल में हासिल उपलब्धियों की अहमियत क्या है। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम कह रहे हैं कि अफगानिस्तान में जो भी सरकार आए और वे उन उपलब्धियों का संरक्षण न करे, मानवाधिकारों का सम्मान न करे और बंदूक के दम पर शासन करने की कोशिश करे तो वह ऐसी सरकार होगी जिसे अफगान लोगों की ओर से या अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से वैधता नहीं प्राप्त होगी। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका, अफगानिस्तान और तालिबान के बयानों का समर्थन करता है जिनमें समावेशी राजनीतिक समाधन की दिशा में दोनों पक्षों की ओर से बातचीत तेज करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि सिर्फ बातचीत के माध्यम से हासिल समाधान ही 40 साल के संघर्ष को खत्म कर सकता है। हम तालिबान से आग्रह करते हैं कि वह संयुक्त घोषणा में दी गई प्रतिबद्धता को बनाए रखे, अफगानिस्तान के बुनियादी ढांचे की रक्षा करे, नागरिकों की हिफाज़त करे और मानवीय सहायता में सहयोग दे।

# भारत-अमेरिकी नौसेनाओं में भागीदारी बढ़ेगी : पेंटागन

भाषा। वाशिंगटन

**भारत को** अमेरिकी नौसेना से दो एमएच-60आर सीहॉक समुद्री हेलीकॉप्टर और 10वां पी-8 पोसाइडन समुद्री निगरानी विमान मिलने वाला है, जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग और उनकी नौसेनाओं के बीच पारस्परिक भागीदारी मजबूत होगी। अमेरिका के रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने यह कहा। भारतीय नौसेना अमेरिका के साथ विदेशी सैन्य बिक्री के तहत लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित कई भूमिकाओं को निभाने में सक्षम 24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टर खरीद रही है, जिसकी कीमत करीब 2.4 अरब डॉलर है। अमेरिकी नौसेना से भारतीय नौसेना को हेलीकॉप्टरों के औपचारिक हस्तांतरण के लिए नेवल एयर स्टेशन नॉर्थ आइलैंड या एनएएस नॉर्थ आइलैंड, सैन डिएगो में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित किया गया था।

पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मंत्रालय (रक्षा मंत्रालय) भारतीय नौसेना में हमारे भागीदारों को बधाई देना चाहता है जिन्होंने पिछले सप्ताह अमेरिकी नौसेना से 24 एमएच-60आर सीहॉक समुद्री हेलीकॉप्टरों में से पहले दो और भारत के गोवा में हमारे 10वें बोइंग, पी-8 पोसाइडन समुद्री निगरानी विमान प्राप्त किए। उन्होंने कहा, भारत पहला देश है जो अमेरिका के बाहर हिंद-प्रशांत में निगरानी अभियानों के लिए पी-8 से संचालन करेगा। इन क्षमताओं से समुद्री सुरक्षा में काफी वृद्धि होगी और हमारी दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग और परस्पर संबंध मजबूत होंगे। एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में काम करने में सक्षम एक समुद्री हेलीकॉप्टर है जिसे अत्याधुनिक वैमानिकी के साथ कई अभियानों में सहयोग के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

## बाइडन प्रशासन ने राणा के भारत प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अदालत में किया अनुरोध

भाषा। वाशिंगटन

**जो बाइडन** प्रशासन ने लॉस एंजिलिस में एक संघीय अदालत से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है जहां वह 2008 के मुंबई आतंकी हमले में संलिप्तता के लिए वांछित है। राणा (59) को भारत ने भगोड़ा घोषित कर रखा है। भारत में वह 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अपनी संलिप्तता के लिए कई आपराधिक आरोपों का सामना कर रहा है। हमले में छह अमेरिकी समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा को भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर 10 जून 2020 को लॉस एंजिलिस में फिर से गिरफ्तार किया गया। लॉस एंजिलिस में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया में अपने निवेदन में अमेरिकी सरकार ने दलील दी है कि भारत ने राणा के प्रत्यर्पण अनुरोध में प्रत्एक आपराधिक आरोपों को लेकर पर्याप्त सबूत दिए हैं।

# छोटे घर में जगह कैसे बनाएं

**'पारुल मित्तल' ने एक छोटे से घर से सर्वश्रेष्ठ स्थितियां कायम करने के पांच तरीके बताए हैं, जो ज्यादा जगह होने का एहसास कराते हैं। साथ ही साथ शैली के भागफल को बनाए रखते हैं।**

महामारी ने बहुक्रियाशील स्थानों के आकर्षण को फिर से स्थापित किया और इस डिजाइन प्रवृत्ति के लिए एक जगह बनाई। पिछले कुछ वर्षों में घर की भूमिका विकसित हुई है, क्योंकि हम न केवल यहां रहते हैं – बल्कि काम, व्यायाम और यहां तक कि उनमें छुट्टी भी शामिल है। मूल रूप से, आज हमारा पूरा जीवन हमारी चार दीवारों के इर्द-गिर्द घूम रहा है और इसलिए, आवश्यकताओं, चाहतों और इच्छाओं के आधार पर सोच-समझकर उपयोग करने की आवश्यकता है। हालांकि, असली मुद्दा एक छोटी सी जगह में आपकी जरूरत की हर चीज को फिट करने में है; इससे भी बड़ी चुनौती इसे दिखने में आकर्षक बनाने की है।

यहां एक छोटे से घर से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के पांच तरीके दिए गए हैं, जो आपके स्थान को बड़ा महसूस कराते हैं और साथ ही साथ शैली को भी बनाए रखते हैं।



## अव्यवस्था से छुटकारा

छोटे कमरे में रहते समय अव्यवस्था को ध्यान में रखकर शुरुआत करने की सलाह दी जाती है। चाहे आपके पास बहुत सारे आंतरिक तत्व हों या सब कुछ बस सांस लेने के लिए कोई जगह न हो, यह कुछ सफाई का समय है। सबसे पहले, आपको पहले से मौजूद अव्यवस्था को खत्म करना होगा।

आपको जिन चीजों की ज़रूरत है और जिन चीजों को आपको छोड़ देना चाहिए, उनकी सावधानीपूर्वक मैपिंग से शुरुआत करें। इससे आपको अपने कमरे में जगह का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। ऐसे समय होते हैं जब गिरावट और सौंदर्यशास्त्र को बनाए रखने का दबाव आपको भ्रमित करता है। यहां, हम एक तटस्थ लेकिन सरल आंतरिक रूप का चयन करने का सुझाव देते हैं। उदाहरण के लिए, आप भंडारण के लिए या अपने प्राचीन टुकड़ों को प्रदर्शित करने के लिए लकड़ी की दीवार अलमारियाँ का उपयोग कर सकते हैं। वुडग्रेन पैटर्न और भूरे रंग का हल्का शेड चुनना नरम से गर्म रंग के टन का पूरक होगा। अंत में, लुक को पूरा करने के लिए वॉल प्लांटर्स या फ्लोरल पैटर्न पेंटिंग लगाएं।





## रसोई और भोजन क्षेत्र को दोगुना करें

एक रसोई सिर्फ खाना पकाने के क्षेत्र से कहीं अधिक है क्योंकि यह एक जीवंत भोजन कक्ष के रूप में दोगुना हो जाता है जिसमें पके हुए और प्यार से बने व्यंजनों की सुगंध होती है। इसके चारों ओर दो या तीन कुर्सियाँ रखकर काउंटरटॉप और खाने की जगह को मिलाकर इस स्थान का चतुराई से उपयोग करने की कला पर विजय प्राप्त करें। हां, यह इतना आसान है, और आपका किचन-कम-डाइनिंग स्पेस तैयार है। हालाँकि, यदि आप सोच रहे हैं कि आपके स्थान के लिए कौन से रंग और आंतरिक सज्जा का चयन करना है, तो आगे न सोचें। एक काला, ग्रे और सफेद रंग पैलेट कालातीत है फिर भी निडर है।

जब किसी भी स्थान में प्राकृतिक लकड़ी के स्वर जोड़े जाते हैं, तो यह एक मोनोक्रोमैटिक थीम के विपरीत और व्यक्तित्व को निर्दोष रूप से जोड़ता है। इसके अलावा, अंतरिक्ष के एक कायाकल्प स्वरूप और अनुभव के लिए अपनी रसोई को लटकी हुई बेलनाकार रोशनी और दीवार के बल्बों से रोशन करें।

## अपने शयनकक्ष का अधिकतम लाभ उठाएं

हम सभी चाहते हैं कि हमारे शयनकक्ष दुनिया की शरणस्थली हों और एक ऐसी जगह जहां आप शाम को नवीनीकरण करते हैं और सुबह फिर से जागते हैं। चूंकि हमारा जीवन हमारे शयनकक्षों के इर्द-गिर्द घूमता है, ये अक्सर आपकी लगभग सभी दैनिक आवश्यकताओं पर कब्जा कर लेते हैं। जबकि डिक्लटरिंग अंतरिक्ष को अधिकतम करने में मदद करता है, लेकिन हम सुझाव देते हैं कि अपने बेडरूम में सामान को ध्यान से व्यवस्थित करें। अंडर-बेड स्टोरेज कंटेनर में आउट-ऑफ-सीज़न कपड़ों को स्टोर करें और कोठरी के आयोजकों में निवेश करें जो अलग-अलग प्रकार के कपड़े, एक्सेसरीज़, जूते और बहुत कुछ करते हैं।

प्रत्येक कोठरी कार्यात्मक आयोजन का उपयोग कर सकती है। इसके अलावा, याद रखें कि कर्व्स वाला फर्नीचर मूल्यवान स्थान लेता है, इसलिए अपनी पसंद को सीधी रेखाओं के साथ चिकना रखें। यदि आपको भंडारण स्थान की आवश्यकता है जो बड़े फर्नीचर प्रदान करता है, तो लंबे, पतले टुकड़े जाने का रास्ता है।

## पढ़ने के कोने के रूप में कोनों को नया स्वरूप दें

प्रकृति के नज़ारों और ध्वनियों का अनुभव करने के लिए, आपकी बालकनी या खिड़की के क्षेत्र से बेहतर कौन सी जगह हो सकती है? और हां, आपको अपने पढ़ने या फिर से जीवंत करने वाले कोने के लिए कोई अतिरिक्त जगह बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह स्थान आपके कार्यस्थल, हैंगआउट ज़ोन, किड्स प्ले एरिया और इवनिंग फैमिली गेट-टुगेदर स्पेस के रूप में भी कई भूमिकाएं निभा सकता है। मानसून के मौसम की चल रही बारिश के साथ, आसान रखरखाव वाले सजावटी लकड़ी के लिबास का विकल्प चुनें, जिसका उपयोग आपकी दीवारों पर किया जा सकता है और इन्हें ठाठ सजावट के टुकड़ों के साथ सजाना चाहिए। उदाहरण के लिए, आप एक दृश्य तेजतर्रारता प्राप्त करने के लिए धातु के फोटो फ्रेम के लिए जा सकते हैं। अंत में, मिनी प्लांटर्स से घिरे बहु-रंगीन कुशन के साथ एक पुराना गद्दा रखें जो हर किसी के मूड को तुरंत जीवंत कर सके।

## एक आसान तरीका

एक सरल लेकिन स्वच्छ कार्य केंद्र एक शांतिपूर्ण दिमाग और एक शांत आत्मा का मार्ग प्रशस्त करता है जो महामारी के बीच सर्वोच्च प्राथमिकता रखता है। इसके अलावा, बैक्टीरिया और वायरस से खुद को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। खैर, चिंता न करें, क्योंकि ऐसी सतहें हैं जो ऐसा करने में आपकी मदद कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों वाले लैमिनेट्स का उपयोग दीवारों या टेबलटॉप पर किया जा सकता है। बाजार में कई ऐसे हैं जो आपके और आपके परिवार के लिए एक स्वच्छ और रोगाणु मुक्त घर बनाते हैं।

एक आसान वर्कस्टेशन प्राप्त करने के लिए, अव्यवस्था को खत्म करना और कुछ सांस लेने की जगह रखना महत्वपूर्ण है। जगह को साफ-सुथरा रखने के लिए अपने डेस्क पर जरूरी काम की स्टेशनरी और गैजेट्स की व्यवस्था करें। आप अपने रहने या खाने की जगह को अपने वर्कस्टेशन में भी बदल सकते हैं। यह न्यूनतम कार्यक्षेत्र आपको घर से काम करते हुए भी कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करने के लिए इष्टतम गति से काम करते हुए ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा।

**( लेखक ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक हैं )**

# प्रतिरक्षण बनाएं मजबूत

**डॉ. अमीन नूरुल मानसून के दौरान उन छह अत्यावश्यक तत्वों की चर्चा कर रहे हैं जिन्हें हमें अपने आहार में शामिल करना चाहिए**

गर्मी की चिलचिलाती तपिश के बाद मानसून एक स्वर्गीय बनकर उपस्थित होता है, और तापमान में सुखद गिरावट से लोगों को राहत मिलती है। हालांकि, कोई भी मौसमी बदलाव अपने साथ संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की हिस्सेदारी के बिना कभी नहीं आया है। मानसून विशेष रूप से सभी प्रकार के संक्रमणों, पाचन समस्याओं और एलर्जी के साथ आने के लिए जाना जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च आर्द्रता- स्तर और धीमी पाचन प्रक्रिया के कारण इस समय हमारे प्रतिरक्षण स्तर में नाटकीय रूप से गिरावट आती है।

हमें अपने खाने पर विशेष ध्यान देकर अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि हम इस मौसम का अधिकतम लाभ उठा सकें।

अपने प्रियजनों को स्वास्थ्य समृद्धि का उपहार प्रदान करते हुए, अपने पेट के स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और मौसमी बीमारियों को मात देने के लिए हमें अपनी मानसून स्वास्थ्य दिनचर्या में छह अवयवों की खोज करने के लिए पढ़ें :

## अदरक

यह हर भारतीय घर में आसानी से उपलब्ध है और मानसून में -सर्दी, जुकाम और खांसी समेत – सामान्य चिंताओं के पारंपरिक उपाय के रूप में जाना जाता है। अदरक एक अद्भुत जड़ी बूटी है जो शरीर में बढ़े हुए वायु तत्व को शांत करती है। इस औषधीय जड़ी-बूटी में मौजूद सक्रिय तत्व जिंजरोल एक एंटीऑक्सिडेंट है – जो समस्त फलों और सब्जियों में सबसे मजबूत है – जो श्वसन मार्ग के संक्रमण को रोकने में अत्यधिक प्रभावी होता है। इसके अतिरिक्त, यह शरीर की पाचन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए बहुत अच्छा है जो व्यक्ति को खुश करने के लिए कुछ प्रदान करता है। आप अदरक को करी और अन्य व्यंजन, चाय या किसी भी पसंद के ठंडे पेय के साथ मिलाकर ले सकते हैं। जैविक और ताज़गीपूर्ण अदरक के अर्क और पूरक बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं।

## लहसुन

एक और बहुत ही सामान्य मगर शक्तिशाली तत्व , लहसुन, मेटाबोलिज्म या चयापचय को बढ़ावा देने में परम प्रभावी के रूप में प्रसिद्ध है। यह उन जबरदस्त एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है जो आपके शरीर की प्राकृतिक प्रतिरक्षा के निर्माण में मदद करते हैं। बहुत से लोग अनेक बीमारियों से बचाव के लिए कच्चे लहसुन का सेवन करना पसंद करते हैं लेकिन लहसुन का सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे अपनी दाल और करी में शामिल करें या सॉस और गर्म सूप को मसालेदार बनाने के लिए इसके अविश्वसनीय स्वाद का उपयोग करें।

## पुदीना

हम आमतौर पर मानसून में साग को छोड़ देते हैं, हालांकि, पुदीना को बिलकुल अलग श्रेणी में माना जाता है। यह एक प्राकृतिक डिकॉन्जेस्टेंट है, जो सर्दी और फ्लू से दूर रखने में मदद करता है। इसके शीतलनकारी गुणों का सर्वोत्तम सेवन गर्म चाय, गर्म सलाद या कमरे के तापमान वाले नींबू पानी में किया जाता है।

## हल्दी

हल्दी के अपार औषधीय फायदों के बारे में भारत के बाहर ज्यादा लोग नहीं जानते हैं। हालांकि इस जड़ी बूटी का उपयोग हजारों वर्षों से आयुर्वेदिक प्रथाओं में किया जाता रहा है। हल्दी में फाइटोकेमिकल, जिसे करक्यूमिन कहा जाता है, कीटाणुओं और बैक्टीरिया से लड़ते शरीर से विषाक्त पदार्थों को हटाने में अत्यधिक प्रभावी होता है। हल्दी से बेहतर कोई इम्युनिटी बूस्टर नहीं है, जो गले की खराश, फ्लू, खांसी और सर्दी को रोकने में बहुत प्रभावी ढंग से काम करता है। एंटीऑक्सिडेंट के साथ, यह औषधीय जड़ी-बूटी जलन व सूजन-रोधक लाभों में समृद्ध है और इसका उपयोग आंतरिक और बाहरी सूजन को ठीक करने के लिए भी किया जा सकता है। हल्दी भारतीय मसालों का एक बड़ा हिस्सा है इसलिए इसे हर रोज खाना पकाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। अच्छे परिणामों के लिए, आप इसे ग्रीन टी में, या एक गिलास गर्म दूध में मिला सकते हैं, या बाजार में उपलब्ध तुलसी-हल्दी के मिश्रित पेय के रूप में भी पी सकते हैं।

## तुलसी

तुलसी या पवित्र तुलसी, जिसे जड़ी बूटियों की रानी के रूप में भी जाना जाता है, एक उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिरक्षा - मॉड्यूलेटर है। फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट के एक बड़े स्रोत के साथ पैक किया गया, यह एक मजबूत रोगाणुनाशक भी है। तुलसी के पत्तों को कच्चा चबाया जा सकता है, इसे अपनी दैनिक चाय और विभिन्न दैनिक व्यंजनों में जोड़ा जा सकता है। इसका उपयोग सलाद के स्वाद के लिए भी किया जा सकता है या कई अन्य सुगंधित व उपचार जड़ी बूटियों के साथ संयुक्त रूप से मिश्रित पेयपदार्थ के रूप में सेवन किया जा सकता है।

## शहद

अगर आपकी पाचन शक्ति कमजोर है तो शहद से बेहतर कोई दवा नहीं है। यह आसानी से पचने वाला कार्बोहाइड्रेट है जो तत्काल ऊर्जा प्रदान कर सकता है। लोग अक्सर मानसून के दौरान अपनी पाचन तंत्र संबंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं, जिसका इलाज सिर्फ अपने आहार में शहद को शामिल करके किया जा सकता है। आप एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद के साथ दो चम्मच नींबू का रस मिलाकर खाली पेट पीने से इसके बेहतरीन लाभ प्राप्त कर सकते हैं.... और आप यह भूल सकते हैं कि आपका पाचन तंत्र कभी खराब भी हुआ था।

**- लेखक आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित स्वास्थ्य सुधार कंपनी, ऑर्गेनिक इंडिया में प्राकृतिक चिकित्सक हैं।**



ह, ए

# मानसिक चिकित्सा से संकोच कैसा?

**अभिनेत्री श्रुति हासन को लगता है कि अगर किसी को मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद की जरूरत है तो जागरूक होना जरूरी है और इस मुद्दे को 'मैं ठीक हूं' के नजरिए से नहीं छिपाना चाहिए।**



अभिनेत्री श्रुति हासन ने अक्सर मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने की आवश्यकता के बारे में बात की है, खासकर महामारी के दौरान। ऐसे मामलों में पेशेवर मार्गदर्शन की आवश्यकता पर जोर देते हुए, अभिनेत्री का कहना है कि जब वह छोटी थीं, तब उनका इलाज चल रहा था, और फिर भी, एक ऐसे उद्योग का हिस्सा होने के नाते जो अक्सर तनाव कारक पर अधिक हो सकता है, वह अभी भी कई दिनों तक अपर्याप्त महसूस करती है .

श्रुति का मानना है कि अगर किसी को मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद की जरूरत है तो जागरूक होना महत्वपूर्ण है और इस मुद्दे को 'मैं ठीक हूं' रवैये के साथ नहीं टालती हूं।

''मानसिक स्वास्थ्य एक ही समय में वास्तव में सरल और वास्तव में जटिल है। मैं हमेशा इस उदाहरण का उपयोग करता हूं कि अगर आपको पेट में दर्द होता है, तो आप अजवाइन या दही लेंगे और पहले दिन मसालेदार चीजों से बचें। दूसरे दिन तुम कहोगे, -ठीक है, मुझे दवा लेने दो- लेकिन तीसरे दिन जब तुम अभी भी दर्द में हो, तो तुम डॉक्टर के पास जाओगे और मदद मांगोगे। उस समय, आपके परिवार में कोई नहीं कहता, -हम है, तुम डॉक्टर के पास क्यों जा रहे हो- (हम यहां हैं, आपको डॉक्टर की आवश्यकता क्यों होगी) ?'' वह कहती हैं। उनका कहना है, ''मैं देखती हूं कि भारत में अकाल जाम का दृश्य कैसा है, इस वजह से पूरी समस्या है। यह ऐसा है जैसे – आपके पास आपके चचेरे भाई हैं, आपके दोस्त हैं, आप मुझसे बात क्यों नहीं कर सकते? मैं भावना को समझता हूं लेकिन जब मानसिक स्वास्थ्य की बात आती है, तो आपका सबसे खराब रवैया – चिन अप- या 'मैं ठीक हूं', हो सकता है।''

अभिनेत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि बहुत से लोगों को उनकी मदद की जरूरत के बारे में पता भी नहीं है। ''दरारें होने लगती हैं और आमतौर पर मैं देखता हूं कि लोगों के पास वह है जिसे मैं हल्का ब्रेकडाउन कहती हूं। आमतौर पर लोगों को पता ही नहीं होता कि वे किस दौर से गुजर रहे हैं'', वो कहती हैं।

श्रुति बताती हैं, ''अपर्याप्तता की भावना इतनी भारी हो सकती है और, आप पर ध्यान दें, मैं मनोविज्ञान का छात्र था और बाहर हो गया लेकिन विषय का अध्ययन जारी रखा। मेरे ऐसे दोस्त हैं जिनके पास चिकित्सक हैं। जब मैं छोटा था तब भी मैं चिकित्सा में रहा हूं और अभी भी जब मेरी भावनाओं और संवेदनशीलता को प्रबंधित करने की बात आती है, तो एक ऐसे उद्योग में जो हर मायने में बहुत ऊंचा है – चाहे वह तनाव हो या रचनात्मकता – मुझे कई दिनों तक अपर्याप्त महसूस हुआ।''

वो बताती हैं, ''मुझे यह कहने में थोड़ा समय लगा, -मुझे बस थोड़ा-सा समय चाहिए। यह आसान बात नहीं है, लेकिन मुझे इस बारे में बात करने का अवसर मिला है और कोई इसे पढ़ रहा है, इस तरह परिवर्तन फैलता है।''

श्रुति अपने संगीत पर काम करते हुए और अपने सोशल मीडिया पोस्ट के लुक से लॉकडाउन में बिता रही है, जो कुछ भी उसे खुश करता है। अभिनेता का कहना है कि जब उन्होंने मदद लेने की जरूरत को स्वीकार किया तो उनकी जिंदगी बदल गई।

''मुझे कहना होगा कि मैंने हमेशा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात की है। यह कुछ ऐसा है जिसे जब मैंने स्वीकार किया, तो मेरी जिंदगी बदल गई। अपने बारे में चीजों को स्वीकार करना और अपूर्ण, अपर्याप्त, या न्याय किए बिना मुझे आवश्यक सहायता प्राप्त करना। अधिकतर, चारों ओर समाज का निर्णय और कलंक होता है। लेकिन जब महामारी ने दस्तक दी, तो सभी ने इसके बारे में बात करना शुरू कर दिया क्योंकि इस पर चर्चा होनी ही थी। लोग नुकसान की भावना महसूस कर रहे थे – वित्तीय सुरक्षा का नुकसान तथा प्यार और नियंत्रण का अभाव ।''

अभिनेत्री को अब चारों ओर एक सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। वो कहती हैं, ''मेरा मानना है कि दुनिया भर में लोग बहुत अधिक जागरूक हैं और विशेष रूप से भारत में, लोग इसके बारे में बहुत कुछ बोल रहे हैं। मैं वास्तव में मानता हूं कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सबसे आगे आई है। लोगों को यह समझने के लिए बहुत सारे रास्ते हैं कि आप दूरी के कारण ऑनलाइन सहायता प्राप्त कर सकते हैं। लोग तकनीक का उपयोग करना जानते हैं – चाहे वह ज़ूम कॉल या स्काइप के माध्यम से हो। मैं हमेशा दूरस्थ चिकित्सा कर रही थी क्योंकि मेरा चिकित्सक लंदन से बाहर था। इसलिए, मैं हमेशा से जानती थी कि एक बार जब आप वह प्रारंभिक संबंध बना लेते हैं तो यह संभव है।''

2 | न्यूज-व्यूज
हफ्ते का एक दिन होगा कर्मचारियों के नाम

6 | अभिमत
किसान प्रदर्शनकारियों की जिम्मेदारी

11 | स्पोर्ट्स
सिंधू की नजरें दूसरे ओलंपिक पदक पर

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 269
लखनऊ, बुधवार, 21 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मानसिक चिकित्सा से संकोच कैसा?
विविध-12

www.dailypioneer.com

# विपक्ष को दें मुंहतोड़ जवाब, कोमा में है कांग्रेस

## भाजपा की संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सांसदों से कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रबंधन और टीकाकरण अभियान को लेकर विपक्ष के भ्रामक आरोपों का वह पूरी सक्रियता के साथ जवाब दें। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस कोमा में है और वह यह पचा नहीं पा रही है कि भाजपा सत्ता में है। भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने संसद में विपक्षी दलों द्वारा हंगामा करने और कार्यवाही में बाधा पहुंचाने पर चिंता जताई और कहा कि ऐसे समय में जब पूरी मानव जाति कोविड-19 महामारी संकट का सामना कर रही है, विपक्षी दलों का यह रवैया बहुत गैर जिम्मेदाराना है।

उन्होंने कहा कि सरकार संसद के दोनों सदनों में चर्चा को तैयार है। ज्ञात हो कि कोविड-19 के प्रबंधन को लेकर विपक्षी दल सरकार की आलोचना का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि यह मानवता से संबंधित है और उनकी सरकार ने इस दौरान किसी को भी भूखा नहीं सोने दिया।लंबे समय बाद हुई संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री



नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल की बैठक में अन्य नेताओं के साथ बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

राजनाथ सिंह समेत केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लगभग सभी सदस्य, भाजपा सांसद और अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा, प्रधानमंत्री ने विपक्ष के रवैए पर बहुत चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि सदन में चर्चा हो और सार्थक चर्चा हो। इसके लिए विपक्षी दलों को चर्चा में भाग लेना चाहिए।

जोशी के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा, लगभग दो सालों से देश कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है। 100 साल में आई इस महामारी से पूरी मानव जाति इससे प्रभावित हुई है। सरकार इस विषय पर बहस को तैयार है लेकिन विपक्ष का रवैया बहुत गैर जिम्मेदाराना रहा है, खासकर कांग्रेस का। केंद्रीय मंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को अभी भी लगता है कि सत्ता में बने रहने का अधिकार उसी का है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने महामारी के बावजूद एक भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने दिया। जोशी के अनुसार प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संक्रमण के बावजूद देश की एक बड़ी आबादी को मुफ्त राशन पहुंचाया गया। उन्होंने सांसदों से कहा कि लोगों को राशन उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी है और ऐसा करके लोगों पर कोई अहसान नहीं किया जा रहा। बतौर जोशी मोदी ने कहा कि यह महामारी राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि मानवता से जुड़ा विषय है। जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री से सभी सांसदों से कोरोना रोधी टीकाकरण अभियान के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजना का लाभ हर गरीब तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने भाजपा सांसदों से कहा कि कोरोना प्रबंधन और टीकाकरण को लेकर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों के दुष्प्रचार को हावी ना होने दें और प्रभावी तरह से उसका जवाब दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कोमा में है और अभी भी वह इस बात को पचा नहीं पा रही है कि भाजपा सत्ता में है। उन्होंने कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर सभी सांसदों को सतर्क रहने और जमीनी स्तर पर इससे बचाव के तैयारी के सभी उपाय करने को भी कहा। विपक्षी दलों पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अग्रिम मोर्चे पर तैनात 20 प्रतिशत कर्मियों का अभी तक टीकाकरण नहीं हो सका है। कोरोना प्रबंधन को लेकर सरकार और प्रधानमंत्री मोदी विपक्षी दलों के निशाने पर रहे हैं।

# विदेशी इशारे पर माहौल बिगाड़ रहा विपक्ष

## ● पेगासस मामले पर मुख्यमंत्री ने विरोधी दलों को लिया आड़े हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पेगासस** जासूसी मामले को लेकर चल रहे हंगामे के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि विपक्ष बड़े अंतरराष्ट्रीय साजिश का शिकार है। योगी ने कहा है कि विपक्षी दलों के द्वारा देश के भीतर जिस प्रकार का वातावरण बनाने का प्रयास हो रहा है, वह उनकी कुत्सित भावना का ही परिचायक है। कांग्रेस, सरकार में रहते हुए अपने समय में जिस प्रकार की हरकतें करती रही है, आज विपक्ष में रहकर अपने उन्हीं मंसूबों को लेकर आगे आगे बढ़ रही है। योगी ने मंगलवार को मीडिया से संवाद करते हुए कहा संसद सत्र प्रारम्भ होने के ठीक एक दिन पहले इस प्रकार की सनसनीखेज चीजों को परोस कर समाज में विषाक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है, यह राजनीति के गिरते हुए स्तर का परिचय देता है। सीएम ने कहा कि जब भी देश में कुछ महत्वपूर्ण होना होता है, यह विपक्षी दल देश और दुनिया के भीतर भारत के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश में लग जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को खराब करने, भारत को



लखनऊ में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अस्थिर करने के जिन मंसूबों के साथ विपक्ष कार्य कर रहा है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

योगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश के माध्यम से भारत को अस्थिर व अस्त व्यस्त करने की यह कोई पहली घटना नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर सवाल उठाया कि बीते साल 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में हुआ भीषण दंगा क्या साजिश का हिस्सा नहीं था, तमाम विपक्षी दलों की संलिप्तता नहीं देखी गई। वास्तव में देश के कोरोना प्रबंधन को जब डब्ल्यूएचओ और पूरी दुनिया सराह रही थी, तब भारत के अंदर विपक्ष एक ऐसा पूरा माहौल बनाने का प्रयास कर रहा था, मानो सरकार इस पूरे मामले से अनभिज्ञ हैं। योगी ने कहा कि संसद एक मंच है बात रखने का, लेकिन अगर इसे शोरगुल का मंच बना लिया जाए तो यह लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है, विपक्ष यह लगातार कर रहा है। उन्होने कहा कि संसद का यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है। गांव, गरीब, नौजवान और महिलाओं के लिए संसद में चर्चा होनी थी। कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा होनी थी लेकिन नकारात्मक भूमिका के साथ विपक्ष सामने आया है। विपक्ष ने यह साजिश रची। मैं 19-20 वर्षों तक संसद में रहा हूँ। सत्र की शुरुआत में प्रधानमंत्री द्वारा नए मंत्रियों का सदन से परिचय कराये जाने की परंपरा रही है। इस मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति और उन तबकों से जुड़े अनेक ऐसे सदस्यों को स्थान मिला है, जिन्हे आजादी के बाद कभी नेतृत्व का मौका नहीं मिला था। आज जब उस तबके को प्रधानमंत्री ने मौका दिया तो विपक्ष को यह सब रास नहीं आ रहा है। योगी ने कहा कि किसान आंदोलन के नाम पर भी ऐसा किया गया।

## अवकाश सूचना

**बकरीद के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 21 जुलाई, 2021 को अवकाश रहेगा। अतः 22 जुलाई 2021 का अंक प्रकाशित नहीं होगा।**

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,198 | ↓ | 354 | |
| निफ्टी | 15,632 | ↓ | 120 | |
| सोना | 47,100 | ↑ | 253 | /10g |
| चांदी | 65,730 | ↓ | 61 | /kg |

## क्विक न्यूज

### डाकिया कराएगा आधार में मोबाइल नंबर अपडेट

**नई दिल्ली।** अब कोई भी व्यक्ति डाकिए की मदद से अपने घर के दरवाजे पर अपने आधार कार्ड पर मोबाइल नंबर अद्यतन कर सकता है। आईपीपीबी और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एकव्यवस्था के तहत डाकियों को आधार कार्डधारकों के मोबाइल नंबर अद्यतन करने की अनुमति देंगे। यह सेवा 650 इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, 1.46 लाख डाकियों और जीडीएस के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध होगी। आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जे वेंकटरामु ने कहा कि डाकघरों, डाकियों और जीडीएस के सर्वव्यापी और सुलभ नेटवर्क के माध्यम से यूआईडीएआई की मोबाइल अद्यतन सेवा वंचित और बिना बैंक वाले क्षेत्रों की सेवा करने के आईपीपीबी की दृष्टि को साकार करने और डिजिटल विभाजन को भरने मे मदद करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट सख्तः बकरीद पर पाबंदी में छूट पर केरल सरकार को कड़ी फटकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कोविड-19 की उच्च संक्रमण दर वाले क्षेत्रों में बकरीद के मौके पर केरल सरकार द्वारा पाबंदी में दी गई छूट को मंगलवार को पूरी तरह से अनुचित करार दिया और कहा कि व्यापारियों के दबाव के आगे झुकना दयनीय स्थिति को दिखाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी तरह के दबाव समूह, चाहे धार्मिक हो या अन्य किसी भी सूरत में देश के नागरिकों के सबसे अहम जीवन के मौलिक अधिकार में हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। न्यायालय ने केरल सरकार को निर्देश दिया कि वह संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वत्रंता का अधिकार) पर ध्यान दे और उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर दिए गए उसके आदेश के नियमों का अनुपालन करें। उच्चतम न्यायालय ने 16 जुलाई को उत्तर प्रदेश में कांवड यात्रा के मामले पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी कि धार्मिक सहित सभी भावनाएं जीवन के अधिकार के आगे गौण है। न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन और न्यायमूर्ति बीआर गवई ने रेखांकित किया डी श्रेणी में स्थित बहुत ही चिंताजनक है जहां पर संक्रमण दर 15 प्रतिशत है और सोमवार को पूरे दिन की छूट दी गई।

# विपक्ष के हंगामे के कारण नहीं चल सकी लोकसभा

## ● पेगासस जासूसी, महंगाई के मुद्दों पर जमकर किया शोर-शराबा

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में मंगलवार को महंगाई और पेगासस जासूसी मामला छाया रहा और इन मुद्दों पर कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न 3 बजे बैठक शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने पेगासस जासूसी मामले को उठाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। व्यवस्था बनते हुए नहीं देख पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने बैठक को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। बुधवार को ईद-उल-अजहा की वजह से अवकाश होने के कारण सदन की अगली बैठक अब बृहस्पतिवार, 22 जुलाई को होगी। विपक्ष संसद के मॉनसून सत्र में सरकार को तीन केंद्रीय कृषि कानूनों, पेगासस जासूसी मामला और महंगाई समेत विभिन्न विषयों पर घेरने का प्रयास कर रहा है। विपक्ष के शोर-शराबे के कारण मॉनसून सत्र में निचले सदन में लगातार दूसरे दिन कामकाज नहीं हो सका। सुबह 11 बजे सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया तब कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कुछ विपक्षी सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर आसन के समीप आ गए और नारे लगाने लगे। तख्तियों पर लिखा था लोग बेरोजगारी से परेशान हैं और सरकार जासूसी में लगी है। हंगामे के बीच ही कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने भाजपा सदस्य जसकौर मीणा के पूरक प्रश्न का उत्तर दिया। अध्यक्ष ने प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि सदन में तख्तियां लाना नियम प्रक्रिया के तहत उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कल कहा था कि वह हर विषय पर जवाब देने को तैयार है। उन्होंने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा कि वे अपने स्थान पर जाकर बैठें और जिन मुद्दों पर भी चर्चा करना चाहते हैं, सरकार उसके लिए तैयार है। बिरला ने कहा, सरकार हर विषय पर चर्चा की प्रतिबद्धता व्यक्त कर चुकी है, तो फिर विपक्ष नारेबाजी क्यों कर रहा है। यह उचित नहीं है।

## कल्याण सिंह की सेहत नाजुक राज्यपाल देखने पहुंचीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पीजीआई पहुंच कर उनका हालचाल लिया। इस दौरान कल्याण सिंह ने राज्यपाल का अभिवादन भी स्वीकार किया। कल्याण सिंह को सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें नॉन इनवेसिव वेंटिलेटर पर रखा गया है। आज अपरान्ह पीजीआई पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वयोवृद्ध नेता से भेंट की और उनके स्वास्थ्य के विषय में पूछा। इस दौरान कल्याण सिंह ने भी राज्यपाल से कुशलक्षेम लिया। वह सचेत, जागरूक व उन्मुख हैं। इस दौरान राज्यपाल ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य लाभ के विषय में जानकारी प्राप्त की। पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन के अनुसार कल्याण सिंह की स्थिति पूर्ववत है। शनिवार सायंकाल से उन्हें सांस लेने में कठिनाई होने के कारण हाई प्रेशर ऑक्सीजन मास्क पर रखा गया था। वह क्रिटिकल केयर मेडिसिनए नेफ्रोलाजी, न्यूरोलाजी, इंडोक्राइनोलॉजी एवं कार्डियोलाजी विभागो के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं।

# राज कुंद्रा गिरफ्तार, 23 तक पुलिस हिरासत में भेजे गए

## ● अश्लील फिल्मों के निर्माण और उनके प्रदर्शन मामले में हुई कार्रवाई

**भाषा।** मुंबई

**अश्लील** फिल्मों के कथित निर्माण और ऐप के जरिए उनके प्रदर्शन के एक मामले में मुंबई की एक अदालत ने व्यवसाई राज कुंद्रा को 23 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की अपराध शाखा का आरोप है कि कुंद्रा ने इस अवैध धंधे से वित्तीय लाभ अर्जित किया।

कुंद्रा (45), अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति हैं और पुलिस का दावा है कि व्हाट्सऐप से हुई बातचीत में यह जानकारी सामने आई है कि कुंद्रा ऐप और उसकी सामग्री के वित्तीय लेनदेन में शामिल थे। पुलिस ने यह भी कहा कि इस मामले में तीन महिलाओं ने शिकायत की है कि उन्हें अश्लील फिल्मों में काम करने के लिए बाध्य किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने संघर्षरत मॉडल, अभिनेत्रियों और अन्य कर्मियों की



पुलिस हिरासत में शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा

स्थिति का लाभ उठाया और उन्हें अश्लील फिल्मों में काम करने को बाध्य किया। पुलिस ने कहा कि इन फिल्मों की शूटिंग के लिए मुंबई में बंगले भाड़े पर लिए जाते थे।

पुलिस ने कुंद्रा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने के बाद सोमवार रात को गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने बताया कि ऐप कंपनी में वरिष्ठ पद पर काम करने वाले रायन थोर्प नामक व्यक्ति को भी उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है। कुंद्रा और थोर्प को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया और अदालत ने दोनों आरोपियों को 23 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## देश में अब बनेंगी छह पनडुब्बियां, वैश्विक टेंडर जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्वदेशीकरण** को प्रमुख रूप से बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार ने मंगलवार को देश में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए एक वैश्विक टेंडर जारी किया है। इन पनडुब्बियों का निर्माण स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप (एसपी) मॉडल के तहत किया जाएगा, जिसके तहत यहां उत्पादन के लिए विदेशी निर्माताओं के साथ भारतीय निर्माता कंपनी समझौता करेगी। यह सौदा 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इस साल जून में निविदा जारी करने को मंजूरी दी थी। सार्वजनिक क्षेत्र की मझगांव डॉक्स लिमिटेड (एमडीएल) और निजी कंपनी लार्सन एंड टुब्रो को इस वृहत परियोजना के लिए चुना गया है। वे देश में डीजल चालित पनडुब्बियों के निर्माण के लिए विदेशी मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) के साथ गठजोड़ करेंगे। पांच वैश्विक दिग्गज इस बड़े सौदे को हासिल करने की दौड़ में शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने इस नवीनतम आदेश की जानकारी मंगलवार को देते हुए कहा कि सरकार ने छह एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन फिटेड कन्वेंशनल सबमरीन के निर्माण के लिए स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप मॉडल के तहत पहले अधिग्रहण कार्यक्रम तहत परियोजना 75(भारत) [पी-75(आई) का रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल या टेंडर जारी किया है। परियोजना मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के लिए आरएफपी चयनित रणनीतिक साझेदारों (एसपी) या भारतीय आवेदक कंपनियों को जारी किया गया। रणनीतिक साझेदारी मॉडल के तहत यह पहली खरीद होगी। आयात पर निर्भरता घटाने के लिए ये पनडुब्बियां उस रणनीतिक साझेदारी के तहत बनाई जाएंगी जो घरेलू रक्षा उपकरण निर्माताओं को विदेशों की रक्षा निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी में अत्याधुनिक सैन्य मंच बनाने की अनुमति देता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इसके लिए पांच विदेशी कंपनियां दाईवू शिपबिल्डर्स (दक्षिण कोरिया), थायसीनक्रूप मरीन सिस्टम (जर्मनी), वंतिया (स्पेन), नेवल ग्रुप (फ्रांस) और जेएससी आरओई (रूस) शामिल हैं।

# मानसून पूरी तरह सक्रिय



राजधानी लखनऊ में अच्छी बरसात हुई, जिससे सड़कों पर भर गया पानी

## ● कई क्षेत्रों में जमकर हुई बारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है और पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के ज्यादातर हिस्सों में जोरदार बारिश हुई। आंचलिक मौसम केन्द्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी मानसून राज्य में पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सों में अनेक स्थानों पर जबकि पश्चिमी भागों के ज्यादातर इलाकों में वर्षा हुई। इस अवधि में सिकन्दराराउ (हाथरस) में सबसे ज्यादा 24 सेंटीमीटर वर्षा हुई। इसके अलावा एटा में 23, नगीना (बिजनौर) और पूरनपुर (पीलीभीत) में 1515, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) में 14, बहेड़ी (बरेली) में 12, धामपुर (बिजनौर) और मवाना (मेरठ) में 1111, क्वारसी (चित्रकूट), कासगंज, नरौरा (बुलंदशहर) और पटियाली (कासगंज) में नौनौ, हाथरस, टांडा (रामपुर), सहावर (एटा), अलीगढ़, तुलसीपुर (बलरामपुर) तथा टांडा (आम्बेडकर नगर) में सातसात सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

# कोरोना के खिलाफ दो-तिहाई भारतीयों में है एंटीबॉडी

## ● अन्य 40 करोड़ को अब भी संक्रमण का खतराः सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने मंगलवार को कहा कि एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण के मुताबिक करीब 40 करोड़ लोगों को अब भी कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा है, जबकि छह साल से अधिक आयु की देश की आबादी के दो तिहाई हिस्से में सार्स-सीओवी-2 एंटीबॉडी पाई गई है। सरकार ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के चौथे राष्ट्रीय कोविड सीरो सर्वे के नतीजों से उम्मीद की किरण नजर आ रही है, लेकिन ढिलाई की कोई जगह नहीं है और कोविड से जुड़े नियमों का अनुपालन करना होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हालिया राष्ट्रीय सीरो सर्वे में दो तिहाई या छह वर्ष से अधिक आयु की भारत की 67.6 प्रतिशत आबादी में सार्स-सीओवी-2 एंटीबॉडी पाई गई है। अधिकारी ने कहा कि एक तिहाई आबादी में यह एंटीबॉडी नहीं है, जिसका मतलब है कि करीब 40 करोड़ लोगों को अब भी कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा है। सरकार के मुताबिक सर्वेक्षण में शामिल किए गए स्वास्थ्य कर्मियों में 85 प्रतिशत में सार्स-सीओवी-2 के खिलाफ एंटीबॉडी है और स्वास्थ्य कर्मियों में 10 प्रतिशत का अब तक टीकाकरण नहीं हुआ है।

सर्वेक्षण में 28,975 आम आदमी और 7,252 स्वास्थ्य कर्मियों को शामिल किया गया था। चौथे दौर का सर्वेक्षण 21 राज्यों में 70 जिलों में किया गया, जहां पिछले तीन दौर का सर्वेक्षण भी किया गया था। सरकार ने कोविड-19 से जुड़े नियमों का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक समागम से दूर रहना चाहिए और अनावश्यक यात्राएं टालनी चाहिए। सरकार ने कहा, पूरी तरह से टीकाकरण कराने के बाद ही यात्रा करनी चाहिए। आईसीएमआर ने यह सुझाव भी दिया कि प्राथमिक विद्यालयों को पहले खोलना विवेकपूर्ण होगा क्योंकि बच्चे वायरस संक्रमण से कहीं बेहतर निपट सकते हैं। आईसीएमआर ने कहा, फैसला लेने के बाद और सभी कर्मचारियों का टीकारकण होने के बाद प्राथमिक विद्यालयों को पहले खोलना विवेकपूर्ण होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक भारत में 125 दिन में कोविड-19 के एक दिन में सबसे कम 30,093 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 3,11,74,322 हो गए।

### भारत बन सकता है डीएनए आधारित टीके वाला पहला देश : मंडाविया

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को कहा कि कई भारतीय कंपनियां अपने कोविड-19 रोधी टीकों का उत्पादन बढ़ा रही हैं और भारत दुनिया में पहला ऐसा देश भी बन सकता है जिसके पास इस महामारी से बचाव के लिए डीएनए आधारित टीका होगा। मंडाविया ने देश में कोविड-19 महामारी का प्रबंधन, टीकाकरण का कार्यान्वयन और संभावित तीसरी लहर को देखते हुए नीति और चुनौतियां विषय पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा के जवाब में बताया कि कैडिला हेल्थकेयर लि. के डीएनए आधारित टीके का, तीसरे चरण का क्लीनिकल परीक्षण चल रहा है। उन्होंने कहा इसने आपात स्थिति में उपयोग की मंजूरी हासिल करने के वास्ते भारत के औषधि महानियंत्रक के समक्ष अंतरिम आंकड़े प्रस्तुत किए हैं।

### देश में 125 दिन बाद सबसे कम मामले, सबसे कम मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में 125 दिन में कोविड-19 के एक दिन में सबसे कम 30,093 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 3,11,74,322 हो गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 374 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,14,482 हो गई, पिछले 111 दिन में सामने आए ये संक्रमण के सबसे कम मामले हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 4,06,130 हो गई है, जो पिछले 117 दिन में सबसे कम है। यह कुल मामलों के 1.30 प्रतिशत हैं। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 15,535 कमी आई है।

# ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की रणनीति को बनाए रखें

## श्रावस्ती, संतकबीर नगर, महोबा, ललितपुर, हाथरस व अलीगढ़ में कोविड का एक भी मरीज नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की रणनीति कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में कारगर रही है और इसे आगे भी बनाये रखें। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा कोविड.19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी रूप से जारी रखा जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विगत 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 70 नए मामले सामने आये हैं। इसी अवधि में 155 संक्रमित व्यक्तियों को सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के एक्टिव मामलों की संख्या 1,093 है। पिछले 24 घण्टों में प्रदेश में 2,36,546 कोविड टेस्ट किये गये। राज्य में अब तक कुल 6 करोड़ 28 लाख 26 हजार 817 कोरोना टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सक्रिय प्रयासों से कोरोना महामारी पर प्रभावी अंकुश लगा है। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद श्रावस्ती, संतकबीर नगर, महोबा, ललितपुर, हाथरस तथा अलीगढ़ में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह जनपद कोरोना संक्रमण से मुक्त हैं। 41 जनपदों में कोरोना संक्रमण का कोई भी नया केस नहीं पाया गया है, जबकि 33 जनपदों में इकाई अंक में मरीज पाये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण का कार्य पूरी गति से संचालित किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जुलाई माह में अब तक 98 लाख से अधिक वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। प्रदेश में अब तक 04 करोड़ 10 लाख 51 हजार से अधिक वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर की सम्भावना के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रखी जाएं। मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में सभी आवश्यक मेडिकल उपकरण यथा बाईपैप मशीन, मोबाइल एक्स.रे आदि तथा मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना कालखण्ड में कुछ निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों के आर्थिक शोषण की शिकायतें मिली हैं, जो ठीक नही है। ऐसे कई प्रकरणों में कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर सम्बन्धित चिकित्सालय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसील दिवस एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निस्तारण प्रत्येक दशा में अगले 5 दिवस में गुणवत्तापरक ढंग से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि तहसील दिवस में हुई शिकायत अगले थाना दिवस में पुन: प्रस्तुत न हो। जनता की संतुष्टि ही अधिकारियों की कुशलता का मानक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी 75 जनपदों में न्यूनतम एक एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री द्वारा इसी माह देवरिया, एटा, फतेहपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, सिद्धार्थ नगर, गाजीपुर, मीरजापुर और जौनपुर में नवस्थापित मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

# पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण सबसे अहम

## ● वन सेवा के अधिकारियों की सीएम से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर भारतीय वन सेवा के वर्ष 2019 बैच के अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का विषय वर्तमान में सबसे प्रमुख विषयों में से एक है। वन सेवा के अधिकारी इससे सर्वाधिक निकट से जुड़कर कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-वन सेवा के अधिकारियों की सीएम से मुलाकातटूरिज्म की असीम सम्भावनाएं हैं। ईको-टूरिज्म बढ़ाने के लिए वन एवं पर्यटन दोनों विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मनुष्य और वन्य पशु के बीच द्वन्द्व कम करने की दिशा में प्रयास किए जाने की जरूरत है। युवा वन सेवा अधिकारियों को ऐसे अभिनव प्रयासों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो इस दिशा में उपयोगी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण के लिए अच्छे एवं लोक कल्याणकारी हैं। वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश में विगत 5 वर्षों में 100 करोड़ वृक्षारोपण किया है। वृक्षों को लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी आवश्यक है। इस सम्बन्ध में समुचित प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 100 वर्ष से अधिक आयु के वृक्षों के संरक्षण की दिशा में पहल की है। ऐसे वृक्षों को हेरिटेज ट्री के तौर पर संरक्षित किया जा रहा है।

इस अवसर पर वन मंत्री दारा सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बुलंदशहर दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख

**लखनऊ।** सीएम योगी ने बुलंदशहर में एक सड़क दुर्घटना में यात्रियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पाँच-पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने तथा प्रभावित लोगों को हर संभव मदद और राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

पायनियर वर्गीकृत

खोया–पाया

सूचित किया जाता है, कि मेरा बैनामा/रजिस्ट्री मूल प्रपत्र दि0 01–06–2021 को कहीं रास्ते में खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध है। हरी कुमार उपाध्याय पुत्र स्व0 राम अभिलाष उपाध्याय निवासी–538ख/186, शिवनगर रूपपुर खदरा, लखनऊ।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे सेवा (एनटीपीसी) के अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ममता दर्ज है, जो अपूर्ण है। मेरी पत्नी का पूरा नाम ममता मिश्रा है, जो आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों में दर्ज है, जो सत्य एवं पूर्ण है। अतः मेरी पत्नी को ममता मिश्रा नाम से ही जाना, पहचाना ब समझा जाए। अनिल मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा कर्मचारी संख्या – 57579 निवासी – टाईप 2–– 487 एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार – रायबरेली

सूचना

सूचना

बीटीसी (DLED) में अल्पसंख्यक कोटे में सीधे प्रवेश लें सत्र–2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एच.एम. शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पीवाताल मऊ (कोड–500027) में प्रवेश हेतु संस्थान की वेबसाइट nm&pmau.in पर बिना काउन्सलिंग के सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें। योग्यता NCTE एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी, इलाहाबाद द्वारा निर्धारित **प्रबंधक,**
**Mb. 9839607894**

सूचना

सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नंबर बी–16, जे–रोड, महानगर एक्सटेंशन, लखनऊ के लिए मेरी मां (स्वर्गीय) श्रीमती प्रेम लता गोयल पत्नी स्वर्गीय श्री श्री प्रकाश गोयल और नगर महापालिका के बीच मूल लीज डीड लखनऊ 14 जून 1967 को निष्पादित (रजिस्टर संख्या 1, जिल्द –1876 ,पेज नं. 274 पुस्तक संख्या 1, जिल्द –1881 के पृष्ठ संख्या 21/22 क्रमांक 2110 पर) खो गया है। उपरोक्त खोए हुए ''मूल लीज डीड'' का किसी के द्वारा किसी भी तरीके या रूप में उपयोग धोखाधड़ी और अवैध माना जाएगा और मेरा कोई दायित्व नहीं होगा। यदि उक्त खोया हुआ ''मूल लीज डीड'' किसी के द्वारा पाया जाता है, तो कृपया मुझसे संजय गोयल (पुत्र श्रीमती प्रेम लता गोयल और श्री श्री प्रकाश गोयल) से संपर्क करें– मोबाइल 9910397605**

सूचना

प्रवेश सूचना

D.El.Ed. सत्र 2021-23 आचार्य बलदेव संस्थान कोपा, पतरहीं जौनपुर (अल्पसंख्यक संस्था) राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, लखनऊ एवं शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में D.El.Ed. पाठ्यक्रम के 50% सीटों पर प्रवेश हेतु absansthan.org.in पर आवेदन व प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 12 अगस्त 2021 तक है। ऑनलाइन आवेदन करें। नोट : अल्पसंख्यक छात्रों से रिक्त सीटों पर अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों का भी प्रवेश मानकानुसार हो सकता है। -प्राचार्य
**7755003103, 9005454777**

# हफ्ते का एक दिन होगा कर्मचारियों के नाम

## ● अफसर सुनेंगे समस्या और निकालेंगे समाधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वेतन** विसंगति का मसला हो, पदोन्नति में देरी की टीस हो या फिर दैनिक कामकाज से जुड़ी कोई और परेशानी, सबका समाधान होगा। यह भी बिना किसी देरी के। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि हर सप्ताह एक दिन केवल कार्यालय के कर्मचारियों के नाम होगा। हर कार्यालय में उच्चाधिकारी सप्ताह में एक दिन एक घंटा कर्मचारियों की समस्याओं, शिकायतों का समाधान करेगा। उन्होंने इसके लिए तय दिन कार्यालय अवधि के आखिरी एक घंटे को आरक्षित करने को सुविधाजनक बताया है।

लोकभवन में मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने कहा कि कर्मचारियों की तमाम ऐसी शिकायतें हैं, जो स्थानीय स्तर पर अधिकारी के थोड़ा संज्ञान लेने से निस्तारित हो सकती हैं।

### जिलों में होगा व्यापारियों की समस्याओं का निपटारा

**लखनऊ।** सभी जनपदों में अब जिलाधिकारी और एसएसपी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण जनपद स्तर पर करेंगे। माह में एक दिन निर्धारित कर व्यापार मंडल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके तहत जिले स्तर पर ही बड़े व छोटे सभी व्यापारियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बैठक में अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द इस पर अमल किया जाए।

## बकरीद पर एसपी जिला न छोड़ें : प्रशांत कुमार

**लखनऊ।** ईद–उल–अजहा (बकरीद) की संवेदनशीलता के दृष्टिगत सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को त्यौहार के दिन जिले में मौजूद रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि कोई भी पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बकरीद के दिन अपने जिले से बाहर नहीं जाएगा। विषम परिस्थितियों में जनपद प्रभारी के अनुपलब्धता की स्थिति में परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा उस जनपद का स्वयं पर्यवेक्षण किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस कप्तानों को जारी किए गए परिपत्र में एडीजी कानून व्यवस्था ने कहा है कि इस वर्ष चन्द्रदर्शन के अनुसार बकरीद का त्यौहार 21 जुलाई को मुस्लिम समुदाय के दोनों सम्प्रदाय, शिया–सुन्नी द्वारा मनाया जायेगा। इस त्यौहार के अवसर पर मुस्लिमों द्वारा प्रात:काल 8 बजे से 11 बजे के मध्य कोविड के गाइडलाइन के अनुसार नमाज अदा की जायेगी।

# भाजपा के कुशासन से ऊब गई है जनता: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के साढ़े चार साल में उत्तर प्रदेश विकास में पीछे होता गया है। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब गई है। उसके राजनीतिक छल कपट की सच्चाई अब सबके सामने आने से बौखलाए मुख्यमंत्री जी और दूसरे भाजपा नेता लोगों के मनोरंजन के लिए अब राजनीतिक खेल तमाशों के आयोजन में उतर आए हैं। कभी भाजपा और संघ की बैठकें, कभी मंत्रिमण्डल विस्तार की चर्चाएं तो कभी धड़ाधड़ तबादले ये सब भाजपा की घबराहट का नतीजा ही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार यह ब्यौरा कभी नहीं देती है कि कहां से कितना बाहरी पूंजी निवेश आया और किस उद्यमी ने कहां उद्योग लगाया, कितनों को रोजगार मिला, कितने एमओयू जमीन पर उतरे और कितने उद्योगों में छंटनी से कितने नौजवान बेरोजगार हुए, भाजपा राज में गुण्डाराज के साथ भ्रष्टाचार पर रोक नहीं है। महिलाओं की इज्जत पर हर समय खतरा मंडराता रहता है। छोटी छोटी बच्चियां तक दुष्कर्म की शिकार बनाई जा रही हैं। मिशन शक्ति का झूठा प्रचार, विकास के नाम पर कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट में फिसड्डी, हर रोज बिजली कटौती, गड्ढायुक्त सड़कें, जगह जगह जल भराव, ट्रैफिक जाम, पेयजल संकट, शिक्षा, स्वास्थ्य में दुर्व्यवस्था और प्रदूषण से राजधानी समेत हर महानगर में हाहाकार यही तो भाजपा सरकार की उपलब्धि और उल्लेखनीय देन है।

## जासूसी कांड की निष्पक्ष जांच कराए केंद्र: मायावती



**लखनऊ।** पेगासस जासूसी कांड को लेकर इस समय देश की राजनीति में घमासान मचा हुआ है। इस मुद्दे को लेकर सभी विपक्ष दल लामबंद हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकार का तर्क लोगों के गले नहीं उतर रहा है। मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जासूसी का गंदा खेल व ब्लैकमेल आदि कोई नई बात नहीं किन्तु काफी महंगे उपकरणों से निजता भंग करके मंत्रियों, विपक्षी नेताओं, अफसरों व पत्रकारों आदि की सूक्ष्म जासूसी करना अति गंभीर व खतरनाक मामला जिसका भण्डाफोड़ हो जाने से यहां देश में भी खलबली व सनसनी फैली हुई है। उन्होंने कहा कि इसके सम्बंध में केन्द्र की बार बार अनेकों प्रकार की सफाई, खण्डन व तर्क लोगों के गले के नीचे नहीं उतर पा रहे हैं।

## ईद-उल-अज़हा पर राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–अज़हा के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। आनंदीबेन पटेल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद–उल–अज़हा का पर्व त्याग और बलिदान के प्रति आदर व्यक्त करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्वों के माध्यम से सभी को खुशियाँ बांटने की प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कोविड19 के संक्रमण के दृष्टिगत लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करते हुए घर पर ही नमाज़ पढ़ने और ईद–उल–अज़हा मनाने की अपील की है। वहीं उप्र विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित व विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने भी ईद–उल–अज़हा पर प्रदेशवासियों को बधाई दी।

### अखिलेश व शिवपाल ने भी दी बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पूर्व मंत्री व जसवन्तनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने ईद–उल–अजहा के मुबारक मौके पर मुस्लिम भाईयों को बधाई दी है। अखिलेश ने बधाई देते हुए कहा है कि यह त्योहार सद्भाव, सहयोग, समर्पण, त्याग और बलिदान का भी संदेश देता है। श्री यादव ने उम्मीद जताई है कि कोरोना महामारी की वजह से सभी भाई सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए इसके संक्रमण से बचने के उपाय अपनाएंगे। वहीं शिवपाल यादव ने बधाई देते हुए कहा कि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करे कि सरकारी निर्देशों के आड़ में मुस्लिम समुदाय व नमाजियों का पुलिस उत्पीड़न न हो।

## आजम को देखने मेदांता पहुंचे अखिलेश

**लखनऊ।** कमजोरी व सांस लेने में दिक्कत की शिकायत पर एक दिन पूर्व भर्ती आजम खान को देखने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे। वहां अखिलेश यादव ने आजम खान से मुलाकात के बाद डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट ली। बता दें कि समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान एक बार फिर से मेदांता हॉस्पिटल में एडमिट कराए गए हैं। अभी बीते 13 जुलाई को 64 दिन बाद स्वस्थ होने पर लखनऊ के मेदांता अस्पताल से सीतापुर जिला जेल में शिफ्ट किया गया था। उनका लखनऊ के मेदांता अस्पताल में करीब दो माह से ऊपर इलाज चला था।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का 67 प्रतिशत भौतिक काम पूरा

## ● यमुना, बेतवा और केन नदी पर पुलों का भी तीव्र गति से निर्माण चल रहा है: अवनीश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखंड** एक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्य की समीक्षा यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने वीडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से करते हुए कहा कि परियोजना पर तेजी से काम पूरा करते हुए तय समय में पूरा किया जाए। कान्फ्रेंसिंग में यूपीडा के अधिकारियों ने बताया कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। परियोजना का अब तक लगभग 67 प्रतिशत भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है। श्री अवस्थी द्वारा निर्देश दिए गए कि आरओबी तथा आरई पैनल निर्माण के काम में तेजी के साथ स्ट्रक्चर्स से संबंधित काम में शीघ्रता लाई जाएए उन्होंने टोल प्लाजा निर्माण के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री अवस्थी ने परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यो को भी शीघ्रता से किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही टेक्निकल ऑडीटर, अथॉरिटी इंजीनियर एवं पीआईयू को गुणवत्ता की जांच लगातार करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जा सके। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल लंबाई 296 किमी है। रिकॉर्ड समय में अब तक कुल 210 किमी लंबाई में बिटुमिनस स्तर का कार्य पूरा किया जा चुका है। परियोजना में पड़ने वाली यमुना, बेतवा और केन नदियों पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है।

उन्होंने बताया कि यूपीडा द्वारा बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य काफी तेजी से कराया जा रहा है और तय समय सीमा से निर्माण की प्रगति काफी आगे चल रही है।

## आयुष-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर का निर्माण जुलाई तक पूरा करें: सीएस

### ● उप्र राज्य आयुष सोसाइटी की शासी निकाय की बैठक

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को उप्र राज्य आयुष सोसाइटी की शासी निकाय की 7 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए 2021–22 के लिए 580 करोड़ रुपऐ की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित किया। सीएस ने कहा कि नेशनल आयुष मिशन के अन्तर्गत 301 आयुष–हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर का निर्माण पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप अवशेष 291 सेण्टर के निर्माण में तेजी लाकर 31 जुलाई तक पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त 5 आयुष इंटीग्रेटेड हॉस्पीटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं अवशेष 11 हॉस्पीटल का निर्माण कार्य भी सितम्बर तक अवश्य पूरा कर लिया जाए। बैठक में बताया गया कि 592 आयुष–हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर स्वीकृत किए गए थे जिसमें से 301 सेण्टर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, अवशेष 291 सेण्टर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 3934 आयुष डिस्पेंसरी और 19 आयुष मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों द्वारा कोविड–19 से बचाव के लिए आयुष ड्रग वितरण किया जा रहा है। मुख्य सचिव आरके तिवारी ने प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक में स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, नमामि गंगे योजना, मेट्रो परियोजना एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की और काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर की प्रगति समीक्षा में उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समस्त कार्य 15 नवम्बर तक पूरा करने की अपेक्षा की।

# लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है फोन हैकिंग की घटना: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फोन हैकिंग मामले में जिन हस्तियों के नाम आए हैं उसमें विपक्ष के बड़े-बड़े कद्दावर नेताओं के अतिरिक्त भारत सरकार के मंत्री, राजनयिक, न्यायविद, पत्रकार और सुरक्षा एजेंसियां सहित तमाम महत्वपूर्ण लोग शामिल है। यह घटना लोकतंत्र के लिए काले धब्बे की तरह है लेकिन भारतीय जनता पार्टी का इतिहास भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में देश के क्रांतिकारियों के खिलाफ मुखबिरी और जासूसी का रहा है। देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अपने गुजरात में शासन के दौरान विपक्ष के खिलाफ इसी प्रकार के षड़यंत्र करते रहे है। यह घटना उसी दिशा में एक कड़ी मालूम पड़ती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री यह भूल रहे है कि भारत की गरिमा को तार तार करना पूरी दुनिया में भारत की छवि को खराब करना यह सब भारतीय जनता पार्टी ही करती रही है। लगातार 2014 से पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि को एक भ्रष्ट देश के रूप में बनाई है और आज जब खुद भाजपा उसी जाल में फंसती नजर आ रही तो स्वयं को जनता की नजर में पाक साफसाबित करने के लिए विपक्ष पर आरोप लगा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संसद सत्र शुरू होने पर उसे सनसनीखेज बनाना भाजपा की परम्परा रही है और भाजपा ने हमेशा संसद की गरिमा को तार तार किया है और एक गलत परम्परा बनाई है।

# मथुरा से अब सब्जी,फल व मसालों का अमेरिका को होगा निर्यात

## ● यूपीसीडा की जमीन पर बना उत्तर भारत और यूपी का पहला जीआरपीएफ पैक हाउस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मथुरा,** भगवान कृष्ण की जन्मस्थली और भारत की प्राचीन नगरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियों के चलते अब मथुरा में उत्तर भारत और उत्तर प्रदेश का पहला गामा विकिरण प्रसंस्करण (जीआरपीए) सुविधा युक्त पैक हाउस और कोल्ड स्टोरेज बनाया गया है। इस जीआरपीएफ पैकहाउस के जरिए अब अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडाए ब्राजील और न्यूजीलैंड में रहने वाले लोग यूपी, दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड में उगाए गए आलू, प्याज, मटर, गोभी, बंदगोभी, अदरक, हरीमिर्च, आवंला, कटहल, आम, लीची, अमरुद, जामुन, अनार तथा मसालों का स्वाद ले सकेंगे। वहीं दूसरी तरफ कृषि एवं फल कारोबार से जुड़े हजारों कारोबारी और लाखों किसानों को इस जीआरपीएफपैक हाउस से लाभ होगा। उनकी उगाए फलए सब्जी और मसाले अब आसानी से अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राजील, न्यूजीलैंड सहित दुनिया भर के देशों को भेजे जा सकेंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश देश में फल और सब्जियों का सबसे बड़ा उत्पादक है। फिर भी राज्य में उत्पादित फल और सब्जियों की 10 फीसदी से कम की ही प्रोसेसिंग हो पाती थी। बड़ी मात्रा में जल्द खराब होने वाले खाद्य पदार्थ हर साल बर्बाद हो जाते थे। जिसके चलते किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका संज्ञान लिया। जिसके तहत उन्होंने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 तैयार कराई। इस नीति में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने वाले उद्यमी को कई तरह की रियायतें देने का ऐलान किया गया। प्रदेश सरकार की इस नीति से प्रभावित होकर वर्ष 2018 से अब तक 4109.74 करोड़ रुपए की लागत वाले 803 उद्यमों की स्थापना करने में छोटे तथा बड़े निवेशकों ने रूचि दिखाई।

# प्रदेश के 14 शहरों में फर्राटा भरेंगी नई इलेक्ट्रिक बसें

## ● नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने प्रोटोटाइप बसों के ट्रायल रन को हरी झण्डी दिखाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार बढ़ते प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण के सुधार के लिये 14 शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने जा रही है। सस्ती यात्रा की सुविधा दिये जाने के लिये इन बसों का किराया साधारण बसों के बराबर रखा गया है।

नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने मंगलवार को राजधानी में उक्त घोषणा की है। 1090 चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि सरकार नगरीय परिवहन सेवाओं को आधुनिक बनाने के साथ ही यात्रियों को सुविधाजनक सफर मुहैया कराने के प्रयास तेजी से कर रही है। सरकार की योजना लखनऊ समेत प्रदेश के 14 अन्य प्रमुख शहरों में 700 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की है। इसके लिये नगरीय परिवहन निदेशालय के अधिकारियों की ओर से काम को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। लखनऊ में इन बसों का एक माह के लिये ट्रॉयल शुरू कर दिया गया।

नगर विकास निदेशालय के संयुक्त सचिव अजीत सिंह ने बताया कि मण्डलायुक्त की बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरु करा दिया जाएगा। अन्य प्रदेशों की तुलना में इनती बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने वाले यूपी पहला राज्य होगा। प्रदेश सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक बसों की संचालन की योजना में 965 करोड़ की लागत आई है। ये बसें वातानुकूलित, आरामदायक तथा ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से मुक्त होंगी।

लखनऊ, कानपुर, आगरा में 100–100, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, मथुरा–वृंदावन में 50–50, शाहजहांपुर, झांसी, मुरादाबाद, गोरखपुर, अलीगढ़ एवं बरेली में 25–25 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0प्र0 जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

पत्रांक 705/6901/विविध–3/(21)/68
दिनांक 19.07.2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से जनपद लखनऊ में नलकूप पर पम्प हाउस एवं पाइप लाइन के कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक **22.07.2021 से 28.07.2021** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाए, वि/यॉ0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0 नलकूप विंग–द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी.(1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट www.upjn.org से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना**– निविदा विक्रय की तिथि 22.07.2021 से 28.07.2021 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा डालने की तिथि : 29.07.2021 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि – 30.07.2021 **पूर्वान्ह** 11.00 बजे।

# इंटर मॉडल होगा काशी स्टेशन

● अब तक का सबसे महंगा प्रोजेक्ट होगा

● गंगा नदी पर एक विशाल सिग्नेचर ब्रिज को लेकर भी चल रही हैं तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में यातायात व यात्री सुविधा की एक बड़ी योजना जल्दी ही मूर्तरूप लेने जा रही है। लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में और तकरीबन 3 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली तीन मंज़िल इंटर मॉडल स्टेशन काशी (आईएमएसके) को लेकर सरकार की ओर से तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस प्रोजेक्ट को मौजूदा काशी स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में बनाया जाएगा। नेशनल हाईवे अथॉर्टी ऑफ़ इंडिया ने इस पूरे प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बना लिया है।

बता दें कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरीडोर धाम जहां तकरीबन 800 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है वहीं हाल ही में बन कर लोकार्पित हुए रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की कुल लागत 186 करोड़ रुपये है। वहीं खड़किया घाट प्रोजेक्ट की बात करें तो इसकी भी लागत 36 करोड़ रुपये ही है। इसके अलावा बात लालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) की करें तो इसकी लागत 197 करोड़ रुपये थी। इस मामले में देखा जाए तो यह प्रोजेक्ट बनारस में अबतक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होने वाला है। इसके अलावा राजघाट पुल के पास ही गंगा नदी पर एक विशाल सिग्नेचर ब्रिज को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं।अधिकारियों के अनुसार यह एक ऐसा इंटरमॉडल स्टेशन होगाए जहां से बसए ट्रेन और वाटर ट्रांसपोर्ट की सुविधा होगी। सिर्फइतना ही नहीं स्टेशन पर ही फाइव स्टार होटल व बजट होटल भी बनाया जाएगा। इसके अलावा अर्बन हॉट तथा यात्री सुविधा के सभी अत्याधुनिक सुविधाएं यहां प्रदान की जाएंगी। तकरीबन तीन हज़ार करोड़ की ये योजना क़रीब 40 एकड़ ज़मीन पर मूर्तरूप लेगी। नेशनल हाईवे अथॉर्टी ऑफ़ इंडिया वाराणसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आर यस यादव ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के कम्पलीट होने के बाद वाराणसी का काशी स्टेशन इंटरमॉडल स्टेशन काशी (आईएमएसके) कहलाएगा। यहाँ इंटर स्टेट बस सर्विस और इंट्रा सिटी बस टर्मिनल के साथ ही काशी स्टेशन का भी कायाकल्प किया जाएगा। आईएमएसके की कनेक्टिविटी राष्ट्रीय राजमार्ग से रिंग रोड व बनारस में बनने के लिये प्रस्तावित सिग्नेचर ब्रिज से भी होगी। कैंट स्थित रोडवेज बस स्टेशन भी यहीं शिफ़्ट करने का प्रस्ताव है। साथ ही काशी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की संख्या को भी बढ़ाया जाएगा। यहां ट्रेनों का आवागमन भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि यहां काशी स्टेशन पर दो प्लेटफार्म बढ़ाने और ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव है। पैसेंजर ट्रेनों के लिए यार्ड भी बनेगा। अर्बन हाट के लिए एक बड़ी जगह होगी जहाँ आजीविका के लिए रोजाना वेंडर्स अपना सामान बेचेंगे।

**आपस में जुड़े रहेगें तीनों स्टेशन:** उन्होंने बताया कि तीनों मंज़िल के स्टेशन आपस में जुड़े रहेंगे जिससे शहर से आने वाले यात्री को इंटर स्टेट बस और ट्रेन से आसानी से मिल सके। इसी प्रकार दूर दराज से आने वाले यात्रियों को शहर में आने के लिए भी यहीं से बस मिल जाएगी। इंटर मॉडल स्टेशन काशी में सीधे आने.जाने के लिए एलिवेटेड (फ्लाई ओवर) रास्ता, रेलवे स्टेशन और अन्तरराज्यीय बस टर्मिनल के लिए अलग से होगा।

# अपर पुलिस उपायुक्त ने बकरीद व सावन पर्व को देखते हुए कुर्बानी स्थल का निरीक्षण किया



**वाराणसी।** ईद-उल-जुहा एवं सावन मास को देखते हुए अपर पुलिस उपायुक्त मंगलवार को लाट सरैंया स्थित मस्जिद का भ्रमण किया एवं बुधवार को बकरीद की कहॉ कुर्बानी होना है इसके मद्देनजर मुस्लिमों संग संभ्रान्त नागरिकों संग शांति ढंग से बकरीद मनाने की अपील किया एवं पुलिस अधिकारियों ने मुस्लिम भाईयों को बकरीद की मुबारकबाद दी। वाराणसी में आगामी श्रावण माहए बकरीद के दृष्टिगत अपर पुलिस उपायुक्त विकास चन्द्र त्रिपाठीए एसीपी कोतवाली प्रवीण सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक आदमपुर सिद्धार्थ मिश्रा द्वारा थाना आदमपुर क्षेत्र के महत्वपूर्ण धर्मस्थलों लाटभैरवए ओमकालेश्वर मंदिर एवं विभिन्न मस्जिदों का भ्रमणए प्रमुख पुजारी व मुतवल्ली से वार्ता तथा वहां लगे पुलिसबल की ब्रीफिंग की गई।

## क्विक न्यूज

### शक्तिपीठ दुर्गा माता मंदिर के महंत कृष्ण द्विवेदी ने सपा की सदस्यता ग्रहण की



**वाराणसी।** विधान सभा चुनाव के पहले समाजवादी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है महानगर समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आज समाजवादी पार्टी के अर्दली बाजार स्तिथ महानगर कार्यालय पर दुर्गाकुण्ड स्तिथ शक्तिपीठ दुर्गा माता मन्दिर के महंत ने सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दुर्गाकुण्ड स्तिथ शक्तिपीठ दुर्गा माता मन्दिर के 25 वर्ष से महंत केवल कृष्ण द्विवेदी ने समाजवादी पार्टी की विचारधारा में समर्पण दिखाते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लीए चार वर्षो से अर्चक प्रभाशंकर तिवारी व पंकज पाण्डेय ने भी साथ ही समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि सत्ता परिवर्तन लहर तेज होने लगी है। महंत जी के पार्टी मे शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने महंत जी माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं कार्यकम के अंत मे लोहिया वाहिनी के नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता अभिनंदन किया गया।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ब्लाक सभागार में हुआ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**चकिया/चन्दौली।** ब्लाक सभागार में आयोजित नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा व ब्लॉक के अधिकारियों के समक्ष सम्पन्न हुआए इस दौरान उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।शासन द्वारा नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख व सदस्यों के शपथ ग्रहण की तारीख निर्धारित होने के पश्चात आज मंगलवार को ब्लाक परिसर स्थित सभागार में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों व ब्लॉक प्रमुख चकिया को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर चकिया ब्लाक के नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य गणों के साथ.साथ ब्लाक प्रमुख चकिया शंभू नाथ यादव ने अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली तथा चकिया ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत रुके हुए विकास कार्यो को तत्परता के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख चकिया शंभू नाथ यादव सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य गण के साथ-साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा, खंड विकास अधिकारी सरिता सिंह, एडीओ पंचायत सत्येंद्र श्रीवास्तव, प्रधान अवधेश यादव सहित ब्लाक के विभिन्न गांवों के संभ्रांत लोगों के साथ पुलिस के लोग मौजूद रहे।

### ब्लाक प्रमुख कमला देवी को एसडीएम ने दिलाई शपथ



**मुगलसराय/चन्दौली।** अलीनगर स्थित नियामताबाद ब्लॉक सभागार में मंगलवार को मुगलसराय एसडीएम विजय नारायण सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख कमला देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात ब्लाक प्रमुख कमला देवी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन में दो बार में शपथ दिलाई। उसके बाद ब्लाक प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक हुई। इस दौरान आधा दर्जन समितियों का गठन किया गया। जिसमें प्रशासनिक समिति व स्वास्थ्य एवं विकास समिति की अध्यक्ष स्वयं ब्लाक प्रमुख अपने पास रखीं।जल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रानी देवीए निर्माण समिति घनश्याम यादवए शिक्षा समिति साजन सिंहए स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति आफताब बनाएं गये।साथ ही विकास समितियों के छः सदस्य बनाएं गये। बैठक में विकास कार्यो पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर बीडीओ डॉ रक्षिता सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ विमल कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव, पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, प्रेमनाथ तिवारी, औसाफगुड्डू, महेंद्रलाल श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत संजय शर्मा, एडीओ एसटी प्रमोद शर्मा, धनंजय सिंह, लाल अमरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ता पुत्र की पोखरी में शव मिलने से सनसनी

**सकलडीहा/चन्दौली।** सकलडीहा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक बथावर गांव निवासी रामजनम राम के 23 वर्षीय पुत्र की घर के समीप मंगलवार को सुबह पोखरी में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। युवक तीन दिन पूर्व मोबाइल पर फोन आने पर घर से रात में खाना खाने के बाद निकल गया था। परिजनों ने युवक की हत्या का आंशका जताया है। उधर कोतवाली पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। घटना को लेकर काफी आक्रोश है। घटना का खुलासा की मांग किया है। बथावर गांव निवासी पूर्व अध्यक्ष रामजनम राम के तीन पुत्र और तीन पुत्री है। सबसे छोटा 23 वर्षीय पुत्र आलोक घर पर रहकर पिता के साथ खेती बारी में हाथ बटाता था। इसके अलावा भवन निर्माण में काम करता था। डेढ़ साल पूर्व प्रेम प्रपंच के मामले में युवक जेल गया था। एक साल से युवक जमानत पर घर रह रहा था। रविवार को काम पर से लौटने के बाद घर पर खाना खाकर सो रहा था। करीब 11 बजे किसी का फोन आने पर घर से निकल गया। देर रात तक घर पर नही आने पर दूसरे दिन सोमवार को इधर उधर रिश्तेदार और परचितों से पता लगाया। मालूम नही होने पर बहन और बहनोई ने थाने में पहुंचकर भाई के गुम हो जाने की मौखिक सूचना दिया। लेकिन पुलिस ने तत्परता नही दिखाया। मंगलवार की सुबह घर के समीप पोखरी में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सहयोग से पुलिस ने शव को कब्जे में निकालकर पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत कोतवाल अवनीश राय ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर लेकर घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिती स्पष्ट हो पायेगा।

# स्थानान्तरण के विरोध में लिपिकों ने सीएमओ को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम पत्रक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मंगलवार को** सीएमओ कार्यालय पर अनियमित स्थानांतरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों ने विरोध में धरना.प्रदर्शन किया। यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के बैनर तले प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए कार्य बहिष्कार किया गया। इस दौरान कर्मियों ने सीएमओ को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्रक भी सौंपा और स्वास्थ्य निदेशक उत्तर प्रदेश को अनियमितता बरतने के आरोप में निलंबित करने की मांग उठाई।

इस सम्बन्ध में यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन वाराणसी शाखा के अध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा स्थानांतरण में नियम था कि जनपद के आस पास ही स्थानांतरण किया जाएगा वो भी उपलब्धता के आधार परए लेकिन स्वास्थ्य निदेशक उत्तर प्रदेश ने मनमाने ढंग से हम सभी का ट्रांसफर कर दिया। कई सारे पीएचसी और सीएचसी में कार्य बाधित हैंए कर्मचारी नहीं हैं पर ट्रांसफर हो रहा है।

आज हम सभी ने सीएमओ ऑफिस आकर सीएमओ साहब को एक पत्रक सौंपा है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम है। यदि हमारी सुनवाई नहीं हुई और स्थानांतरण नहीं रोका गया तो हम 24 जुलाई को लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पहुंचेंगे और अपनी बात रखेंगे। निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि 27 सौ कर्मचारियों में से निदेशक महोदय ने 17 सौ का ट्रांसफर कर दिया है। यही नहीं महिलाओं का 1000 किलोमीटर से अधिकी की दूरी पर घर से ट्रांसफर किया हैए जिस महिला का छोटा बच्चा है वो कैसे जाएगी छोड़कर। स्वास्थ्यकर्मियों ने चेताया की यदि सरकार हमारी बात नहीं सुनेगी तो हम सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

# जिला प्रशासन कोविड थर्ड वेव की तैयारियों में जुटा

● जिलाधिकारी ने सीएमओ संग अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक, इक्विपमेंट डिटेल व ह्यूमन रिसोर्सेज़ एण्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार कराने का निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोविड** की सम्भावित थर्ड वेव के लिए रिसोर्स डेवलपमेंट का कार्य अभी से ही प्रारम्भ कर दिया गया है। कोविड की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सरकारी अस्पतालों यथा पं दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, शिव प्रसाद गुप्त कबीर चौरा अस्पताल, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चौकाघाट, लालबहादुर शास्त्री अस्पताल, ईएसआईसी अस्पताल, बरेका अस्पताल, डाण्भाभा कैंसर अस्पताल, बीएचयू अस्पताल, हेरिटेज अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों एचएफएनसी, बाई पैप, आक्सीजन कंसेन्ट्रेटर आदि की उपलब्धता का आंकलन करने, दवा की उपलब्धता, डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ एलटी लैब ब्वाय नर्सिंग स्टाफ एम्बुलेंस ड्राइवर व सहायक सभी की उपलब्धता और उनकी ट्रेनिंग पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने अस्पतालवार वार उपलब्ध बेड के सापेक्ष पीडियाट्रिक, एडल्ट के इलाज हेतु उपलब्ध उपकरणों का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया साथ और कौन.कौन से उपकरणों की आवश्यकता है उसका भी विवरण मांगा है। उन्होंने चार सीएचसी आराजी लाइन, चोलापुर, नरपतपुर तथा गंगापुर के लिए आये संसाधनध्उपकरणों को केंद्रों पर भेजने का निर्देश दिया। ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट पर विशेष जोर देते हुए कोविड के मरीजों का इलाज करने के लिए पिछली वेव में सेवायें देने वाले डाक्टरों व अन्य सभी मेडिकल स्टाफ की रिफ्रेशर ट्रेनिंग कराने तथा नये मेडिकल स्टाफ की अलग से ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार करने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया। बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारी व अस्पतालों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम उजाला कार्यक्रम के तहत दस लाख एलईडी बल्ब वितरित किए

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भारत सरकार** के विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्यरत की कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड ने अपनी ग्राम उजाला योजना के तहत् उत्तर प्रदेश और बिहार में 10 लाख एलईडी बल्बों का वितरण कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करायी है। एलईडी बल्ब वितरित करने का काम इस वर्ष मार्च में शुरू किया गया था। कोविड महामारी की दूसरी लहर के कारण इसमें कुछ रुकावट आई लेकिन इसे फिर शुरू किया गया और बहुत कम समय में 10 लाख बल्ब वितरित करने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया।

इन एलईडी बल्बों से 10 रुपये के बेहद किफायती मूल्य पर ग्रामीण क्षेत्रों को रोशन किया जा रहा है। साथ ही इन बल्बों से बेहतर जीवन स्तरए वित्तीय बचतए आर्थिक गतिविधियों का बढ़ना और ग्रामीण नागरिकों की बेहतर सुरक्षा जैसे लाभ भी हासिल हुए हैं।

## साफ-सफाई को लेकर किए गए हैं मुकम्मल इंतजाम

**मऊ।** नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद तैय्यब पालकी ने कहा कि बकरीद पर्व को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा साफसफाई समेत अन्य सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। त्योहार को मद्देनजर रखते हुये नगर के समस्त गलियों एवं मुहल्लों में युद्ध स्तर पर साफसफाई कराया गया है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका परिषद में नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया हैए इसमें किसी प्रकार की गंदगी की सूचना मिलने पर तुरन्त सफाई कराया जाएगा। समस्त नलकूप चालकों को त्यौहार के दौरान सभी नलकूपों को नियमित रुप से चलाये जाने का निर्देश दे दिया गया है कुछ नलकूपों पर जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था भी किया गया है। त्योहार के अवसर पर नगर वासियों की सुविधा का ध्यान रखते हुये पालिका ने हेल्प लाइन नम्बर भी जारी किया है। नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद तैय्यब पालकी ने बताया कि ईद.उल.अजहा के अवसर पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुर्बानी के बाद मलवों को दबाने के लिए कुल 48 गड्ढे खोदे गए हैं।

## लालगंज, हलिया में आठ हजार लोगों को खिलाई फाइलेरिया की गोली

संवाददाता। मीरजापुर

**फाइलेरिया अभियान** के आठवें दिन जिले के दो विकास खण्ड हलिया और लालगंज में फाइलेरिया की दवा आठ हजार लोगों को आशा और स्वास्थ्य टीम ने अपने सामने खिलाई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने फाइलेरिया अभियान में जन सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि दवा खाते समय आशा कार्यरता या स्वास्थ्य टीम की बात पूरी सिद्दत से मानें। डी0सी0पी0एम0 ओंकार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया अभियान में आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह अभियान के आठवें दिन 12 विकास खण्डों में से दो गांवों में आठ हजार लोगों को अपने सामने दवा खिलाई और फाइलेरिया को लेकर जागरूक भी किया। अभियान के समय कोविड के नियमों का भी बड़ी कड़ाई से पालन किया गया। दो गज की दूरी से ही दवा दी जा रही है। इसके अलावा सेनेटाइटर का भी पूरा इस्तेमाल हो रहा है। हलिया विकास खण्ड के मतवार की आशा अमरावती से जब टीम ने बात की तो उसने बताया कि गोली खिलाने में कई परेशानियों आ रही हैं। कुछ लोग टीम के सामने खाने से इन्कार भी कर रहे हैं।

## जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा में दो हजार से अधिक लाभार्थी हुए लाभान्वित

**सोनभद्र।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलाए जा रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान में स्वास्थ्य टीम ने लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के प्रति जागरुक करते हुए 2113 लाभार्थियों को लाभान्वित कराया । यह अभियान 11 जुलाई से शुरू है जो 31 जुलाई तक चलेगा। अभियान में स्वास्थ्य टीम जहां लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक कर रही है वहीं इसे अपनाने हेतु प्रेरित भी कर रही है ।जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। परिवार नियोजन के नोडल डॉक्टर आर जी यादव ने बताया कि कोरोना काल में परिवार नियोजन योजना से कोई वंचित न रहने पाए इसी के मद्देनजर शासन के निर्देश पर 11 जुलाई से स्थिरता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जो 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान के दौरान आशा, एएनएम और आगनबाडी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक कर रही हैं। जिससे अधिक से अधिक दंपत्ति इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अब तक पीपीआईयूसीडी के 74 ,अंतरा के 82 ,छाया के 603 ,ओसीपी के 1022 समेत कुल 2113 लाभार्थियों को परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों से लाभान्वित कराया गया है।डॉक्टर आर जी यादव के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों को परिवार नियोजन के साधनों जैसे छाया गोली ,अंतरा इंजेक्शन, पीपीआईयूसीडी ,आईयूसीडी, माला एन अपनाने हेतु प्रेरित कर रही है। वहीं कोरोना से बचाव हेतु मुंह पर मास्क लगाने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने तथा कोरोना टीका लगवाने हेतु सुझाव दे रही है जिससे कोरोना को मात दिया जा सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम दो से अधिक बच्चों वाले परिवारों से मिलकर उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने हेतु सुझाव दे रही है ।और दो बच्चों के बीच में कम से कम 3 साल का अंतर रखने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# मऊ में बकरीद पर्व पर पूरे दिन गुलजार रहा बाजार

● लोगों ने पूरी की बकरों की खरीदारी लगती रही बोली



संवाददाता। मऊ

**ईद.उल.अजहा** बकरीद पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। कुर्बानी के पर्व बकरीद को लेकर मंगलवार को पूरे दिन बाजार गुलजार रहा। पर्व के मद्देनजर मुस्लिम भाई अंतिम दौर तक तैयारी के साथ ही खरीददारी करते नजर आए। जबकि कुर्बानी के लिए अधिकतर लोग बकरे आदि की खरीदारी कर चुके हैं। हर तरफ कुर्बानी के पर्व को लेकर उत्साह का माहौल दिखा। त्योहार को देखते हुए मंगलवार की देर शाम तक बाजार में चहल.पहल दिखाई दिया। ताने.बाने के मऊ नगर समेत ग्रामीण अंचलों में कुर्बानी के पर्व बकरीद को लेकर मुस्लिम भाईयों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को पर्व के मद्देनजर बाजार में काफी चहल.पहल दिखाई दिया। काफी संख्या में लोग अपने.अपने बजट के अनुसार सामानों की खरीददारी करते हुए दिखाई दिए। बाजार में अंतिम दौर तक जूता.चप्पलए रुमालए टोपीए चूड़ीए कंगन आदि की जमकर खरीदारी किया गया। वहीं बकरा खरीदने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। इस बार लाकडाउन नहीं होने के कारण बाजारों में भीड़ देख दुकानदार उत्साहित दिखे। वहीं जिले के विभिन्न थानों पर शांति कमेटी की बैठक कर पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील भी किया गया। दूसरी ओर उन परिवारों में फलए नमकीनए सेवई आदि की अलग से व्यवस्था की गईए जिनके घर शाकाहारी लोग भी त्योहार की बधाई देने पहुंचते हैं। नगर क्षेत्र के निवासी अशफाक अहमदए रियाज अहमदद ने बताया कि हमारे यहां आने वाले आधा से ज्यादा लोग शाकाहारी होते हैंए इसलिए उनके लिए अलग से व्यवस्था किया जाता है।



# मैथा ब्लाक प्रमुख के शपथग्रहण में जुटे सपाई



संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद** की एक मात्र ब्लाक प्रमुख सीट पर काबिज हुयी सपा के ब्लाक प्रमुख शपथग्रहण समारोह में दिग्गज सपाई पहुँचे। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर व कद्दावर एमएलसी दिलीप यादव तथा पूर्व अकबरपुर रनियाँ प्रत्याशी तथा नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख पति नीरज सिंह गौर का जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

समाजवादी पार्टी ने जनपद की मैथा ब्लाक प्रमुख सीट पर पूर्व अकबरपुर रनियाँ प्रत्याशी नीरज सिंह गौर की धर्मपत्नी तथा पूर्व मंत्री तथा कद्दावर सपा नेता रामस्वरूप सिंह गौर की सुपौत्रवधू को प्रत्याशी बनाया था। कर्मठता के साथ सभी के सुःख दुःख में सहभागिता का सुफल भी तमाम विरोधों व सत्ता के दुरूपयोग के बावजूद सपा प्रत्याशी को प्राप्त हुआ जब सपा प्रत्याशी अनुपमा सिंह गौर ने अपने निकटतम भाजपा प्रत्याशी को 18 मतों के भारी अन्तर से पराजित किया। मॅगलवार को ब्लाक कार्यालय में सपा प्रत्याशी का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर, विधानपरिषद सदस्य दिलीप यादव कल्लू, कमलेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष समरथ पाल, देवराज सिंह सेंगर व मनीष कमल पूर्व जिला पॅचायत सदस्य, अभय यादव, बलवान सिंह मुन्ना, राजेश यदव, शिवस्वरूप यादव, अॅकित गुप्ता, पवन यादव, जीतू यादव पूर्व प्रधान,जितेन्द्र त्रिवेदी, जितेन्द्र सिंह गौर काशीपुर, अनिल सिंह गौर पूर्व जिला पॅचायत सदस्य पति, वाणेश्वर जी, कल्लू सेंगर, रामबाबू, उमेश दुबे, जिला पॅचायत सदस्य,इरफान अहमद नगर अध्यक्ष शिवली,शेरू अग्निहोत्री, दिलीप शुक्ला, पोस्टमैन मिश्रा जी,सन्तोष मिश्रा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा,रामजी मिश्रा, मो0 अदनान, अजहर बाबा, सलमान खान,सौरभ पठान, अजहर पठान,राजन सेंगर, नितिन गौर सहित समस्त बीडीसी व मैथा क्षेत्र के प्रधानों की उपस्थित रही।

# अमरौधा व मलासा में शपथग्रहण आयोजित किया गया

संवाददाता। पुखरॉया, कानपुर देहात

**मंगलवार** को विकास खंड कार्यालय अमरौधा और मलासा में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किये गए। जिनमें नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखों को विधिविधान के साथ शपथ दिलाई गई। उपजिलाधिकारी दीपाली भार्गव ने दोनों ही ब्लाकों में प्र्मुखों को शपथ दिलाई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और अतिथियों से खचाखच ब्लाक परिसर में कोरोना गाइडलाइन की सरेआम धज्जियां उडती रहीं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान ने ब्लाक कार्यालय अमरौधा में आयोजित नवनिर्वाचित प्रमुख प्रमिला कटियार के शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता की। वहीं औधोगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि हर वर्गो के हितों में केंद्र व प्रदेश सरकारें कार्य कर रही हैं। 2014 के बाद से भाजपा सरकारों ने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है। जातिवाद, परिवादवाद की राजनीति समाप्त हो गयी है। उनका कहना था कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास कार्य कराने को बराबर भागेदारी देना चाहिए। नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख प्रमिला कटिया ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भरोसा दिया कि अमरौधा को आदर्श ब्लाक बनाया जाएगा। वहीं विकास खंड मलासा के क्षेत्र पंचायत प्रमुख स्वतंत्र पासवान ने ब्लाक प्रमुख पद की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के बाद दोनों ब्लाकों में क्षेत्र पंचायत की बैठकें भी आयोजित की गईं। जिसमें विकास कार्य से संबंधित सभी समितियों का गठन किया गया। किदवई नगर के विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल अग्निहोत्री, भोगनीपुर के विधायक विनोद कटियार ने भी विचार व्यक्त किए।

# डीएम और सीएमओ ने ऑक्सीजन प्लांट एवं पीकू वार्ड का किया निरीक्षण



संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट एवं पीकू वार्ड का अलग अलग समय पर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार से ऑक्सीजन प्लांट एवं पीकू वार्ड के प्रगति की जानकारी प्राप्त किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन के सहयोग से यहाँ सीएचसी में स्थित कोविड वार्ड में 30 बेड्स की व्यवस्था की गई है।जबकि इससे पूर्व समाज सेवी एवं सपा नेता शशांक शेखर शुक्ल की ओर से 10 बेड्स के लिए ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर की व्यवस्था की जा चुकी है । चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि यहां का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरोनावायरस की लहर से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है । निरीक्षण के समय सीएमओ के साथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ललित कुमार उपस्थित रहे। अधीक्षक को निर्देशित किया कि ऑक्सीजन प्लांट एवं पीकू वार्ड की समस्त व्यवस्थाएं कार्यदायी संस्था से समय से पूर्ण करा ली जांय। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सालय के कोल्ड चेन कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन के रखरखाव, डीप फ्रीजर, आईएलआर का तापमान, टेंपरेचर लागर व टेंपरेचर लॉग बुक को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कोल्ड चेन कक्ष में साफ सफाई तथा रिकॉर्ड का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। उन्होंने पैथोलॉजी, चिकित्सकों की ओपीडी, इमरजेंसी व्यवस्था, औषधि की उपलब्धता व वितरण तथा परिसर की साफ-सफाई का गहनता से निरीक्षण किया।

# पिछली बार की तरह इस बार भी ब्लाक सुरक्षित हाथों में: अरुण सिंह




संवाददाता। उन्नाव

**नवाबगंज** ब्लाक में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख व नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम स्व रामनरेश विमल सभागार में खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला सेवा योजन अधिकारी राखी वर्मा ने क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत व निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह की उपस्थिति में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई । तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत ने समस्त नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख व सदस्य जिलापंचायत अरुण सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पिछले पांच साल में हुए विकासकार्यो के बारे में बताया तथा कहा कि इस बार भी आप सभी लोंगो ने विकासखंड को सुरक्षित हांथो में सौपा है और आपको विश्वास दिलाता हूं मैं हमेशा आपकी सेवा में उपस्थित रहूंगा। वही निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत को ब्लॉक प्रमुख की सीट पर बैठाकर कार्यभार सौंपा। इस मौके पर नायब तहसीलदार मंजुला मिश्रा,भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, राजकुमार पांडेय, बीडीसी भैयालाल, प्रधान प्रतिनिधि कुशलपाल सिंह, बीडीसी कुलदीप यादव सहित विकासखंड के समस्त सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्य गण व प्रधानगण मौजूद रहे।

# सर्पदंश से दो की मौत, चार की हालत गंभीर

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद** के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत बीते 24 घण्टे के अन्तराल में युवती समेत छः लोगो को जहरीले सर्प ने डस लिया। जहां दो की मौत हो गयी वहीं तीन को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के बसावनपुर गांव निवासी रामराज का 35 वर्षीय पुत्र गरीबे बीती रात खाना खाकर अपनी चारपाई में सो रहा था तभी जहरीले सर्प ने डस लिया। इसी प्रकार किशनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी बद्री प्रसाद की 54 वर्षीय पत्नी कल्यानी देवी सोमवार की शाम कमरे में लकड़ी लेने गयी थी तभी सर्प ने उसे डस लिया। दोनों को इलाज के लिये अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के पंथवा गांव निवासी राम सिंह का 22 वर्षीय पुत्र शिवम जंगल से घर आ रहा था तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। वहीं बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी रामबहादुर की 19 वर्षीय पुत्री प्राची घरेलू काम कर रही थी तभी जहरीले सर्प ने डस लिया। वहीं ललौली थाना क्षेत्र के अजमतपुर गांव निवासी रामबहादुर सिंह का 20 वर्षीय पुत्र संगम सिह सोमवार की शाम खेत से घर वापस आ रहा था तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया जबकि मलवां थाना क्षेत्र के डगरईया गांव निवासी कमलेश की पुत्री साक्षी अपने घर में बैठी थी तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। वहीं परिजनो ने सभी को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां से उसे कानपुर मेडिकल कालेज के लिये रेफर कर दिया।

# ब्लाक प्रमुखी नहीं लोगों की सेवा करेंगे: डॉ. जितेंद्र यादव



संवाददाता। नवाबगंज;फर्रुखाबाद

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश सचिव, प्रमुख समाजसेवी और कई शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन डॉजितेन्द्र यादव का उद्बबोधन ने एक बार फिर लोगों का हृदय जीत लिया। उन्होंने बड़े ही सरल और साफ लहजे में कहा कि वह ब्लाक प्रमुखी करने नहीं आए वह लोगों की सेवा करने आए हैं।डॉअनीता रंजन ने अपने उद्बबोधन में डॉजितेन्द्र के प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने कहा तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य यहां शपथ लेने आए हैं, भूतपूर्व बीडीसी भी आए हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य उनके परिवार का हिस्सा हैं, सुख.दुरूख के साथी हैं। उन्होंने निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी नहीं भुलाया। कार्यक्रम में सबको आमंत्रित किया।

डॉजितेन्द्र ने कहा कि गाँवों के विकास के लिए आए धन का शत.प्रतिशत उपायोग गांवों के विकास पर खर्च होगा। विकास का पहिया और तेजी से घूमेगा। गाँवों में शहर सी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा वे चाहते थे कार्यक्रम और भव्य होए लेकिन मौसम की वजह से यह सम्भव नहीं हो पाया। वैधानिक प्रक्रिया के कारण आज कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक था। डॉण्जितेंद्र ने कहा भविष्य में अच्छे मौसम में एक बार फिर सभी सदस्यों को आमंत्रित कर भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे।अन्त में डॉण्जितेंद्र यादव ने डॉण्अनीता रंजन की जीत में सहायक सभी लोगों का हृदय से आभार जताते हुए कहा आप सबका सहयोग ही हमें कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा वे अपने क्षमता का शत.प्रतिशत उपयोग लोगों के हित में करते रहेंगे।

## ब्लाक प्रमुख और बीडीसी ने शपथ लेकर संभाला कार्यभार

**फर्रुखाबाद।** निर्वाचित हुए ब्लाक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) ने मंगलवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। एसडीएम समेत प्रशासकीय अधिकारियों की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कराई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम ब्लाक कार्यालयों में होने के बाद पहली बैठक करके कोरम पूरा किया गया। जनपद में ब्लॉक में चुनाव संपन्न होने के बाद 7 ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए थे। उनका शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। हालांकि सुबह से बारिश होने की वजह से कई जगह आयोजनों में व्यवधान भी पड़े। मोहम्मदाबाद में अमित दुबे बब्बन को एसडीएम सदर अनिल कुमार नें शपथ ग्रहण करायी। मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, सपा के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, सचिन सिंह यादव, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, भाजपा नेता राहुल राजपूत आदि रहे। राजेपुर में पल्लब सोमवंशी ने व्लाक प्रमुख पद की शपथ ली। बढ़पुर विकास खंड की व्लाक प्रमुख पद पर सावित्री देवी का शपथ ग्रहण समारोह एक गेस्ट हॉउस में आयोजित हुआ। जहाँ साबित्री देवी नें पद और गोपनीयता की शपथ ली। कमलागंज में शकुंतला देवी को शपथ ग्रहण कराया गया। नवाबगंज में डॉ0 अनीता रंजन नें व्लाक प्रमुख की शपथ ली। शमसाबाद में भाजपा की सुषमा पत्नी राजवीर वर्मा व कायमगंज में भाजपा की अनुराधा दुबे ने शपथ ली। इसके बाद पहली बैठक की औपचारिकता भी पूर्ण की गयी।

# साहिल बने निर्विरोध प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष




संवाददाता। उन्नाव

**विकास** खंड कार्यालय गंज मुरादाबाद के हितैषी सभागार में क्षेत्र के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत मटुकरी से पहली बार निर्वाचित ग्राम प्रधान इनाम रसूल साहिल को निर्विरोध प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया।

गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के उपरांत छूटे ग्राम प्रधानों और ग्राम पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया काफी पहले पूर्ण हो चुकी है। जनपद के कई विकास खंडों में प्रधान संघ के चुनाव भी हो चुके हैं। इसी क्रम में आज तहसील बांगरमऊ अंतर्गत विकास खंड गंज मुरादाबाद में भी नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों ने बैठक कर विकासखंड गंज मुरादाबाद का प्रधान संघ अध्यक्ष मटुकरी ग्राम पंचायत से निर्वाचित ग्राम प्रधान इनाम रसूल साहिल को निर्विरोध चुन लिया। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष के लिए प्रधान इनाम रसूल साहिल का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों ने मान्य कर लिया। प्रधान संघ का उपाध्यक्ष बरौंकी ग्राम प्रधान सतीश यादव को और महामंत्री खांभामऊ प्रधान राकेश कुमार को चुना गया, कोषाध्यक्ष आजाद प्रधान और संयुक्त मंत्री संतोष यादव बने। प्रधान संघ संरक्षक शिवप्रसाद प्रधान महाम्मदाबाद व मसरूर खां बनाएं गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह पटेल व बीडीओ पंकज गौतम ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान मानवेंद्र तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, सतीश यादव, रणधीर सिंह, आरिफ अहमद, जीतेंद्र सिंह लल्लू प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# दोबारा चुनने के लिए नवाबगंज क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद: डॉ. अनीता रंजन



संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

**नवाबगंज** का विकास खण्ड परिसर एक बार फिर भव्य कार्यक्रम का साक्षी बना। दूसरी बार ब्लाक प्रमुख बनीं डॉ.अनीता रंजन ने शपथ लेने से पूर्व भावपूर्ण उद्बबोधन में दूसरी बार निर्विरोध ब्लाक प्रमुख चुनने के लिए नवाबगंज को धन्यवाद दिया।

जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन एवं नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख डॉ.अनीता रंजन ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जिस उद्देश्य के लिए उन्हें दूसरी बार प्रमुख की जिम्मेदारी दी है। उस पर वह खरी उतरेंगी। उन्होंने सबसे पहले भगौरा व चाँदपुर के ग्रामीणों को आभार जताया जहाँ से वे निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनी गयीं। फिर उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को धन्यवाद कहा जिन्होंने उन्हें दूसरी बार निर्विरोध ब्लाक प्रमुख चुना। उन्होंने कहा अब और अधिक तीव्र गति से विकास कार्य होंगी। हर गांव में सड़क, हर गांव में रोशनी और हर गांव में खुशहाली लाना उनकी प्राथमिकता होगी। डा.अनीता रंजन ने कहा क्षेत्र की महिलाओं को वे मेडिकल कैम्प लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएंगी। जब ग्रामीण स्वस्थ होंगे तो गांव खुशहाल होंगे। अन्त में उन्होंने सभी लोगों का आभार जताया जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से उनकी जीत में सहायक बने।प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी ने ब्लाक प्रमुख डॉ.अनीता रंजन को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद डॉण्अनीता रंजन ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलायी।

## क्विक न्यूज

### मनरेगा के दो महिला मेट बनाने पर की गई चर्चा

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मंगलवार को विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव में समूह की दो सदस्यों को महिला मेट बनाने पर चर्चा की गई। विकास खंड अमरौधा के सहायक विकास अधिकारी एसएन कश्यप ने बताया कि मनरेगा के विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक गांव में समूहों से दो महिला मेट की तैनाती की जाएगी। बैठक में बहेरीमाह के मां गायत्री स्वयं सहायता समूह, मांचा के लक्ष्मी, सुजगवां के मां गायत्री और विरोहा के जय माता स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। समूह के अध्यक्षों में फूलन देवी, विनीता देवी, दीपा कुशवाहा एवं शिव कुमारी, आंगनवाड़ी शशि प्रभा, प्रभा देवी और रजनी देवी मौजूद रहीं।

### खेतों में सर्प निकलने से फैली दहशत

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत थानापुरवा गांव के पास अचानक कोबरा सर्प निकल आया जिससे आसपास धान रोपाई कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। सर्प को देखने के लिए भारी भीड़ जुट गई। किसानों ने सर्प निकलने की सूचना सपेरों को दी। सपेरों ने बमुश्किल कोबरे को अपने टोकरी में बंद कर लिया जिससे आसपास के ग्रामीणों में चैन की सांस ली।

### वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कहिजरी चौकी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया।कहिजरी के टीवीएस एजेंसी के सामने सब्जी विक्रेता पुत्तन बजरंग रोड कहिंजरी सब्जी बेच कर वापस घर जा रहा था तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां से उसे गंभीर अवस्था में कानपुर रेफर कर दिया गया।

### बकरीद आज, ईद उल अजहा की तैयारी पूर्ण

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** बुधवार को मनाए जाने वाले पर्व ईद उल अजहा की तैयारियां देर शाम तक चलती रही। रसूलाबाद क्षेत्र सहित आसपास के कई गांव में मस्जिदों के आसपास साफसफाई कराई गई। वही कोविड.19 के चलते सामूहिक नमाज पर प्रतिबंध रहेगा सिर्फ 5 लोग ही मस्जिद में नमाज अता कर सकेंगे ।शासन की गाइड लाइन के चलते प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। भारत समेत कई देशों में बकरीद का पर्व प्रमुख रूप से मनाया जाता है। इस्लाम के मुताबिक अल्लाह ने हजरत इब्राहिम की परीक्षा लेने के उद्देश्य सबसे प्रिय चीज की कुर्बानी देने का हुक्म किया। हजरत इब्राहिम ने अपने प्रिय बेटे की कुर्बानी देना स्वीकार की उन्होंने अपने आंखों पर पट्टी बंद कर कुर्बानी देनी शुरू की तभी अल्लाह के फरिश्तों ने उस बच्चे की जगह दुंबा को रख दिया और उस बच्चे की जान बच गई। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने बताया की इस पर्व पर लोगों को अपनी बुराइयों का त्याग करना चाहिए।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय 35 वर्षीय युवक टेऊन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी सुरेन्द्र सिह का पुत्र रामबाबू अपनी रिश्तेदारी में जाफरगंज थाने में रामपुर आया था बताते हैं कि वह किसी काम से जा रहा था तभी रामपुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय टेऊन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर कबरहा मंदिर के समीप बाइकों की भिड़ंत में 38 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वहीं दूसरी बाइक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उपचार के लिये सीएचसी लाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए इलाहाबाद के लिये रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अढौली गांव निवासी रामकृष्ण सिंह का पुत्र अभिषेक सिंह मोटर साइकिल से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह नरसिंहपुर कबरहा मन्दिर के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी जिससे अभिषेक व दूसरी बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। उपचार के लिये सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुये इलाहाबाद के लिये रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने सूचना पाकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### जुआ खेलने के आरोप में 7 गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस नें गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी और तास के पत्ते बरामद किये। शहर कोतवाली के आईटीआई चौकी प्रभारी राजीव सिंह नें ग्राम नरायनपुर आम के बाग में जुआ खेल रहे शिवम कुमार पुत्र किशन पाल, रिषी यादव पुत्र रामयादव, सुमित कटियार पुत्र आशीष, विशाल वाथम पुत्र प्रदीप कुमार निवासी नरायनपुर, सुमित यादव पुत्र हिरेन्द्र यादव निवासी विजाधरपुर सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़, सुमित पुत्र जयनारायन व अजीत पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी जयनारायण वर्मा रोड़ फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी और ताश के पत्ते बरामद हुए। उनके खिलाफ धारा 269, 270 व महामारी अधिनियम 1897 की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमें की विवेचना दारोगा रामकेश को दी गयी है।

### शपथ के बाद क्षेत्र पंचायत की बैठक भी हुई

**घाटमपुर।** प्रदेश के अन्य जगहों की तरह यहॉ के तीनों ब्लाकों घाटमपुर पतारा और भीतरगांव में नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख और बीडीसी सदस्यों को कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए शपथ दिलाई गयी, घाटमपुर ब्लाक प्रमुख इन्दजीत सिंह को उप जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शपथ दिलायी इसके बाद ब्लाक प्रमुख ने बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलायी यहॉ 106 क्षेत्र पंचायत सदस्य है, एडीओ पंचायत अतुल शुक्ला ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए क्षेत्र समिति की बैठक की गयी। उधर बिकास खंण्ड पतारा में डीडीओ जी0पी0 गौतम ने ब्लाक प्रमुख कोमल सिंह का शपथ दिलायी बाद में कोमल सिंह ने अपनी टीम को शपथ दिलायी, जूद रहे। भीतरगांव ब्लाक के सभागार में आयोजित कार्य क्रम में ब्लाक प्रमुख अशोक सचान को जिला पशु चिकित्साधिकारी ने शपथ दिलायी। यहॉ भी बीडीसी सदस्यों को प्रमुख अशोक सचान न शपथ दिलायी पतारा ब्लाक की तरह यहॉ भी एडीओ पंचायत मनोज उमराव व कई सचिव मौजूद रहे, इसके बाद क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक भी हुई।

### एसडीएम ने दिलाई शपथ

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय ब्लाक सभागार में उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख सुनीता दिवाकर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । शपथ लेने के बाद प्रमुख श्रीमती दिवाकर ने नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई । इस मौके पर उप जिला अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि शपथ लेने के बाद सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें । उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सलाह मशवरे से ही विकास कार्य कराए । उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रतिनिधि कोई समस्या हो, तो तहसील एवं थाना दिवस में आकर प्रत्येक समस्या का निराकरण करा सकते हैं ।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# प्रमुखों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

## ●जिले के सभी विकास खण्डों में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर









**जिले के** सभी विकास खण्डों में निर्वाचित क्षेत्र पंचायत प्रमुखों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हो गया। क्षेत्र प्रमुखों के शपथ ग्रहण समारोह के उपरान्त उनके द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न होने के बाद क्षेत्र पंचायत की पहली बैठक भी आयोजित की गई। अकबरपुर विकास खण्ड में निर्वाचित ब्लाक प्रमुख देविका वर्मा को एसडीएम मोईनुल इस्लाम ने शपथ दिलाई। कटेहरी विकास खण्ड में निर्वाचित ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार उर्फ मौसम वर्मा को भी उपजिलाधिकारी मोईनुल इस्लाम ने शपथ दिलाई। जलालपुर विकासखंड में भव्य समारोह के बीच नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख त्रिभुवन नाथ को उप जिलाधिकारी अभय कुमार पांडे ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**भीटी संवाददाता के अनुसार**-विकासखंड भीटी में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी की नेत्री श्रीमती निर्मला सिंह को उप जिलाधिकारी भूमिका यादव ने शपथ दिलाई। वहीं नवागत प्रमुख निर्मला सिंह ने कहा कि लक्ष्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है जिस दिशा में आज से ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने ब्लाक प्रमुख तथा नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ग्राम प्रधानों तथा आए हुए गणमान्य लोगों को धन्यवाद दिया।

**टाण्डा संवाददाता के अनुसार**-टाण्डा विकास खण्ड के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख सुरजीत वर्मा को भव्य समारोह में विकास खण्ड के डवाकरा हाल में उपजिलाधिकारी टाण्डा अभिषेक पाठक ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद ब्लाक प्रमुख सुरजीत वर्मा ने हाल में मौजूद बी डी सी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया।

**बसखारी संवाददाता के अनुसार**- बसखारी के डवाकरा हाल के प्रांगण में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामनारायन ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख कुंवर नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी (इसके बाद नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख कुंवर नरेंद्र मोहन संजय सिंह ने बसखारी ब्लॉक के 96 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी पद एवं गोपनीयता की भी शपथ दिलाई गयी एडीओ आईएसबी प्रदीप कुमार द्विवेदी के संचालन में हुए समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय विधायक संजू देवी एक विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी मौजूद रहे इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक संजू देवी ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बधाई दिया।

**रामनगर संवाददाता के अनुसार**- जिले के विकास खण्ड रामनगर में ब्लाक प्रमुख विकास यादव को उप जिलाधिकारी धीरेंद्र श्रीवास्तव ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी, तत्पश्चात क्षेत्र पंचायत प्रमुख विकास यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से सीओ जगदीश लाल टम्टा, पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त, जिलाध्यक्ष रामशकल यादव,पूर्व सदस्य विधान परिषद विशाल वर्मा, सदस्य जिला पंचायत अश्विनी यादव, वेद प्रकाश यादव गोपाल,सपा विधानसभा अध्यक्ष भीमलाल कनौजिया, अजय गौतम एडवोकेट, विद्या सिंह भारती आदि लोग मौजूद रहे हैं।

**जहांगीरगंज संवाददाता के अनुसार**- विकास खण्ड जहाँगीरगंज में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख विनीता कन्नौजिया को डिप्टी कलेक्टर भरतलाल सरोज ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी ततपश्चात क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। ब्लाक डवाकरा हाल में सादे समारोह के बीच नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविन्द सिंह सपा के वरिष्ठ नेता नुरूल हसन एवं भाजपा नेता कृष्णभगवान मिश्रा मौजूद रहे।

**भियांव संवाददाता के अनुसार**- जिले के विकास खण्ड भियांव में ब्लाक प्रमुख गौरव सिंह को डिप्टी कलेक्टर संतोष ओझा ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी, ब्लॉक परिसर में आयोजित समारोह में कोविड-19 नियमो के तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी शपथ दिलाई गयी। ब्लाक प्रमुख गौरव सिंह ने बताया कि समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सहयोग से ब्लॉक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा तथा लोगों से आवश्यक मार्गदर्शन भी लिया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, चार बार जिला पंचायत सदस्य रहे विंध्याचल सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# संस्कृति और प्रबंधन का प्रभावशाली प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**कैनालिस** के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अग्रणी वैश्विक स्मार्टफोन निर्माता वीवो दो हजार इक्कीस की दूसरी तिमाही में वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट में दस प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ पांचवें स्थान पर है। जो सत्ताईस प्रतिशत की दर से बढ़ा है। कैनालिस के तिमाही आंकड़ों से संकेत मिलते हैं कि वीवो ने पिछले एक साल में वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट में शीर्ष पांच में बने रहने के लिए विकास गति निरंतर बनाए रखी। दुनिया भर में विस्तार के साथ वीवो स्थानीय मानसिकता स्थानीय संस्कृति और प्रबंधन की समझ का लाभ उठाते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए प्रयास करता है। अब तक वीवो ने पचास से अधिक देशों और क्षेत्रों में अपने बिक्री नेटवर्क बना लिया है दुनिया भर में चार सौ मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा इसे पसंद किया जाता है।

# सोने की जगह कॉपर, जिंक व लेड का मिश्रण निकला

## ●गिरफ्तार किए गए पांचों युवकों पर ठगी का केस दर्ज


गिरफ्तार पांच अभियुक्त

**प्रयागराज।** आसाम से असली सोना खरीद कर कारोबार के लिए कौशांबी और प्रयागराज लाने का दावा करने वाले सर्राफ कारोबारी समेत पांचों पर सवार लोग वास्तव में ठग निकले। उनके पास से 115 किलोग्राम का जो सोना बरामद हुआ था वह नकली है। उसमें कॉपर जिंक और लेड मिला है। जिसे वह लगातार असली होने का दावा कर रहे थे। उनके इसी दावे के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया था और सेल टैक्स और इनकम टैक्स को जांच सौंप दी थी।

मामला धोखेधड़ी का सामने आने के बाद पुलिस नए सिरे से एफआईआर दर्ज कर पांचों आरोपियों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। पुलिस को शक है कि यह पांचों युवक नकली सोना को असली बनाकर ठगी का कारोबार कर रहे थे। इसी पहलू पर पुलिस जांच भी कर रही है। प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती पुलिस ने 18 जुलाई को क्षेत्र के मनौरी एयरफोर्स गेट के पास से कार सवार सराफ कारोबारी सूरज वर्मा निवासी बिहका पूरामुफ्ती जीटी रोड को गिरफ्तार किया था।उसके साथ कौशांबी जनपद के चक बादशाहपुर निवासी तिलक सिंह सैयद सरावा निवासी धीरेंद्र पाल व विमलेश कुमार एवं हैदरगंज निवासी रामधन को भी पकड़ा गया था। उनके पास से 1515 किलोग्राम सोना बरामद हुआ था।

पूछताछ में पता चला था अभी वह लोग यह सोना आसाम से तीन लाख रुपये में खरीद कर ला रहे थे। जिसकी यहां पर कीमत एक करोड़ रुपए के आसपास आंकी गई थी। उनके बयान के आधार पर पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया था और सेल टैक्स और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जांच के लिए पत्र लिखा था।

इंस्पेक्टर पूरामुफ्ती आशुतोष तिवारी ने बताया की प्रथम दृष्टया उनके बयान के आधार पर कार्यवाही की गई थी। लेकिन जब बरामद सोने को सोने चांदी की धातुओं को टच करने वाले लोगों को दिखाया गया तो उन्होंने इसकी पुष्टि की कि यह नकली है। चूंकि पांचों युवकों को निजी मुचलके पर छोड़ा गया था। इसलिए उन्हें तत्काल हिरासत में ले लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी और उनके खिलाफ धोखाधड़ी एवं ठगी की एफआईआर की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि उनके साथ इस धंधे में कौन कौन जुड़ा था। आसाम से लेकर प्रयागराज कौशांबी के बीच में वह कहां कहां नकली सोने की सप्लाई करते थे या इस सोने को लाने का उनका मकसद क्या था।

# नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख को दिलाई शपथ



**अयोध्या।** ब्लाक पूरा बाजार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी सदर ज्योति सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख ऊषा सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद ब्लाक प्रमुख ने सभी बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलाई। गन्ना चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह व शिवेन्द्र सिंह ने अतिथियों तथा क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तिओं को रामनामा पट्टीका तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शपथ ग्रहण के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख ऊषा सिंह ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के विकास खण्ड क्षेत्र के सभी गाँव - गली एवं वंचित लोगों का सर्वांगींण विकास किया जाएगा। आने वाले समय में बचे हुए सभी गाँव को सीसी संर्पकमार्ग से आच्छादित किया जायेगा। पूराबाजार ब्लाक का पूर्ण गौरव स्थापित कर इसे आर्दश ब्लाक का दर्जा दिलाना प्राथमिकता होगी।

रामबल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास ने कहा पूरा ब्लाक नगर से सटा हुआ ब्लाक है जिसकारण यहां विकास की बहुत सम्भावनाएं है। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख सभी सम्भावनाओं पर विचार करते हुए यहां का समुचित विकास करेंगी।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बिना ग्रामीणांचल के विकास हुए नगरीय विकास ही पूर्ण विकास की अवधरणा नही है। पंचायत चुनाव में मिली अभूतपूर्व सफलता से ग्रामीणांचल के विकास को नई गति मिलेगी। पंचायत चुनाव में मिली विजय से कार्यकर्ता उत्साह में है। विपक्ष मुद्दा विहीन हताश और निराश है। 2022 में पुन: योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में भगवा परचम लहराएगा। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा भाजपा सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास जीतने की ओर लगातार अग्रसर है। जिस कारण पंचायत चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली है। योजनाओं का सभी को लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। सभी का समुचित विकास करने की ओर सरकार अग्रसर है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, हनुमान गढ़ी नाका के महंत रामदास, महंत मनमोहन दास, हनुमान गढ़ी अयोध्या में महंत राजू दास, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। मंडल अध्यक्ष पूराबाजार नंद कुमार सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, हरभजन गौड़, अमल गुप्ता, गब्बर सिंह, शैलेन्द्र मोहन मिश्र, अमित तिवारी, शारदा यादव ,कुलदीप पाण्डेय सहित ब्लाक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### निशुल्क खाद्यान्न का वितरण आज से

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत माह जुलाईए 2021 में जनपद के सभी राशनकार्डों पर 05 किग्रा प्रति सदस्य (यूनिट) की दर से नि:शुल्क खाद्यान्न ;03 कि0ग्रा0 एवं 02 कि0ग्रा0 चावलद्ध का वितरण 21 जुलाई से 31 जुलाईए 2021 के मध्य कराया जायेगा। सभी कार्डधारक उक्त अवधि में कोटे पर जाकर अपने कार्ड में शामिल यूनिट के अनुसार 05 किग्रा प्रति यूनिट की दर से नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। माह जुलाईए 2021 में नि:शुल्क वितरण की अन्तिम तिथि माह की 31 तारीख निर्धारित है। जिन कार्डधारकों का ई.पॉस मशीन पर अँगूठा नहीं लगता हैए वह माह की 31 तारीख को पहचान पत्र ;आधार कार्डद्ध तथा मोबाइल के साथ सम्बन्धित कोटे की दुकान पर जाकर मोबाइल ओ0टी0पी0 (प्रॉक्सी) के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। कोटे पर कार्डधारकों की भीड़ न लगेए इसके लिये कोटेदार द्वारा उन्हें पहले से एक टोकन दिया जायेगा। कार्डधारक टोकन के अनुसार कोटे पर आकर बनाये गये गोले में खड़े होकर अपनी बारी पर गल्ला लेंगें। कार्डधारकों का भी दायित्व होगा कि वह कोरोना वायरस के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग को बनाये रखने के लिये कम से 01.01 मीटर की दूरी पर खड़े होकर राशन प्राप्त करें। किसी भी दशा में दुकान पर भीड़ न लगे ।कोरोना महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत समस्त राशन कार्डधारकों से अपील की गयी है कि राशन लेते समय सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रुप से पालन करें। कोटे की दुकान पर बनाये गये गोले में खड़े होकर अपनी बारी से ही राशन प्राप्त करें। सभी कार्डधारक अपना मुँह मास्कए गमछाए रुमाल व दुपट्टा आदि से ढक कर ही कोटे की दुकान पर आयें तथा साबुन.पानीए डिटाल व सेनेटाइजर आदि से हाथ धोने के उपरान्त ही ई.पॉस मशीन में अपना अँगूठा लगाकर खाद्यान्न प्राप्त करें। कोटेदारए सोशल डिस्टेंसिग का पालन कराने हेतु बनाये गये गोले में खड़े होने के लिये कार्डधारक से अनुरोध करते हुये सुचारु रुप से खाद्यान्न निर्गत करेंगें।

### बैंकिंग सेवा का आधार बनेगी बीसी सखी: घनश्याम मीणा

**अम्बेडकरनगर।** सीडीओ घनश्याम मीणा ने सखियों को टेबलेट वितरण के समय विकास भवन सभागार में कहा कि आर से टी से प्रशिक्षण प्राप्त बीसी सखियों को आज विकास भवन सभागार में टेबलेट वितरण किए गए उपयुक्त स्वता रोजगार आरबी यादव द्वारा बीसी सखी परियोजना के संबंध में अब तक की प्रगति से सीडीओ को अवगत कराते हुए बताया कि प्रशिक्षण देने में पुलिस वेरीफिकेशन कराने तथा डिवाइस उपलब्ध कराने में जनपद प्रदेश के 5 अच्छे जनपदों में है। विकास भवन सभागार में अकबरपुर बसखारी जलालपुर रामनगर 19 बीसी सखी को टेबलेट दिया गया कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा बैंक आफ बड़ौदा के संयुक्त संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया मुख्य विकास अधिकारी ने बीसी सखी को संबोधित करते हुए बताया कि दिया जा रहा डिवाइस बहुत संवेदनशील है इसका प्रयोग बड़ी सतर्कता से किया जाना जरूरी है बीसी सखियां गांव में अधिक से अधिक कस्टमर को जोड़ते हुए ग्रामीणों को बैंक और बीमा की सेवाएं उपलब्ध कराएगी सबसे अच्छा कार्य करने वाली बीसी सखी को जनपद स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा समस्या आने पर बीसी सखी उपायुक्त स्वता रोजगार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एलडीएम तथा ब्लॉक मिशन प्रबंधक के सहयोग लेगी।

### प्रतियोगिता में छह अलग×अलग टीमों ने लिया हिस्सा

**प्रयागराज।** छह अलग अलग क्षेत्रीय म्यूज़िकल टीमों के शानदार टैलेंटेड गायकों की महीनों तक चली पावर पैक्ड परफॉर्मेंस के बाद जी टीवी के अभूतपूर्व सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग का पहला सीजन अट्ठारह जुलाई को समाप्त हुआ। ग्रैंड फिनाले एपिसोड में तीन खास मेहमानों मुंबई वॉरियर्स के एंबेसडर्स रितेश और जेनेलिया देशमुख और पंजाब लायन्स के एंबेसडर बॉबी देओल की मौजूदगी में शो का रोमांच भी नई ऊंचाइयों पर था। जहां इन तीनों खास मेहमानों के साथ सभी छह टीमों ने शूटिंग के अंतिम दिन दिल से नाच गाकर बढ़िया वक्त गुजारा। इस सीजन की सबसे शानदार टीमों में से एक पंजाब लायन्स ने इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग का पहला संस्करण जीत लिया। मीका सिंह और असीस कौर जैसे टॉप सिंगिंग टैलेंट की कप्तानी में पंजाब लायन्स हमेशा से प्रतियोगिता की टॉप टीमों में शामिल रही है।

# सीएमपी कालेज के दो छात्र देसी पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़े गए

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोमवार को चेकिंग के दौरान सीएमपी डिग्री कॉलेज के दो छात्र देसी पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़े गए। दोनों छात्र पुलिस को देखकर बाइक मोड भागने की कोशिश कर रहे थे। तभी पीछे से इंस्पेक्टर ने बाइक पकड़ कर उठा दिया जिससे वह भाग नहीं पाए। प्रयागराज शहर की जार्जटाउन थाना अंतर्गत सीवाई चिंतामणि रोड पर सोमवार को जार्जटाउन पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक से जो लड़के आते दिखे उनको देखकर पुलिस वालों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। पुलिस देखकर वह दोनों लड़के पुलिस वालों के पास आए और फिर गाड़ी मोड़ कर भागने लगे। तभी वहां थोड़ी दूर पर खड़े हैं स्पेक्टर जॉर्जटाउन ने पीछे से गाड़ी को उठा दिया। जिससे दोनों भाग नहीं पाए। दोनों को पकड़कर पूछताछ की गई तो उन लोगों ने अपना नाम प्रशांत त्रिपाठी पुत्र संतोष त्रिपाठी निवासी पद्माकर पुर मांधाता प्रतापगढ़ और शिवम सिंह जितेंद्र बहादुर सिंह निवासी खाल पट्टी सिकरारा जौनपुर बताया। दोनों लड़के सीएमपी डिग्री कॉलेज में बीए फाइनल ईयर और सेकंड ईयर के छात्र हैं। प्रशांत शहर के दारागंज में किराए पर रहता है और शिवम एक हॉस्टल में रहता है। इन दोनों के पास से देशी पिस्टल पांच कारतूस और पैशन प्लस बाइक बरामद हुई है। जिले में इनके आपराधिक रिकार्ड को खंगाला जा रहा है अभी तो कुछ मिला नहीं। जौनपुर और प्रतापगढ़ पुलिस से भी जार्जटाउन पुलिस ने संपर्क साधा है।

इंस्पेक्टर जार्जटाउन शिशुपाल सिंह ने बताया कि अभी तक दोनों ने कोई आपराधिक घटना कार्य करना स्वीकार नहीं किया है। जांच पड़ताल की जा रही है। दोनों के खिलाफआर्म्स एक्ट का मुकदमा लिखा गया है। यह लोग पिस्टल और कारतूस लेकर क्यों और कब से कह रहे थे इनका मोटिव क्या था। यह जांच की जा रही है।

# कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए संस्था ने किया प्रेरित

## ● करेली अतरसुइया और हिम्मतगंज में लगाया गया शिविर बांटी गई टैबलेट और खाद्य सामग्री



लोगों को खाद्य सामग्री बांटते संस्था के सचिव शफीक अहमद।

**प्रयागराज।** अलीगढ़ अलुमनी एसोसिएशन वाशिंगटन डीसी यूएस की सहायक श्रीराम दावर अनुसूचित विद्यालय एवं शिक्षा समिति आजमगढ़ तथा सत्यम शिवम सुंदरम समिति प्रयागराज की ओर से सोमवार को कोविड 19 टीकाकरण के लिए जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की ओर से करेली अबूबकर मस्जिद मुस्तफा गार्डेन करामत की चौकी अतरसुइया और हिम्मतगंज में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।

शिविर में कोविड 19 महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने के लिए क्षेत्रीय लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही लोगों को कोविड 19 वैक्सीन लगवाए जाने के फायदे के बारे में भी संस्था के लोगों ने जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि टीकाकरण कराने के क्या क्या फायदे हैं। बताया गया कि वैक्सीन कराने से ही जनहानि को रोका जा सकता है।

इस मौके पर कोरोना महामारी से बचाव के लिए विटामिन सी विटामिन वी विटामिन बी और विटामिन ई की टैबलेट मास्क सेनिटाइजर और खाद्य सामग्री भी संस्था की ओर से वितरित की गई। संस्था के सचिव शफीक अहमद ने बताया कि जिन लोगों के घर वालों की मृत्यु कोरोना के चलते हो गयी है उनके परिवार वालों को संस्था की तरफ से आर्थिक मदद भी मुहैया करायी गयी है। संस्था की ओर से अपील की गयी कि कोविडशील्ड और को वैक्सीन केंद्रों पर जाकर अवश्य लगवाएं। कार्यक्रम में श्रीराम दावर अनुसूचित विद्यालय एवं शिक्षा समिति आजमगढ़ के प्रबंधक ए के पांडेय सबा सिद्दकी डा जफरूल हसन इसरार अहमद अब्दुल अहद सिद्दकी मो अकबर आदि मौजूद रहे।

# घरों में सुरक्षित रहते हुए मनाएं बकरीदए पढ़ें नमाज

**प्रयागराज।** बकरीद इक्कीस जुलाई को मनाई जाएगी। इस त्योहार को घरों में रहकर ही बकरीद मनाने की अपील की गई है। पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए लोगों से घरों में सुरक्षित रहते हुए इस त्योहार को मनाने की अपील की है। त्योहार को सुरक्षित ढंग से मनाने का संदेश देने के लिए सलमान खुर्शीद और नमो इंडिया धूप और अगरबत्ती ने साझा संदेश जारी किया है। नमो इंडिया धूप और अगरबत्ती ने खुशियां और जिंदगी में धूप तभी बरकरार रहेगी जब हम सुरक्षित रहेंगे। सलमान खुर्शीद ने सभी लोगों से कहा कि त्योहार पर अपने देश को कोरोना महामारी से सुरक्षित रखने की दुआ मांगे। खुर्शीद का एक विडियो भी जारी किया गया। वीडियो संदेश जारी कर देश वासियों से अपील की है कि वे घर में रहकर नमाज पढ़ें। मस्जिद या ईदगाह पर इकट्ठा होकर नमाज न पढ़ें। 21 जुलाई को देश भर में बकरीद मनाई जाएगी।

# बच्ची के रेप के आरोपी युवक गिरफ्तार मेडिकल में हुई पुष्टि

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोमवार को नौ साल की बच्ची के साथ रेप करने के आरोपी युवक को करछना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी तरफ बच्ची का मेडिकल चेकअप कराया गया जिसमें रेप की पुष्टि हुई है। जिसके तहत आरोपी के खिलाफ376 एबी आईपीसी और पास्को एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। प्रयागराज के करछना इलाके में सोमवार को घर में अकेली नौ साल की बच्ची के साथ गांव के ही युवक कमलेश पटेल पुत्र मनोज पटेल ने रेप किया था और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। जिससे बच्ची घायल हो गई थी। घास काटने गई उसकी मां जब शाम को वापस लौटी तो उसने मां से सारी बात बताई। उसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। बच्ची के पिता की तहरीर पर कमलेश पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को करछना पुलिस ने भरहा गाँव के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ करछना राजेश यादव ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया है। बच्ची का मेडिकल कराया गया है। जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई है।

# कोविड प्रोटोकाल के अनुसार त्योहार मनाए जाने के डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने आगामी स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार ईदुज्जुहा बकरीद त्यौहार 21 जुलाई 2021 को संभावित है। इस त्यौहार को कोविड प्रोटोकाल तथा शासन के निर्गत आदेशों के अनुसार मनाये जाने का निर्देश दिया तथा सम्बंधित क्षेत्रों के लिए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की डियुटी लगायी गयी है इसी प्रकार पुलिस अधिकारी की भी डियुटी लगायी गयी है तथा यह ड्यूटी आदेश 21 जुलाई 2021 से 23 जुलाई 2021 तक प्रभावी रहेगा तथा सभी तहसीलों में भी ऐसी व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैए जिससे कि आम जानकारियां मिलती रहे तथा अपने.अपने क्षेत्रों में मजिस्टेªट तथा पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण भी करते रहे।

जिला स्तर पर कलेक्टेट में नगर मजिस्ट्रेट के कक्ष को नियंत्रण कक्ष बनाया गया हैए जिसका फोन नम्बर 223753 है। तहसील सदर में जोनल मजिस्टेट श्री जीएल शुक्ला अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व मो0 9454417612 तहसील बीकापुर में श्री जेपी सिंह अपर जिला मजिस्टेट कानून व्यवस्था मो0 9450385269ए तहसील सोहावल में श्री पुरूषोत्तम दास गुप्ता मुख्य राजस्व अधिकारी मो0 9454419036 तहसील रूदौली में श्री लव कुमार सिंह अपर जिला मजिस्टेट मो0 9839194589 व तहसील मिल्कीपुर में श्री ओम प्रकाश गुप्ता उप संचालक चकबंदी मो0 9415192863 को बनाया गया है।

सेक्टर मजिस्ट्रेट में राम शंकर डिप्टी कलेक्टर को चैक मोबाइल 8299308189, विजय कुमार मिश्र डिप्टी कलेक्टेट को रिकाबगंज मोबाइल 945090600, अरविन्द त्रिपाठी डिप्टी कलेक्टर को फतेहगंज मोबाइल 9459406369 व देवेन्द्र प्रताप सिंह डिप्टी कलेक्टर को सहादतगंज मो0 8299859598 को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट 9454416111 एवं रेजीडेंट मजिस्ट्रेट अयोध्या 9454416112 अपने अपने क्षेत्र तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर, सम्पूर्ण नगरीय क्षेत्र व अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र की शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के प्रभारी होंगे।

# जाति तोड़ो, समाज जोड़ो यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया आह्वान



**अम्बेडकरनगर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) अंबेडकरनगर के जिलाध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र बहादुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गेट बाबा साहब की प्रतिमा से 'जाति तोड़ो, समाज जोड़ों' के नारे के साथ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी के संस्थापक एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद द्वारा मान्यवर कांशीराम साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बहुजन साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। साईकिल यात्रा को आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड0 चन्द्रशेखर आजाद, प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ ने संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जाति तोड़ो समाज जोड़ों के नारे की हुंकार के साथ दलितों पिछड़ों मुस्लिमों, आदिवासियों व वंचितों को संगठित कर उनकी आवाज बुलंद करने के संकल्प के साथ इस बहुजन साइकिल यात्रा की शुरुआत की तथा बहुजन साइकिल यात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में 21 जुलाई तक चलाई जाएगी।

इस यात्रा के दौरान 6743 जातियों में बांटे गए बहुजन समाज को जोड़ने की मुहिम चलाएंगे। बहुजन साइकिल यात्रा के जरिए आसपा आहवान करती है, की संख्या के आधार पर भागीदारी की लड़ाई के लिए एकजुट हो जाएं तथा यात्रा के माध्यम से जनता को भाजपा सरकार की नाकामियों के बारे में अवगत कराया कि भाजपा सरकार के द्वारा शिक्षा के निजीकरण रूपी बाजारीकरण मेडिकल (नीट) में ओबीसी आरक्षण समाप्त करना, एससी/एसटी और ओबीसी को शिक्षा व नौकरियों से वंचित रखने की साजिश तथा हिंदू-मुस्लिम राजनीति तथा तमाम विभागों से सेवानिवृत्त हुए लोगों की पेंशन खत्म करना तथा कोरोना में पूरा देश सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कुव्यवस्था के चलते अभी भी कोरोना से जूझ रहा है व महंगाई से पूरा देश बेहाल है।

रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल की बढ़ती कीमतों की मार जनता झेल रही है। भाजपा में महिलाएं असुरक्षित हैं, जिससे पूरे देश में हर रोज रेप की घटना हो रही है तथा भाजपा सरकार किसान विरोधी बिल लाकर सरकारी मंडी को पूंजीपतियों के हाथों बेचने के कवायद में है। साइकिल यात्रा के माध्यम से पार्टी का उद्देश्य जनता को बतायेंगें कि आजाद समाज पार्टी पूरे देशवासियों को समान शिक्षा, समान चिकित्सा, समान न्याय, समान सुरक्षा, समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम हो या मजदूर किसान सबकों सुविधा एक समान जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। मीडिया प्रभारी अकबरपुर ऋषि कुमार गौड़ ने बताया कि ऐतिहासिक साईकिल यात्रा में जोनल प्रभारी कमलेश भारती, गाजी अब्बास, मंडल प्रभारी आसपा राहुल भारती, मंडल उपाध्यक्ष अकरम खान, भीम आर्मी मंडल अध्यक्ष निखिल राव, आसपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी रमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष माइनॉरिटी खालिद जमाल, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. राम शकल निषाद, आसपा जिला वरिष्ठ परामर्शदाता एड. परशुराम वर्मा (बौद्ध जी), नंदलाल भारती (भूतपूर्व युवा कल्याण अधिकारी) विस अध्यक्ष आलापुर अविनाश भारती, प्रभारी धर्मवीर, टांडा सौरभ वर्मा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, कटेहरी उपाध्यक्ष विवेक वर्मा, जलालपुर आशीष जलपूत, संगठन मंत्री विशाल, भीम आर्मी जिला प्रभारी राजकुमार, उपाध्यक्ष बृजेश अम्बेडकर, जिला मीडिया प्रभारी शाहिद हाशमी, कैप्टन सूरज, प्रवीण यादव जिला प्रभारी आसपा के साथ, भीम आर्मी व आसपा के सभी सम्मानित पदाधिकारी व संघर्षशील कार्यकर्ता बहुजन साईकिल यात्रा के दौरान उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 21 जुलाई, 2021



## पिगासस प्रकरण

### जांच की आवश्यकता

**जासूसी** मामला सामने आ गया है। फेसबुक ने 2019 में दावा किया था कि इस्राइली साइबरवीपेन्स कंपनी एनएसओ ग्रुप ने एक स्पाईवेयर पिगासस विकसित किया है जिसका प्रयोग भारतीय वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए हो रहा है। इस रविवार पिगासस प्रकरण सामने आया जिसके अनुसार भारतीयों के एक और समूह को निशाना बनाया गया था जिसमें पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता, राजनेता तथा संभवत: एक वर्तमान जज शामिल थे। सरकार ने इस मामले में अपनी किसी भूमिका से इनकार किया है। एलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि यह रिपोर्ट न केवल 'तथ्यों से रहित है, बल्कि पूर्व-निर्धारित नतीजों पर आधारित है'। संसद में विपक्ष द्वारा मचाए बवाल के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह जासूसी रिपोर्ट 'बाधा डालने वाले व विघटनकारियों' ने तैयार की है। नवीनतम खुलासा संसद का मानसून सत्र शुरू होने के समय सामने आया जिसके अनेक कारणों से पहले ही हंगामी होने की उम्मीद थी। विपक्ष ने इस जासूसी रिपोर्ट के लिए सरकार को जिम्मेदार बताते हुए जांच की मांग की है। निश्चित रूप से संदेह दूर करने के लिए जांच होनी चाहिए, नहीं तो इस प्रकार के आरोप स्वाभाविक रूप से भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बन जाएंगे। केवल गंभीर जांच से वे संदेह दूर किए जा सकते हैं जिनको जासूसी रिपोर्ट ने उठाया है। एनएसओ ग्रुप ने दो चीजों का दावा किया है। पहला, वह पिगासस अधिकृत सरकारी एजेंसियों को देती है। दूसरा, स्पाईवेयर देने के लिए इस्राइली रक्षा मंत्रालय की सहमति जरूरी है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इस्राइल पिगासस को एक हथियार मानता है। इससे यह भी संभावना पैदा होती है कि जासूसी के पीछे किसी विदेशी एजेंसी का हाथ है।



इस मामले की भारत में जांच के साथ ही एक वैश्विक जांच भी होनी चाहिए क्योंकि अन्य स्थानों पर भी इसका प्रयोग हुआ है। सरकारी एजेंसी द्वारा स्पाईवेयर प्राप्त करने की प्रक्रिया से पता चलेगा कि कौन सी एजेंसी इसे किस उद्देश्य से चाहती थी। इससे किसी संभावित बिचौलिये का भी पता चल सकता है। ऐसे दावे और प्रतिदावे हैं कि इस निगरानी साफ्टवेयर का एक दक्षिण अमेरिकी देश में कैसे प्रवेश हुआ। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भविष्य में ऐसे स्पाईवेयर प्रयोग करने वाले देशों के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया बनानी चाहिए। दुनिया में निगरानी और हस्तक्षेप उद्योग का विकास हुआ है। इस्राइल की अनेक कंपनियां इस बिजनेस में शामिल हैं। भारत में पिगासस प्रकरण को जल्दी से भुलाया नहीं जाना चाहिए। यह असाधारण संयोग है कि एनआईए द्वारा एलगार परिषद मामले में गिरफ्तार एक्टिविस्टों, उनके परिवारी सदस्यों तथा वकीलों के फोन नंबर लीक हुए डेटाबेस में शामिल हैं। पत्रकारों की निगरानी 2018 और 2019 आम चुनाव के बीच की गई। जासूसी हमारे देश में नई बात नहीं है। राजस्थान और गुजरात सरकारों पर फोन टैपिंग के आरोप लगे थे। 2011 में केन्द्रीय वित्त मंत्री के कार्यालय दावा किया था कि उसकी बगिंग की गई है जिससे तत्कालीन केन्द्र सरकार हिल गई थी। भारत में लोगों की निगरानी की एक कानूनी व्यवस्था है और आधिकारिक रूप से उनकी जांच हो सकती है। ऐसे में पिगासस प्रकरण ज्यादा खतरनाक व परेशान करने वाला बन जाता है।

# किसान प्रदर्शनकारियों की जिम्मेदारी

### केंद्रीय कानून वापस लेने की मांग अनावश्यक है। वे किसानों के लिए अनेक विकल्प खोलते हैं जिनका लाभ अधिक कीमतें पाने के लिए उठाया जा सकता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



हालांकि, केंद्र सरकार ने जनवरी, 2021 में तीन कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी और उम्मीद थी कि सर्वोच्च न्यायालय एक सद्भावपूर्ण माहौल बना सकेगा जिसमें प्रदर्शनकारी किसान वार्ता की मेज पर आ कर उचित समझौता कर सकेंगे। लेकिन यह उद्देश्य पूरा नहीं हो सका क्योंकि कुछ किसान संगठन कानून 'वापसी' की जिद पर अड़े हुए हैं। इसके साथ ही एक और मांग की गई है कि सरकार संसद द्वारा पास एक कानून के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी करे। एमएसपी का अर्थ किसी किसान द्वारा अपने उत्पाद की बिक्री की न्यूनतम कीमत प्राप्त करना है। इस मूल्य का निर्धारण कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी करता है जो कृषि मंत्रालय की एजेंसी है। इस निर्धारण में उत्पादन की लागत, जमीन का मूल्य तथा किसानों की मेहनत शामिल है।

केंद्र हर साल संबंधित फसली मौसम के पहले 23 फसलों का एमएसपी तय करता है। खरीफ की फसल अप्रैल-सितंबर तथा रबी की अक्टूबर-मार्च में होती है। एमएसपी मुख्यत: गेंहूं व धान पर लागू होता है। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस की जरूरतें पूरी करने के लिए इनकी खरीद करती हैं तथा इसे सस्ती कीमत पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के लाभार्थियों को प्रदान करती हैं। ये एजेंसियां किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया सारा उत्पाद नहीं खरीदती हैं। धान व गेंहूं के कुल उत्पाद का लगभग 33 प्रतिशत खरीदा जाता है।

अन्य चीजों के लिए यह खरीद बहुत कम है। जहां तक किसानों की संख्या का सवाल है, 150 मिलियन किसानों में से केवल 8 प्रतिशत ही अपना उत्पाद एजेंसियों को बेच पाते हैं। बाकी उत्पाद निजी व्यापारी खरीदते हैं जो गेंहूं का लगभग 67 प्रतिशत तथा धान का इससे भी अधिक हिस्सा खरीदते हैं। यह खरीद अनेक मामलों में एमएसपी से काफी कम कीमतों पर होती है। यही समस्या का कारण है।

किसानों के गुस्से का यही सबसे बड़ा कारण है जिससे वे निजी व्यापारियों समेत अपने सारे उत्पाद की खरीद कानूनी रूप से एमएसपी पर करने का दबाव डाल रहे हैं। एमएसपी की गारंटी करने वाले कानून या किसी अन्य विकल्प पर गौर करने के पहले हमें यह समझने की आवश्यकता है कि किसानों को निजी व्यापारियों से कम कीमत क्यों मिलती है। वर्तमान समय में किसानों को अपना उत्पाद मंडी में लाना पड़ता है जिसकी घोषणा राज्य सरकारें अपने संबंधित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून के अंतर्गत करती हैं। वे अपना उत्पाद किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो उसका वाहन कानून के उल्लंघन में रोका जा सकता है। कोई खरीदार किसान के दरवाजे से भी उसका उत्पाद नहीं खरीद सकता है।

इतने कठोर नियंत्रण के कारण थोड़े से प्रभावशाली अमीर किसानों को छोड़ कर बहुसंख्य किसान अढ़तियों की दया पर निर्भर होते हैं। वे स्थानीय स्तर पर नीलामी की व्यवस्था कर इसे ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। ये अढ़तिये या स्थानीय कमीशन एजेंट खरीदारों से गठजोड़ कर सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को यथासंभव कम पैसा मिले। इसके साथ ही अढ़तियों को 2.5 प्रतिशत कमीशन, 3 प्रतिशत बाजार फीस तथा पंजाब में 3

**वर्तमान समय में किसानों को अपना उत्पाद मंडी में लाना पड़ता है जिसकी घोषणा राज्य सरकारें अपने संबंधित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून केअंतर्गत करती हैं। वे अपना उत्पाद किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो उसका वाहन कानून के उल्लंघन में रोका जा सकता है।**

प्रतिशत ग्रामीण विकास उपकर-आरडीसी भी किसानों की मुसीबतें बढ़ाते हैं। किसानों के पास इस दुष्चक्र से मुक्ति पाने का एकमात्र रास्ता यही है कि उनको अपना उत्पाद बेचने के लिए एपीएमसी मंडियों के अलावा अन्य विकल्प मिलें। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य प्रोत्साहन व सुविधा कानून, 2020 ठीक यही करना चाहता है। वे अपना उत्पाद बेचने के लिए निजी बाजार जा सकते हैं या उसे अपने दरवाजे से बेचने के लिए प्रसंस्करणकर्ता, एकत्र करने वाले, बड़े खुदरा व्यापारी या निर्यातक आदि से अनुबंध कर सकते हैं। इसके अलावा किसानों को मजबूत करने के लिए कृषि उत्पादक संगठन-एफपीओ बनाए गए हैं जो एफपीओ बैनर तले अपना उत्पाद बेच सकते हैं।

यह भय निराधार है कि बड़े किसान इसका लाभ उठाएंगे। मूल्य गारंटी व कृषि सेवा कानून, 2020 के अंतर्गत होने वाले किसान सशक्तीकरण व संरक्षण समझौते द्वारा होने वाली ठेका खेती के अनुबंध से किसान किसी समय बाहर निकल सकता है, पर फर्म ऐसा नहीं कर सकती है। इसमें न्यूनतम गारंटी कीमत की सुरक्षा दी गई है जो एमएसपी के बजाय किसान व फर्म द्वारा परस्पर निर्धारित कीमत है। खुले बाजार में कीमतों में भारी गिरावट होने पर भी किसान को समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उसे अनुबंध वाली कीमत मिलती है। इसके साथ ही किसान अपना पक्ष बदल सकता है। यदि उसे लगता है कि फर्म उसे उचित कीमत नहीं दे रही है तो उसके पास एपीएमसी मंडी में अपना उत्पाद बेचने का विकल्प बना रहता है। इस व्यवस्था के अंतर्गत सभी किसान वर्तमान की तुलना में बेहतर कीमत प्राप्त कर सकेंगे जिसमें छोटे व सीमान्त किसान शामिल हैं। बाजार की गतिशीलता के आधार पर उनको एमएसपी से अधिक कीमत भी मिल सकती है। इसके बावजूद इस बात पर जोर देना आश्चर्यजनक है कि उनसे जो भी खरीदे वह एमएसपी दे तथा सरकार इसकी गारंटी करे। यह व्यवस्था कारगर न होने के तीन कारण हैं। पहला, निजी उद्यमियों को एक खास कीमत, यानी एमएसपी पर खरीदने को बाध्य करने से वे हतोत्साहित होंगे। कोई व्यापारी ऐसा व्यापार क्यों करना चाहेगा जिससे उसे जेल जाने की आशंका हो।

अगस्त, 2018 में महाराष्ट्र की तत्कालीन देवेंद्र फडनवीस सरकार ने महाराष्ट्र कृषि उत्पाद बाजार विकास एवं विनियमन कानून, 1963 में एक संशोधन कर कृषि उत्पाद को आधिकारिक एमएसपी से नीचे खरीदने को आपराधिक कृत्य बना दिया था। भारी विरोध के बाद यह प्राविधान छोड़ना पड़ा। वर्तमान महाविकास अघाड़ी सरकार से केंद्रीय कानूनों में यह प्रस्तावित संशोधन लागू करने की मांग केवल राजनीतिक लाभ के लिए हो रही है। दूसरा, इस गारंटी के अंतर्गत केन्द्र को बिक्री के लिए आया किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा। वर्तमान खरीद स्तर पर भी एफसीआई के पास भंडारण के लिए समुचित स्थान नहीं है। यदि एजेंसियों को किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़े तो उसे वे कहां रखेंगी। वर्तमान कीमतों पर खाद्य सब्सिडी पर खर्च 5,00,000 करोड़ से अधिक है। ऐसे में प्रस्तावित संशोधन की स्थिति में केन्द्र को अपना सारा कर व गैर-कर राजस्व केवल किसानों की सहायता पर खर्च करना होगा। तीसरा, किसानों के सभी उत्पादों के लिए एमएसपी विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत 'प्रतिबंधात्मक' सब्सिडी में आएगा। ऐसा होने पर भारतीय सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से बहुत अधिक होगी।

यह डब्लूटीओ के कृषि समझौते का उल्लंघन होगा और इस कारण अन्य सदस्य देश दंडात्मक कार्रवाई कर सकते हैं। इस भयानक परिणाम को देखते हुए एमएसपी पर गारंटी असंभव है। किसानों को इस पर जोर नहीं देना चाहिए। केंद्रीय कानूनों की वापसी की मांग अनावश्यक है। इन कानूनों से किसानों को अनेक विकल्प मिलते हैं जिनसे उनको बेहतर कीमतें मिल सकती हैं। भले ही वे फौरन एमएसपी के स्तर पर न पहुंच सकें पर उनकी स्थिति वर्तमान की तुलना में बेहतर होगी। बाजार की गतिशीलता को देखते हुए कुछ साल में वे ज्यादा लाभ कमाने की ओर बढ़ सकेंगे। अब गेंद किसानों के पाले में है।

# समान नागरिक संहिता पर विचार

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



कुछ लोग एक समय चार औरतों से विवाह करने के अधिकार पर जोर दे सकते हैं। यदि वे और ज्यादा विवाह करना चाहें तो एक मौजूदा पत्नी को तलाक दे कर पांचवी औरत से विवाह कर सकते हैं। उनकी इस जिद के साथ उनका कानून इस बात पर भी जोर देता है कि यदि किसी की संपत्ति चुराते हुए पकड़ा जाए तो दंड के रूप में ऐसा करने वाले का हाथ काट देना चाहिए। ऐसी मांग करने वालों के लिए मेरी प्रतिक्रिया यही होगी कि 'बिल्कुल नहीं, लार्ड मैकाले द्वारा प्रदान की गई भारतीय दंड संहिता इस मामले में दंड देने के लिए काफी है।' यदि मामला विवाह और तलाक का न हो तो 1950 का संविधान तथा अन्य सभी कानून स्वीकार्य हैं। हमारे राष्ट्रीय संविधान का अनुच्छेद 30 किसी को उसके धर्म का पालन करने की अनुमति देता है। लेकिन देश के कुछ लोगों के लिए यह स्थिति अपनी विजय तथा दूसरों को नीचा दिखाने वाली हो सकती है। इसी कारण मैं गोवा राज्य में नहीं रहता जहां केवल एक नागरिक कानून लागू होता है। इससे कुछ बिगड़े लोगों को विशेषाधिकार नहीं मिलने पाते हैं। वास्तव में हमारे देश के अन्य सभी कानून तार्किक और सही हैं। विभाजन की घोषणा होने पर मेरे बाबा ने फैसला किया कि हमें पाकिस्तान जाने के बजाय भारत में रहना चाहिए। जब मैं बड़ा हुआ तो मेरे बाबा ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के बजाय हिंदुस्तान को क्यों चुना।

यहां जवाहरलाल नेहरू और उनके बाद उनकी बेटी के सत्ता में आने के बाद कुछ लोगों को खास तबके के रूप में विशेष व्यवहार की उम्मीद थी। इसका कारण यह है कि ये महान व्यक्ति वास्तव में सांस्कृतिक रूप से मुस्लिम थे। यह स्थिति यहां तक थी कि तत्कालीन इलाहाबाद और वर्तमान प्रयागराज से जारी उनके विवाह आमंत्रण पत्र को उर्दू भाषा में छापा गया था। उनको मुस्लिम तबके का वोट भी चाहिए था क्योंकि कट्टर हिंदू उनके पास आने के बजाय जनसंघ को पसंद करते। निसंदेह संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार एक समान नागरिक संहिता-यूसीसी की आवश्यकता थी जो महिला अधिकारों को भी संरक्षण दे। लेकिन मेरे बाबा ने मुझे आश्वस्त किया था कि हम जब तक चाहें इस कानून



को ठंडे बस्ते में पड़ा रहने दिया जाएगा। वास्तव में ऐसा हो भी रहा था, लेकिन नेहरू के पड़पोते राजीव गांधी ने मुस्लिम महिला कानून पास करने की भयानक गलती कर दी। शाहबानो को भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग 500 रुपये महीना भत्ता देने का आदेश दिया था। इस प्रकरण की स्मृति बहुत लंबे समय तक न चलती, पर वास्तव में नौकरशाह रहे सैयद शहाबुद्दीन जैसे नेताओं ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। इसके बाद कभी अयोध्या न जाने वाले उनके जैसे नेताओं ने बाबरी मस्जिद पर कठोर दृष्टिकोण अपनाया। वास्तव में यह मस्जिद के बजाय एक मकबरा थी। पहला, बाबर की मौत से मुश्किल से दो साल पहले मीर बाकी ने मंदिर गिरवाना शुरू किया था। बाबर के बाद बाकी एक मामूली शिया रह जाता। इसलिए उसने दावा किया कि इसका निर्माण बाबर की स्मृति में किया गया है। यदि यह मस्जिद थी तो इसमें वजू का स्थान और इसका मिंबर कहां था? जब हिंदुओं ने पहले उसके बाहर एक चबूतरे पर और बाद में भीतर पूजा करनी शुरू की तो मुसलमानों ने क्या किया? मुस्लिम नेताओं ने केवल हिंदुओं को अपनी गतिविधियों से जागरूक और उत्तेजित कर दिया। इसके बाद सत्ता में पहले अटल बिहारी वाजपेयी और बाद में नरेन्द्र मोदी आए जो अनुच्छेद 44 तथा समान नागरिक संहिता के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मेरे बाबा के विचार से यदि कोई विरोध न होता तो बाबरी मस्जिद मामला तूल न पकड़ता और उससे उत्तेजना न भड़कती। क्या किसी ने गौर किया है कि मुस्लिम शरीया महिलाओं को नियंत्रित करने या उनके प्रति प्रतिरोधक का काम करता है? यह विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए एक छिपी हुई दुधारी तलवार की तरह है जो मुस्लिम समुदाय में शांति और संतुलन बनाए रखता है। पैगबंर मुहम्मद ने आदेश दिया था और मुस्लिम समुदाय इसका पालन करता है कि अपने समुदाय का विस्तार किया जाए। इससे मुसलमानों को तीसरा लाभ यह हुआ कि वे एकजुट बने रहे। गौर करें कि इसके उलट यहूदियों और ईसाइयों का क्या हुआ जिनकी संख्या घट गई। पश्चिम में उन्होंने उस ईश्वर में दिलचस्पी लेना छोड़ दी जिसने उनके लिए क्रूस पर चढ़ कर अपनी जान दे दी थी। केवल मुस्लिम विश्वास ने ही लगातार अपने समुदाय की जनसंख्या बढ़ाई है। अब समान नागरिक संहिता आने के बाद जनसंख्या वृद्धि के रूप में लाभ समाप्त हो जाएगा। दुनिया के अनेक देश हैं जिनमें जनसंख्या की पूंजी घट रही है। इसका उदाहरण जापान है। वहां ज्यादा बच्चे नहीं पैदा होते हैं और न वह प्रवासियों को अनुमति देता है। मैंने सुना है कि आने वाले सौ साल में वहां कोई नहीं बचेगा। कहा जाता है कि लोकतंत्र सेक्युलरवाद व कानून में समानता के बिना काम नहीं कर सकता है। इसके साथ ही संविधान सभी नागरिकों को समानता की गारंटी देता है। लेकिन इस बात पर गौर करें कि मुस्लिम समाज बिना किसी लोकतंत्र के फला-फूला, हालांकि उनमें समान कानून थे। वास्तव में भारत में लोकतंत्र उसकी स्वतंत्रता के बाद आया और वह दारुल हर्ब यानी ऐसी भूमि बन गया जहां इस्लाम का शासन नहीं था। 1858 तक मुगल बहादुर शाह जफर इसके बादशाह थे जिनको बाद में सजा देकर देशनिकाला दे दिया गया। उस समय तक भारत दारुल इस्लाम था। इसके बावजूद अनेक लोग किसी भी सीमा तक जाकर इस विषय पर नेहरू का संदर्भ देते हैं। 1955 में हिंदू कोड बिल कानून बना। लोकसभा में एक सदस्य के सवाल का जवाब देते हुए नेहरू ने संसद से कहा था, 'हां, हम चाहते हैं कि एक नागरिक संहिता सब पर लागू हो, पर विवेक इसमें बाधा बनता है। यदि ये सदस्य या कोई और नागरिक संहिता लाता है तो उसके साथ मेरी भारी हमदर्दी होगी। लेकिन मैं यह स्वीकार करना चाहता हूं कि वर्तमान समय में भारत के लिए ऐसा करना और इसे आगे बढ़ाना ठीक नहीं है। मैं इसके लिए आधार तैयार करना चाहता हूं।'

## आप की बात

### पाक में अशोभनीय घटना

**दोनों** देशों में अपनी नीति रीतियों व सम्बन्धों के सामंजस्य से मतभेद उभरना स्वभाविक है। परन्तु इंसानियत व मानवता व मानवीय गुणों की अनदेखी कर अमानवीय करण की पृवत्ति को जन्म देना निंदनीय व शर्मनाक माना जाता है। वाकया है पाक व अफगान के बीच तनावपूर्ण संबधों के चलते पाक में अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी के अपहरण की घटना का। इसमे कोई दो मत नही पाक व अफगानिस्तान के बीच तनाव जारी है। परन्तु मतभेदों को नष्ट करने का यह तरीका तो सामाजिक तौर पर बिल्कुल जायज नही। पाक में इस तरह की अशोभनीय घटना विश्व मे अन्य देशों को क्या संदेश देगी विचारणीय व चिन्तनीय है। समाचार पत्रों से ज्ञात समाचार के आधार पर बेटी के अपहरण के बाद प्रताड़ना की खबरे सभ्यता व मानवता को कलंकित करती है। क्या अपहरण की घटना को अंजाम देकर समस्या का हल हो गया? उस बेटी का क्या कसूर जो दोनो देशों के मतभेदों का शिकार बनी? सामान्य तौर पर अपहरण की घटनाएं गावों ,नगरों , महानगरों में होती है तो निदा , भर्त्सना की जाती है। मानवता व इंसानियत को कलंकित करने की बजाय दोनो देश अपने मतभेदों को बैठकें आयोजित कर के भी खत्म कर सकते हैं।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### संसद में हंगामा

**सोमवार** को संसद के मानसून सत्र की शुरुवात शोरशराबा, हंगामा और अमर्यादित आचरण से हुई। आश्चर्य की बात दोनो सदनों में चली आ रही परम्परा के अनुसार नए मंत्रियों का परिचय प्रधानमंत्री कराते है, लेकिन उन्हें हंगामा कर रोक गया और दोनो सदनों के सभापति सदन में शांति बनाए रखने के लिये चिल्लाते रहे। सदस्यों द्वारा पोस्टर बैनर लहरा कर हंगामा मचाया गया। आखिर में दोनो सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सरकार और देश के प्रबुद्ध लोगो को सदनों में, संसद और विधानसभाओं में हंगामा और अमर्यादित आचरण को रोकने की ओर ध्यान देना चाहिये जो फैशन बन गया है। इसका प्रभाव हमारे देश के भावी नागरिको पर पड़ रहा है। जो देख रहे है। सांसद और विधायक बनने पर सदन से सड़क तक अनुशासनहीनता करने का प्रमाणपत्र उनको मिल जाता है। इसलिये इसका सजीव प्रसारण टेलीविजन पर बंद कर दिया जाए। हमारा संविधान विदेशी संविधान की नकल करके बनाया गया है। आज विदेशों में सदन की कार्यवाही के सफल संचालन के लिये संविधान में संशोधन कर दिया गया है। वहां सदन में सारा कार्य मर्यादित ढंग से होता है। हंगामा करने की हिम्मत कोई सदस्य नही करता।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### पंजाब कांग्रेस का संकट

**नवजोत** सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का नया अध्यक्ष बना कर भले ही गांधी परिवार ने चैन की सांस ले ली हो लेकिन इस से ना ही संकट टला है और ना ही सिद्धू और अमरिंदर सिंह खेमों के बीच सुलह ही हुई है। अब जबकि अगले चुनाव कुछ महीने दूर हैं तो ऐसे मे जब टिकट बंटवारे का मुद्दा सामने आएगा तो कांग्रेस मे ध्रुवीकरण साफ साफ दिखाई देगा और इसका नुकसान पार्टी को उठाना पड़ सकता है। इसमे को भी दो राय नहीं हैं की कैप्टन अमरिंदर सिंह ही पंजाब मे कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं और सबसे बड़ा दांव हैं। उन्ही के कंधे पर कॉंग्रेस पार्टी एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने के सपने देख सकती है। सिद्धू उनके मुक़ाबले उस स्तर के नेता नहीं है, अमरिंदर सिंह का कद इसलिए भी बड़ा है क्योंकि आज अगर कांग्रेस अपने दम पर केवल 3 राज्यों मे सत्ता चला रही है तो उसमे से एक पंजाब भी है। बेहतर होता की गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी दोनों को आमने सामने बैठाकर बातचीत से हल निकाल लेती ताकि चुनावों मे दोनों धड़े एक साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए दिखाई देते।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पिगासस** खुलासे घृणास्पद हैं। यदि ये सच हैं तो मोदी सरकार ने निजता के अधिकार पर गंभीर व कुटिलतापूर्ण हमला किया है।

– **प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता

**हमे** पता है कि कुछ ऐसे तत्व हैं जो पाकिस्तान मे विकासीय गतिविधिया होते देखना नहीं चाहते हैं। पाक और चीन ने अतीत में चुनौतियों का मिलकर मुकाबला किया है।

– **शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री





**ब्राह्मणों** को पुन: जागरूक करने के लिए हमारी पार्टी द्वारा 23 जुलाई से अयोध्या से एक अभियान छेड़ा जाएगा।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

# 19 ब्लाकों में प्रमुखों व बीडीसी ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

**संवाददाता। सीतापुर**

**ब्लॉक में अधिकारियों ने दिलाई शपथ, मौजूद रहे जनप्रतिनिधि**

**ब्लॉक महोली** में नवनिर्वाचित प्रमुख जगदीश प्रसाद राजवंशी समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, धीरेंद्र प्रताप सिंह चौहान, विपिन बाजपेयी, पूर्व प्रमुख संजय सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा, वीरेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे। वहीं, विकास खंड मछरेहटा में मिश्रिख से भाजपा विधायक राम.श्ण भार्गव की पत्नी नवनिर्वाचित प्रमुख मिथिलेश कुमारी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। बाद में पहली बैठक में विकास मसले पर राय मशविरा कर सभी सदस्यों से विकास में सहयोग मांगा। इस मौके पर पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, गोंदलामऊ प्रमुख नमिता अवस्थी, मिश्रिख प्रमुख रामकिंकर पांडेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय भार्गव, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अजय भार्गव मौजूद थे। रामपुर मथुरा ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रमुख तारा देवी समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। फिर पहली बैठक में सदस्यों के संग क्षेत्र के विकास मसले पर चर्चा कर खाका तैयार किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेउसा चंद्र कुमार मिश्रा, केके सिंह, चंद्र भूशण शुक्ला आदि मौजूद थे। सिधौली ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रमुख रामबख्श रावत को एसडीएम सिधौली संतोश कुमार राय ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, इसके बाद प्रमुख ने खुद अपने ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। सपा के समर्थन पर जीतने वाले सिधौली प्रमुख के षपथ ग्रहण समारोह में सपा नेताओं की गैर हाजिरी और भाजपाइयों का हुजूम चर्चा का विशय बना रहा। इस अवसर पर बीडीओ काजल वर्मा, एडीओ पंचायत सीके वर्मा, राकेश पांडेय आदि मौजूद थे। मिश्रिख ब्लॉक में एक बार फिर निर्विरोध प्रमुख बने रामकिंकर पांडेय को एसडीएम मिश्रिख गिरीश कुमार झा ने शपथ ग्रहण कराया। बाद में प्रमुख ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह में पहली बैठक के दौरान मिश्रिख विधायक राम.श्ण भार्गव ने क्षेत्र के विकास में आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने की अपील की है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी, गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख नमिता अवस्थी, यतींद्र अवस्थी आदि मौजूद थे। वहीं, खैराबाद ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रमुख अजय विश्वकर्मा को एसडीएम सदर अमित भट्ट ने शपथ दिलाई। बाद में प्रमुख द्वारा ब्लॉक के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल, सीओ सिटी पीयूश कुमार सिंह, अपूर्व अग्रवाल, अनूप विश्वकर्मा, भानु सिंह आदि मौजूद थे। विकास खंड पहला के नवनिर्वाचित प्रमुख रावेन्द्र उर्फ अजय यादव को एसडीएम महमूदाबाद रामदरश राम ने पदीय शपथ दिलाई। फिर प्रमुख ने ब्लॉक के नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते हुए पहली बैठक में विकास का खाका खींचा। इस मौके पर महमूदाबाद विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार वर्मा, अनिल यादव आदि मौजूद थे। उधर, हरगांव में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रामदेवी भार्गव को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार ने शपथ दिलाई। हरगांव विधायक सुरेश राही ने सभी सदस्यों से आपसी तालमेल से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराने को कहा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, बीडीओ राज कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सेठ, गिरीश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद थे। रेउसा में ब्लॉक प्रमुख मंजू देवी को जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेष कुमार ने पद व गोपनीयता की षपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी व उनकी पत्नी अंजू तिवारी मौजूद रहीं। अध्यक्षता बीडीओ हनुमान प्रसाद, संचालन ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान, रामेन्द्र तिवारी, रामपाल मौर्या आदि मौजूद थे। गोंदलामऊ ब्लॉक में नवनिर्वाचित प्रमुख नमिता अवस्थी को ग्राम्य विकास अभियंत्रण विभाग के परियोजना निदेशक अरूण कुमार सिंह ने पदीय शपथ दिलाई। इस मौके पर मिश्रिख विधायक राम.श्ण भार्गव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी, यतींद्र अवस्थी बबलू, अशोक सिंह, योगेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। कसमंडा में मंगलवार को तगड़ी सुरक्षा के बीच यहां की नवनिर्वाचित प्रमुख मुन्नी देवी को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी .श्ण मुरारी ने षपथ दिलाई। पहली बैठक में प्रमुख ने सदस्यों से गहन मंत्रणा कर विकास का एजेंडा तैयार किया। यहां बीडीओ चंद्रभान, बेबी यादव, हिमाली पांडेय, दिनेश वर्मा, केके तिवारी, लक्ष्मी जायसवाल, अंशू जायसवाल आदि मौजूद थे। वहीं, विकास खंड एलिया में बुआ के बाद उनकी भतीजी रीता सिंह ने प्रमुख की कुर्सी संभाली। नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रीता सिंह को एसडीएम न्यायिक पूर्णिमा सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, बाद में प्रमुख ने सभी नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र विक्रम सिंह, राजेश गुप्ता आदि मौजूद थे। बिसवां ब्लॉक में नवनिर्वाचित प्रमुख शांती देवी को एसडीएम अनुपम मिश्रा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बाद में प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पदीय शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक महेन्द्र यादव, पूर्व विधायक रामपाल यादव, समाजसेवी शरद चौधरी, कसमंडा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, आलोक शुक्ला, रामेंद्र यादव आदि मौजूद थे। पिसावां ब्लॉक के प्रमुख पद पर काबिज मिथिलेश यादव को डीसी मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, शिव प्रताप सिंह, बीडीओ अजीत कुमार यादव आदि मौजूद थे। बेहटा ब्लॉक की नवनिर्वाचित प्रमुख कल्पना वर्मा को अतिरिक्त मजिस्टेªट सुरेश कुमार ने शपथ दिलाई। बाद में प्रमुख ने ब्लॉक के नवनिर्वाचित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। फिर प्रमुख ने पहली बैठक में सदस्यों से राय मशविरा कर विकास का खाका खींचा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम जीवन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, जय कुमार वर्मा, दीपक सिंह आदि मौजूद थे। परसेंडी ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रमुख राजेंद्र प्रसादको एसडीएम लहरपुर पीएल मौर्या ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। फिर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने षपथ ली। इस मौके पर लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलम सिंह, अजय प्रताप सिंह, मंजीत सिंह, राहुल सिंह, कपिल सिंह, आदि मौजूद थे। महमूदाबाद ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रमुख मुकेश वर्मा को एसडीएम राम दरश राम ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, इसके बाद प्रमुख ने ब्लॉक के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, शरद मिश्रा, सीओ रवि शंकर प्रसाद, कोतवाल अनिल पांडेय, बीडीओ अशोक कुमार आदि मौजूद थे। लहरपुर में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा को एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने शपथ दिलाई, इस मौके पर विधायक सुनील वर्मा बीडीओ अखिलेश चौबे, कोतवाल मनीष कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव आदि मौजूद थे। सकरन में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख मिथलेश कुमारी को जिला भूमि संरक्षण अधिकारी राजित राम ने शपथ दिलाई। इस मौके पर बिसवां विधायक महेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामपाल यादव, प्रमुख प्रतिनिधि अजय वर्मा, .ष्ण कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।
















## क्विक न्यूज

### एसटीएस कंपनी ग्राहकों का करोड़ों रकम लेकर फुर्र

**सीतापुर।** एसटीएस फर्जी कंपनी में रकम दुगुनी करने को उपभोक्ताओं से पैसा जमा कराया गया, अवधि पूरी होने के बाद कंपनी संचालकों ने पैसा देने से इंकार कर दिया। ऐसे में सीतापुर में करीब पांच करोड़ों की रकम लेकर कंपनी फुर्र हो गई। इन सब समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शिकायत की। बावजूद इसके उनके द्वारा न तो उस पर गौर फरमाया गया और न ही कार्रवाई की गई। इससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने कंपनी पर कार्रवाई समेत सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा आदि मसले को लेकर मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी के बैनर तले दर्जनों ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठ गए है। विकास भवन समक्ष के धरन पर बैठे ग्रामीणों से आई इंडिया ने बातकर उनकी समस्याएं सुनीं, तो उनका दर्द सामने आ गया।

### कच्ची दीवार ढहने से मासूम बच्ची की मौत

**सीतापुर।** आपको बता दें, कि कोतवाली देहात की कचनार चौकी क्षेत्र में कंपनीपुरवा गांव में उस समय कोहराम मच गया जब दो दिनों से रुक-रुककर होने वाली बारिश के चलते विनोद के घर की कच्ची दीवार भरभराकर ढ़ह गई। अचानक दीवार गिरने से विनोद की 30 वर्षीया पत्नी विनीता, सात साल का बेटा गिरजेश, पांच साल की बेटी ममता और दो साल की बेटी मांसी मलबे के नीचे दब गई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला। लेकिन तब तक सबसे छोटी बेटी मांसी की मौत हो चुकी थी। अन्य लोग भी घायल हुए हैं। क्षेत्रीय लेखपाल राधेश्याम यादव ने मौके पर पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के समय विनोद मजदूरी के सिलसिले में घर से बाहर था। आई इंडिया को विनोद ने पूरे मामले की जानकारी दी।

### माला बाजपेई बनी नई एआरटीओ प्रशासन



**सीतापुर।** परिवहन कार्यालय में एआरटीओ (प्रशासन) के पद पर माला बाजपेई को नवीन तैनाती दी गई है, श्रीमती बाजपेई का स्थानान्तरण सुल्तानपुर जनपद से सीतापुर किया गया है। 2011 बैच की पीसीएस अधिकारी माला बाजपेई इससे पूर्व उन्नाव, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर में तैनात रह चुकी हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद श्रीमती बाजपेई द्वारा कार्यालय का निरीक्षण कर मातहतों को उचित दिशा-निर्देश दिए गये। उन्होने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए सीधे सम्पर्क कर सकते हैं। रोड सेफ्टी पर विशेष फोकस रहेगा। जनपद में सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया जायेगा, महिलाओं व सीनियर सिटीजन के लिए अलग काउन्टर बनाया जायेगा।

### श्रद्धा भाव से निकाली गई सावन कलश यात्रा

**मैलानीखीरी।** सावन मास प्रारम्भ होते ही भगवान श्रद्धालुओ ने मैलानी क्षेत्र के गाड़ी घाट आश्रम से जल भरने हेतु भीरा मार्ग पर शारदा नहर से जल भर कर सिर पर क्लश रखकर यात्रा की। समापन पुनः गाडी घाट आश्रम पर भगवान शिव का जलाभिषेक कर किया गया। इसमें ग्राम फुलहईया नं 1 व फुलहईया नं 2 व राम पुर जवाहर पुर नकाहघाट तौले पुर व फुलहईया पुरवा के काफी श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### डीएसओ ने दी खाद्यान्न वितरण की जानकारी

**लखीमपुर खीरी।** डीएसओ वीपी सिंह ने बताया कि आयुक्तए खाद्य तथा रसद विभागए उप्र लखनऊ द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में आच्छादित अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी राशनकार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर माह जुलाई की 21 तारीख से 31 तारीख के मध्य अन्त्योदय अन्न योजना व पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डो पर 03 किलो गेहूँ प्रति यूनिट निःशुल्कए 02 किलो चावल प्रति यूनिट निःशुल्क वितरण व्यवस्था लागू की गई। उन्होंने बताया कि द्वितीय चक्र माह जुलाई की 21 तारीख से शुरू होकर 31 तारीख तक सम्पन्न होगा। द्वितीय चक्र में वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात माह जुलाई की 31 तारीख होगी।

### एसडीएम ने दाल मिलों का किया औचक निरीक्षण

**संडीला (हरदोई)।** एसडीएम विपणन एवं मंडी के अधिकारियो के साथ दाल मिलों का निरीक्षण किया। आयुक्त खाद्य एवं रसद उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को दाल मिलों के निरीक्षण के आदेश दिये थे। इस पर एसडीएम ने संयुक्त जांच टीम जिसमें मंडी सचिव एके सक्सेना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर, विपणन निरीक्षक आनंद कुमार श्रीवास्तव ने दाल व्यापारी मेसर्स गुप्ता किराना स्टोर, मेसर्स राधा ट्रेडर्स जाकर व्यापक छानबीन की तथा स्टाक सत्यापन किया।

# लखीमपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों को दिलाई गई शपथ

**संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी**



**गोला अखिलेश** यादव ने कुम्भी ब्लॉक प्रांगण में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा तथा बिजुआ में नेहा राज को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गोला ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा ने मुख्य अतिथि विधायक अरविंद गिरि की उपस्तिथि में शपथ ली। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के चलते उन्हें पहले अपना क्षेत्र पंचायत सदस्य बनाया फिर कुम्भी ब्लॉक के सभी क्षेत्र पंचायत ने उन्हें अपना मत प्रदान कर कुम्भी ब्लॉक का प्रमुख बनाकर जो सम्मान प्रदान किया है उसके लिए वह ह्रदय से आभारी है। विमल वर्मा ने गोला विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विधायक के आशीर्वाद व पार्टी के विश्वास के कारण उन्हें सेवा का यह अवसर प्राप्त हुआ है। इसके लिए व आभार व्यक्त करते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरविंद गिरि ने उक्त सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विगत वर्षों में भी ब्लॉक प्रमुख बनाने में उन्हें क्षेत्र पंचायत के सदस्यों का भरपूर सहयोग व समर्थन मिलता रहा है। ज्ञात रहे कि हाल ही में सम्पन्न हुए जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खीरी जनपद के ज़िला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी ओमप्रकाश भार्गव को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में गोला विधानसभा के 8 जिला पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिन्होंने विधायक अरविंद गिरि के आग्रह को स्वीकार कर ओमप्रकाश भार्गव को अपना मत प्रदान कर ज़िला पंचायत अध्यक्ष बंनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।इसके बाद ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भी विधायक ने बहुत ही कम समय मे अपनी विधानसभा के दोनों ब्लॉक कुम्भी व बिजुआ भारतीय जनता पार्टी के ब्लॉक प्रमुख पद के दोनों प्रत्याशियों बिजुआ से नेहा राज व कुम्भी से विमल वर्मा को ब्लॉक प्रमुख बनाने में दिन रात एक कर दिया। पूर्व में दो बार दिनेश भार्गव व राकेश भदौरिया को भी ब्लॉक सभा मे उपस्थित क्षेत्र पंचायत आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सम्मान को बनाए रखने का कार्य किया है। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों प्रधानों व जिला पंचायत सदस्यों के सहयोग की अति आवश्यकता है। संबोधन के अंत मे उन्होंने भू जल सप्ताह के अभियान हेतु कहा कि जल ही जीवन है। जल को हर संभव तरह से बचाने का प्रयास होना चाहिए ताकि हमारी प्रकृति व आने वाली पीढ़ियों को इस संकट का सामना न करना पड़े।सदस्यों को विधायक ने कहा कि वे जल संरक्षण के लिए भी ग्रामीण स्तर पर अपने अपने क्षेत्र में लोगो को जागरूक करे व हर तरह से उनके साथ है। सभा के अंत मे विधायक ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ए प्रधानगण ज़िला पंचायत सदस्यए ब्लॉक प्रमुख को बधाई व शुभकामनांए प्रदान की।

**निघासन संवाददाता के अनुसार** मंगलवार को नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख की शपथ ग्रहण का कार्यक्रम ब्लाक सभागार मे संपन्न हुआ। सभागार में एसडीएम ओपी गुप्ता ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख हरप्रीत कौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद ब्लाक प्रमुख हरप्रीत कौर ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। एसडीएम ओपी गुप्ता व नवागत बीडीओ राकेश कुमार सिंह ने ब्लाक प्रमुख हरप्रीत कौर को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान अमनदीप सिंह विकास अग्रवाल विनोद वर्मा सहित समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

**बेहजम संवाददाता के अनुसार** उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख व बी डी सी सदस्यों का मुख्य अतिथि एसडीएम मितौली दिग्विजय सिंह नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख बीना राज को गोपनीयता की शपथ दिलाई उसके बाद ब्लॉक प्रमुख बीना राज ने सदन में मौजूद 101 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद पंचायत की बैठक आहूत की गई। विकास कार्यों की कार्य योजना तैयार कर विकास कार्य कराए जाने की तैयारी की गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह प्रभारी खंड विकास अधिकारी राधेश्याम एडीओ एसटी राम नरेश पालए सीओ मितौली संदीप सिंहए कोतवाल नीमगांव गजेंद्र सिंह बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डे व कई थानों की पुलिस बल व पीएससी जवानों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। बीच में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन बंशीधर राज राज्यसभा सांसद रवि प्रकाश वर्मा जिला पंचायत सदस्य छोटे लाल वर्मा ब्लॉक प्रमुख पति व जिला पंचायत सदस्य राम शंकर राज पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शुभेन्द्र सिंह भैया पूर्व वैज्ञानिक कृष्ण राज जगदीश राज दिनेश राज मिर्जापुर सोनौरा प्रधान प्रेम बाजपेई सहित मौजूद रहे।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार** विकास खण्ड मोहम्मदी मे ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार वाजपेई और पसगवा मे शिखा सिह को उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ। उसके उपरांत महेंद्र कुमार बाजपेई और शिखा सिह ने सभी सदस्यों को दिलाई शपथ। इस समारोह में सासद रेखा अरुण वर्मा विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रमुख भगवानदास बाजपेई विकास खंड अधिकारी धर्मेश कुमार पांडे व तुल वाजपेई सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**बरेली।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में मौत हो गई स मृतका के भाई ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी बिथरी चौनपुर थाना के गांव सिमरा निवासी वीरेंद्र कुमार की 20 वर्षीय पत्नी रेखा की कल शाम घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के भाई राजीव ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पिता हाफिजगंज के गांव मठबुला निवासी टीकाराम ने रेखा का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व वीरेंद्र से किया था स जिसने दहेज में मिली मोटरसाइकिल को बेच दिया और फिर से दूसरी मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था स जिसके चलते वह अक्सर रेखा से मारपीट करता था ।

## चोरों ने घर के अंदर बक्से में रखे जेवरात व 70 हजार की नकदी उड़ाई

**संवाददाता। मैलानी खीरी**

**थाना क्षेत्र** के अंतर्गत आने वाले गांव फुलहईया नं 2 मे रहने वाली मनोरमा पत्नी झाऊ लाल के घर पर बीती रात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने घर में रखे बड़े बाक्स के अंदर रखे छोटे बाक्स में रखे सत्तर हजार रूपये की नकदी व एक जोडी पायल कुन्डल झुमकी मंगल सूत्र आदि उठा लिया। अचानक झाऊ लाल की पत्नी मनोरमा ने बताया जब शोर मचाने की कोशिश की तभी एक चोर ने उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद अंधेरे का लाभ उठाकर चोर भागने मे सफल रहे। सुबह घर से थोडी ही दूरी पर राम सनेही के यूके लिपटिस के खेत में चोरी गया खाली बाक्स मिला। जिसमें कुछ कागजात पड़े हुए थे। पीड़िता मनोरमा ने बताया कि उसके पति झाऊ लाल आवश्यक कार्य से बाहर गये हुए थे। वह अपनी पुत्री पूजा व पुत्र ब्रजेश व अन्य परिजनों के साथ घर के बाहर झोपड़ीनुमा मकान में सो रहे थे। सुबह की घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गयी। घटना सूचना पाकर पीआरवी 2866 के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़िता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में गांव के लोगों को पहचान लेने तथा चोरी करने में नामजद भी किया है। मनोरमा ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी के जेवरात व रूपये इकठ्ठे किये। घटना के बाद पीड़िता व परिजन काफी परेशान थे। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की तहरीर लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।



## सभी मिलकर करें ब्लाक का सर्वांगीण विकास:अब्दुल मन्नान

**संवाददाता। संडीला (हरदोई)**



**ब्लाक प्रमुख** शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान ने कहा कि ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम प्रधान टीम भावना से मिलकर तथा एक उद्देश्य को सामने रखकर कार्य करें। तभी क्षेत्र का सर्वागीण विकास होगा। ब्लाक बेहन्दर की नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी को सबसे पहले नामित अधिकारी ने पद और गौपनीयता की शपथ दिलायी और इसके बाद ब्लाक प्रमुख से क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सामूहिक शपथ दिलायी। अपने सम्बोधन में ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उन्हें अपना बहुमूल्य मत देकर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वे ईमानदारी से पालन करेंगी तथा प्रयास करेगीं कि विकास कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करायें जायें मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व काबीना मंत्री अब्दुल मन्नान जिनका यह गृह ब्लाक भी है तथा जिसके प्रमुख पद पर उनके पिता स्व शेख अब्दुल जब्बार, वे स्वयं, उनके अनुज अब्दुल हन्नान तथा पुत्र अब्दुल राफे ने इस ब्लाक को लगातार आगे बढ़ाया है। इसके अलावा एक अवसर को छोड़कर उनके समर्थित प्रत्याशी ही यहां विजयी होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र का यथासंभव तथा यथाशक्ति विकास कराने का सदैव प्रयास किया तथा वर्ष 2012 तक इस क्षेत्र के 95 प्रतिशत मार्गों का निर्माण उन्होंने करा दिया था। इसके अलावा अन्य जो भी सुविधायें अपेक्षित थीं उनको भी उपलब्ध कराने का भरसक प्रयास किया था। उन्होंने ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी को आश्वासन दिया कि वे ब्लाक के विकास में जो भी संभव सहायता होगी उसे अवश्यक उपलब्ध करायेगें। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अब्दुल हन्नान, निवर्तमान ब्लाक प्रमुख अब्दुल राफे, अब्दुल राबे, फैजुल हक, खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे। ब्लाक संडीला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में ब्लाक प्रमुख आरती गुप्ता को आर ओ डी सी लाल ने शपथ दिलायी इसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आरती को आरती गुप्ता ने शपथ दिलायी। इस अवसर पर विधायक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि वे ब्लाक के विकास में ब्लाक प्रमुख को सभी प्रकार का सहयोग प्रदान करेगें। इस अवसर पर निवर्तमान ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने ब्लाक प्रमुख आरती गुप्ता तथा ब्लाक की पूरी टीम को आशीर वचन प्रदान करते हुए सभी प्रकार के सहयोग के लिए आश्वस्थ किया।

# सूर्या फाउंडेशन ने वितरित किये पौधे

**संवाददाता। निघासन खीरी**




**सूर्या फाउंडेशन** आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी द्वारा आत्म निर्भर भारत के तहत 25 जून से 31 अगस्त तक देश के 18 राज्यों में 600 वृक्ष मित्रों के माध्यम से 60 हजार परिवारों के द्वारा 3 लाख फलदारए पौधे लगाने का महा अभियान लिया गया है। जिसमे निघासन तहसील के सहतेपुरवाए बेल्हाडीहए नौगवांए डंडूरीए बैरिया व आसपास के गाँव में 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य है। आज अवध क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह गाँव के सेवाभाबी समूह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्ष हमारे जीवन के साथी है। इससे हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। इसी के साथ आज जो समस्या हमारे देश में पर्यावरण असन्तुलन की है। पर्यावरण को संतुलित करने में वृक्षों का बहुत बड़ा योगदान है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। अभी जो ग्लोबल वार्मिंग का खतरा पूरे विश्व मे आ रहा है। उसे वृक्षों के माध्यम से रोका जा सकता है। सूर्या फाउंडेशन ने इस वर्ष जन सहयोग के माध्यम से वृक्षारोपण महा अभियान का संकल्प लिया है। जिसमें हमारे संस्कार केन्द्र के बच्चोंए यूथ क्लब के भैया व सेवाभावीए स्वयं सहायता समूह की बहनोंए किसानो के प्रत्येक परिवार को 2.2 पौधे को गोद देकर उसको सुरक्षित करने के उददेश्य से कम कर रहा है आज 500 पौधे वितरण किये गए। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए सतत सम्पर्क कर उन्हें अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराने का प्रयास कर रहा है। इससे हमारा पर्यावरण शुद्ध हो सके और समस्त समाज को साफ ऑक्सीजन मिल सके व देश को आत्म निर्भर बनाया जा सके। इस अभियान में सूर्या फाउंडेशन के कार्यकर्ता सियारामए राजू कुमारए लवकुशए अरुनए पवन कुमारए प्रदीपए विनोदए विजयए सियाराम व दिवाकर आदि के माध्यम से इस अभियान को चलाया जा रहा है।

# प्रमुखों ने ब्लाकों की जिम्मेदारी संभाली

● पद गोपनीयता की शपथ ली

संवाददाता। मौदहा,हमीरपुर



**नगर के** खंड विकास कार्यालय परिसर में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर खंड विकास परिसर पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। खंड विकास मौदहा की नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख सावित्री देवी पत्नी लाला राम निषाद को उप जिलाधिकारी राजेश चौरसिया ने विकासखंड विकास परिसर में सम्पन्न हुये कार्यक्रम में गोपनीयता की शपथ दिलायी। उसके बाद नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख ने समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलायी। इस मौके पर सदर विधायक युवराज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, जिला चुनाव संयोजक जगदीश प्रसाद व्यास, वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिव कुमार पांडेय, हरि शरण सिंहए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लाल राम निषाद, अनिल अग्रवाल, सुरेश भदौरिया, प्रह्लाद सिंह व अजय तिवारी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के चलते खंड विकास कार्यालय परिसर में सुबह से ही भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलाने के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सबसे पहले ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल को अतिरिक्त एसडीएम रवींद्रकुमार ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई इसके बाद आशीष पालीवाल ने नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद बोर्ड की पहली बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने की। वहीं प्रभारी खंड विकास अधिकारी शिवनरेश ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कोविड के नियम का पालन करते हुए कम लोगो को प्रवेश मिल सका बाहर रह कर इंतजार करते रहे। मेन गेट पर बाहरी पुलिस बल लगा देने से कई भाजपा कार्यकर्ताओं को भी प्रवेश नही मिल सका। कार्यक्रम में गोपालदास पालीवाल, रामदत्त पांडेय, के के तिर्वेदी, सुरेन्द्र पालीवाल, तथा संजय गुप्ता, रामदास सुदर्शन, राजीवलोचनपालीवाल, चौयरमेन कुलदीप निषाद, सुनील पाठक, पंकज सिंह राजावत, रमेश चंद्र शिवहरे, शिवशरण सिंह एडवोकेट, गिरीश पालीवाल,देवेंद्रसिंह, सहित समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। वही संचालन सुनील पाठक ने किया तथा आभार आशीष पालीवाल ने व्यक्त किया।

## क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखों ने लिया संकल्प

**चित्रकूट।** जिले के पांचों ब्लाकों में ब्लाक प्रमुखों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। शपथ ग्रहण के बाद ब्लाक प्रमुखों ने दावा किया कि क्षेत्र के एक-एक गांव का चहुंमुखी विकास किया जायेगा। मंगलवार को पहाडी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्र, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी, कर्वी ब्लाक प्रमुख गोमती देवी पटेल व रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र को अतिथियों ने शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, विधायक आनन्द शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव समेत क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुखों ने शपथ ग्रहण के बाद कहा कि क्षेत्र के एक-एक गांव का चहुंमुखी विकास किया जायेगा। ये जीत उनकी नहीं क्षेत्र की जनता की जीत है। क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाना उनका दायित्व है। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव दूरकर क्षेत्र को सुविधा सम्पन्न से लैस किया जायेगा।




## नदीगांव में अर्जुन सिंह ने ब्लॉक प्रमुख पद की ली शपथ

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव की गल्ला मंडी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चंदन सिंह पाल, जेडीसी बैंक के अध्यक्ष उदय पिंडारी, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रीति बंसल, चेयरमैन नगर पंचायत भानुप्रकाश वर्मा, बृजभूषण कुशवाहा, बलराम तिवारी, अबध बब्बा, विनोद अग्निहोत्री आदि के आतिथ्य में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में इलाकाई लोगों की मौजूदगी में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह परिहार को अपरान्ह 2 बजे एसडीएम अंकुर कौशिक ने शपथ दिलाई। प्रमुख अर्जुन सिंह व बीडीओ नदीगांव गौरवकुमार ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई। संचालन माता प्रसाद जारोलिया ने किया। ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह ने कहा कि वह अपने क्षेत्र का विकास पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करने का प्रयास करेंगे। कृपाल सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक अनुरुद्ध सिंह परिहार ने एसडीएम अंकुर कौशिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अभिमन्यु सिंह डिंपल ने आभार जताया।

## क्विक न्यूज

### टिकरौली में स्टेडियम निर्माण सामग्री जांच के लिये डीएम ने एचबीटीआई कानपुर भिजवाई

**हमीरपुर।** सुमेरपुर ब्लाक के टिकरौली गांव में धांधली के चलते पांच करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे ग्रामीण स्टेडियम की निर्माण सामग्री जांच के लिये जिलाधिकारी के आदेश से एचबीटीआई कानपुर भेजी गयी है। जिससे विभाग में हड़कंप मचा है। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल-13 के अवर अभिंयता मनोज मौर्या ने बताया कि जिले में टिकरौली राठ कस्बे में दो स्थानों पर ग्रामीम स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है हरेक स्टेडियम के लिये चार करोड़ 95 लाख रुपये की धनराशि का आवंटन शासन से किया गया है। हालांकि यह स्टेडियम दो सालों से निर्माण हो रहा है, अवर अभियंता का कहना है कि टिकरौली व राठ स्टेडियम में पचास फीसदी काम हो गया है, गाव वालों की शिकायत थी कि स्टेडियम में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे स्टेडियम कभी भी ध्वस्त हो सकता है इसलिये जिलाधिकारी के आदेश से निर्माण सामग्री का नमूना एचबीटीआई कानपुर जांच के लिये भेजा गया है हालाकि वहा से अभी जांच रिपोर्ट नहीं आयी है दो या तीन दिन में जांच रिपोर्ट आ जायेगी, उधर टिकरौली गांव के ग्रामीणों का कहना है कि जो ईटे लगायी गयी है। वह भी घटिया किस्म की है, इसके लिये गांव वालो ने कई मर्तवा शिकायत की थी मगर सीडीओ के के बैश्य ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। इसके बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जानकारी दी।

### दो माह में मंडल स्तर पर पहले पायदान पर होगा जालौन : जिला पंचायत राज अधिकारी



**उरई (जालौन)।** जिला पंचायत राज अधिकारी का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुये डा. अवधेश सिंह ने कहा कि दो माह में मंडलीय समीक्षा में जनपद पहले पायदान होगा। साथ ही ग्रामीणांचल के जीर्णशीर्ण पंचायत भवनों को जल्द ही कायाकल्प कराया जायेगा तो अधूरे सामुदायिक शौचालयों का निर्माण भी जल्द पूरा कराया जायेगा। इतना ही नहीं ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवालय आने वाले समय में जनसेवा केंद्र के रूप में कार्य करेंगे वहीं गांवों में तैनात सफाई कर्मी भी पंचायत भवनों में निवास करेंगे ताकि गांवों की सफाई में कोई व्यवधान न आये। वर्ष 2000 से 2012 तक जनपद में एडीओ पंचायत के पद विभिन्न ब्लाकों में तैनात रहे डा. अवधेश सिंह के लिए जनपद की भौगोलिक स्थिति जानने की कोई समस्या नहीं है। अभी तक वह ललितपुर जिले में डीपीआरओ के पद पर कार्यरत थे। पिछले दिनों शासन द्वारा उन्हें जनपद जालौन के लिये स्थानांतरित किया गया था।

### वैक्सीन लगवाने वालों के साथ की गई धक्का-मुक्की

**मौदहा, हमीरपुर।** सीएचसी अधीक्षक डॉ अनिल सचान के स्थानांतरण होने के बाद सीएचसी में वैक्सीनेशन करवाने गए लोगों को वैक्सीनेशन टीम ने धक्का-मुक्की कर पुलिस को बुलाया, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। तबादला सूची में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अनिल सचान का भी नाम आया था जिसके चलते इस स्थानांतरण सूची के आदेश का पालन करते हुए नगर के सीएचसी अधीक्षक डॉ अनिल सचान अपने रिलीव होने का इंतजार करने लग गए और इधर उनके रिलीव होने के इंतजार करने लगे। परंतु अब उनके स्थानांतरण आदेश आने के बाद वहां आराजक तत्वों का बोलबाला और धामा चौकड़ी शुरू हो गई। वैक्सीनेशन करवाने गए अरतरा निवासी चंचल तिवारी व राम लखन, जगदीश कुशवाहा के साथ अस्पताल कर्मचारी राजेश सोनी व वैक्सीनेशन टीम ने धक्का-मुक्की कर देख लेने की बात कहते हुए पुलिस प्रशासन को मौके पर बुला लिया।

### यूनियन अध्यक्ष ने कोतवाली प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के आटो व ट्रक यूनियन अध्यक्ष आसिफकुरैशी ने नगर व देहात क्षेत्र की आटो की सीमा तय करने के लिए कोतवाली प्रभारी मौदहा को एक ज्ञापन सौंपा हैं। जिससे नगर व देहात क्षेत्र के आटो मालिकों के बीच झगड़ा फसाद न हो। नगर के उद्योग व्यापार मंडल के आपे व ट्रक यूनियन अध्यक्ष आसिफकुरैशी के साथ तमाम आपे चालकों ने कोतवाली पुलिस को एक ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि नगर में लगभग 300 आपे संचालित हैं जिससे आपे चालक नगर में प्रवेश करने वाले सवारियों को उनके मुकामी स्थान तक पहुंचाकर अपना जीवन यापन करते हैंए तथा साथ ही देहात क्षेत्र की लगभग 100 आटो भी नगर के अरतरा चौराहाए गुड़ाही बाजारए मली कुआं तथा बड़ा चौराहे पर कई जगहों पर अपना ठहराव स्थान बनाए हुए हैं।

### डीएम ने खाद्य विपणन निरीक्षक से मांगा जवाब

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अध्यक्षता में खाद्य तथा रसद विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा मिड-डे-मील का परिवहन व्यय का भुगतान कर दिए जाने के बावजूद विपणन निरीक्षकों द्वारा उचित दर दुकानदारें को परिवहन धनराशि भुगतान हेतु बिल सम्भागीय लेखाधिकारी को न भेजे जाने के कारण जिला खाद्य विपणन निरीक्षक का स्पष्टीकरण मांगा है। जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव द्वारा बताया गया ऐसे कार्डधारक जो विगत 5 माह से खाद्यान्न नही ले रहे थे उनकी पात्रता का सत्यापन कराकर 1994 राशनकार्ड में सम्मिलित 6531 यूनिटों को निरस्त किया गया है। तथा 4205 पात्र पाए गए नए लाभार्थियों को राशनकार्ड जारी किया गया है जिनमें 14546 यूनिट आच्छादित है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के प्रचार प्रसार हेतु लाभार्थियों को खाद्यान्न बैग उपलब्ध कराया जाना है जिसके वितरण व समीक्षा हेतु अपर जिलाधिकारी को जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी नामित किया गया है। खाद्यान्न बैग का वितरण कराने का दायित्व जिला पूर्ति अधिकारी व जिला सूचना अधिकारी, सूचना विभाग को सौपा गया है।

### कालूपुर पाही में जल्द बनायें महाविद्यालय: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पचास लाख से अधिक निर्माण कार्य से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि राजकीय महाविद्यालय पाही, नन्दी गौशाला, बाल एवं महिला सम्प्रेक्षण गृह, राजकीय हाईस्कूल टिकरा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय मऊ व पहाडी का जल्द निर्माण कराया जाये। मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेऊट सभागार में एजेंडा टू के अन्य विकास कार्यक्रम एवं पचास लाख से अधिक कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रैपुरा, ट्रांजिट हास्टल, भरतकूप का पर्यटन विकास कार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज मानिकपुर, तुलसीदास डिग्री कालेज कर्वी में तीन कक्षाओं का निर्माण कार्य, राजकीय डिग्री कालेज मानिकपुर में दो कक्षों का निर्माण, मऊ के अकिलसराय यमुना नदी में पुल व महिला घाट का निर्माण, बाल्मीकि नदी में पुल, बाणगंगा नदी में पुल, सगरावा-भटरी के मध्य बाल्मीकि नदी में पुल, तरौंहा-गोबरिया के मन्दाकिनी नदी में पुल, करौंहा से फतेहगंज मार्ग पर बाणगंगा नदी में पुल, बरदहा सकरौंहा में पुल आदि का जल्द निर्माण कराया जाये। शासन से निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य पूरे किये जायें। शासन की मंशानुसार गुणवत्ता परक कार्य जल्द से जल्द कराया जाये। समीक्षा बैठक में सीडीओ अमित आसेरी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीएफओ कैलाश प्रकाश, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

### क्रोध के नियंत्रण से नष्ट होते हैं पाप-कर्म : नवलेश

**चित्रकूट।** खोही स्थित जग निवास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवत रत्न आचार्य नवलेश महाराज ने कहा कि बिना भोगे कोई भी कर्म नष्ट नहीं होता। कर्म का फल भगवान के पिता को भी भोगना पड़ता है। कर्म का भोग परमात्मा को भी भोगना पड़ा। पाप कष्ट देते हैं। तपस्या से पाप क्षीण हो जाते हैं। भोजन हो व्रत किया जाए, कंबल हो सर्दी सहन किया जाए, पंखा हो गर्मी सहन किया यही तपस्या है। भागवताचार्य ने कहा कि ज्ञान की अग्नि सबसे पहले कर्म को जला देती है। क्रोध के नियंत्रण से भी पाप कर्म नष्ट होते हैं। शरीर में रोग दो प्रकार के होते हैं। अंतरंग व बहिरंग। किसी भी प्राणी को शुभाशुभ सुख दुख अकारण नहीं होता।

### 12 घंटों तक अवरूद्ध रहेगा मौदहा-कपसा-बांदा मार्ग

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा से गुजरने वाला कपसा, बांदा मार्ग 24 घंटों तक बाधित रहेगा। रेलपथ बांदा इंजीनियर हरिशंकर साहू ने बताया कि 24 जुलाई को रात में 8 बजे से 25 तक को सुबह 8 बजे तक रेलवे फाटक के कार्य हेतु रेलवे फाटक बंद रहेगा। 12 घंटे फाटक बंद होने से इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इस दौरान जरूरी सेवाएं जैसे एंबुलेंस, डायल 112, तथा मरीजों को मौदहा पहुंचने में भारी मुसीबतें बढ़ सकती हैं।

### नाबालिग युवती ने लगायी फांसी, हुई मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे में एक नाबालिग युवती ने सोमवार की देर शाम अज्ञात कारणो के चलते फांसी पर झूल गई, अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । पुलिस के मुताबिक पप्पू की पुत्री स्वाती (17) घर के अंदर कमरे में फांसी पर झूल गई यह देख परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गए, जहां डाक्टरों उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

### रनवीर सिंह ने खनिज अधिकारी का कार्यभार संभाला

**उरई (जालौन)।** बाराबंकी जनपद से स्थानांतरित होकर आये रनवीर सिंह ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। नवागंतुक खनिज अधिकारी मूल रूप से पटना (बिहार) के निवासी है। खनिज अधिकारी के रूप में उनको प्रदेश के महोबा जिला सहित कई जनपदों में कार्य करने का अनुभव भी है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश को खनिज के माध्यम से अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो इसके लिये वह कार्य करेंगे।

### सामान को लेकर दो दुकानदार भिड़े

**जालौन (उरई)।** रविवार की रात में दुकान के सामान को लेकर दो दुकानदारों में झगड़ा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया है। फुटकर सब्जी मंडी पुलिस चौकी के नीचे मिठाई विक्रेता कपिल पुरवार निवासी चौधरयाना व फल विक्रेता वसीम अहमद निवासी कटरा के बीच सामान को लेकर सोमवार की रात को झगड़ा हो गया। सामान को लेकर दोनों दुकानदारों में मारपीट होने लगी। पुलिस चौकी के नीचे हो रही मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया तथा कोतवाली ले आये हैं।

### राहगीरों से गाली गलौज पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** राहगीरों के साथ गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर में एक युवक राहगीरों को के साथ अभद्रता व गाली गलौज कर रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सारंगपुर निवासी वीरसिहं को गिरफ्तार कर लिया है ।

### खेत की चहारदीवारी जेसीबी से कराई ध्वस्त

**चित्रकूट।** तहसील मऊ के बरगढ़ थाने के कोलहाई मजरा के नन्दकुमार आरख ने जिला परियोजना अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि मनरेगा का कार्य जेसीबी मशीनों से करवाया जा रहा है। मजदूरों को काम नहीं दिया जा रहा है। इससे मजदूर खासे परेशान हैं। मंगलवार को बरगढ़ थाने के कोलहाई मजरा के नन्दकुमार आरख ने जिला परियोजना अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि बरगढ से कोलहाई जाने वाले मार्ग में मनरेगा से दो सेक्टर रोड बनाई गई है।

## क्षेत्र पंचायत प्रमुख रामराजा निरंजन ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

संवाददाता। जालौन (उरई)

**ब्लाक प्रमुख** के शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम ने निर्विरोध ब्लाक प्रमुख चुने गए रामराजा निरंजन को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद ब्लाक क्षेत्र के सभी 63 बीडीसी सदस्यों को ब्लाक प्रमुख ने शपथ दिलाई। नगर में एवन स्वर्णा गेस्ट हाउस में ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर उर्फ बनाजी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी उपस्थित रहे।



ब्लाक प्रमुख को शपथ ग्रहण कराती एसडीएम मीनू राणा

समरोह की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई। जिसके बाद एसडीएम मीनू राणा ने निर्विरोध ब्लाक प्रमुख चुने गए रामराजा निरंजन को पद का गोपनीयता की शपथ दिलाई। ब्लाक प्रमुख के शपथ ग्रहण करने के बाद ब्लाक प्रमुख ने ब्लाक क्षेत्र में चुने गए सभी 63 बीडीसी सदस्यों को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने के बाद ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन ने उपस्थितजनों को आश्वस्त किया कि उनके कार्यकाल में वह जालौन ब्लाक को आदर्श ब्लाक के रूप में स्थापित करेंगे। बीडीसी सदस्यों के साथ सामंजस्य के साथ गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर उरई पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा, जालौन पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय राजावत, विनय माहेश्वरी, अरुणकांत द्विवेदी, महेंद्र पाटकार मृदुल, धीरज बाथम, छुन्ना निरंजन बरगुआं, दिलीप दुबे, सुभाष द्विवेदी हरकौती, गौरव गुर्जर, विपुल दीक्षित, वैभव अग्रवाल, कबीर निरंजन भिटारा, राघवेंद्र नगाइच, भोलाराम वर्मा, राजेश शुक्ला, लल्ला तिवारी, आंनद मोहन चतुर्वेदी, डब्बू यादव, यश पटेल, निशा माहेश्वरी, प्रमोद कुमारी आदि मौजूद रहे।

## माधौगढ़, रामपुरा, कुठौंद के ब्लाक प्रमुखों ने ली शपथ



**माधौगढ़ (जालौन)।** मंगलवार को विकास खण्डों के लिये क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें माधौगढ़, रामपुरा, कुठौंद के ब्लाक प्रमुखों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रमों का आयोजन 11 बजे से शुरु हुआ जिसमें माधौगढ़ से चिंतामन दोहरे, रामपुरा से अजीत सिंह सेंगर बेरा, कुठौंद से प्रेमलता द्विवेदी ने शपथ ली। शपथ के दौरान सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्यों का निर्वहन करने की शपथ ली शपथ के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह सेंगर बना, क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन, शिवकुमार सिंह सहित अनेकों पार्टी नेता मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि इस बार के चुनाव में भाजपा की अच्छी जीत हुई है इसमें अहम योगदान क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ताओं का है।

### कोंच में रानी देवी ने ली ब्लॉक प्रमुख की शपथ

**कोंच (जालौन)।** शासन द्वारा घोषित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोंच ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख को एसडीएम अंकुर कौशिक ने पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई। इस दौरान बतौर अतिथि मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रमुख का दायित्व है कि जनता के भरोसे पर खरा उतरें और क्षेत्र के विकास में अपनी महती भूमिका निभाएं। कोंच ब्लॉक का शपथ ग्रहण कार्यक्रम पड़री स्थित अभिलाषा पैलेस में पूर्व प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता और जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक पुत्र आशू निरंजन, शरद निरंजन विरगुवा, पुरुषोत्तम सिंह लालू कैथी मानवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## नौकरी के नाम पर अस्सी हजार झटके, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के लखोदा गांव निवासी युवक ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये झटक लिये है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के लखोदा गांव निवासी विकास पुत्र रसपाल ने पुलिस को बताया कि जनपद फतेहपुर के चांदपुर थाना क्षेत्र के बड़ी सराहन गांवनिवासी सतेंद्र पुत्र सुरेश ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 26 दिसम्बर 2019 को 80 हजार रुपये ले लिए थे। जिनमें 15 हजार रुपये अपने बैंक खाते में लिए थे। 65 हजार रुपये उसका पिता सुरेश एक जनवरी 2020 को गाँव से ले गया था। इसके बाद एक बार उसने इंटरव्यूके नाम पर बुलाया था। जब में वहां गया तो एक कमरे में बिठा दिया तथा कहा कि तुम्हारा कॉल लेटर घर पहुंच जाएगा। लेकिन एक साल तक इंतजार करने पर जब कोई सूचना नही आई तो हमने वापस रुपये मांगे तो उसने वापस नही किया। इसकी शिकायत थाना पुलिस से की थी लेकिन कोई कार्यवाही न होने से न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई ।

## व्यापारियों की समस्याओं को एएसपी ने सुना



संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय ने व्यापारियों के साथ बैठक कर परिचय लेकर समस्यायें सुनीं। कहा कि बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करना है। किसी प्रकार की समस्या होने पर डायल 112 में कॉल करें।

मंगलवार को एएसपी शैलेन्द्र राय को व्यापारियों ने राय दी कि बरमपुर के पहले पुलिस सहायता केन्द्र बनाकर लाइसेंसी शराब दुकानों के पास भीड़ लगाकर लोगों के शराब पीने पर नियंत्रण किया जाये। समाजसेवी रामबाबू गुप्ता के ये मुद्दा उठाने पर एएसपी ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। पेट्रोल पम्प के पास रात में डायल 112 की गाडी खडी रहे तो लोगों व पम्प मालिकों की सुरक्षा हो सकती है। ईंटा मंडी व बालू-सीमेन्ट की दुकान की सामग्री व्यापारियों के घर-दुकान के सामने पड़ी रहने से रात में चोरी की आशंका बनी रहती है। रात्रि गश्त कराई जाये। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने सर्राफा बाजार में स्थायी पुलिस पिकेट की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। इंटवा डुडैला में डायल 112 का प्वाइंट बनाया जाये। इस बाबत एएसपी ने मारकुण्डी थानाध्यक्ष को निर्देश दिये।

### लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** सोमवार की रात को बस स्टैंड पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दुकानदार ने पुलिस को लूट की सूचना दे दी। लूट की सूचना पर पुलिस ने सतर्कता दिखाई तथा चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बस स्टैंड पर दुकानदार रोहित पाटकार निवासी बालमभट्ट का भवानीराम निवासी शाहरूख, सलमान व समीर खां के पैसों के लेनदेन को झगड़ा हो गया। पैसों के लेनदेन को लेकर बस स्टैंड पर मारपीट हो गयी। तीनों भाईयों ने मिलकर रोहित के साथ मारपीट कर दी तथा भाग गये। रोहित ने मारपीट के मामले की सूचना पुलिस को देते हुए बता दिया कि उनके साथ तीन लोगों ने लूट कर ली है। लूट की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गयी। घटना पर पहुंची ने लोगों से पूछताछ लूट के तीनों आरोपितों को पकड़ लिया है।

## गेहूं बिक्री भुगतान पाने को किसान ने भेजी नोटिस



**चित्रकूट।** किसानों की आय दुगनी करने का जोर-जोर से दावा किया जा रहा है जबकि किसानों के गेहूं विक्रय की धनराशि पाने को एक किसान ने दर-दर की ठोकरें खाने के बाद अदालत की शरण में जाने का निर्णय लिया है। ये मामला है मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के रुद्र प्रसाद मिश्र पुत्र बाबूलाल का। उन्होंने अपने वकील अजय सिंह व ओमप्रकाश के जरिये जिलाधिकारी, केन्द्र प्रभारी विपणन शाखा बसिला, जिला विपणन अधिकारी, ग्राहक सेवा केन्द्र भौंरी संचालक सोमेश त्रिपाठी व सूबे के खाद्य एवं रसद विभाग के सचिव को भेजे नोटिस में कहा है कि तीन जून को केन्द्र प्रभारी विपणन शाखा बसिला में 34.50 कुंतल गेहूं बेंचा था। खाता संख्या व बैंक पासबुक की छायाप्रति केन्द्र प्रभारी को देने के बाद ग्राहक सेवा केंद्र भौंरी में किसान पंजीकरण कराने के बाद 15 जून को पुन: आवेदन के साथ बैंक पासबुक खाता संख्या दिया।

## ज्यादा पॉजिटिव वाले प्रदेशों से आने वालों से लें निगेटिव रिपोर्ट: डीएम



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी शुभ्रांत** कुमार शुक्ल ने पुलिस अधीक्षक व मुख्य चिकित्साधिकारी को कोरोना महामारी की रोकथाम करने बाबत कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि उच्च कोविड धनात्मक वाले प्रदेशों से आने वालों की ऋणात्मक रिपोर्ट लिए बिना प्रदेश में प्रवेश न दिया जाये। मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि उच्च कोविड धनात्मक वाले प्रदेश मणिपुर, मिजोरम, केरल, मेघालय, नागालैण्ड, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, गोवा, उडीसा व आंध्र प्रदेश से 24 से 31 जुलाई के बीच उत्तर प्रदेश में आने वाले यात्रियों से इन तिथियों के मध्य प्रदेश में आगमन को बीस से 23 जुलाई के बीच कोविड जांच को दिये आरटीपीसीआर सैम्पल की ऋणात्मक रिपोर्ट ली जाये। उन्होंने कहा कि कोविड के पूर्व टीकाकरण वैक्सीन की दोनों डोज लगने का प्रमाण पत्र भी लिया जाये। इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाये।

### डीएम ने दी ईदुल अजहा की नमाज पढ़ने की इजाजत

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से जमीयत उलमा कर्वी के कारकुनान मौलाना इरफान खान व हाफिज गुफरान खान तथा फैजान खान ने भेंटकर ईदुल अजहा की नमाज पढ़ने की इजाजत मांगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मस्जिदों में पचास लोगों के साथ मास्क लगाकर नमाज पढ़ सकते हैं। मंगलवार को ईदुल अजहा की नमाज पढ़ने की इजाजत मांगने जिलाधिकारी के पास जमीयत उलमा के पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि जिले की तमाम मस्जिदों में ईदुल अजहा के मौके पर पचास लोगों के साथ नमाज पढ़ने की इजाजत दी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ईदगाह में नमाज अदा करने की कोई अनुमति नहीं है।

## चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के लिये नियुक्त किये गये सेक्टर मजिस्ट्रेट

संवाददाता। हमीरपुर

**जिलाधिकारी** ने बकरीद के अवसर पर चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनाने के लिये हरेक थाना क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिया है सभी लोग क्षेत्र में भ्रमण कर बकरीद पर्व पर व्यवस्था देखेगे।

जानकारी के मुताबिक कल बकरीद पर्व पर प्रशासन ने सभी व्यवस्थाएं कर ली है जिसमे जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह को सदर कोतवाली, बीएसए सतीश कुमार को कुरारा, नायव तहसीलदार हमीरपुर प्रनित सचान को सुमेरपुर, जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव को ललपुरा, राममनोहर सोनी एडीओ को मौदहा,नीरज कुमार प्रोवेशन अधिकारी को मुस्कारा, सुधीर शर्मा एडीओ को सिसोलर क्षेत्र, एआरटीओ भगवान प्रसाद को विवार, विवेक सचान पशुचिकित्साधिकारी को राठ, वाणिज्यकर विभाग की डीसी जयसेन को मझगवा, कृषि अधिकारी सरस तिवारी को जलालपुर,वाल विकास परियोजना अधिकारी योगेंद्र को जरिया,खंड शिक्षा अधिकारी मनोज को जरिया की जिम्मेदारी दी गयी है।

### मिलजुल कर मनायें बकरीद का पर्व

**हमीरपुर।** अधिवक्ता संघ के सदस्य शादाब हसन एडवोकेट ने कहा है कि बकरीद पर्व भाईचारा का पर्व है इस पर्व को सभी लोग मिलजुल कर मनाये कोविड के नियमो का पालन करे,बुन्देलखंड में सभी लोग हिंदू व मुस्लिम पर्व मिलजुल कर मनाते है उन्होने अधिवक्ताओं, व्यापारियो किसानो आम नागरिको को बकरीद पर्व पर बधाई दी है।

# विकास के वादों के साथ नव निर्वाचित प्रमुखों ने ली शपथ

संवाददाता। अमेठी

**जिले में** ब्लॉक मुख्यालयों पर ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गये गौरीगंज ब्लाक परिसर में मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ जिसमें विकास खण्ड के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ प्रमुख रुमा सिंह ने अधिकारियों और सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने की शपथ ली। प्रमुख रुमा सिंह ने कहा कि वह अधिकारियों और समाजसेवी नेताओं के सहयोग से क्षेत्र के प्रत्येक गांव का सम्पूर्ण विकास करवाने का काम सदस्यों के साथ मिलकर करेंगी। इस दौरान शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह व एसडीएम संजीव कुमार बीडीओ शशि कुमार तिवारी ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख को शपथ दिलाई। इस मौके पर ए् डी पंचायत ओम प्रकाश दुबे प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंहए बब्बन सिंह पवन सिंह कमला शंकर दुबे राम मूर्ति परिहार राकेश मटियारी सहित विकास खंड के सभी अधिकारी और काफी संख्या में प्रधान मौजूद रहे । जामों विकास खंड के


प्रमुख पद की शपथ दिलाते हुए एसडीएम

सभागार कक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें निर्विरोध चुनी गई क्षेत्र पंचायत प्रमुख पूनम कुमारी को उप जिला अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने सार्वजानिक रूप से सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सामने पद व गोपनियता की शपथ दिलाई तत्पश्चात क्षेत्र प्रमुख की हैसियत से सभी 82 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई । उपरोक्त शपथ ग्रहण समारोह मे विधायक राकेश प्रताप सिंह विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व प्रमुख अनिल सिंह पूर्व प्रमुख नफ़ीस चौधरी प्रधान गुड्डू मिश्रा प्रधान अमर बहादुर सिंह प्रधान रामेन्द्र सिंह आर पी सिंह दुलापुर सहित सैकडो लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का सञ्चालन खंड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता ने किया प् तिलोई और सिंहपुर में भी मंगलवार को नवनिर्वाचित प्रमुखों ने भव्य कार्यक्रमों में सपथ ली ।उपजिला धिकारी तिलोई योगेन्द्र सिंह ने पहले तिलोई की नवनिर्वाचित प्रमुख अर्चना सिंह को ब्लाक परिसर में अच्छी भीड़ भाड़ बीच प्रमुख पद की शपथ दिलाई ।बाद में प्रमुख अर्चना सिंह ने तिलोई क्षेत्र पंचायत के 77 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई ।तिलोई के बाद सिंहपुर ब्लाक परिसर में पहुंचकर उपजिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने अति युवा और निर्विरोध निर्वाचित ब्लाक प्रमुख अंकित कुमार को प्रमुख पद की शपथ दिलाई ।तत्पश्चात ब्लाक प्रमुख अंकित ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई ।कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि दोनों स्थानों पर क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह रहे ।इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे ।शाहगढ़ विकास खण्ड में क्षेत्र सदस्य सहित ब्लाक प्रमुख पद की पद व गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय की देखरेख में हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के बाद ब्लाक सभागार में सभी 38 सदस्य शामिल हुए । इस मौके पर कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंहए पूर्व विधायक राधेश्याम कन्नौजियाए सदा शिव यादव खण्ड विकास अधिकारी अभिषेक पटेलए उर्मिला सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।मुसाफिरखाना ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दूसरी बार ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित नीतू सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह शामिल रहे । स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित समारोह में लगातार दूसरी बार ब्लॉक प्रमुख के पद पर निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख नीतू सिंह पत्नी दिनेश सिंह पप्पू को बीडीओ डॉ हरिकृष्ण मिश्र ने शपथ दिलाई ।इसके बाद क्षेत्र पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई ।शपथ ग्रहण समारोह में दुर्गा बक्स सिंह प्रधान जीत बहादुर यादव बीडीसी सर्वेश कुमार अजय यादव राज कुमार सिंह जय प्रकाश सिंह नाजिम सहित अन्य बीडीसी व प्रधान मौजूद रहे । इसी तरह संग्रामपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की मौजूदगी में ब्लॉक प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया ।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ ,चार गिरफ्तार


बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक

**अमेठी।** जिले की एसओजी टीम व संग्रामपुर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरी की नौ बाइकों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ के हैं। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी दिनेश सिंह ने बताया कि मंगलवार की भोर लगभग तीन बजे मुखबिर से मिली सूचना पर एसओजी प्रभारी विनोद यादव व संग्रामपुर एसओ प्रेम चन्द्र सिंह ने संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पतऊ का पुरवा के पास चंदिकन मार्ग से चार आरोपियों को चोरी की चार बाइक के साथ गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान प्रतापगढ़ जनपद के सांगीपुर थाना क्षेत्र के हर्षपुर कुटवा निवासी राजेन्द्र यादव व राकेश सरोजए चरिया निवासी तीर्थ वर्मा तथा जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय अनादेव निवासी सनी यादव के रूप में हुई।
गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पास में ही बने अर्द्धनिर्मित मकान से चोरी की पांच अन्य बाइकें बरामद की। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने कुछ बाइकों के नंबर प्लेट बदल दिए थे और कुछ के नंबर प्लेट हटा दिए थे। आरोपियों ने इन बाइकों को प्रतापगढ़ से अलग.अलग स्थानों से चोरी किया था। एसपी ने एसओजी टीम और संग्रामपुर पुलिस को 5.5 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। पुलिस टीम में एसआई शिवजन्म यादव हेड कांस्टेबल मकतूल अहमद बलवन्त सिंह ज्ञानेन्द्र सिंह दिनेश यादव जितेन्द्र यादव आदि शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें संबंधित अधिकारी .डीएम

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज जनता दर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जे वसीयत भूमि की पैमाइश शौचालय राशन आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### तालाब पर हुए अवैध निर्माण को हटाया गया

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर ग्राम पंचायत मे सरहंगों के द्वारा तालाब की भूमि पर कब्जा कर लिया गया था,जिसे लेखपाल प्रियम पाण्डेय ने थाना पुलिस की मदद से जेसीबी द्वारा हटवा दिया है ।जानकारी के अनुसार पूरे तुला निवासी राजकुमार पुत्र भारत ने भूमि संख्या 443 तालाब के कुछ अंस पर अवैद्य निर्माण कर लिया था ।छत नही पडी थी ।समय रहते क्षेत्रीय लेखपाल ने तहसीलदार के आदेस पर निर्माण गिरवाकर सरकारी भूमि खाली करा लिया है ।मौके पर कानूनगो रामबहादुर,रवीन्द्र,लेखपाल मनमोहन,अजय सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

### विकासखंड परिसर में ब्लॉक प्रमुख व क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों ने पद व गोपनीयता की ली शपथ

**बछरावां रायबरेली** । शासन की मंशा के अनुरूप संपूर्ण उत्तर प्रदेश में एक साथ आज ब्लाक प्रमुख व बीडीसी सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली उसी क्रम में बछरावां विकासखंड में निर्विरोध निर्वाचित ब्लाक प्रमुख अमन सिंह दउवा ने अपने सहयोगी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ विकासखंड परिसर में पद व गोपनीयता की शपथ ली। वही अपने उत्तरदायित्व को कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वाहन करने के लिए संकल्प भी लिया। युवा ब्लॉक प्रमुख अमन सिंह दउवा के ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित होने के बाद विकासखंड के युवाओं में जोश का संचार हो गया युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति के रूप में विकास खंड को आदर्श विकास खंड बनाने में अपनी एक महती भूमिका का निर्वाहन करेगी। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख अमन सिंह दउवा व सभी सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में बछरावां विधायक राम नरेश रावत भी शामिल होकर सभी को बधाई दी। शपथ समारोह को संबोधित करते हुए माननीय विधायक ने कहा कि केंद्र के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह दऊवा, वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी, शरद सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र चौधरी उर्फ राम जी, ब्रजेश शुक्ला के साथ काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी गण सम्मानित क्षेत्रवासी व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### बकरीद में मद्देनजर 39 मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया

**श्रावस्ती।** आज होने वाले बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है ईदुज्जुहा का त्यौहार चन्द्रदर्शन के अनुसार 21 जुलाई को मनाया जाना सम्भावित है। बकरीद के दिन ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नमाज अदा की जाती है तथा नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलते है एवं जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। उक्त त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु उन्होंने 39 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि उक्त त्यौहार के अवसर पर थाना क्षेत्रों में सम्मुख अंकित ग्रामों में बकरीद के दिन नमाज अदा करने वाले ईदगाहों पर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अधिकारियों की तैनाती मजिस्ट्रेट के रूप में की गयी है जो उक्त तिथियों में सम्बन्धित मस्जिदोंध् ईदगाहों पर उपस्थित रहकर शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

### माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा ने जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट कर मुख्यमंत्री को संबोधित दिया ज्ञापन



**रायबरेली।** माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर चौधरी ने आज नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली ओमकार राणा से शिष्टाचार भेंट की। वहीं वित्तविहीन शिक्षकों की मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री योगी जी को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि कोरोना काल में वित्तविहीन शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दस हजार रुपए प्रतिमाह कोरोना पैकेज दिया जाए तथा कोरोना काल से बंद विद्यालयों को भी खोला जाएं। इस अवसर उमा शंकर चौधरी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के साथ माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अहिबरन सिंह, माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश सचिव इंद्र प्रताप सिंह यादव, प्रबंधक महासभा से मंडल अध्यक्षसालिक राम सक्सेना, जिलाध्यक्ष प्रबंधक महासभा संजय सोनकर, जिला मंत्री प्रबंधक महासभा रमेश चौरसिया सहित दर्जनों सम्मानित शिक्षक गण मौजूद रहे।

# टूटी सड़कें बनी जामों कस्बे की पहचान

● यही हाल भादर सड़क का भी है यह सड़क भी उपरोक्त सभी सड़कों की तरह कीचड़ व पानी का भंडार बनी हुई है

संवाददाता। जामों अमेठी

**कस्बे में इस** समय जितनी भी सड़के हैं सब की सब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं् किसी भी सड़क पर पैदल चलना बहुत ही मुश्किल हो गया है सबसे पहले बात करते हैं बालिका राजकीय इंटर कॉलेज के सामने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाने वाली सड़क की जिसके सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है सड़क पर लगी काली गिट्टी का कोई अता पता तक नहीं है जिसकी वजह से ईंट साफ़साफ़दिख रही है मरीजो व उनके तीमारदारो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसके बाद जामों तिराहे से वारिसगंज को जाने वाली सड़क थोड़ी सी बरसात होने के बाद नाले की शक्ल में तब्दील हो जाती है इस सड़क पर जगह जगह छोटे बड़े गडढे हो गए हैं जामो से वारिसगंज 09 किलोमीटर की दूरी 01 घंटे में तय होती है इसी से इसकी हालत का अंदाज़ा लगाया जा सकता है इसके बाद गौरीगंज तिराहे से नहर पर जाने वाली सड़क की हालत भी बहुत ही दयनीय है सड़क पर लगी इंटरलॉकिंग की हालत किसी फूटी ककडी से कम नहीं है यहाँ भी गडढो से ही आमना सामना होता है यही हाल भादर सड़क का भी है यह सड़क भी उपरोक्त सभी सड़कों की तरह कीचड़ व पानी का भंडार बनी हुई है इन सभी सड़कों की दुर्दशा को देखकर ऐसा लगता है कि जामों कस्बे का कोई जन प्रतिनिधि है ही नहीं या यू कहें कि टूटी फूटी गडढा युक्त सड़के ही जामों की पहचान है तो कोई गलत नहीं होगा ।

### 10 किग्रा अवैध गांजे साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत आज प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक स्कूटी स्कूटी यूपी 36 एल 4265 पर सवार 02 अभियुक्त रामचन्दर पुत्र रामसेवक निवासी पूरे गोसाईं मजरे सुजानपुर थाना गौरीगंज व राजकुमार पुत्र जग्गू निवासी पुरे महतो मजरे सुजानपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गंगागढ़ के पास से समय करीब 07. 10 बजे प्रात गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से एक बोरी में 10 किग्रा0 अवैध गांजा बरामद हुआ । स्कूटी के कागज मांगने पर दिखा न सके । थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# वैशाली सिंह व धर्मेन्द्र यादव ने ली ब्लाक प्रमुख के पद और गोपनीयता की शपथ

**आमजनमानस को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराना ही लक्ष्यः अदिति सिंह**




**रायबरेली।** नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। अमावा ब्लाक में पूर्व विधायक स्व अखिलेश सिंह की पत्नी श्रीमती वैशाली सिंह ने ब्लाक प्रमुख पद की शपथ लेते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य को गति प्रदान करते हुए आम जनमानस को सभी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने का भरकस प्रयास किया जाएगा । सदर विधायक श्रीमती अदिति सिंह ने कहा की पिता जी द्वारा छोड़े गए अधूरे मिशन को पूर्ण करा कर उनकी सोच और दूरदर्शिता को सार्थक करना है एकमात्र उद्देश्य है । इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्षा पूर्णिमा श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश सिंह, भगवती सिंह, प्रमुख व्यवसायी उमेश सिकरिया, प्रधान गण व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहें । उधर राही ब्लाक में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव उर्फ राजू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली । उन्होंने कहा कि ब्लाक क्षेत्र में विकास कार्यो को गति प्रदान करने और क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना ही लक्ष्य है । शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित सदर विधायक श्रीमती अदिति सिंह ने विकास कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु ब्लाक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों से सकारात्मक सहयोग किये जाने की उम्मीद जताई। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती गुलाबकली यादव, बीडीओ जेनिथकांत, प्रधान श्रीमती रामलली पांडे, संदीप यादव, रमाशंकर पांडे, बीडीसी रामप्रकाश यादव सहित अन्य प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# सिवानी सिंह ने ब्लाक प्रमुख लालगंज के पद की ली शपथ



**लालगंज रायबरेली।** लालगंज ब्लाक प्रमुख पद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हो गया है ।एसडीएम विनय मिश्रा ने नव निर्वाचित श्रीमती सिवानी सिंह पत्नी दिव्याम्बर सिंह को पद एवं गोपनीयता व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुये हार्दिक शुभकामना दी ।वहीं नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख ने भी उदारता का परिचय देते हुये रनर प्रत्यासी रही श्रीमती उषा सिंह को बुके भेंटकर सम्मानित किया ।षपथग्रहण के मंच पर पूर्व विधायक राजा अजय,दिव्याम्बर सिंह,पूर्व प्रमुख कृष्णा सिंह,सिवसागर अग्निहोत्री,चक्रपाणि त्रिवेदी,जितेन्द्र सिंह,लारेन्स यादव आदि लोग मौजूद रहे ।षपथ ग्रहण के बाद ब्लाक प्रमुख सिवानी सिंह ने कहा कि वे ब्लाक लालगंज के विकास मे कोई कोर-कसर नही छोडेंगी ।बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों का विकास किया जायेगा।

# ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़ क्षेत्र** के ब्लॉक सभागार में मंगलवार नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह व क्षेत्र के 58 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने से पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में माथा टेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों को विधायक निधि से एक - एक सोलर लाइट देने की घोषणा की। शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने के बाद ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उन्हें ब्लाक प्रमुख बनाया है। उस विश्वास को हमेशा कायम रखने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के समूचे क्षेत्र में विकास कार्य कराने का काम किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को काम मिले। सभी की समस्याओं का निदान हो जिसके लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों के घर जाने के साथ ही प्रत्येक सोमवार को पूरा दिन अपने कार्यालय में रहकर सभी से मिलने एवं समस्याएं सुनने का काम किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व एमएलसी एवं कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह के पूज्य पिता राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, एडीओ पंचायत जितेंद्र बहादुर सिंह, एडीओ सी अभिषेक सिंह, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीबी सिंह, प्रधान संघ संरक्षक राजकुमार सिंह,शशी भदौरिया, रमेश सिंह, दिनेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### पक्ष विपक्ष की जुबानी जंग शब्दों की मर्यादा तार-तार

**रायबरेली ।** पंचायत चुनाव के दौरान की घटनाओं की आक्रामकता पक्ष व विपक्ष के नेताओं की जुबानी जंग के रूप में बाहर आ रही है जिले के शीर्ष नेताओं की पृष्ठभूमि पर पक्ष व विपक्ष के माननीय गणों द्वारा शब्दों की मर्यादा व अनुशासन की सभी सीमाओं को लांघकर आरोप प्रत्यारोप की झड़ी लगा दीण् घटनाए क्रमशः गौरा ब्लॉक के शपथ समारोह का हिस्सा बने दिनेश प्रताप सिंह ने ऊंचाहार समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पांडे पर तंज कसते हुए कहा कि तम्बाकू रगड़ कर खाने वालों से मेरी बराबरी नही की जा सकती इस बयान का वीडियो वायरल होते ही रोहनिया ब्लॉक के शपथ समारोह में संबोधन कर रहे सपा विधायक मनोज पांडे ने कहा कि कुछ लोग है जो मोदी फैक्ट्री में मोटर चुराने व सुपर मार्केट के साइकिल स्टैंड से साइकिल चुराने करते थे ये मैं नही रायबरेली के थानों में दर्ज मुकदमे कह रहे है जिनको मैने जिन पर दया करते हुए पम्प आपरेटर भी बनाया था वो लोग रायबरेली की बाइस लाख जनता को चुनौती दे रहे है ऐसा कभी नही होने दिया जाएगाण्सपा विधायक ने आगे कहा कि रायबरेली की जनता ने 2019 चुनाव पर आपको औकात बताई और 2022 में भी बताएगी।

# गौशाला बनी कब्रगाह भूख से दम तोड़ रहीं गायें

संवाददाता। श्रावस्ती-सोनवा

**प्रदेश में** बीजेपी की सरकार बनते ही गौवंशो के लिए आश्रय के लिए गौशाला को प्राथमिकता के आधार पर ड्रीम प्रोजेक्ट बनाकर योजना संचालित की गई लेकिन बाद में यह गोशालाएं अफसरों की उदाशीनता के चलते सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा था कि गौशालाओ में गायों और अन्य जानवरों के लिए सभी चिकित्सा उपकरणों, ऑक्सीमीटर, थर्मल स्कैनर आदि की हर वक्त उपलब्धता सुनिश्चित हो, जिसे वे स्वस्थ रहें। लेकिन जनपद श्रावस्ती के एक गौशाला में में पल रहे पशुओं को न तो खाने के लिए हरा चारा है न ही सही से भूसाए जिम्मेदारों की अनदेखी से गौवंशो की भूख.प्यास से तड़प.तड़प कर मौत हो रही। है।

ऐसी ही एक गोशाला है विकास खण्ड गिलौला के ग्राम पंचायत गुजरवारा के पिपरी गोशाला की। गोशाला में रखे रजिस्टर में 13 मई 2021 को 93 पशु जीवित उपलब्ध दर्शाए गए हैंए 02 जुलाई को 75 पशु जबकी 04 जुलाई को 70 पशु ।चिकित्साधिकारी डॉक्टर इमरान खान की अन्तिम आडिट 06 जुलाई को 55 पशु उपलब्ध होने के आंकड़े दर्ज हैं। जबकि सोमवार को जब हमारे द्वारा गोशाला कर्मी कनौजी वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय 45 गायें ही गौशाला पर उपलब्ध हैं। जबकी गोशाला कर्मी लक्ष्मन प्रसाद बताते है कुछ दिन पहले 65 मरे हुए गायों के टैग पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर इमरान खान लेकर चले गए हैं अभी 8 गायें और मरी हैं जिनके टैग गोशाला में उपलब्ध हैं। यँहा इन गायो को खाने के लिए न तो भूसा है न ही चूनी.चोकरए चिकित्सा के नाम पर 13 दिन हो गए कोई देखने तक नहीं गया है। यहां मौजूद गौवंश भूख से तड़प.तड़प कर दम तोड़ने को मजबूर है। गोशाला में कुछ दवाएं और वैक्सीन मौजूद हैं जिनके लेवल तक फटे हैं पता नहीं एक्सपायरी हैं या सही हैं। गांव के प्रधान प्रतिनिधि सुशील कुमार बताते हैं हम अभी नये हैं कुछ जान नहीं पाते हैं धीरे.धीरे सब सही हो जायेगाए ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा बताते हैं हमें 3 दिन हुआ है आज ही हम भूसे की व्यवस्था करवाते हैं। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर इमरान खान से मरे हुए जानवरों के आंकड़े मांगने पर उन्होंने कहा ये मेरा काम नहीं है मेरा काम पशुओं का इलाज करना है। ग्रामीण बदलू राम बताते हैं कि जो भी गायें मर जाती हैं उसे पास में ही सरयू नहर की मुख्य शाखा में फेंक दिया जाता है जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

### अदद नाजायज तमंचे व कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला . पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष गिलौला अखिलेश पाण्डेय द्वारा दमावा बैरियर के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी इस दौरान एक मारुति 800 कार को रुकने का इशारा किया गया जिसपर कार सवार दो व्यक्ति कार भगाने की कोशिश करने लगे जिन्हें पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रियाज अहमद पुत्र नफीस अहमद सा0 सत्तीकुंआ निकट पंचायती मस्जिद थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच व मो0आरिफ पुत्र रईश सा0 सत्तीकुंआ निकट पंचायती मस्जिद थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के रूप में हुई। जामा तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्त गणों के पास से क्रमशः 01.01 अदद नाजायज तमंचा व 01.01 अदद नाजायज जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना गिलौला पर क्रमशः मु0अ0स0. 91 92 2021 धारा 3 25 आर्म्स एक्ट मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# टोक्यो ओलम्पिक में भाग ले रहे भारतीय दल का एमसीएफ परिवार कर रहा उत्साहवर्द्धन




**रायबरेली।** टोक्यो ओलम्पिक .2020 में भाग ले रहे भारतीय खिलाडियों के दल को प्रोत्साहित करने के लिए एमसीएफकारखाना में वृहद्स्तर पर कैम्पेन सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान पदमश्री एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल को पहचान दिलाने वाली सुश्री सुधा सिंह ने भी महाप्रबंधक वी एम श्रीवास्तव के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया एवं शुभकामनाएं दी। भारतीय खेल प्राधिकरण तथा भारतीय ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा टोक्यों ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किये गये कैम्पेन के तहत एमसीएफमें विभिन्न स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट लगाये गये है। जिसके माध्यम से खिलाड़ियोए अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा लगातार सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से भारतीय दल का उत्साहवर्द्धन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एमसीएफके मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी वीके दूबे, जन सम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव सहित एमसीएफस्पोर्टस एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने चीयर फॉर इंडियाश् के माध्यम से भारतीय दल के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# नवनिर्वाचित नौ ब्लाक प्रमुखों को दिलाई गई शपथ

**● खलीलाबाद एवं सेमरियावा में सदर विधायक जय चौबे, धनघटा क्षेत्र में राज्यमंत्री श्रीराम चौहान एवं मेंहदावल क्षेत्र में विधायक राकेश सिंह बघेल शपथ ग्रहण समारोह में रहे उपस्थित**

संवाददाता। संतकबीरनगर/सेमरियावा

**शासन** के आदेश के क्रम में जिला प्रशासन ने कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन कराते हुए जनपद में निर्वाचित 9 ब्लाक प्रमुखो को पद का शपथ दिलाया गया। ब्लाक प्रमुखो के शपथ ग्रहण समारोह पर सभी ब्लाको में भव्य आयोजन रहा। क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने भी पद का शपथ लिया। सभी नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखो ने शपथ ग्रहण के बाद जनता तथा अपने क्षेत्र में चौमुखी विकास किये जाने के लिए कहा है। शपथ ग्रहण के बाद 9 ब्लाको पर प्रथम बैठक भी सम्पन्न हुई। खलीलाबाद ब्लाक सभागार में नवनिर्वाचित श्रीमती प्रमिला देवी ने ब्लाक प्रमुख पद का शपथ लिया। इस दौरान खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे उपस्थित रहे। सेमरियावा ब्लाक में पूर्व ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद की माँ मजहारून्निशा, बघौली के ब्लाक सभागार में श्रीमती सरिता सैंथवार ने शपथ ली। सांथा ब्लाक के सभागार में अरविन्द जायसवाल ने शपथ लिया। मेंहदावल ब्लाक के सभागार में श्रीमती पुष्पा तिवारी ने शपथ ली। बेलहर ब्लाक के सभागार में भूपेन्द्र सिह ने शपथ लिया। नाथनगर ब्लाक के सभागार में रामवृक्ष यादव ने शपथ लिया। हैंसर ब्लाक के सभागार में जइंत्रा ने शपथ ली तथा पौली ब्लाक के सभागार में राममिलन यादव ने शपथ लिया। सेमरियावा प्रतिनिधि के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में सपा जिलाध्यक्ष गौहर अली खां, सपा नेता जयराम पाण्डेय, मो.अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) शशिभूषण पाण्डेय, अली अख्तर उपस्थित रहे। प्रथम बैठक में 5 करोड़ का बजट पारित हुआ।



मंचासीन नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख प्रमिला देवी एवं सदर विधायक पायनियर

## बीज लेने के बाद भी नहीं किया पूरा भुगतान, दर्ज हुआ मुकदमा

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार स्थित खाद सेंटर से 10 लाख रूपए से अधिक मूल्य का बीज लेने के बाद पूरा भुगतान न करने के मामले में अम्बेडकनगर के खाद व्यवसायी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पाण्डेय बाजार स्थित बाला जी खाद सेंटर के डायरेक्टर राम मनोहर अग्रवाल का आरोप है कि अम्बेडकरनगर जिले के मालीपुर थाना क्षेत्र के भिस्वा चितौना स्थित यादव खाद भण्डार के प्रोपराइटर झुन्ना यादव ने विभिन्न तिथियों में 10 लाख 5 हजार 232 रूपए का बीज ले लिया। इनमें से आधे से अधिक की धनराषि का भुगतान उनके द्वारा किया गया, लेकिन 4 लाख 45 हजार 805 रूपए का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। शेष बकाया बार- बार मांगे जाने के बाद भी उसके द्वारा दिए जाने में आनाकानी की जा रही है। बकाया भुगतान न मिलने के बाद खाद सेंटर के डायरेक्टर द्वारा पुरानी बस्ती थाने में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध गबन कामुकदमा दर्ज किया है और मामले की विवेचना कर रही है।

# ईओ बीना का सेवाकाल रहा सराहनीयः श्याम सुन्दर

**● चार वर्ष के सेवाकाल में ईओ खलीलाबाद श्रीमती बीना सिंह के कार्यों की हुई विदाई समारोह में प्रशंसा**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शासन** से स्थानान्तरण होने के बाद ईओ खलीलाबाद श्रीमती बीना सिंह की विदाई समारोह का आयोजन मंगलवार को आयोजित हुआ। विदाई समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा एवं नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा सहित सभासदो के अलावा नगर पालिका कर्मियो ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने ई0ओ0 खलीलाबाद श्रीमती बीना सिंह के सेवाकाल को सराहनीय बताते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा किया। उन्होंने कहा कि ई0ओ0 ने हर परिस्थितियो में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के नागरिको के साथ खड़ी रही। कभी भी किसी कार्य को बोझ नही समझा। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा ने भी उनके कार्यो की प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा युवा नेता अश्वनी चौरसिया ने किया। इस अवसर पर सभासदो एवं नगर पालिका खलीलाबाद एवं नगर पंचायत मगहर के वरिष्ठ लिपिको, कर्मचारियों ने उपहार स्वरूप विदाई पर स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव, सभासद टीएन गुप्ता, असलम अंसारी, राजेश वर्मा, विपिन जायसवाल, इन्द्रजीत यादव, अरूणेन्द्र सिंह, विजय यादव, सुनील प्रजापति सहित सभी सभासद के अलावा गोरख यादव, राधेश्याम, उमेश चौधरी, पंकज कुमार, इमरान, रवीन्द्र यादव, रिकू सिंह श्रीनेत सहित नगर पालिका के कर्मी उपस्थित रहे।


विदाई देते अध्यक्ष श्याम सुन्दर एवं अध्यक्षा संगीता वर्मा पायनियर

## चुनाव अभियान 2022 के जिला संयोजक बने वीरेंद्र चौहान

संवाददाता। संतकबीरनगर

**विधान** सभा चुनाव 2022 को लेकर राष्ट्रीय लोकदल ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन का विस्तार करते हुए युवाओं को पार्टी में स्थान दे रहीं हैं। पार्टी के चुनाव संगठन के अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के विकास खण्ड खलीलाबाद के ग्राम बैरमपुर के रहने वाले वीरेंद्र चौहान को जिले का जिला संयोजक नियुक्त किया हैं। नवनियुक्त जिला संयोजक वीरेंद्र चौहान ने कहा कि चुनाव अभियान 2022 समिति (संगठन) के अध्यक्ष पीके सिंह और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद के अनुमोदन से जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। उसका निष्ठापूर्वक काम करूंगा। वीरेंद्र चौहान के जिला संयोजक बनने पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार, प्रदेश सचिव अजय सिंह सैंथवार, प्रदीप चौधरी, विपिन प्रताप सिंह, सर्वजीत पासवान, रमाशंकर पासवान, रामानन्द गौंड, बलिराम चौधरी, तौलूराम चौधरी, रामदयाल, शबलू मगहर, प्रवाज खान, राधेश्याम यादव, रामेश्वर शर्मा, महेश यादव आदि लोग पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी हैं।


रालोद नेता वीरेंद्र चौहान

# सदैव प्रासंगिक रहेगी समाज में स्वस्थ पत्रकारिता की भूमिका

**● भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर प्रेस क्लब में आयोजित हुई संगोष्ठी**

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** के कहर ने समाज का चाल, चिन्तन, चेहरा बदल दिया है। पत्रकारिता भी इससे अछूता नहीं है। इसके बावजूद समाचार पत्रों ने समाज को कठिन समय में साहस दिया। समाज में स्वस्थ पत्रकारिता की भूमिका सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह विचार सदर विधायक दयाराम चौधरी ने भारतीय बस्ती के 43 वें स्थापना दिवस पर प्रेस क्लब में आयोजित 'कोरोना काल में पत्रकारिता' विषयक संगोष्ठी में व्यक्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आइना बनें, उसे जन मानस का भरोसा जीतना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने कहा कि पत्रकारों ने संकट के समय समाज को दिशा दिया। विषय प्रवर्तन करते हुए समाचार पत्र के सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि समाज की गतिविधियां उसका सुख दुःख सदैव पत्रकारिता का विषय रहा है। वह अपने समाज की सच्चाईयों से मुख नहीं मोड़ सकता। पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल ने हरिश्चन्द्र अग्रवाल स्मृति सम्मान से वरिष्ठ साहित्यकार भद्रसेन सिंह 'बंधु', पत्रकार आलोक मणि त्रिपाठी और पुनीत दत्त ओझा को सम्मानित किया। हरिश्चन्द्र अग्रवाल के पुत्र संजय अग्रवाल ने अपने पिता के साथ बिताए क्षणों को साझा किया। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्रनाथ तिवारी ने पीत पत्रकारिता से समाज को बचाने, समाजवादी चिन्तक चन्द्रभूषण मिश्र ने पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डाला। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, पत्रकार जयन्त कुमार मिश्र, मजहर आजाद, डा. सत्यव्रत, सरदार जगवीर सिंह, विनोद उपाध्याय, योगेश शुक्ल, सर्वेष्ट मिश्र, गोपेश्वर त्रिपाठी, कौशल पाण्डेय आदि ने कोरोना काल में पत्रकारिता के विविध पक्षों का गहन विवेचन किया। कवि रहमान अली रहमान ने कोरोना पर केन्द्रित काव्य पाठ किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डा. रामनरेश सिंह मंजुल ने कहा कि शब्द ब्रम्ह है और पत्रकार को शब्द की साधना लोक कल्याण के लिए करना चाहिए। विपत्ति काल में समाज में संयम बना रहे यह युग धर्म है। आभार ज्ञापन सम्पादक दिनेश सिंह एवं संचालन प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम में डा. विजय प्रभाकर त्रिपाठी, दिवाकर मिश्र, अनुराग श्रीवास्तव, आनन्द राजपाल, परसुराम शुक्ल, सूर्य कुमार शुक्ल, सन्तोष पाल, संदीप गोयल, दीन दयाल त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, वैजनाथ मिश्र, डा. राजेन्द्र सिंह, वैभव पाण्डेय, नीतेश शर्मा रवि, राजन पाण्डेय, लालचंद चौधरी, राम कुमार तिवारी, जगदीश शुक्ल, प्रेमशंकर द्विवेदी, अनिल शुक्ल, अंकुर श्रीवास्तव, राघवेन्द मिश्र, ओम जी पाण्डेय, सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी, सन्तोष त्रिपाठी, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू' वीरेन्द्र पाण्डेय, ऐश्वर्य मणि त्रिपाठी, अनिल सिंह, एसपी श्रीवास्तव, अर्जुन उपाध्याय, अमर सोनी, अरशद महमूद, ब्रम्हदेव पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, राकेश तिवारी, दिनेश कुमार पाण्डेय, शशिकान्त पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, अयाज अहमद, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, सुभाष पाण्डेय, वशिष्ठ पाण्डेय, दिलीप चन्द्र पाण्डेय, बलराम चौबे, संजय उपाध्याय टीटू, अनिल पाण्डेय, कुलवेन्द्र सिंह मजहबी, बाल कृष्ण ओझा, दुर्गेश यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, दिनेश मिश्र, मनोज सिंह, अनूप मिश्र, राहुल सांकृत्यायन, वागार्थ, शेषमणि पाण्डेय, रमेश मिश्र, विकास पाठक, राज प्रकाश, अतुल पाण्डेय, सन्तोष शुक्ल, ओम प्रकाश पाण्डेय, वीरेन्द्र शुक्ल, रामचरन चौधरी, वीरेन्द्र गोस्वामी, विजय प्रकाश पाण्डेय, कपीश मिश्र,जान पाण्डेय, जियाउर्रहमान, भानु प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के लोग शामिल रहे।



# सीडीओ के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले दर्जनों कर्मी

**● अनुपस्थितों का वेतन काटने के साथ ही जवाब-तलब**

संवाददाता। गोंडा

**मंगलवार** को सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने विकास भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीडीओ को कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी नदारद मिले। सीडीओ ने निरीक्षण में गैरहाजिर अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिन के वेतन काटते हुए, कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

सीडीओ द्वारा निरीक्षण किए गए कार्यालयों में डीपीआरओ कार्यालय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय, मत्स्य विभाग, लघु सिंचाई विभाग, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय, नेडा, डूडा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, पशु पालन विभाग, उपनिदेशक रेशम कार्यालय, अनुसूचित, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पंचायत एवं नगरीय निकाय विभाग तथा सर्व शिक्षा अभियान के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 09 अधिकारी तथा 49 कर्मचारियों सहित कुल 58 लोग अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने अनुपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने क आदेश के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया है।

सीडीओ श्री त्रिपाठी ने बताया कि गैरजिर मिलने वाले अधिकारियों में सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण, पुनीत कुमार सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण, खण्डीय लेखाधिकारी ग्रामीण अभियन्त्रण, परियोजना अधिकारी नेडा व डूडा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शामिल रहे। इसी प्रकार डीपीआरओ ऑफिस में 09, अर्थ एवं सख्या विभाग में 06, मस्य विभाग में 02, लघु सिंचाई में 05, भूमि संरक्षण विभाग में 01, नेडा में 01, डूडा में 02, पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय में 01, सहकारिता विभाग में 03, पशुपालन विभाग में 06, उपनिदेशक रेशम कार्यालय में 03, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में 02, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में 03, पंचायत एवं नगरीय निकाय विभाग में 04 तथा सर्व शिक्षा अभियान में 02 कर्मचारियों सहित कुल 49 कर्मचारी बिना किसी सूचना के गैरहाजिर मिले। सीडीओ ने अनुपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा है।

## खतरे में है देश व प्रदेश का लोकतंत्रः बृज कुमारी सिंह

**करनैलगंज (गोंडा)।** उत्तर प्रदेश जोड़ो अभियान के तहत आज आम आदमी पार्टी की करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र की बैठक विधानसभा प्रभारी योगेश प्रताप सिंह राजू के संयोजन में करनेलगंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिग्गज पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की सह प्रभारी बृज कुमारी सिंह रही। मुख्य अतिथि ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रदेश की सरकार निरंकुश हो गयी है, कानून का राज खत्म सा है। इस सबको खत्म करने के लिए उत्तर प्रदेश में भी दिल्ली की तर्ज पर अरविन्द केजरीवाल मॉडल उत्तर प्रदेश को भी बनाना होगा। उपस्थित लोगो को सदस्यता दिलाने के साथ ही अनुज पाठक जिला प्रभारी, वकील अहमद जिला सचिव, निधि मिश्रा जिला अध्यक्ष महिला विंग, हरिनाथ सिंह एडोकेट, शेष नारायण मिश्रा आशीष सिंह, आनंद प्रताप सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

## सफाईकर्मियों ने की मतदान की शुचिता और सुरक्षा की मांग

संवाददाता। बस्ती

**पंचायती** राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन के दौरान सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और निर्वाचन की शुचिता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने की डीपीआरओ से मांग किया है। डीपीआरओ को दिए गए पत्र में कहा गया है कि सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए जिले में जोर शोर से चुनाव प्रचार चल रहा है। विभिन्न प्रचार माध्यमों से इस निर्वाचन को शासन स्तर से और निदेषक के निर्देषानुसार कराए जाने का प्रचार किया जा रहा है। उ0 प्र0 पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के लेटर हेड पर डीपीआरओ को निर्वाचन सम्बन्धी आषय का पत्र देते हुए आवष्यक सहयोग का भी अनुरोध किया जा रहा है। जबकि शासन अथवा निदेषक पंचायती राज के स्तर से इस प्रकार का कोई पत्राचार नहीं किया गया है। पत्र में चुनाव में पक्षपात और धांधली की भी आषंका व्यक्त की गई है। आशुतोष कुमार, राजन ठाकुर, राम कृपाल, करन गौड़, मु0 हुसेन, संतोष कुमार, अषोक कुमार, राम कृपाल, षिवकुमार, नीरज कुमार, षिवमंगल पाण्डेय, विनोद कुमार यादव आदि की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि 29 जुलाई को भारत रत्न पं0अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में होने वाले निर्वाचन गतिविधियों में जिले भर के 33 सौ कर्मचारियों के एकत्र होने के कारण कोरोना संक्रमण का भी खतरा है। मतदान के दौरान महिला सफाई कर्मचारियों के साथ अप्रिय घटना होने, वाद विववाद, संघर्ष की भी आषंका व्यक्त की गई है। डीपीआरओ से इन स्थितियों को देखते हुए व्याप्क सुरक्षा प्रबन्ध और निर्वाचन की शुचिता की व्यवस्था के लिए दिषा निर्देष जारी करने की मांग की गई है।

## क्विक न्यूज

### ब्लाक प्रमुख ने ली शपथ

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज की निर्विरोध निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख ने मंगलवार को क्षेत्रीय विधायल कुंवर अजय प्रताप सिंह लल्ला भैया के पुत्रों की अगुवाई में शपथ ग्रहण किया। इस मौके पर बीडीसी सदस्यों का अभिनन्दन भी किया गया। मंगलवार को करनैलगंज ब्लॉक सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख तिलका देवी को सहकारी समिति के सहायक निबन्धक अनिल कुमार अग्रवाल ने शपथ दिलाया। साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी शपथ दिलाया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी हीरालाल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभिषेक प्रताप सिंह, कुँवर वेंकटेश मोहन सिंह, कुँवर शारदेन मोहन प्रताप सिंह, सजंय सिंह, प्रदीप सिंह, गिरजेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### 27 को आयुक्त करेंगे विभागवार समीक्षा

**गोंडा।** आयुक्त, देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने शासन द्वारा प्रदेश में संचालित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अनुश्रवण हेतु विभागवार समीक्षा बैठक करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगामी दिनांक 27 जुलाई को सायं 4.00 बजे से आयुक्त कार्यालय सभा कक्ष में समाज कल्याण, महिला कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, विकलांग कल्याण, माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। आयुक्त द्वारा आगामी 26 जुलाई को पूर्वाहन 11 से भवन निर्माण से संबंधित कार्यदाई विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। आयुक्त ने समस्त सम्बन्धित मण्डलीय अधिकारियों एवं सम्बन्धित कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया है कि वे शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों व निर्माण कार्यो की विभागवार समीक्षा बैठक के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित प्रारूपों पर मण्डल की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट बैठक से 01 दिन पूर्व उनके कार्यालय को ई-मेल/हार्डकापी के माध्यम से उपलब्ध करायें तथा समीक्षा बैठक के दिन अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### व्यापारियों के साथ एसपी ने बैठक कर समस्याओं को जाना, दिया सुझाव

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गयी तथा उनसे उनकी समस्याओं के बारे मे पूछा गया, जिसमे व्यापारियों द्वारा मुख्य रुप से यातायात व्यवस्था व पार्किंग की समस्या के बारे मे अवगत कराया गया जिसके निदान हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया व पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति आश्वश्त किया गया तथा व्यापारियों को अपने-अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कैमरे हमारे 24 घंटे काम करते हैं जिससे गतिविधियों पर निगाह रखी जा सकती है अपराध होने पर पुलिस के भी सहायक होते हैं यह एक ऐसा यंत्र है जो 24 घंटे कार्य करता है । अपराध के दृष्टिगत कैमरे रोड साइट की तरफ लगवाने हेतु सुझाव दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी-112 तथा स्थानीय पुलिस की गाड़ियां महत्वपूर्ण स्थानों/व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस पास 24 घण्टे भ्रमण करती रहती है, किसी भी प्रकार की आशंका होने पर अविलंब पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते कानूनी कार्यवाही की जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया तथा व्यापारी बंधुओं को निरंतर सुरक्षा का एहसास कराने के लिए पुलिस द्वारा उनसे लगातार संपर्क करने के लिए भी बताया गया। इस गोष्ठी मे अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद मनोज कुमार पांडेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अमित कुशवाहा उपस्थित रहे।

## मिड डे मील रसोइया ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**बस्ती।** सीटू से सम्बद्ध मिड-डे-मील रसोइया कर्मचारी यूनियन ने मांगों को लेकर विरोध प्रदर्षन किया। न्याय मार्ग स्थित सीटू कार्यालय से जुलूस निकालकर डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्षन किया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन प्रषासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन में कोविड प्रोटोकॉल के तहत आधी क्षमता से विद्यालय खोले जाने, न्यूनतम वेतन दिए जाने ,पाल्य व नवीनकरण की व्यवस्था समाप्त किए जाने, 12 माह मानदेय नियमित दिए जाने आदि की मांग शामिल है। विरोध प्रदर्षन में यूनियन जिला अध्यक्ष उर्मिला चौधरी, मंत्री ध्रुव चंद, सीटू नेता कामरेड केके तिवारी ,माकपा के शेषमणि ,सिद्धार्थनगर यूनियन संयोजक विजयनाथ तिवारी, नवनीत यादव, विशाल, राम निरख यादव, नीलम, सावित्री, अंजनी, मिथलेश, मनीषा देवी, राज कुमारी, शिव कुमारी, अर्जुन, माधुरी, तारा, सरिता देवी, रीता देवी, रीता सिंह, सरोज, सुरता देवी ,इस्लावती देवी, बबली, लालमती, शीला, शकुंतला, मुनीशा, निर्मला देवी, बचौना देवी, सीतापति, अनिता देवी, पतिराम, चंद्रिका सिंह, शिवपूजन गुप्ता, चंद्रभान, राम जग व अन्य शामिल रहे।

# बिना कार्य कराए आहरित कर लिया एक लाख 89 हजार

**● स्थलीय सत्यापन में खुली पोल, ग्राम विकास अधिकारी एवं पूर्व प्रधान से होगी धन की वसूली**

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खण्ड साऊंघाट के ग्राम पंचायत कुसम्हा की ग्राम विकास अधिकारी कु. नेहा वर्मा को खामियों को छिपाने, शासकीय धन के गबन/ दुरूपयोग और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने का दोषी पाया गया है। उनसे एवं पूर्व प्रधान से संयुक्त रूप से एक लाख 89 हजार 248 रूपए वसूल किए जाने का आदेष डीपीआरओ विनय कुमार सिंह ने दिया है।

ग्राम विकास अधिकारी कु. नेहा वर्मा द्वारा कुसम्हा ग्राम पंचायत में माह दिसम्बर 20 में विकास कार्य, कायाकल्प के अर्न्तगत स्कूल मरम्मत, टायलीकरण आदि के नाम पर धन आहरित कर लिया गया, लेकिन कार्य न कराकर धन का बंदरबांट कर लिया गया। स्थलीय सत्यापन, निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित शौचालय का कायाकल्प होना नहीं मिला। मात्र विद्यालय के बरामदे का टायलीकरण होना पाया गया। खाते में धनराषि उपलब्ध होने के बाद भी विद्यालय पर ग्राम पंचायत स्तर से कराए गए अन्य कार्यो के न कराए जाने के सम्बन्ध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। निरीक्षण के दौरान वित्तीय वर्षो में वित आयोग से कराए गए कार्यो के सम्बन्ध में अभिलेख/ फाइल प्रस्तुत नहीं किया गया। पंचायत भवन बना होने के बावजूद समस्त अभिलेख वहां रखे नहीं पाए गए बल्कि बगल विद्यालय में प्रधानाचार्य द्वारा अभिलेख रखना पाया गया। यहां पंचायत भवन पूर्व से निर्मित मिला जो काफी जीर्ण शीर्ण हालत में पाया गया। दीवाल एवं फर्श की स्थिति काफी खराब मिली। पंचायत भवन का एक कमरा किसी प्राइवेट व्यक्ति को आवंटित कर दुकान चलाने के लिए दे दिया जाना मिला। हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर दो बार में एक लाख 89 हजार 248 रूपए खाते से दिसम्बर माह में ही निकाले गए, लेकिन कार्य नहीं कराया गया। वाल पेंटिंग के नाम पर 12 हजार रूपए भुगतान निकाल लिए गए, लेकिन वाल पेंटिंग कार्य तक नहीं कराया गया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों और शासकीय धन के दुरूपयोग मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी नेहा वर्मा को नोटिस जारी की गई। उनसे साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण तलब किया गया। यहां भी उनके द्वारा अधिकारियों को गुमराह किया गया। एडीओ पंचायत की संस्तुति सहित जो स्पष्टीकरण दिया गया,उसमें प्राथमिक विद्यालय के शौचालय काकायाकल्प कार्य कराया जाना, दीवाल पर टायल्स कार्य पूर्ण होना, फर्श पर टायल्स कार्य कराया जाना बताया गया। डीपीआरओ द्वारा ग्राम विकास अधिकारी द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण , साक्ष्यों का परीषीलन, परीक्षण किया गया। स्पष्टीकरण का श्टीकरण को भ्रामक और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने वाला माना। हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर दो बार में किए गए भुगतान को शासकीय धनराषि का गबन और दुरूपयोग मानते हुए ग्राम विकास अधिकारी नेहा वर्मा एवं पूर्व प्रधान से संयुक्त रूप से वसूल किए जाने का आदेष दिया है।

## अभा उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने एसपी को बतायी समस्या

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की अध्यक्षता में व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें व्यापारी पुलिस संबंधों के विषय में व्यापक चर्चा हुई और इसे मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में पुलिस सुरक्षा प्रकोष्ठ को फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया गया तथा व्यापारी प्रतिनिधियों व पुलिस अधिकारियों के बीच एक व्हाट्सएप समूह बनाकर आपसी समन्वय बनाने की बात पर सहमति बनी साथ है। शहर की विभिन्न समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित समाधान करते हुए जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन, जिला महामंत्री विनीत चड्ढा, जिला कोषाध्यक्ष हरी लाल गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री सूर्यभान सिंह श्रीनेत, खलीलाबाद नगर अध्यक्ष पेशकार अहमद सहित अनेक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारत को 276 रनों का लक्ष्य मिला

**दूसरा एकदिवसीय मैच**

## ● श्रीलंका के असालांका व फर्नांडो ने जड़े अर्धशतक


विकेट लेने के बाद खुशी जताते चहल

**भाषा**। कोलंबो

**चरिथ** असालांका और सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो के अर्धशतक से श्रीलंका ने मंगलवार को यहां भारत के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट पर 275 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। असालांका ने 68 गेंद में छह चौकों की मदद से 65 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जबकि फर्नांडो ने 71 गेंद में 50 रन बनाए। निचले क्रम में चमिका करूणारत्ने (33 गेंद में नाबाद 44, पांच चौके) ने तेजतर्रार पारी खेली जिससे टीम अंतिम 10 ओवर में 79 रन जोड़ने में सफल रही।

करूणारत्ने ने असालांका के साथ सातवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी भी की। भारत की ओर से लेग स्पिनर चहल ने 50 रन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 54 रन पर तीन-तीन विकेट चटकाए। दीपक चाहर ने 53 रन देकर दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

फर्नांडो और मिनोद भानुका (36) ने पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़कर एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मिनोद और फर्नांडो दोनों को चाहर के ओवर में जीवनदान मिला। पारी के दूसरे ओवर में चाहर की गेंद पर स्लिप में मनीष पांडे ने मिनोद का कैच टपकाया जबकि इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भुवनेश्वर बाउंड्री से अंदर आ गए और गेंद उनके ऊपर से छह रन के लिए चली गई।

मिनोद ने इसके बाद भुवनेश्वर और चाहर दोनों पर दो-दो चौके मारे जबकि फर्नांडो ने चहल पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया।

भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और अगले पांच ओवर में कोई बाउंड्री नहीं लगी। टीम को इसका फायदा 14वें ओवर में मिनोद के विकेट के रूप में मिला जो चहल की गेंद पर पांडे को कैच दे बैठे। चहल ने अगली गेंद पर भानुका राजपक्षे (00) को भी विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच कराया। फर्नांडो और अनुभवी धनंजय डिसिल्वा (32) ने इसके बाद 21वें ओवर में स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। फर्नांडो ने 24वें ओवर में कृणाल पंड्या पर चौके के साथ आठ ओवर के बाद पहली बाउंड्री लगाई।

अगले ओवर में फर्नांडो ने भुवनेश्वर की गेंद पर एक रन के साथ 70 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके बाद गेंद को हवा में लहराकर मिड आन पर कृणाल को कैच दे बैठे। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा।

डिसिल्वा भी इसके बाद चाहर की गेंद को हवा में खेलकर मिड आफ पर भारतीय कप्तान शिखर धवन को आसान कैच थमा बैठे।

चहल ने गेंदबाजी में वापसी करते हुए श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका (16) को बोल्ड करके मेजबान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 172 रन किया। चरिथ असालांका ने इस बीच कुछ आकर्षक शॉट खेले।

उन्होंने चहल, कुलदीप यादव और कृणाल की स्पिन तिकड़ी पर चौके जड़े। चाहर ने वानिंदु हसारंगा (08) को बोल्ड करके श्रीलंका को छठा झटका दिया। श्रीलंका के 200 रन 41वें ओवर में पूरे हुए। असालांका ने कुलदीप पर चौके के साथ अपने चौथे मैच में 56 गेंद में पहला अर्धशतक पूरा किया। भुवनेश्वर ने असालांका को स्थानापन्न खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच कराके श्रीलंका को बड़ा झटका दिया। करूणारत्ने ने चाहर और भुवनेश्वर के अंतिम दो ओवर में दो-दो चौके जड़कर टीम का स्कोर 270 रन के पार पहुंचाया।

**स्कोर बोर्ड**

श्रीलंका: अविष्का फर्नांडो का कृणाल बो भुवनेश्वर 50, मिनोद भानुका का पांडे बो चहल 36, भानुका राजपक्षे का इशान बो चहल 00, धनंजय डिसिल्वा का धवन बो चाहर 32, चरिथ असालांका का स्थानापन्न बो भुवनेश्वर 65, दासुन शनाका बो चहल 16, वानिंदु हसारंगा बो चाहर 08, चमिका करूणारत्ने नाबाद 44, दुष्मंता चमीरा का स्थानापन्न बो भुवनेश्वर 02, लक्षण संदाकन रन आउट 00, कासुन रजिता नाबाद 01

अतिरिक्त: 21

कुल: 50 ओवर में नौ विकेट पर: 275 रन

विकेट पतन:1-77, 2-77, 3-124, 4-134, 5-172, 6-194, 7-244, 8-264, 9-266

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 10-0-54-3, चाहर 8-0-53-2, हार्दिक 4-0-20-0, चहल 10-1-50-3, कुलदीप 10-0-55-0, कृणाल 8-0-37-0

## कोहली और रहाणे को आराम, आवेश को लगी चोट

**अभ्यास मैच**

**डरहम**। भारतीय टीम के नियमित कप्तान विराट कोहली और टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे को मामूली चोट के कारण काउंटी एकादश (सिलेक्ट काउंटी इलेवन) के खिलाफ मंगलवार से शुरू हुए प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच से आराम दिया गया। इस मुकाबले में विरोधी टीम की ओर से खेल रहे भारत के रिजर्व तेज गेंदबाज आवेश खान का अंगूठा चोटिल हो गया। उन्हें यह चोट हनुमा विहारी के शॉट को रोकते समय लगी। मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के साथ दोनों अनुभवी बल्लेबाजों को आराम दिए जाने को लेकर बीसीसीआई ने जानकारी दी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, कोहली को सोमवार की देर शाम पीठ में कुछ जकड़न महसूस हुई और उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने तीन दिवसीय प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच से आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि उपकप्तान अजिंक्य रहाणे की बाएं पैर की मांसपेशियों के आसपास हल्की सूजन है। उन्हें इसका इंजेक्शन दिया गया है। वह तीन दिवसीय प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा, बीसीसीआई की मेडिकल टीम हालांकि अजिंक्य रहाणे की निगरानी कर रही है।

## रोहन बोपन्ना मामले को आचरण समिति को भेजेगा एआईटीए

**नई दिल्ली**। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के महासचिव अनिल धूपर के साथ बातचीत को सार्वजनिक करने के रोहन बोपन्ना के मामले को एआईटीए की आचरण और प्रबंध समिति के पास भेजा जाएगा। एआईटीए ने साथ ही टोक्यो ओलंपिक में भारतीय पुरुष युगल टीम के क्वालीफिकेशन को लेकर अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के साथ अपना पूरा संवाद जारी किया। बोपन्ना और सानिया मिर्जा की टिप्पणियों से बनी नकारात्मक धारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करते हुए एआईटीए ने बताया कि किस तरह उन्होंने 28 जून से 16 जुलाई के बीच खेलों में प्रवेश को लेकर बोपन्ना और दिविज शरण का मामला उठाया।



टोक्यो में ओलंपिक छल्ले के सामने फोटो खिंचवाती भारतीय महिला हाकी टीम

# पैदल चाल खिलाड़ी को नहीं मिला एक्रीडिटेशन

## ● चक्का फेंक खिलाड़ी के कोच को भी नहीं मिला एक्रीडिकेशन

**भाषा**। नई दिल्ली

**पैदल** चाल खिलाड़ी गुरप्रीत सिंह और चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर की कोच राखी त्यागी को अभी तक एक्रीडिटेशन (मान्यता) नहीं मिलने के कारण उनके भारतीय दल के साथ टोक्यो ओलंपिक के लिए जाने पर संशय बना हुआ है। पता चला है कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने गुरप्रीत और कमलप्रीत की कोच राखी को मान्यता दिलाने की आखिरी पलों में कोशिश की लेकिन नाकामी हाथ लगी। नियमों के मुताबिक ओलंपिक शुरू होने से कुछ महीने पहले खेल महासंघ से सौंपी जाने वाली विस्तृत सूची में इन दोनों का नाम नहीं था। भारतीय एथलेटिक्स टीम से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि गुरप्रीत और रेखा त्यागी का नाम कुछ महीने पहले सौंपी गई विस्तृत सूची में नहीं था और एएफआई की उन्हें मान्यता दिलाने की आखिरी क्षणों की कोशिश अभी तक सफल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम अब भी कोशिश कर रहे हैं। गुरप्रीत 50 किलोमीटर पैदल चाल में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुरप्रीत ने फरवरी में राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप जीती थी और विश्व रैंकिंग में उनके 60वें स्थान ने उनका ओलंपिक टिकट पक्का किया था। एएफआई ने ओलंपिक के लिए 26 एथलीटों के नाम की घोषणा की है। भारत के 47 सदस्यीय एथलेटिक्स दल में खिलाड़ियों के अलावा 11 कोच, आठ सहयोगी सदस्य, एक टीम डॉक्टर और एक टीम नेतृत्वकर्ता है।


अभ्यास में जुटे पहलवान बजरंग पूनिया

## दतान होंगे एकमात्र भारतीय बैडमिंटन अंपायर

**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय अंपायर फाइन सी दतान टोक्यो ओलंपिक की बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए अंपायरों के 26 सदस्यीय पैनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। तिरुवनंतपुरम के 50 साल के दतान कोविड-19 नियमों से जुड़ी सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार रात जापान के राजधानी के लिए रवाना होंगे। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता पीवी सिंधू सहित चार भारतीय 24 जुलाई से शुरू हो रही बैडमिंटन स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। त्रिवेंद्रम के सरकारी आयुर्वेद कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर दतान ने कहा कि यह मेरा पहला ओलंपिक है और ऐसा मौका जीवन में एक बार मिलता है। बैडमिंटन विश्व महासंघ के अंपायरों के एलीट पैनल के सदस्य दतान को इस साल कोविड-19 महामारी के कारण कुछ टूर्नामेंटों से हटना पड़ा लेकिन उन्होंने कहा कि यह समस्या नहीं है क्योंकि उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग का अनुभव है। दतान का अतीत में शानदार रिकॉर्ड रहा है और वह विश्व चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल और थॉमस एवं उबेर कप जैसी लगभग सभी बड़ी प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग कर चुके हैं।

## दबाव का लुत्फ उठाएं एथलीटः तेंदुलकर

**नई दिल्ली**। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने टोक्यो ओलंपिक के लिए जाने वाली भारत की 26 सदस्यीय ट्रैक एवं फील्ड टीम से अपील की कि वे दबाव का लुत्फ उठाएं और इसे अपने ऊपर हावी नहीं होने दें। तेंदुलकर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के साथ खिलाड़ियों को ऑनलाइन विदाई दी। वर्चुअल कार्यक्रम में तेंदुलकर ने एथलीटों से कहा कि वे ओलंपिक में पदक जीतने के अपने सपने का बिना रुके पीछा करें। तेंदुलकर ने कहा कि काफी लोग कहते हैं कि खेल में हार और जीत होती है लेकिन मेरा संदेश है कि हार आपके विरोधी की हो और आप जीत दर्ज करें।

# चेक गणराज्य की बीच वालीबॉल टीम कोच साइमन नाश कोविड पाजिटिव

**ओलंपिक डायरी**

**टोक्यो**। चेक गणराज्य के बीच वॉलीबॉल कोच साइमन नॉश कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। वह ओलंपिक खेल गांव में वायरस से संक्रमित होने वाले पांचवें व्यक्ति हैं। सोमवार को खेल गांव में चेक गणराज्य के ही पुरुष बीच वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ी ओंद्रेज पेरुसिच भी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। दैनिक अपडेट सूची के अनुसार खेलों से जुड़े कोविड मामलों की कुल संख्या अब 67 तक पहुंच गई है। चेक ओलंपिक समिति ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक की चेक टीम को एक और कोविड-19 पॉजिटिव मामले से निपटना होगा। नियमित एंटीजेन परीक्षण में बीच वॉलीबॉल टीम के कोच साइमन नॉश में वायरस की मौजूदगी का पता चला है।



टोक्यो रवाना होने से पहले बेलग्रेड में पत्रकारों से वार्ता करते सर्बिया के नोवाक जोकोविक

जबकि सात और ठेकेदार भी संक्रमित पाए गए हैं। पांच खिलाड़ी पहले ही पॉजिटिव पाए गए हैं जिनमें से तीन खेलगांव में ही रह रहे थे। खेलों में वालिंटियर आयोजन से पहले, उसके दौरान और बाद में सहायता कार्य से सीधे जुड़े हैं।

2016 तक पांच ओलंपिक खेल चुके है। उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी तैराकी ट्रायल के दौरान एनबीसी के लिए कुछ काम किया था। फेल्प्स के कैरियर पर तीन भागों की विशेष श्रृंखला एनबीसी के पीकॉक प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है।

### ओलंपिक के आदर्श वाक्य में जुड़ा एकजुट

**टोक्यो**। ओलंपिक खेलों के आदर्श वाक्य में अब अधिक तेज, उच्चतर और अधिक मजबूत के साथ एकजुट भी जोड़ दिया गया है। कोरोना महामारी के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों से पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र में यह फैसला लिया गया। पहले ओलंपिक का आदर्श वाक्य तीन लेटिन शब्दों सिटिअस, अल्टिअस और फोर्टिअस से बना था जिसके हिन्दी में मायने हैं अधिक तेज, उच्चतर और अधिक मजबूत। अब इसमें कोम्युनिस (एकजुट) भी जोड़ दिया गया है। इस बदलाव का प्रस्ताव आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने रखा था जिसे अप्रैल में कार्यकारी बोर्ड ने मंजूरी दी थी।

### वालिंटियर के पाजिटिव मिलने का मामला मिला

**टोक्यो**। टोक्यो ओलंपिक के आयोजकों ने कहा कि खेलों में वालिंटियर के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने का पहला मामला आया है

### मून फिर आचरण आयोग के अध्यक्ष बने

**टोक्यो**। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की मून को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के आचरण आयोग का अध्यक्ष चुना गया। यहां आईओसी के सत्र के दौरान उन्हें इस पद पर दोबारा चुना गया। दक्षिण कोरिया के 77 साल के राजनीतिज्ञ और राजनयिक बान की मून 2017 से इस पद पर है। वह चार साल के एक और कार्यकाल के लिए इस पद पर रहेंगे। आईओसी से 2019 में सदस्य के रूप में जुड़ने वाली कोस्टा रिका की लॉरा चिनचिला आचरण आयोग की नई सदस्य होंगी।

### एनबीसी कमेंटेटर का काम करेंगे फेल्प्स

**स्टामफोर्ड**। ओलंपिक के इतिहास के सबसे कामयाब खिलाड़ी माइकल फेल्प्स एक संवाददाता और तैराकी कमेंटेटर के तौर पर ओलंपिक में एनबीसी नेटवर्क के लिए काम करेंगे। ओलंपिक में 23 स्वर्ण समेत 28 पदक जीत चुके फेल्प्स 2000 से

### इंसानियत को भविष्य में भरोसा दिलाएंगेः बाक



**टोक्यो**। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच टोक्यो ओलंपिक मानवता का भविष्य में विश्वास पैदा करेंगे। आईओसी के सत्र की शुरूआत के मौके पर उन्होंने कहा कि ओलंपिक का मंच सज चुका है जिसके जरिए खिलाड़ी अपनी रौनक बिखेरकर दुनिया को प्रेरित करेंगे।

कोरोना महामारी से निपटने में सरकार के ढीले रवैए के कारण आलोचना झेल रहे जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि ओलंपिक निर्णायक मोड़ हैं और लंबी सुरंग के बाद बाहर निकलने का रास्ता नजर आ रहा है।

# गेंदबाजों के कोहनी मोड़ने की मौजूदा 15 डिग्री की सीमा को हटाए आईसीसीः सकलेन

**भाषा**। कराची



**पाकिस्तान** के पूर्व स्पिनर सकलेन मुश्ताक चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) गेंदबाजों के लिए कोहनी मोड़ने की मौजूदा 15 डिग्री की सीमा को हटा दे।

सकलेन लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के उच्च प्रदर्शन केंद्र में मुख्य कोच हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम युवाओं को ऑफ स्पिन गेंदबाजी कला को अपनाने से हतोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि आईसीसी के विशेषज्ञ गेंदबाजों को केवल 15 डिग्री तक कोहनी मोड़ने की अनुमति देने के निष्कर्ष पर कैसे पहुंचे। क्या उन्होंने एशियाई खिलाड़ियों, कैरेबियाई खिलाड़ियों या किसी अन्य पर शोध किया क्योंकि हर कोई अलग है। उन्होंने कहा कि एशियाई खिलाड़ियों का शरीर कैरेबियाई या इंग्लैंड के खिलाड़ियों से थोड़ा अलग है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आईसीसी को इस कानून की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि 15 डिग्री की सीमा बहुत कम है। यह ऑफ स्पिन गेंदबाजी की कला से खिलाड़ियों को हतोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से मानता हूं कि कानून के तहत भी कोई ऑफ-स्पिन, दूसरा और टॉप स्पिन गेंदबाजी कर सकता है।

## घुड़सवार मिर्जा ने ओलंपिक के लिए घोड़ा बदला

**बेंगलुरू**। टोक्यो ओलंपिक की शुरुआत के चंद दिन पहले भारतीय धुड़सवार फवाद मिर्जा ने अपना घोड़ा बदलते हुए सेगनुएर मेडिकोट को प्राथमिकता दी है जिसके साथ उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में दो रजत पदक जीते थे। इससे पहले मिर्जा ने घोषणा की थी कि वह टोक्यो खेलों में दजारा 4 के साथ उतरेंगे। मिर्जा का प्रायोजन करने वाले एम्बेसी समूह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मिकी के नाम से मशहूर सेगनुएर मेडिकोट ने एशियाई खेलों में मिर्जा को दो रजत पदक दिलाने में मदद की थी और इन दोनों का एक दूसरे के साथ अच्छा भावनात्मक रिश्ता है। विज्ञप्ति में कहा गया कि शुरुआत में फवाद ने ओलंपिक के लिए दजारा 4 को चुना था लेकिन पिछले कुछ हफ्तों की कड़ी प्रतिस्पर्धा और अभ्यास के बाद उन्हें लगा कि दजारा 4 पर काफी दबाव पड़ा है। इसलिए टोक्यो ओलंपिक में सेगनुएर मेडिकोट के साथ उतरने का फैसला किया गया।

# मिताली महिला एकदिवसीय रैंकिंग में फिर शीर्ष पर

**भाषा**। दुबई

**भारतीय** कप्तान मिताली राज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 762 अंक के साथ एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गई जबकि बाएं हाथ की बल्लेबाज स्मृति मंधाना भी नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं।

16 साल से भी अधिक समय पूर्व पहली बार बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंचने के बाद मिताली नौवीं बार नंबर एक बल्लेबाज बनीं हैं। पिछली रैंकिंग में शीर्ष पर चल रही वेस्टइंडीज की कप्तान स्टेफनी टेलर पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। गेंदबाजों की सूची में झूलन गोस्वामी पांचवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जबकि आलराउंडरों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा 10वें स्थान पर हैं। महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज मंधाना अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की बराबरी करते हुए तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 में 70 रन की पारी खेली थी जो पिछले हफ्ते इस प्रारूप में उनका एकमात्र मुकाबला था। वेस्टइंडीज की कप्तान टेलर को 30 अंक का नुकसान हुआ। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पांच मैचों की श्रृंखला में 3-2 से हराया।

टेलर को साप्ताहित रैंकिंग के दौरान तीन मैचों में से दो में बल्लेबाजी का मौका मिला और उन्होंने 49 और 21 रन बनाए। श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद शतक की बदौलत एक दिवसीय रैंकिंग में पिछले हफ्ते शीर्ष पर पहुंची टेलर ने आलराउंडरों की सूची में भी शीर्ष स्थान आस्ट्रेलिया की एलिस पैरी को गंवा दिया है।

# सिंधू की नजरें दूसरे ओलंपिक पदक पर

**भाषा**। नई दिल्ली

**पिछले** दो ओलंपिक में पदक जीत चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रियो खेलों की रजत पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैम्पियन पीवी सिंधू की अगुवाई में टोक्यो में खेलेंगे तो उनका लक्ष्य पदकों की हैट्रिक लगाने का होगा। टोक्यो ओलंपिक में भाग ले रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का विश्लेषण इस प्रकार है। इनमें किसी का लक्ष्य पहला पदक जीतना तो किसी का लक्ष्य पदक का रंग बेहतर करना होगा।



**पीवी सिंधूः** रियो ओलंपिक में अप्रत्याशित सफलता के साथ सिंधू भारत में जाना पहचाना नाम बन गई। उन्होंने लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल से एक कदम आगे निकलकर पहले ही ओलंपिक में रजत पदक जीता। पांच साल बाद अब सिंधू के पास अधिक अनुभव है और वह 2017 विश्व चैम्पियनशिप फाइनल भी खेल चुकी हैं। करीब 110 मिनट तक चले उस दूसरे सबसे लंबे महिला एकल मुकाबले में सिंधू को जापान की नाओमी ओकुहारा ने हराया था। एक साल बाद वह फिर फाइनल में पहुंची लेकिन ओलंपिक चैम्पियन कैरोलिना मारिन से हार गई। वह 2018 राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के फाइनल में भी हार गई लेकिन इस सिलसिले को उसने विश्व टूर फाइनल्स 2018 और बासेल में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में तोड़ा। टोक्यो में वह स्वर्ण की प्रबल दावेदार होगी क्योंकि मारिन भी चोट के कारण नहीं खेल रही है। ओलंपिक से पहले हालांकि वह सिर्फ स्विस ओपन के फाइनल में पहुंची और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में सेमीफाइनल तक ही पहुंच सकी। वह हालांकि बड़े मैचों की खिलाड़ी है और नए विदेशी कोच पार्क ताए सांग के साथ उन्होंने अपनी कमजोरियों पर काम किया है। ड्रॉ को देखें तो उसे ग्रुप जे में हांगकांग की चुएंग एंगान यि और इस्राइल की सेनिया पी को हराने में दिक्कत नहीं आएगी। प्रीक्वार्टर में उसका सामना डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट से हो सकता है।

**बी साइ प्रणीतः** पहली बार ओलंपिक खेल रहे प्रणीत छिपे रूस्तम साबित हो सकते हैं। सिंधू, साइना और किदाम्बी श्रीकांत जैसे सितारों के बीच उन्होंने 2017 सिंगापुर ओपन जीतकर अपना लोहा मनवाया। फिटनेस समस्याओं से उबरकर उन्होंने 2019 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य जीता और यह कमाल करने वाले वह प्रकाश पादुकोण के बाद दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। उन्हें पदक जीतने के लिए जापान के केंतो मोमोता, रियो के कांस्य पदक विजेता विक्टर एक्सेलसेन, चीन के शि यू की से पार पाना होगा।

**चिराग व सात्विकः** चिराग और सात्विक के प्रदर्शन में हर टूर्नामेंट के साथ निखार आया है। पूर्व ओलंपिक पदक विजेता डेनमार्क के मथियास बोए के मार्गदर्शन में वे तोक्यो ओलंपिक में युगल वर्ग में इतिहास रच सकते हैं। मुंबई के चिराग और अमलापुरम के सात्विक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की दूसरी युगल टीम है। दोनों राष्ट्रमंडल खेल 2018 में युगल रजत जीत चुके हैं।इसके बाद थाईलैंड

# छोटे घर में जगह कैसे बनाएं

**'पारुल मित्तल' ने एक छोटे से घर से सर्वश्रेष्ठ स्थितियां कायम करने के पांच तरीके बताए हैं, जो ज्यादा जगह होने का एहसास कराते हैं। साथ ही साथ शैली के भागफल को बनाए रखते हैं।**



महामारी ने बहुक्रियाशील स्थानों के आकर्षण को फिर से स्थापित किया और इस डिजाइन प्रवृत्ति के लिए एक जगह बनाई। पिछले कुछ वर्षों में घर की भूमिका विकसित हुई है, क्योंकि हम न केवल यहां रहते हैं – बल्कि काम, व्यायाम और यहां तक कि उनमें छुट्टी भी शामिल है। मूल रूप से, आज हमारा पूरा जीवन हमारी चार दीवारों के इर्द-गिर्द घूम रहा है और इसलिए, आवश्यकताओं, चाहतों और इच्छाओं के आधार पर सोच-समझकर उपयोग करने की आवश्यकता है। हालांकि, असली मुद्दा एक छोटी सी जगह में आपकी जरूरत की हर चीज को फिट करने में है; इससे भी बड़ी चुनौती इसे दिखने में आकर्षक बनाने की है।

यहां एक छोटे से घर से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के पांच तरीके दिए गए हैं, जो आपके स्थान को बड़ा महसूस कराते हैं और साथ ही साथ शैली को भी बनाए रखते हैं।

## अव्यवस्था से छुटकारा

छोटे कमरे में रहते समय अव्यवस्था को ध्यान में रखकर शुरुआत करने की सलाह दी जाती है। चाहे आपके पास बहुत सारे आंतरिक तत्व हों या सब कुछ बस सांस लेने के लिए कोई जगह न हो, यह कुछ सफाई का समय है। सबसे पहले, आपको पहले से मौजूद अव्यवस्था को खत्म करना होगा।

आपको जिन चीजों की ज़रूरत है और जिन चीजों को आपको छोड़ देना चाहिए, उनकी सावधानीपूर्वक मैपिंग से शुरुआत करें। इससे आपको अपने कमरे में जगह का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। ऐसे समय होते हैं जब गिरावट और सौंदर्यशास्त्र को बनाए रखने का दबाव आपको भ्रमित करता है। यहां, हम एक तटस्थ लेकिन सरल आंतरिक रूप का चयन करने का सुझाव देते हैं। उदाहरण के लिए, आप भंडारण के लिए या अपने प्राचीन टुकड़ों को प्रदर्शित करने के लिए लकड़ी की दीवार अलमारियाँ का उपयोग कर सकते हैं। वुडग्रेन पैटर्न और भूरे रंग का हल्का शेड चुनना नरम से गर्म रंग के टन का पूरक होगा। अंत में, लुक को पूरा करने के लिए वॉल प्लांटर्स या फ्लोरल पैटर्न पेंटिंग लगाएं।





## रसोई और भोजन क्षेत्र को दोगुना करें

एक रसोई सिर्फ खाना पकाने के क्षेत्र से कहीं अधिक है क्योंकि यह एक जीवंत भोजन कक्ष के रूप में दोगुना हो जाता है जिसमें पके हुए और प्यार से बने व्यंजनों की सुगंध होती है। इसके चारों ओर दो या तीन कुर्सियाँ रखकर काउंटरटॉप और खाने की जगह को मिलाकर इस स्थान का चतुराई से उपयोग करने की कला पर विजय प्राप्त करें। हां, यह इतना आसान है, और आपका किचन-कम-डाइनिंग स्पेस तैयार है। हालाँकि, यदि आप सोच रहे हैं कि आपके स्थान के लिए कौन से रंग और आंतरिक सज्जा का चयन करना है, तो आगे न सोचें। एक काला, ग्रे और सफेद रंग पैलेट कालातीत है फिर भी निडर है।

जब किसी भी स्थान में प्राकृतिक लकड़ी के स्वर जोड़े जाते हैं, तो यह एक मोनोक्रोमैटिक थीम के विपरीत और व्यक्तित्व को निर्दोष रूप से जोड़ता है। इसके अलावा, अंतरिक्ष के एक कायाकल्प स्वरूप और अनुभव के लिए अपनी रसोई को लटकी हुई बेलनाकार रोशनी और दीवार के बल्बों से रोशन करें।

## अपने शयनकक्ष का अधिकतम लाभ उठाएं

हम सभी चाहते हैं कि हमारे शयनकक्ष दुनिया की शरणस्थली हों और एक ऐसी जगह जहां आप शाम को नवीनीकरण करते हैं और सुबह फिर से जागते हैं। चूंकि हमारा जीवन हमारे शयनकक्षों के इर्द-गिर्द घूमता है, ये अक्सर आपकी लगभग सभी दैनिक आवश्यकताओं पर कब्जा कर लेते हैं। जबकि डिक्लटरिंग अंतरिक्ष को अधिकतम करने में मदद करता है, लेकिन हम सुझाव देते हैं कि अपने बेडरूम में सामान को ध्यान से व्यवस्थित करें। अंडर-बेड स्टोरेज कंटेनर में आउट-ऑफ-सीज़न कपड़ों को स्टोर करें और कोठरी के आयोजकों में निवेश करें जो अलग-अलग प्रकार के कपड़े, एक्सेसरीज़, जूते और बहुत कुछ करते हैं।

प्रत्येक कोठरी कार्यात्मक आयोजन का उपयोग कर सकती है। इसके अलावा, याद रखें कि कर्व्स वाला फर्नीचर मूल्यवान स्थान लेता है, इसलिए अपनी पसंद को सीधी रेखाओं के साथ चिकना रखें। यदि आपको भंडारण स्थान की आवश्यकता है जो बड़े फर्नीचर प्रदान करता है, तो लंबे, पतले टुकड़े जाने का रास्ता है।

## पढ़ने के कोने के रूप में कोनों को नया स्वरूप दें

प्रकृति के नज़ारों और ध्वनियों का अनुभव करने के लिए, आपकी बालकनी या खिड़की के क्षेत्र से बेहतर कौन सी जगह हो सकती है? और हां, आपको अपने पढ़ने या फिर से जीवंत करने वाले कोने के लिए कोई अतिरिक्त जगह बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह स्थान आपके कार्यस्थल, हैंगआउट ज़ोन, किड्स प्ले एरिया और इवनिंग फैमिली गेट-टुगेदर स्पेस के रूप में भी कई भूमिकाएं निभा सकता है। मानसून के मौसम की चल रही बारिश के साथ, आसान रखरखाव वाले सजावटी लकड़ी के लिबास का विकल्प चुनें, जिसका उपयोग आपकी दीवारों पर किया जा सकता है और इन्हें ठाठ सजावट के टुकड़ों के साथ सजाना चाहिए। उदाहरण के लिए, आप एक दृश्य तेजतर्रारता प्राप्त करने के लिए धातु के फोटो फ्रेम के लिए जा सकते हैं। अंत में, मिनी प्लांटर्स से घिरे बहु-रंगीन कुशन के साथ एक पुराना गद्दा रखें जो हर किसी के मूड को तुरंत जीवंत कर सके।

## एक आसान तरीका

एक सरल लेकिन स्वच्छ कार्य केंद्र एक शांतिपूर्ण दिमाग और एक शांत आत्मा का मार्ग प्रशस्त करता है जो महामारी के बीच सर्वोच्च प्राथमिकता रखता है। इसके अलावा, बैक्टीरिया और वायरस से खुद को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। खैर, चिंता न करें, क्योंकि ऐसी सतहें हैं जो ऐसा करने में आपकी मदद कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों वाले लैमिनेट्स का उपयोग दीवारों या टेबलटॉप पर किया जा सकता है। बाजार में कई ऐसे हैं जो आपके और आपके परिवार के लिए एक स्वच्छ और रोगाणु मुक्त घर बनाते हैं।

एक आसान वर्कस्टेशन प्राप्त करने के लिए, अव्यवस्था को खत्म करना और कुछ सांस लेने की जगह रखना महत्वपूर्ण है। जगह को साफ-सुथरा रखने के लिए अपने डेस्क पर जरूरी काम की स्टेशनरी और गैजेट्स की व्यवस्था करें। आप अपने रहने या खाने की जगह को अपने वर्कस्टेशन में भी बदल सकते हैं। यह न्यूनतम कार्यक्षेत्र आपको घर से काम करते हुए भी कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करने के लिए इष्टतम गति से काम करते हुए ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा।

**( लेखक ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक हैं )**

---

# प्रतिरक्षण बनाएं मजबूत

**डॉ. अमीन नूरुल मानसून के दौरान उन छह अत्यावश्यक तत्वों की चर्चा कर रहे हैं जिन्हें हमें अपने आहार में शामिल करना चाहिए**

गर्मी की चिलचिलाती तपिश के बाद मानसून एक स्वर्गीय बनकर उपस्थित होता है, और तापमान में सुखद गिरावट से लोगों को राहत मिलती है। हालांकि, कोई भी मौसमी बदलाव अपने साथ संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की हिस्सेदारी के बिना कभी नहीं आया है। मानसून विशेष रूप से सभी प्रकार के संक्रमणों, पाचन समस्याओं और एलर्जी के साथ आने के लिए जाना जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च आर्द्रता- स्तर और धीमी पाचन प्रक्रिया के कारण इस समय हमारे प्रतिरक्षण स्तर में नाटकीय रूप से गिरावट आती है।

हमें अपने खाने पर विशेष ध्यान देकर अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि हम इस मौसम का अधिकतम लाभ उठा सकें।

अपने प्रियजनों को स्वास्थ्य समृद्धि का उपहार प्रदान करते हुए, अपने पेट के स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और मौसमी बीमारियों को मात देने के लिए हमें अपनी मानसून स्वास्थ्य दिनचर्या में छह अवयवों की खोज करने के लिए पढ़ें :

## अदरक

यह हर भारतीय घर में आसानी से उपलब्ध है और मानसून में -सर्दी, जुकाम और खांसी समेत – सामान्य चिंताओं के पारंपरिक उपाय के रूप में जाना जाता है। अदरक एक अद्भुत जड़ी बूटी है जो शरीर में बढ़े हुए वायु तत्व को शांत करती है। इस औषधीय जड़ी-बूटी में मौजूद सक्रिय तत्व जिंजरोल एक एंटीऑक्सिडेंट है – जो समस्त फलों और सब्जियों में सबसे मजबूत है – जो श्वसन मार्ग के संक्रमण को रोकने में अत्यधिक प्रभावी होता है। इसके अतिरिक्त, यह शरीर की पाचन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए बहुत अच्छा है जो व्यक्ति को खुश करने के लिए कुछ प्रदान करता है। आप अदरक को करी और अन्य व्यंजन, चाय या किसी भी पसंद के ठंडे पेय के साथ मिलाकर ले सकते हैं। जैविक और ताज़गीपूर्ण अदरक के अर्क और पूरक बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं।

## लहसुन

एक और बहुत ही सामान्य मगर शक्तिशाली तत्व , लहसुन, मेटाबोलिज्म या चयापचय को बढ़ावा देने में परम प्रभावी के रूप में प्रसिद्ध है। यह उन जबरदस्त एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है जो आपके शरीर की प्राकृतिक प्रतिरक्षा के निर्माण में मदद करते हैं। बहुत से लोग अनेक बीमारियों से बचाव के लिए कच्चे लहसुन का सेवन करना पसंद करते हैं लेकिन लहसुन का सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे अपनी दाल और करी में शामिल करें या सॉस और गर्म सूप को मसालेदार बनाने के लिए इसके अविश्वसनीय स्वाद का उपयोग करें।

## पुदीना

हम आमतौर पर मानसून में साग को छोड़ देते हैं, हालांकि, पुदीना को बिलकुल अलग श्रेणी में माना जाता है। यह एक प्राकृतिक डिकॉन्जेस्टेंट है, जो सर्दी और फ्लू से दूर रखने में मदद करता है। इसके शीतलनकारी गुणों का सर्वोत्तम सेवन गर्म चाय, गर्म सलाद या कमरे के तापमान वाले नींबू पानी में किया जाता है।

## हल्दी

हल्दी के अपार औषधीय फायदों के बारे में भारत के बाहर ज्यादा लोग नहीं जानते हैं। हालांकि इस जड़ी बूटी का उपयोग हजारों वर्षों से आयुर्वेदिक प्रथाओं में किया जाता रहा है। हल्दी में फाइटोकेमिकल, जिसे करक्यूमिन कहा जाता है, कीटाणुओं और बैक्टीरिया से लड़ते शरीर से विषाक्त पदार्थों को हटाने में अत्यधिक प्रभावी होता है। हल्दी से बेहतर कोई इम्युनिटी बूस्टर नहीं है, जो गले की खराश, फ्लू, खांसी और सर्दी को रोकने में बहुत प्रभावी ढंग से काम करता है। एंटीऑक्सिडेंट के साथ, यह औषधीय जड़ी-बूटी जलन व सूजन-रोधक लाभों में समृद्ध है और इसका उपयोग आंतरिक और बाहरी सूजन को ठीक करने के लिए भी किया जा सकता है। हल्दी भारतीय मसालों का एक बड़ा हिस्सा है इसलिए इसे हर रोज खाना पकाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। अच्छे परिणामों के लिए, आप इसे ग्रीन टी में, या एक गिलास गर्म दूध में मिला सकते हैं, या बाजार में उपलब्ध तुलसी-हल्दी के मिश्रित पेय के रूप में भी पी सकते हैं।

## तुलसी

तुलसी या पवित्र तुलसी, जिसे जड़ी बूटियों की रानी के रूप में भी जाना जाता है, एक उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिरक्षा - मॉड्यूलेटर है। फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट के एक बड़े स्रोत के साथ पैक किया गया, यह एक मजबूत रोगाणुनाशक भी है। तुलसी के पत्तों को कच्चा चबाया जा सकता है, इसे अपनी दैनिक चाय और विभिन्न दैनिक व्यंजनों में जोड़ा जा सकता है। इसका उपयोग सलाद के स्वाद के लिए भी किया जा सकता है या कई अन्य सुगंधित व उपचार जड़ी बूटियों के साथ संयुक्त रूप से मिश्रित पेयपदार्थ के रूप में सेवन किया जा सकता है।

## शहद

अगर आपकी पाचन शक्ति कमजोर है तो शहद से बेहतर कोई दवा नहीं है। यह आसानी से पचने वाला कार्बोहाइड्रेट है जो तत्काल ऊर्जा प्रदान कर सकता है। लोग अक्सर मानसून के दौरान अपनी पाचन तंत्र संबंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं, जिसका इलाज सिर्फ अपने आहार में शहद को शामिल करके किया जा सकता है। आप एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद के साथ दो चम्मच नींबू का रस मिलाकर खाली पेट पीने से इसके बेहतरीन लाभ प्राप्त कर सकते हैं.... और आप यह भूल सकते हैं कि आपका पाचन तंत्र कभी खराब भी हुआ था।



**- लेखक आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित स्वास्थ्य सुधार कंपनी, ऑर्गेनिक इंडिया में प्राकृतिक चिकित्सक हैं।**

---

# मानसिक चिकित्सा से संकोच कैसा?

**अभिनेत्री श्रुति हासन को लगता है कि अगर किसी को मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद की जरूरत है तो जागरूक होना जरूरी है और इस मुद्दे को 'मैं ठीक हूं' के नजरिए से नहीं छिपाना चाहिए।**



अभिनेत्री श्रुति हासन ने अक्सर मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने की आवश्यकता के बारे में बात की है, खासकर महामारी के दौरान। ऐसे मामलों में पेशेवर मार्गदर्शन की आवश्यकता पर जोर देते हुए, अभिनेत्री का कहना है कि जब वह छोटी थीं, तब उनका इलाज चल रहा था, और फिर भी, एक ऐसे उद्योग का हिस्सा होने के नाते जो अक्सर तनाव कारक पर अधिक हो सकता है, वह अभी भी कई दिनों तक अपर्याप्त महसूस करती है .

श्रुति का मानना है कि अगर किसी को मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद की जरूरत है तो जागरूक होना महत्वपूर्ण है और इस मुद्दे को 'मैं ठीक हूं' रवैये के साथ नहीं टालती हूं।

''मानसिक स्वास्थ्य एक ही समय में वास्तव में सरल और वास्तव में जटिल है। मैं हमेशा इस उदाहरण का उपयोग करता हूं कि अगर आपको पेट में दर्द होता है, तो आप अजवाइन या दही लेंगे और पहले दिन मसालेदार चीजों से बचें। दूसरे दिन तुम कहोगे, -ठीक है, मुझे दवा लेने दो- लेकिन तीसरे दिन जब तुम अभी भी दर्द में हो, तो तुम डॉक्टर के पास जाओगे और मदद मांगोगे। उस समय, आपके परिवार में कोई नहीं कहता, -हम है, तुम डॉक्टर के पास क्यों जा रहे हो- (हम यहां हैं, आपको डॉक्टर की आवश्यकता क्यों होगी) ?'' वह कहती हैं। उनका कहना है, ''मैं देखती हूं कि भारत में अकाल जाम का दृश्य कैसा है, इस वजह से पूरी समस्या है। यह ऐसा है जैसे – आपके पास आपके चचेरे भाई हैं, आपके दोस्त हैं, आप मुझसे बात क्यों नहीं कर सकते ? मैं भावना को समझता हूं लेकिन जब मानसिक स्वास्थ्य की बात आती है, तो आपका सबसे खराब रवैया – चिन अप- या 'मैं ठीक हूं', हो सकता है।''

अभिनेत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि बहुत से लोगों को उनकी मदद की जरूरत के बारे में पता भी नहीं है। ''दरारें होने लगती हैं और आमतौर पर मैं देखता हूं कि लोगों के पास वह है जिसे मैं हल्का ब्रेकडाउन कहती हूं। आमतौर पर लोगों को पता ही नहीं होता कि वे किस दौर से गुजर रहे हैं'', वो कहती हैं।

श्रुति बताती हैं, ''अपर्याप्तता की भावना इतनी भारी हो सकती है और, आप पर ध्यान दें, मैं मनोविज्ञान का छात्र था और बाहर हो गया लेकिन विषय का अध्ययन जारी रखा। मेरे ऐसे दोस्त हैं जिनके पास चिकित्सक हैं। जब मैं छोटा था तब भी मैं चिकित्सा में रहा हूं और अभी भी जब मेरी भावनाओं और संवेदनशीलता को प्रबंधित करने की बात आती है, तो एक ऐसे उद्योग में जो हर मायने में बहुत ऊंचा है – चाहे वह तनाव हो या रचनात्मकता – मुझे कई दिनों तक अपर्याप्त महसूस हुआ।''

वो बताती हैं, ''मुझे यह कहने में थोड़ा समय लगा, -मुझे बस थोड़ा-सा समय चाहिए। यह आसान बात नहीं है, लेकिन मुझे इस बारे में बात करने का अवसर मिला है और कोई इसे पढ़ रहा है, इस तरह परिवर्तन फैलता है।''

श्रुति अपने संगीत पर काम करते हुए और अपने सोशल मीडिया पोस्ट के लुक से लॉकडाउन में बिता रही है, जो कुछ भी उसे खुश करता है। अभिनेता का कहना है कि जब उन्होंने मदद लेने की जरूरत को स्वीकार किया तो उनकी जिंदगी बदल गई।

''मुझे कहना होगा कि मैंने हमेशा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात की है। यह कुछ ऐसा है जिसे जब मैंने स्वीकार किया, तो मेरी जिंदगी बदल गई। अपने बारे में चीजों को स्वीकार करना और अपूर्ण, अपर्याप्त, या न्याय किए बिना मुझे आवश्यक सहायता प्राप्त करना। अधिकतर, चारों ओर समाज का निर्णय और कलंक होता है। लेकिन जब महामारी ने दस्तक दी, तो सभी ने इसके बारे में बात करना शुरू कर दिया क्योंकि इस पर चर्चा होनी ही थी। लोग नुकसान की भावना महसूस कर रहे थे – वित्तीय सुरक्षा का नुकसान तथा प्यार और नियंत्रण का अभाव ।''

अभिनेत्री को अब चारों ओर एक सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। वो कहती हैं, ''मेरा मानना है कि दुनिया भर में लोग बहुत अधिक जागरूक हैं और विशेष रूप से भारत में, लोग इसके बारे में बहुत कुछ बोल रहे हैं। मैं वास्तव में मानता हूं कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सबसे आगे आई है। लोगों को यह समझने के लिए बहुत सारे रास्ते हैं कि आप दूरी के कारण ऑनलाइन सहायता प्राप्त कर सकते हैं। लोग तकनीक का उपयोग करना जानते हैं – चाहे वह ज़ूम कॉल या स्काइप के माध्यम से हो। मैं हमेशा दूरस्थ चिकित्सा कर रही थी क्योंकि मेरा चिकित्सक लंदन से बाहर था। इसलिए, मैं हमेशा से जानती थी कि एक बार जब आप वह प्रारंभिक संबंध बना लेते हैं तो यह संभव है।''